विहंगावलोकन: विश्व के प्रत्येक देश परअन्य देशो की राजनीति, राजनैतिक उलटफेर तथा सामरिक गतिविधियों के प्रभाव को हम वर्ष 2023 में रुस यूक्रेन के माध्यम से देश चुके है, इसमें किसी किन्तु परन्तु का स्थान ही बचता। इसके अतिरिक्त भी देश की दशा तथा दिशा पर उस देश के सर्वोच्च पद पर आसीन व्यक्ति के आचार, विचार तथा ग्रह गोचर का प्रभाव पड़ना अवश्यम्भावी है, अत: देश विशेष के साथ साथ उस देश के उच्च पदासीन अतिविशिष्ट एवं प्रभावशाली व्यक्तियों का ज्येतिषीय विश्लेषण भी आवश्यक हो जाता है। वर्ष 2024-25 की ग्रह दशा से उत्पन्न प्रभाव को इसी दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया जा रहा है।

भारत: स्वतन्त्र भारत की वृष लग्न की कुंड्ली के व्यय भाव से गुरु के गोचर में देश विरोधी तत्वों तथा आंतकवाद पर नियन्त्रण के सफल प्रयास होंगे। आटो सैक्टर की प्रगति होगी। औद्योगिक क्षेत्र में उत्पादन बढ़ने से देश की जी.डी.पी. में सुधार होगा। व्यय बढ़ेगा। अधिकांश व्यय इन्फ्रास्ट्रक्चर पर होगा। धार्मिक कार्यक्रम सम्पन्न होंगे। दशम भाव में स्थित कुंभ राशि से शनि के गोचर का समय न तो अत्याधिक अच्छा रहेगा न बुरा, सामान्य रहेगा। खाद्यान्न भंडारों तथा आर्थिक विषयों की स्थिति चिन्ताजनक बनेगी। मित्र देशों की स्थिति भी असामान्य रहेगी। जनसामान्य के लिये समय कष्ट पूर्ण रहेगा। कोर्ट कचहरी में मुकद्दमों की संख्या बढ़ेगी। लिटिगेशन होंगे। कई कम्पनीज तथा बैक्स का परस्पर विलय होगा। बड़े औद्योगिक घराने कई कम्पनीज का अधिग्रहण करेंगे। स्केम्स का खुलासा होगा। समुद्री क्षेत्रों में दुर्घटनायें बढ़ेगी।

राष्ट्रपति भारत सरकार श्रीमती द्रोपदी: राष्ट्रप्रमुख की ग्रह स्थिति राष्ट्र के भविष्य की दशा तथा दिशा निर्धारित करती है। श्रीमती द्रोपदी मुर्मू जन्म 20 जून 1958 समय मध्य रात्रि 00.00 मयूरभंज (उड़ीसा पुष्य नक्षत्र-1) में हुआ था। राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू जी की मीन लग्न की कुंड्ली के प्रथम लग्न भाव में भाग्येश मंगल मित्र भाव से विराजमान है। वर्गोत्तमी लग्नेश गुरु से दृष्ट है। वर्तमान में आप जन्म नक्षत्र पुष्य से पांचवे नक्षत्र की महादशा में हैं। जुलाई 2024 तक जन्म से तीसरे नक्षत्र तथा इसके बाद संवत् 2081 के अन्त तक जन्म से चतुर्थ नक्षत्र की अन्तर्दशा में रहेगी। फरवरी 2024 तक चतुर्थ भाव में स्थित सूर्य महादशा तथा बुध अन्तर्दशा की अवधि में विरोध के उपरान्त भी कुछ कठोर निर्णय लेने की प्रवृति रहेगी। परन्तु वर्ष कुंडली के अनुसार जून मास तक गम्भीर निर्णय लेने में अस्थिरता परीलक्षित होगी। निकटतम सहयोगियों के कार्यों से असन्तुष्ट रहेगी, कष्ट अनुभव करेंगी। परराष्ट्रों से सम्बन्ध सुधारने की दिशा में प्रयास होंगे, महत्वपूर्ण समझोते होंगे। विदेश व्यापार बढ़ेगा। षष्ठेश सूर्य महादशा में केतु अन्तर्दशा की अवधि में 05 जुलाई 2024 तक महादशानाथ से एकादश स्थान पर स्थित केतु से राष्ट्रीय सकल उत्पाद बढ़ेगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवाओं पर कार्य होगा। इलेक्शन सम्बन्धित महत्वपूर्ण निर्णय लिये जायेगें। 05 जुलाई 2024 से स्वास्थय के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता रहेगी।

वर्ष कुंडली के पचंम भाव में अपनी कुंभ राशि में विराजमान वक्री शनि धनेश, सप्तमेश मंगल से दृष्ट होकर शिक्षा विभाग, शेयर मार्केट, शिक्षण संस्थानों तथा एन्टरटेन्मेन्ट सैक्टर का प्रभावित कर रहा है। सैन्य तथा पुलिस विभाग के हित में निर्णय होंगे। सत्तापक्ष लाभान्वित होगा। मंगल स्वयं धनेश होने से सामरिक उपकरणों तथा उत्पादनों पर व्यय बढ़ेगा। नवम भाव में चन्द्रमा से युत सूर्य से देख का धार्मिक वातावरण बलवती रहेगा। धार्मिक स्थानों की यात्रा करेंगी। राजकीययात्राओं होगी।सूर्य चन्द्र युति से देश में आर्थिक उन्नति होगी। अष्टम भाव में केतु युत मुंथा सूर्य, शुक्र तथा बुध की गुप्त शत्रु दृष्टि, चन्द्रमा की गुप्त स्नेह दृष्टि तथा गुरू की प्रत्यक्ष स्नेह दृष्टि से वर्ष उथलपुथल भरा रहेगा।

प्रधान मंत्री भारत सरकार श्री नरेन्द्र मोदी : श्री नरेन्द्र मोदी जी का जन्म 17 सित. 1950 पूर्वान्ह 11.00 बजे गुजरात के महसानानगर में हुआ था। वृश्चिक लग्न के कुड्ली में लग्नेश मंगल, भाग्येश चन्द्रमाके साथ युति में है। सप्तमेश-व्ययेश शुक्र वर्गोत्तमी है। आलोच्य वर्ष में आपमंगल महादशा में गुरु तथा शनि की अन्तर्दशाओं में होंगे।वर्ष कुंडली के प्रथम भाव लग्न भाव के स्वामी का चतुर्थेश शुक्र से परिवर्तन योग बना है। द्वितीयेश बुध का तृतीयेश बुध के साथ परिवर्तन योग है। मूल त्रिकोणी शनि अष्टम भाव में है। चतुर्थ भाव में चन्द्रमा केतु से तथा दशम भाव में गुरू राहु से पीड़ित है। देश में प्राय: ही अमन शांति का वातावरण रहेगा। कला-कौशल क्षेत्र की उन्नति होगी। उद्योग व्यापार बढ़ेगा। सामाजिक तथा धार्मिक कार्यों में प्रगति होगी। शनि की स्थिति से तथा घोटाले प्रकाश में आयेंगे। मजदूर वर्ग तथा रेलवे में असंतोष रहेगा। हड़ताल आदि की सम्भावना रहेगी। चुनावों में सफलता मिलेगी परन्तु पार्टी पॉलिटिक्स

बढ़ेगी। अपने निकटतम व्यक्तियों से विश्वासघात होगा। कतिपय निर्णयों से विवाद सृजित होगा। विदेश नीति पर प्रश्न उठेंगे। वर्ष कुंडली में छठे भाव में विराजमान मुंथा पर चन्द्रमा, वक्रीशनि तथा केतु की गुप्त स्नेह दृष्टि, बुध, वक्री गुरू तथा राहु की प्रत्यक्ष स्नेह दृष्टि तथा सूर्य मंगल की गुप्तशत्रु दृष्टि में है। वर्ष में विरोधी पक्ष सशक्त होगा। कतिपय निर्णयों पर पुन: विचार की आवश्यकता रहेगी।

श्री अमितशाह गृह मन्त्री : 22 अक. 1964 प्रात: 5:25 पर मुम्बई (महाराष्ट्र) में जन्में श्री अमित शाह की कन्या लग्न की कुंड़ली में लग्नेश अस्तावस्था में व्ययेश सूर्य के साथ द्वितीय भाव में युति में है। वर्ष में आप जन्म नक्षत्र से छठे नक्षत्र में, गुरू महादशा में शनि की अन्तर्दशा में रहेंगे। गुरू भाग्य भाव में वक्रावस्था में स्थित चतुर्थेश-सप्तमेश ग्रह है नवमांश कुडली में अष्टम भाव में शनि की मकर राशि में नीच भाव से स्थित है। अन्तर्दशानाथ शनि वक्रावस्था में छठे भाव में अपनी मूल त्रिकोण राशि कुंभ में महादशानाथ से दशम स्थान पर है। पंचम भाव पर वक्री गुरू की नीच दृष्टि के प्रभाव से पार्टी के कार्यों तथा चुनावों में अत्याधिक परिश्रम करना होगा। कई अवसरों पर अति कठोर निर्णय लेने होंगे। तथापि स्वीकार्यता में न्यूनता दृष्टि गोचर होगी।

वर्ष कुंडली के लग्न भाव में तुला राशि में स्थित सूर्य मंगल तथा बुध तृतीयेश-षष्ठेश बुध से दृष्ट होने से देश राजकीय वातावरण पूरी तरह बदलेगा। समाचार पत्रों तथा सवांद दाताओ पर मान हानि के मुकद्दमें होंगे। तीव्र वाद विवाद होंगे। किसी अन्य देश से विवाद चरम पर होगे। दंगे हड़ताल आदि होंगे। सार्वजनिक असंतोष बढ़ेगा। परन्तु एकादश भाव में शुक्र की स्थिति समाधानकार रहेगी। महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित होंगे। पक्ष भेद नहीवत् रहेगा। स्केम्स पर त्वरित कार्यवाही होगी।

एकादश भाव में सूर्य की सिंह राशि में स्थितशुक्र युत मुंथा पर सूर्य बुध मंगल तथा केतु की गुप्त स्नेह दृष्टि, राहु गुरू की प्रत्यक्ष स्नेह दृष्टि कार्यों में वांछित सफलता देगी। आगामी चुनावों में अपनी महादशा तथा अन्तर्दशा तथा मुंथा के प्रभाव से अपेक्षित सफलता मिलेगी। मुंथेश सूर्य की मुंथा पर गुप्त स्नेह दृष्टि से मुंथा शुभफलदायक हो गई है तथापि मुंथेश हीन बली होने से तथा मुंथा राहु शुभ फलों में न्यूवता दृष्टि गोचर होगी।

श्री राजनाथ सिंह: 12 फरवरी 1950 रात्रि 1:36:56 पर उत्तर प्रदेश की धर्मनगरी वाराणसी में जन्में श्री राजनाथ सिंह की वृश्चिक लग्न की कुंड़ली में लग्नेश तथा अन्तर्दशा नाथ मंगल आय भाव में अपने शत्रु बुध की कन्या राशि में अतिशत्रु भाव से विराजमान है। वर्ष 2024 में आप गुरू महादशानाथ में गुरू अन्तर्दशा में रहेंगे। गुरू कुंडली का द्वितीयेश पंचमेश है, तृतीय परिश्रम-पराक्रम भाव में शनि की मकर राशि में नीच भाव से विराजमान, सूर्य सानिध्य में अस्त ग्रह है। सप्तमेश वक्री शुक्र तथा अष्टमेश बुध से युत है। वर्ष में स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्यायें रहेगी। अपनी राजनैतिक सूझबूझ तथा बुद्धि चातुर्य का समुचित लाभ नही मिलेगा। अनेक अवसरों पर विवाग्रस्त होंगे।

तृतीय भाव में सूर्य, मंगल, बुध, शुक्र युत मुंथा गुरू की गुप्तशत्रु तथा चन्द्रमा और राहु की गुप्त स्नेह दृष्टि में है। चतुर्थ भाव स्थित मुंथेश शनि की वर्ष कुंडली के लग्न भाव पर दशम गुप्त शत्रु दृष्टि के प्रभाव से डिफेंस क्षेत्र की मेक इन इण्डिया योजना प्रभावित होगी। अपेक्षित प्रगति में न्यूनता रहेगी। गुरू पर शनि की दृष्टि से रक्षा क्षेत्र में उदासीनता परीलक्षित होगी। कोई अप्रिय निर्णय प्रतिष्ठा को प्रभावित करेगा।

श्री योगी आदित्यनाथ: 05 जून 1972 समय मध्यान्ह 12:00 बजे, उत्तराखंड़ के गढ़वाल में जन्मे योग आदित्यनाथ की सिंह लग्न की कुंड़ली का स्वामी ग्रह सूर्य दशम राज्य भाव में षष्ठेश -सप्तमेश शनि तथा आयेश द्वितीयेश बुध के साथ विराजमान है। प्रथम लग्न भाव, व्ययेश चन्द्रमा की सप्तम दृष्टि तथा पंचमेश - अष्टमेश वक्री गुरू की पूर्ण नवम दृष्टि में हैं ।

17 फरवरी 2024 से आप शुक्र महादशा में शुक्र की अन्तर्दशा में होंगे। शुक्र कुंडली का तृतीयेश दशमेश ग्रह है, वक्रावस्था में आय भाव में बुध की मिथुन राशि में विराजमान है। गुरू की सप्तम दृष्टि से दृष्ट है, योगकारी ग्रह मंगल से युत है। शुक्र अन्तर्दशा में रेवेन्यू बढ़ने के उपरान्त भी प्रदेश के बजट पर प्रेशर रहेगा, कर्ज बढ़ेगा। शैक्षणिक तथा धार्मिक संस्थाओं के उन्नयन पर कार्य होगा। शैक्षणिक सेलेब्स में परिवर्तन होगा। विभिन्न वर्गो के मध्य सामंजस्य स्थापित करने तथा सहयोग स्थापित करने की दिशा में प्रगति होगी। उद्योग धंधों की स्थिति में सुधार होगा। नये इन्वेस्टमेन्ट के प्रयासों में सामान्य सफलता मिलेगी।

वर्ष प्रवेश कुंडली के प्रथम भाव में स्थित मुंथा, वर्षेश शनि की गुप्त स्नेह दृष्टि, मंगल की प्रत्यक्ष स्नेह दृष्टि, राहु तथा केतु की गुप्त शत्रु दृष्टि में है। मुंथेश गुरू छठे भाव मेंशनि की गुप्त शत्रु दृष्टि, राहु की गुप्त स्नेह दृष्टि तथा केतु की प्रत्यक्ष स्नेह दृष्टि

में है। मुंथा हीन बली तथा वर्षेशशनि मध्यम बली है। तथापि वर्षेशशनि की गुप्त स्नेह दृष्टि में होने से मुंथा का शुभफल प्रदायक रहेगी। विरोधी पक्ष पर प्रभाव रहेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कृत कार्यो में सफलता मिलेगी।

त्रिपताका चक्र में चन्द्र के गुरू, शुक्र राहु तथा केतु से वेध में तीर्थ यात्रा आदि कार्यों में व्यय होगा। विवादों में सफलता मिलेगी। मांगलिक कार्यों में सम्मिलित होंगे। विरोधी पक्ष पर प्रभुत्व रहेगा। चुनावों में सफलता मिलेगी। धन लाभ राज्य लाभ होगा। तथापि राहु तथा केतु से वेध में कतिपय कार्यों से कीर्ति क्षय होगी। असफलता हाथ लगेगी। शरीर अस्वस्थ रहेगा। मन में दूषित विचार आयेंगे।

श्रीमती सोनिया गांधी : 09 दिस 1946 रात्रि 21:30 पर तूरीन इटली में जन्मी श्रीमती सोनिया गांधी की कर्क लग्न की कुड़ली का स्वामी ग्रह चन्द्रमा व्यय भाव में बुध की मिथुन राशि में योगकारी ग्रह पंचमेश - आयेश मंगल तथा षष्ठेश - भाग्येश गुरू की नवम दृष्टि से दृष्ट है। वर्ष 2024 में विशोंत्तरी दशा के अनुसार यह समय शुक्र महादशा में चन्द्रमा अन्तर्दशा चलेगी। शुक्र सुख भाव में अपनी तुला राशि में गुरू से युत है। लग्नेश चन्द्रमा व्यय भाव में बुध की मिथुन राशि में समभाव से विराजमान है। महादशानाथ से नवम स्थान पर, व्यय भाव में विराजमान लग्नेश स्वास्थय सम्बन्धी चिन्तायें देगा। पार्टा पॉलटिक्स सम्बन्धी मानसिक तथा शारीरिक चिन्ताये बनी रहेंगी। एक्टिव पॉलटिक्स में सक्रियता कम होगी।

वर्षेश मंगल सप्तम भाव में सूर्य सानिध्य में अस्त सप्तमेश- द्वादशेश है, शनि की गुप्त शत्रु दृष्टि, केतु की गुप्त स्नेह दृष्टि तथा राहु की प्रत्यक्ष स्नेह दृष्टि में है। अष्टम भाव में गुरू की धनु राशि में बुध युत मुंथा पर चन्द्रमा, शुक्र तथाशनि की गुप्त मित्र दृष्टि, राहु केतु की गुप्त स्नेह दृष्टि तथा व्यय भाव स्थित मुंथेश गुरू की प्रत्यक्ष स्नेह दृष्टि है। मुंथेश तथा वर्षेश सामान्य बली है। वर्ष में श्रीमती गांधी की विदेश यात्रा के दौरान शल्य चिकित्सा होगी। विश्वासपात्र सहयोगगियों का अभाव रहेगा। वरिष्ठ नेता पार्टी से अलग होगे। मुंथा, मुंथेश से दृष्ट होने से अनिष्ट से बचाव होगा। श्रीमती गांधी विवादों में सफलता प्राप्त करेगी। कीर्ती प्रतिष्ठा अर्जित करेगी। विरोध पक्ष पर विजयी रहेंगी। व्यय स्थान पर, बुध तथा शनि से दृष्ट वक्री मुंथेश गुरू की स्थिति आर्थिक सदर्भो में उत्तम नही कही जा सकती। इसके प्रभाव से धन संग्रह कम होगा। चुनावी चन्दा कम मिलेगा। हानि अधिक होगी।

त्रिपताका चक्र में चन्दमा मंगल गुरू शुक्र तथा शनि से वेधित है। अत: वर्ष में रक्त विकार,शारीरिक कष्ट से पीड़ित रहेगी। चोट लगने का भय रहेगा। विरोधी पक्ष से भय रहेगा। गुरू से वेध में विवादो तथा कोर्ट कचहरी के कार्यो में सफलता मिलेगी। शुक्र से वेध में राज्यलाभ होगा। चुनावी जीत होगी। शनि से वेध में छुद्र प्रवुति के लोगो से हानि होगी। निकटतम सहयोगियो से विश्वास घात होगा।

श्री राहुल गांधी : 18 जून 1970 रात्रि 21:52 पर दिल्ली में जन्में श्री राहुल गांधी की मकर लग्न की कुंड़ली में बुध तथा वक्री गुरु वर्गोत्तमी है। लग्नेश, शनि चतुर्थ भाव में अपनी नीच राशि मेष में विराजमान है। चन्द्रमा नीच राशि में आय में स्थित है। आलोच्य वर्ष में 16 अक्तूबर 2024 तक मंगल महादशा में राहु के अन्तर में तथा इसके बाद गुरू अन्तर्दशा में रहेंगे। चतुर्थेश- आयेश मंगल, छठे रोग तथा शत्रु भाव में सूर्य सानिध्य में अस्त है तथा लग्न स्थान में स्थित शनि की मकर राशि को अष्टम उच्च दृष्टि से देख रहा है। अन्तर्दशानाथ राहु महादशानाथ मंगल से नवम स्थान पर द्वितीय वाणी के भाव में है अत: श्री राहुल गांधी की नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। वक्तव्यों में उग्रता तथा आक्रमकता रहेगी तथापि गुरू अन्तर्दशा में व्यक्तित्व पर प्रश्न चिन्ह लगेंगे।

वर्ष कुंडली का वर्षेशशनि है। मुंथा नवम भाव में चन्द्रमा की राशि में विराजमान है।मुंथेश चन्द्रमा व्यय भाव में शुक्र की तुला राशि में चन्द्रमा की गुप्तशत्रु दृष्टि, सूर्य, बुध, शुक्र, शनि की प्रत्यक्ष स्नेह दृष्टि में है। मुंथा मध्य बली है। वर्षेश शनि पूर्ण बली है, चतुर्थ भाव में अपनी कुंभ राशि में विराजमान है। बली वर्षेश के प्रभाव से पिछड़े वर्ग तथा दलितों का सपोर्ट मिलेगा। चुनावों में जीत मिलेगी। राजनैतिक छवि में सुधार होगा। कांग्रेस शासित राज्यों में जनकल्याण की अनेक योजनायें प्रारम्भ होगी।

मुंथा चन्द्रमा की कर्क राशि में चन्द्रमा से दृष्ट होने से धैर्य तथा यश में वृद्धि होगी। स्वास्थय उत्तम रहेगा। तथापि मुंथा की व्यय भाव में स्थिति से श्री गांधी का अपने विचारों तथा कार्यो का परिश्रम के अनुकूल अपेक्षित परिणामों में न्यूनता रहेगी।

श्रीअरविन्द केजरीवाल: 16 अगस्त 1986 रात्रि 00:30 पर हरियाणा राज्य के सिवानी में जन्में श्री केजरीवाल की वृष लग्न की वर्गोत्तमी कुंड़ली का स्वामी शुक्र पंचम भाव में अपनी नीच राशि कन्या में तथा नवंमाश लग्न में अपनी वृष राशि में स्थित है। वर्गोत्तमी लग्न आपको उच्च मनोबल प्रदान कर रहा है। 20 अप्रैल 2024 तक आप चन्द्र महादशा में बुध, 19 नवम्बर 2024 तक केतु तत्पश्चात शुक्र अन्तर्दशाओं में रहेंगे।

महादशानाथ से चन्द्रमा से षड़ाष्टक योग बना रहे बुध अन्तर्दशा की अवधि में आर्थिक तथा पार्टी समर्थक एवं समर्पित कार्यकर्ताओं की कमी अनुभव होगी। केतु अन्तर्दशा में अन्य विपक्षी दलों का सशर्त सहयोग तथा समर्थन मिलेगा। शुक्र अन्तर्दशाओं में समर्थको के अन्य दलों के साथ सम्बन्ध स्थापित कर लेने के उपरान्त भी स्थित लाभदायक रहेगी।

वर्ष कुंडली का वर्षेश तथा मुंथेश बुध मध्यबली है, मुंथा नवम भाव में तथा मुंथेश एकादश आय भाव में विराजमान है। मुंथा मंगल, बुध, राहु तथा गुरू की गुप्त स्नेह दृष्टि, शनि तथा केतु की प्रत्यक्ष स्नेह दृष्टि में है। मुंथेश राहु तथा गुरू की गुप्त स्नेह दृष्टि से दृष्ट है। मुंथेश दृष्ट मुंथा की भाव स्थिति से श्री केजरीवाल की यश प्रतिष्ठा बढ़ेगी। इलेक्शन परफारमेन्स अच्छी रहेगी।

श्री शिव राज सिंह चौहान: 05 मई 1959 मध्यान्ह 12.00 पर मध्यप्रदेश के सीहोरनगर में जन्में मध्यप्रदेश के वर्तमान मुख्य मन्त्री श्री चौहान की कर्क लग्न की कुंड़ली का स्वामी चन्द्रमा भाग्य भाव में गुरु की मीन राशि में केतु तथा बुध के साथ विराजमान है। भाग्येश वक्री गुरू से दृष्ट है। आलोच्य वर्षावधि में आप राहु महादशा में शनि की अन्तर्दशा में रहेंगे। महादशानाथ राहु तीसरे भाव में बुध की कन्या राशि में स्वगृही है, शुभफलकारक है, अन्तर्दशानाथ सप्तमेश - अष्टमेश शनि की पूर्ण दशम दृष्टि से दृष्ट हैं, महादशानाथ सेशनि की केन्द्र स्थिति शुभ है। श्री चौहान साहस तथा परिश्रम के साथ विपक्षी नेताओं और दलों पर प्रभाव स्थापित करने तथा उनका सहयोग प्राप्त करने में सक्षम रहेंगे। शनि की छठे भाव में स्थिति शुभफलकारक है। पार्टी तथा संगठन में नई जिम्मेदारियां मिलेगी। शनि के अष्टकवर्ग से शुभ फलो की पुष्टि हो रही है। अन्तर्दशा की अवधि मेंस्वास्थय सम्बन्धी समस्यायें समाप्त होंगी। निरर्थक योजनाओ पर व्यय होगा। व्यर्थ यात्रायें होगी, अपेक्षित लाभ नही होगा।प्रदेश की देनदारियां बढ़ेगी।

वर्ष कुंडली में मुंथा दशम कर्म भाव में गुरू की धनु राशि में विराजमान है। चन्द्रमा मंगल, राहु तथा केतु की गुप्तशत्रु दृष्टि, शनि की गुप्त स्नेह दृष्टि तथा सूर्य, शुक्र की प्रत्यक्ष स्नेह दृष्टि से दृष्ट है दशम भाव में मुंथा की स्थित शुभ है। वर्षेश तथा मुंथेश दोनो ही पद गुरू के पास है। अस्त मुंथेश शनि की शत्रु दृष्टि में होने से अपना पूर्ण शुभ फल देने में असमर्थ रहेगा। विरोधी पक्ष पर मध्यम प्रभाव रहेगा। यश, प्रतिष्ठा, पद स्वामित्व, धन, स्थान आदि का सामान्य मिलेगा।

सुश्री ममता बनर्जी : 05 जनवरी 1955 मध्यान्ह 12.00 बजे, कलकत्ता नगर में जन्मी सुश्री ममता बनर्जी की मेष लग्न की कुंड़ली में बुध तथा उच्चस्थ गुरु वर्गोत्तमी है। चन्द्रमा द्वितीय भाव में उच्चराशि वृष में स्थित है, शनि उच्च राशि तुला में सप्तम भाव में विराजमान है। लग्नेश मंगल, आय भाव में शनि की कुंभ राशि में स्थित है।

02 फरवरी 2024 तक आपशनि महादशा में राहु की अन्तर्दशा में रहेगी। महादशानाथ शनि सप्तम केन्द्र भाव से तृतीय दृष्टि से अन्तर्दशानाथ राहु को देख रहा है। 02 फरवरी 2024 तक शुभ तथा अशुभ फल समान रहेंगे। जनसामान्य के बीच जाकर कार्य करने का लाभ मिलेगा। 02 फरवरी 2024 से प्रारम्भ अन्तर्दशानाथ गुरू महादशानाथ शनि की दशम दृष्टि में हैं । चतुर्थ भाव में अपनी उच्च राशि में स्थित अन्तर्दशानाथ गुरू पर बली शनि की दृष्टि से सुश्री ममता बनर्जी को उच्च तथा पिछड़े एवं निम्न वर्ग सभी का समर्थन मिलेगा। शनि के कुंभ राशि से गोचर में कई अवसरों पर असफलता का सामना करना पड़ेगा। प्रतिष्ठा दांव पर लगेगी। मन विभिन्न आशंकाओ से घिरा रहेगा। किसी स्केन्डल में नाम घसीटा जायेगा। अपमानजनक स्थितयां बनेगी। व्यर्थ कार्यों में समय नष्ट होगा। यात्रायें अधिक होगी। विभिन्न स्थानो पर भ्रमण करेंगी। शनि के कुंभ राशि से गोचर में कई अवसरों पर असफलता का सामना करना पड़ेगा। प्रतिष्ठा दांव पर लगेगी। मन विभिन्न आशंकाओं से घिरा रहेगा। किसी स्केन्डल में नाम घसीटा जायेगा। अपमानजनक स्थितयां बनेगी। व्यर्थ कार्यों में समय नष्ट होगा। यात्रायें अधिक होगी। विभिन्न स्थानों पर भ्रमण करेंगी।

वर्ष कुंडली में मुंथा तृतीय भाव में बुध, शुक्र तथा राहु की गुप्त स्नेह दृष्टि में, चन्द्रमा एवं गुरू की शत्रु दृष्टि में, केतु की प्रत्यक्ष स्नेह दृष्टि में है। मुंथेश तथा वर्षेश दोनों का अधिकार शनि के पास है। शनि चतुर्थ भाव में मध्य बली है। सूर्य मंगल तथा गुरू की गुप्त स्नेह दृष्टि तथा बुधशुक्र की गुप्त शत्रु दृष्टि से दृष्ट है। वर्ष में सामान्यशुभ फल मिलेंगे। अपने परिश्रम से यश प्रतिष्ठा प्राप्त करेगी। अपने वर्ग का सहयोग रहेगा। राज्यकार ग्रह सूर्य पर गुरू की प्रत्यक्ष स्नेह दृष्टि, चन्द्रमा तथा वषेश शनि की गुप्त स्नेह दृष्टि से चुनावी सफलता मिलेगी।

श्री दिग्विजय सिंह : 08 सित. 1950 मध्यान्ह 13:50 पर मध्यप्रदेश के इन्दौरनगर में जन्में श्री सिंह की धनु लग्न की कुड़ली में लग्नेश गुरु वक्री अवस्था में तृतीय भाव में शनि की कुंभ राशि में स्थित है। वक्री बुध दशम भाव में अपनी उच्च राशि कन्या

में है। सूर्य अपनी सिंह राशि में भाग्य भाव में, चन्द्रमा अपनी कर्क राशि में अष्टम भाव में स्थित है।

वर्ष 2024 में आप चन्द्रमा महादशा में बुध अन्तर्दशा में रहेंगे। पुष्कर नवांश स्थित, अन्तर्दशानाथ बुध महादशानाथ अष्टतेश चन्द्रमा से तृतीय स्थान परराज्य भाव में विराजमान है। अपने परिश्रम तथा राजनैतिक कौशल से श्री सिंह सत्ता, पद प्रतिष्ठा के केन्द्र बिन्दु रहेंगे। वर्ष कुंडली में मुंथा पंचम भाव में शनि की मकर राशि में है। मंगल की प्रत्यक्ष स्नेह दृष्टि, राहु, केतु तथा गुरू की गुप्त शत्रु दृष्टि में है। मुंथेश शनि छठे भाव में वक्रावस्था में राहु, गुरू की गुप्त स्नेह दृष्टि में, चन्द्रमा, केतु की प्रत्यक्ष स्नेह दृष्टि में है। वर्ष स्वामी भी शनि ही है, मध्यम बली है। छठे स्थान पर आने से आर्थिक असतुंलन बनायेगा। स्वास्थ्य निर्बल रहेगा। पार्टी संगठन में स्वीकार्यता रहेगी।

सुश्री मायावती : 15 जनवरी 1956 रात्रि 19:50 पर उत्तरप्रदेश के दौलतपुर में जन्मी सुश्री मायावती की कर्क लग्न की कुंड़ली का स्वामी चन्द्रमा सप्तम भाव में शनि की मकर राशि में मित्र भाव से, सूर्य तथा बुध युत है। सप्तमेशशनि की तृतीय दृष्टि में है। धनेश सूर्य वर्गोत्तमी है। मंगल पंचम भाव में स्वगृही हैं।

वर्ष 2024 में आप बुध महादशा में राहु अन्तर्दशा में रहेंगी। महादशानाथ बुध तृतीयेश - व्ययेश है। सूर्य युत, शनि की तीसरी दृष्टि में है। अन्तर्दशानाथ राहु, महादशानाथ बुध से एकादश स्थान पर पंचम भाव में है। ग्रहो की भाव स्थिति से वर्ष में परिश्रम अधिक होगा। उत्तम तथा शुभ फलों में अपेक्षाकृत न्यूनता रहेगी। व्यर्थ के विवादों में घिरेंगी। मिथ्या आरोपों से प्रताड़ित होगी। मानसिक तनाव बढ़ेगा। स्थाई सम्पत्ति तथा अर्जित प्रापर्टी हाथ से निकलेगी। पार्टी के सदस्यो, विधायकों तथा सांसदों का साथ नही मिलेगा। स्वास्थय चिन्ताजनक रहेगा। शनि की साढ़ेसाती होने सेस्वास्थ्य खराब होगा। बैंक बैलेंस गिरेगा। पार्टी में स्वयं का अस्तित्व खत्म जैसा होता अनुभव होगा।

मुंथा चतुर्थ भाव में चन्द्रमा तथा राहु से युत है। सूर्य की गुप्त स्नेह दृष्टि में तथा मंगल बुध की गुप्तशत्रु दृष्टि में एवं शुक्र की प्रत्यक्ष स्नेह दृष्टि में है। मुंथेश गुरू पंचम भाव मेंशनि की गुप्त स्नेह दृष्टि में, मंगल बुध की प्रत्यक्ष स्नेह दृष्टि में, सूर्य की गुप्तशत्रु दृष्टि में है, मध्यम बली हैं। चतुर्थ भाव की मुंथा अशुभफलकारी रहती है तथापि मंगल बुध तथा गुरू की गुप्त स्नेह दृष्टि तथा शुक्र की गुप्त शत्रु दृष्टि से दृष्ट पूर्ण बली वर्षेश शनि के प्रभाव से अपने वर्ग का समर्थन प्राप्त करेगी। अपने क्षेत्र तथा समुदाय में विजयी होगी। स्वयं के वोट बैंक के प्रभाव से सत्ता के केन्द्र बिंदु में रहेगी। स्वास्थय निर्बल रहेगा। विरोध बढ़ेगा। स्वभाव में निरूद्यमता रहेगी। मुंथेश गुरू है। वर्षेश शनि पर्याप्त बली है।

श्री लालू प्रसाद यादव: 11 जून 1948 रात्रि 3:07 गोपालगंज (बिहार) में जन्में श्री लालू प्रसाद यादव की मेष लग्न की कुंड़ली का लग्नेश मंगल पंचम भाव में भाव में सूर्य की सिंह राशि में मित्र भाव से स्थित है। मूल त्रिकोण राशि स्थित भाग्येश वक्री गुरु की नवम दृष्टि से दृष्ट है।

वर्ष 2024 में आप अक्तूबर तक राहु महादशा में राहु अन्तर्दशा में होंगे। महादशानाथ राहु, गुरु की पंचम तथा शनि की दशम दृष्टि से दृष्ट होने के प्रभाव से राहु महादशा में राहु अन्तर्दशा में प्राय: अशुभ फल होंगे। जायदाद तथा वसीयत सम्बन्धी विवाद होंगे। पारिवारिक सुख शांति भंग होगी। वाहन अथवा चतुष्पद सेएक्सीड़ेन्टकी सम्भावना रहेगी। स्वास्थय गम्भीर रूप से प्रभावित होने से जीवन पर संकट रहेगा। कभी स्वास्थ्य सुधरता दिखाई पड़ेगा तो कभीस्थिति गम्भीर होगी। मिथ्या आरोप पीछा नही छोड़गे।किन्ही आरोपो से प्रताड़ित होंगे। भागदौड़ चलती रहेगी।

अक्तूबर 2024 के पश्चात् महादशााथ राहु से नवम स्थान पर स्थित वक्री गुरू अन्तर्दशा की अवधि में राजनैतिक कैरियर समाप्त प्राय: रहेगा। स्वास्थय निर्बल रहेगा। प्राय: ही स्वास्थय के कारण लम्बी दूरी की यात्राये, विदेश यात्रायें होगी। मुंथा आय भाव में सिंह राशि में तथा मुंथेश सूर्य- बुध गुरू शुक्र से युत अष्टम भाव मेंशनि की गुप्तशत्रु दृष्टि तथा राहु एवं चन्द्रमा की गुप्त स्नेह दृष्टि में है। मुंथा आरोग्यकारी तथा मित्रों से सहायक रहेगी। वर्षेश मंगल की मुंथा पर प्रत्यक्ष स्नेह दृष्टि है। वर्षेश मंगल पूर्ण बली होने से शल्य क्रिया के पश्चात स्वास्थ्य लाभ करेंगे।

श्रीअखिलेश यादव: 01 जुलाई 1973 मध्यान्ह 12:00 पर उत्तरप्रदेश के सैफई नगर में जन्में अखिलेश यादव की कन्या लग्न की कुड़ली का लग्नेश बुध आय भाव में, चन्द्रमा की कर्क राशि में भाग्येश शुक्र के साथ विराजमान वक्री गुरु की उच्च दृष्टि से दृष्ट है। मार्च 2024 तक केतु महादशा में बुध अन्तर्दशा में रहने के बाद शुक्र महादशा में शुक्र की अन्तर्दशा को प्राप्त होंगे। केतु दशम राज्य भाव में सूर्य, अस्त चन्द्र तथा शनि से युत है। अत: मार्च 2024 तक शासकीय वर्ग से मतभेद रहेंगे। हानि उठानी पड़ेगी। गुरू गोचर में राजनीति के धुरंधरों के सम्पर्क में आयेंगे। शुक्र कुंडली का भाग्येश

है आय भाव में लग्नेश बुध से युत तथा वक्री गुरू की उच्च दृष्टि में है। बुधशुक्र की युति से शुभ परिणाम में होंगे। राजनैतिक क्षेत्र में कद बढ़ेगा। शनि का गोचर अपेक्षाकृत अशुभ रहेगा।

वर्ष कुंडली में मुंथा गुरू की धनु राशि में तृतीय भाव में शनि की गुप्त स्नेह दृष्टि, चन्द्र मंगल की प्रत्यक्ष स्नेह दृष्टि तथा केतु की गुप्त शत्रु दृष्टि में है। मुंथेश गुरू अष्टम भाव में केतु की प्रत्यक्ष स्नेह, बुध की गुप्त स्नेह तथा शनि की गुप्त शत्रु दृष्टि में है। वर्ष स्वामी शुक्र नवम भाव में सूर्य सानिध्य में अस्त तथा मध्य बली है, वक्री शनि की प्रत्यक्ष स्नेह, चन्द्रमा तथा मंगल की गुप्त स्नेह तथा राहु की गुप्त शत्रु दृष्टि में है। श्री यादव अपनी राजनैतिक कुशलता तथा परिपक्वता का परिचय देंगे। पार्टी का समर्थन प्राप्त करेंगे। सत्तारूढ़ दल के पक्ष में आने में देर नही करेंगे।

भारतीय जनता पार्टी : भारतीय जनता पार्टी का वर्तमान गठन 06 अप्रैल 1980 पूर्वान्ह 11:40 पर भारत की राजधानी दिल्ली में हुआ था। वर्तमान प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी तथा बी. जे. पी की कुंड़ली में दो ग्रह चन्द्रमा तथा शनि की स्थिति समान होने से दोनो एक दूसरे के पर्यायवाची बने है। पार्टी की कुंडली में लग्नेश बुध, भाग्य भाव में शनि की कुंभ राशि में केतु युत है। चन्द्र गुरु का गजकेसरी योग तथातृतीयेश सूर्य का दशमेश गुरु से परिवर्तन योग दृष्टव्य है। व्यय भाव में अपनी वृष राशि में स्थित शुक्र पर शनि की दृष्टि से बी. जे. पी. के नेतृत्व में पराराष्ट्रो से सम्बन्धों में गरिमा आई है। भाग्येश शनि की पंचमेश पर दृष्टि तथा भाग्येश की दशमेश से युति से राजयोग बने है।

मार्च 2024 तक पार्टी चन्द्र महादशा में शनि अन्तर्दशा में रहेगी।इस अवधि में धार्मिक संस्थाओं की उन्नति होगी। विदेश व्यापार बढ़ेगा। पिछड़े तथा अन्त्यज वर्ग के हितार्थ कार्य होंगे। विधर्मियों को साथ लेने की दिशा में सशक्त प्रयास होंगे। पार्टी से कई विधायक, सांसद अलग होंगे तो कई दूसरे दलों से बी. जे. पी. में आयेंगे। कार्य क्षेत्र में कई प्रोजेक्टस में विलम्ब होगा, कुछ प्रोजेक्ट अधूरे रहेंगे। धनेश की छठे भाव में स्थिति से वित्तीय अनियमितायें सामने आयेंगी। विपक्ष का विरोध बढ़ेगा। गुरु का मेष राशि से तथा शनि का कुंभ राशि से गोचर कठिनाईयां बढ़ायेगा। नये राजनैतिक समीकरण बनेंगें। पार्टी मेंअन्य दलो के कद्दावर नेता आयेंगे। आदिवासी बहुल क्षेत्रों में पार्टी की पैंठ बढ़ेगी।

मार्च 2024 के बाद से चन्द्र महादशा में बुध अन्तर्दशा की अवधि में देश की सामान्य स्थिति में सुधार के लिये आंतरिक व्यवस्था पर भार दिया जायेगा। राष्ट्र की उन्नति तथा उत्थान के लिये किये जा रहे प्रयासों में नेतृत्व सफल रहेगा। आवासीय योजनाओं को गति मिलेगी। सरफेश तथा सी ट्रांसपोर्ट की स्थिति में विशेष सुधार के प्रयास होंगे। कृषि क्षेत्र में मौसम में अत्याधिक बदलाव के कारण सामान्य सफलता मिलेगी। व्यापार व्यवसाय की उन्नति के क्षेत्र में अनेक परिवर्तन होंगे।

मंगल, शनि तथा चन्द्रमा से युत मुंथा छठे भाव में वर्षेश शनि की कुंभ राशि में स्थित है।वर्ष लग्न से छठे स्थान पर स्थित मुंथा का फल शुभ नही होता। विरोध तथा विरोधी पक्ष से अच्छी टक्कर मिलेगी। अपने कृत कार्यों से हानि होगी। वर्षेश शनि मध्यम बली है। वक्री बुध तथा गुरू की स्नेह दृष्टि में है। इलैक्शन में अन्तयज तथा पिछड़े वर्ग के वोट प्रतिशत में कमी रहेगी। कई स्थानों पर अल्प मार्जिन से विजय होगी।

कांग्रेस (आई) : पार्टी का वर्तमान गठन 22 नवम्बर 1969 प्रात: 09:40 पर बैगलोर में हुआ था।वर्ष 2024 में कांग्रेस पार्टी राहु महादशा में शुक्र की अन्तर्दशा में रहेगी। राहु तृतीय भाव में मित्र शनि की कुंभ राशि में स्वराशिस्थ है। शुक्र आय भाव में लग्नेश से युत, महादशानाथ से त्रिकोणस्थ है। सूर्य बुध से युत होने से कांग्रेस बौद्धिक मंथन में रहेगी। दशम राज्य भाव में पुष्कर नंवाश में स्थित हर्षल से कई राज्यों में कंग्रेस का प्रदर्शन बेहतर रहेगा। व्यय भाव में केन्द्र तथा त्रिकोण स्थान के स्वामियों की युति से अनेक स्थानों पर जनसमर्थन मिलेगा, सफलता हाथ लगेगी। व्यय भाव में स्थित अस्त सप्तमेश बुध से गठबंधन असफल रहेगा। मुकदमों तथा कोर्ट कचहरी के चक्कर लगेंगे।

वर्ष कुंडली के अष्टम भाव में स्थित मुंथा पर गुरू की गुप्त स्नेह दृष्टि, शनि की प्रत्यक्ष स्नेह दृष्टि, चन्द्रमा, राहु, केतुशुक्र की गुप्त शत्रु दृष्टि पड़ रही है। पूर्ण बली वर्षेश मंगल प्रथम लग्न भाव में शनि की गुप्त शत्रु दृष्टि, शुक्र केतु की गुप्त स्नेह दृष्टि, तथा चन्द्रमा, राहु की प्रत्यक्ष स्नेह दृष्टि में रहने से वर्ष में राजनैतिक सफलता का नया अध्याय प्रारम्भ होगा।

समाजवादी पार्टी: 04 अक्तूबर 1991 समय 00:00 दिल्ली वर्ष 2024 में स्थापित मिथुन लग्न की समाजवादी पार्टी, षष्ठेश-आयेश मंगल की महादशा में रहेगी। सितम्बर 2024 तक बुध अन्तर्दशा की अवधि में तत्पश्चात केतु अन्तर्दशा में आयेश मंगल तथा लग्नेश बुध के त्रिकोण योग में अन्य दलों से महत्वपूर्ण समझोते होंगे। कई समर्पित व्यक्तियों के पार्टी में आ जाने से विरोधियों का मुंह बंद होगा। अपने परम्परागत वोट बैंक का सहयोग

लेने में पार्टी सफल रहेगी। राजनैतिक स्थिति मजबूत बनेगी। महत्वपूर्ण सीट पर जीत दर्ज होगी। लग्न भाव में मंगल तथा केतु की युति से केतु अन्तर्दशा में पार्टी का नेतृत्व एग्रेसिव रहेगा। अन्य पाटियों के गठबन्धन से अलग होकर आक्समिक रूप से लाभान्वित होगा।

शनि की मकर राशि में अष्टम भाव में स्थित मुंथा पर सूर्य, चन्द्रमा तथा बुध की प्रत्यक्ष स्नेह दृष्टि में, वक्री गुरू, मंगल, राहु, केतु की गुप्त शत्रु दृष्टि है। वरिष्ठ नेताओं तथा युवा कार्यकर्ताओ से मतान्तर रहेगा। विरोधी पक्ष प्रबल रहेगा। वर्षेश पूर्ण बली बुध द्वितीयेश चन्द्रमा की प्रत्यक्ष स्नेह में है, मुंथा पर भी प्रत्यक्ष स्नेह दृष्टि होने से अष्टमस्थ मुंथा के अरिष्ट फलों में न्यूनता रहेगी। पार्टी आरोपों तथा आक्षेपों का समुचित तथा सारगर्भित प्रतिवाद करेगी। सत्ता के समीप रहकर सरकार के गठन में भागीदारी करेगी। मुंथा की पृष्ठ भाग में स्थितिशुभ नही है।

चीन : आर्थिक महाशाक्ति बनने के इच्छुक चीन की मकर लग्न की कुड़ली के द्वितीय भाव में स्थित कुंभ राशि से शनि के गोचर में अपनी सार्वभौमिक सत्ता बनाये रखने के लिये नवीन प्रोजेक्टस पर व्यय करेगा। नये इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण द्रुतगति से करेगा। आर्थिक स्थिति में अनिष्ट परिणाम होंगे। बैंकिग तथा स्टाक मार्केट की स्थिति असंतोषजनक रहेगी। अलोकप्रिय टैक्स लगाया जायेगा। माईनिंग क्षेत्र में दुर्घटना होगी। भवन आदि गिरने की घटनाये घटित होगी। कामगार वर्ग में असन्तोष व्याप्त होगा। समाचार पत्रो तथा मीडिया के विभिन्न अंगो के माध्यम से प्रचार प्रसार चरम पर होगा। किसी उच्च पदस्थ व्यक्ति की मृत्यु होगी। नियम कायदे कानूनों में बदलाव होगा। विदेशो के विरूद्ध गुप्त कार्यवाही तथा स्पाईगि में बढ़ोत्तरी होगी। किन्ही देशो से इस सम्बन्ध में बयान जारी किये जायेंगे। अन्य देशों को दिये जाने वाले आर्थिक सहयोग में हानि होगी। बैंक रिजर्व में कमी आयेगी। राष्ट्रपति अथवा अन्य कोई प्रभावशाली राजनेता स्वास्थय सम्बन्धी समस्याओं से घिरेगा। मानसिक तनाव का सामना करेगा। वैश्विक स्तर पर अनेक देशो से विरोध होगा। एक्सपोर्ट गिरेगा। देश को मंदी से सामना करना होगा। अन्य देश चीन के राष्ट्रीय वातावरण से लाभ उठाने में अग्रसर होंगे।

श्रीलंका : श्री लंका की आर्थिक स्थिति डांवाडोल रहेगी। पार्लियामेन्ट में राजनेताओं के लोकलुभावन परन्तु महत्वपूर्ण भाषण होंगे, वायदे होंगे। नये नियम कानून बनेंगे। देश पुन: वर्ल्ड बैंक की सहायता लेगा। कर्ज में डूबेगा। उद्योग धंधों की उन्नति होगी। टूरिज्म के विकास का कार्य होगा तथा उसका लाभ भी मिलेगा। सत्तापक्ष को विरोधी पक्ष का साथ मिलेगा। सैनिक अभ्यास तथा युद्ध अभ्यास चलेंगे। विदेश नीति उलझी हुई रहेगी तथापि विदेश सम्बन्धों में प्रगति होगी। विदेश व्यापार बढ़ेगा। नये नये प्रश्न सामने आयेंगे। कामगार वर्ग में असंतोष बढ़ेगा। किसी स्थान पर हाई राईज गिरने की दुर्घटना घटित होगी।

नेपाल: शिक्षा, राष्ट्रीय व्यापार, शास्त्रीय विषयों की प्रगति होगी। बौद्धिक प्रगति का अनुकूल अवसर रहेगा। सत्ताधीशों की राजकीय यात्रायें अधिक होगी। प्रशासन के लिये समय अनुकूल रहेगा। मंत्रिमंडल, एवियेशन पर ध्यान देने की आवश्यकता रहेगी। विदेश व्यापार के लिये नई संस्था गठित होगी। सैन्य बल तथा अस्त्रशस्त्रों युद्धक सामग्रियों पर विचार होगा। सत्ताधीशों का समय अनुकूल रहेगा। पक्ष भेद नहीवत रहेगा। महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित होंगे। किसी राजकीय सेलेब्रेटी के आक्समिक निधन का योग रहेगा। धार्मिक विषयो को लेकर तीव्र मतभेद रहेगे। समन्वय के लिये धर्मार्थ संस्था का निर्माण होगा। समाज की स्थिति समाधानकारक रहेगी। प्रवासियों के लिये समय कठिन रहेगा। मजदूर वर्ग में असंतोष रहेगा। मनोरजन के क्षेत्र में दुर्घटना का योग रहेगा।

अमेरिका: वर्ष 2024-25 में अमेरिका अपनी विदेश नीति के चलते अन्य राष्ट्रो साथ विवादों में रहेगा। विदेशों में आक्रमणकारी प्रवृति रहेगी। नये कानून बनाने तथा पास कराने में मतभेदो का समाना करेगा। रेवेन्यू तथा जी. डी. पीत्र में इजाफा होगा। विदेश व्यपार बढ़ेगा। विशेष रूप से आयुध उपकरणो का उत्पादन तथा बिक्री पर जोर रहेगा। साहित्य अथवा प्रकाशन क्षेत्र के किसी सेलेब्रेटी का अवसान होगा। अग्निकांड से हानि होगी।

रूस: विदेश नीति में परिवर्तन होगा। कई देशों के साथ मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध स्थापित करने की दशा में कार्य होगा। उद्योगों में हड़ताल होगी। मजदूर वर्ग में असंतोष बढ़ेगा। राजकीय वातावरण बदलेगा। राजकीय प्रकरणों में अत्याधिक परिवर्तन होगा। सत्तापक्ष तथा प्रजा में मतभेद रहेगा। नवल फोर्सज तथा जहाजरानी में दुर्घटनायें घटित होगी। किसी गण्मान्य पुरूष के जीवन पर संकट रहेगा। चल रहे युक्रेन युद्ध के सिमटने की सम्भावना नहीवत रहेगी। किसी अन्य देश से युद्ध अथवा विवाद होने की सम्भावना से इन्कार नही किया जा सकता। धोखाधड़ी तथा तीव्र मतभेदों के मामले बनेंगे। मीडिया पर्सन्स पर मानहानि के मुकदमें होंगे अथवा समाचार पत्र बंद होंगे। ग्रे वार-साईबर क्राईम बढ़ेंगे। विदेशी जासूसी के प्रकरणों का भंड़ाफोड होगा। टैक्स रिस्ट्रक्चरंगि होगी। एक्सपोर्ट बढ़ेगा। संक्रामक रोग से प्रजा पीड़ित होगी।

कुंभ मेला तीर्थ राज प्रयाग 2025

कुम्भ पर्व की प्राचीनता पुराणों के अध्ययन से स्पष्ट हो जाती है। वेदों में तत्सम्बन्धी अनेक सूत्र मिलते है। ऋगवेद (10-89-7) के मंत्र **'जघान वृत्रं स्वधि तिर्वनेव रूरोज पुरो अदरन्न सिन्धून। बिभेद गिरिं नवभिन्न कुम्भभा गा इन्द्रो अकृणुत स्वयुग्भिः।।'** में स्पष्टया कहा है कि कुम्भ पर्व में जाने वाला मनुष्य दान, होमादि सत्कर्मो से स्वयं के पापों को वैसे ही नष्ट कर देता है जैसे कि कुल्हाड़ी वनों को नष्ट कर देती है। पाप उसी प्रकार नष्ट हो जाते है जिस प्रकार वर्षा से कच्चा घड़ा। अथर्ववेद के मंत्र 19-53-3 में कुंभ पर्व कब होता है यह कहकर **'पूर्णकुम्भोऽधि काल आहितस्तं वै पश्यामो बहुधा नु सन्तः। स इमा विश्वा भुवनानि प्रत्यकालं तमाहुः परमे व्योमन्।।'** बताया गया है कि पूर्ण कुम्भ बारह वर्षों के बाद देखा जाता है। परन्तु इन सब से कुंभ के प्रारम्भ होने का समय स्पष्ट नहीं होता। लिखित इतिहास में ईसा से 302 वर्ष पूर्व प्रयागराज में आयोजित पर्व का उल्लेख मेगस्थनीज के संसमरणों में मिलता है। प्रयागराज में ईसा के 299 वर्ष बाद आये फाहियान तथा ईसा के 629 वर्ष बाद के यात्री हुएनसांग ने अपने अपने ढंग से कुंभपर्व का वर्णन किया है।

चीनी यात्री हुएनसांग ने अपने यात्रा वृतान्त में लिखा है कि '75 दिनों तक चलने वाले एक धार्मिक आयोजन के प्रथम दिवस हजारों व्यक्ति धार्मिक भावनाओं के वशीभूत होकर एकत्रित हुए थे, जिसमें राजा से लेकर रंक तक, समाज का हर वर्ग उपस्थित था। तत्कालीन सम्राट, महाराजा हर्षवर्धन (590 ई.पू. से 647 ई. तक) अपने आमात्यों, कर्मचारियों के साथ थे तो वहीं पर दार्शनिक, बुद्धिजीवियों, धनिकों, साधु सन्तों की उपस्थिति भी दर्शनीय थी।' प्रतिवर्ष माघ मास में एक मास का कल्पवास होने के कारण यह तो स्पष्ट हो जाता है कि चीनी यात्री द्वारा प्रयागराज के कल्पवास के विषय में कहा जा रहा है परन्तु यह वक्तव्य कुंभ मेला के विषय में है, इस कथन से यह स्थापित नहीं किया जा सकता। इस का विस्तार अंग्रेज इतिहासकार विन्सेन्ट स्मिथ ने किया। उसने लिखा कि गंगा तथा यमुना नदी के संगम पर, यह मेला लगता है वहाँ सम्राट हर्ष वर्धन प्रत्येक पाचवें वर्ष में इसी प्रकार से दान किया करता था। जिस घटना का उल्लेख हुएनसांग ने किया है वह सम्राट की दान परम्परा में छठवें क्रम का था।' हुएनसांग और विन्सेन्ट ने जिस कुंभ मेले का वर्णन किया है वह ईस्वी सन 644 में आयोजित हुआ था। गुरू वृश्चिक राशि में होने से वस्तुतः यह महाकुंभ या पूर्ण कुंभ नहीं वरन अर्ध कुंभ था तथा इससे पूर्व और परा के कुंभ पूर्ण कुंभ होने से विन्सेन्ट ने हर्षवर्धन द्वारा प्रत्येक पांच वर्ष पर सर्वस्व दान देना लिख दिया हो, ऐसा प्रतीत होता है।

ई. सन् 1895 के कुम्भ पर्व के अवसर पर प्रयागराज सिविल लाईन्स में रहकर भी कुम्भ को न देख पाने का अवसर प्रसिद्ध अमेरिकन हास्यलेखक माक्र ट्वेन के नाम है। इसका उल्लेख उन्होंने अपनी पुस्तक **'मोर ट्रेम्प्स एबरोड'** में किया गया है। सन् 1310 में मुस्लिम इतिहासकार रशीदुदीन ने, सन 1765 में डच मिशनरी टिफनथेलर ने, 1865 में ब्रिटिश इतिहासकार कनिंघम ने प्रयागराज कुंभपर्व पर अपनी उपस्थिति के पश्चात कुम्भ के विषय में विस्तारपूर्वक लिखा है। देश स्वतन्त्र होने के पश्चात मिस इलेनोर रूजवेल्ट ने तो त्रिवेणी पर पारम्परिक विधि से दूध अर्पण किया था।

हुएन सांग और विन्सेन्ट दोनों ही कुंभ मेला कब, कहाँ तथा सर्वप्रथम किसके द्वारा आयोजित किया गया इसका कोई अधिकारिक उल्लेख नहीं कर सके थे। तथापि इतना तो निश्चित है कि गंगा-यमुना के संगम स्थान पर कुंभ आयोजन की परम्परा अतिप्राचीन है, फिर भले ही इसका वर्णन कुंभ मेला न कह कर किसी और रूप में किया जाता रहा हो। इतिहासकारों का मत है कि कुंभ के वर्तमान स्वरुप का प्रवर्तन भगवान शंकराचार्य द्वारा धार्मिक संस्कृति को सुदृढ़ करने के लिये किया गया था। अतः कुंभ पर्व मुख्यतः साधुओं का माना जाता रहा है।

पौराणिक कथायें: समुद्र मंथन से प्राप्त अमृतकलश से कुम्भपर्व सम्बन्ध सर्वविदित है। विभिन्न पुराणों में अमृत प्राप्ति के लिये समुद्र मंथन की कथायें विभिन्न रूपों में प्राप्त होती है। स्कन्दपुराण माहेश्वर खण्ड की कथा के अनुसार इन्द्र द्वारा देवगुरू बृहस्पति के अनादर के फलस्वरूप स्वर्गलोक की राज्य लक्ष्मी नष्ट होकर पाताल और फिर समुद्र में समा गई। उसे पुनः प्राप्त करने के लिये देवताओं और दानवों ने समुद्र मंथन किया, अनेक सम्पदाओं के साथ अमृत कलश प्राप्त किया।

दूसरी कथा में बृहस्पति के स्थान पर दुर्वासा मुनि का उल्लेख मिलता है। अन्य तीसरी कथा के अनुसार प्रजापति कश्यप की पत्नियों - वनिता तथा कद्रु के मध्य सूर्य रथ के अश्वों के रंग को लेकर विवाद था। वनिता का कहना था कि अश्व श्वेत रंग के है जबकि कद्रु का कहना था कि अश्वों का रंग काला है। तय हुआ कि अश्वों को साक्षात देखा जाय और जो जीत जाये, हारने वाली उसकी दासी बन कर रहे। जीतने की आंकक्षा

१६- दारागंज-अलोपी देवी, १७- अनन्त माधव, १८- मनोहर माधव, १९- असि माधव, २०- वेणी माधव,
२१- दशाश्वमेध घाट, बड़े गणेश-ओंकार गणपति, २२- नागवासुकि/ वासुकिह्रद/भोगवती, २३- कोटितीर्थ,
२४- हनुमत् निकेतन, २५- भरद्वाजाश्रम, २६- मानस (मन सइता नदी)

ब्रह्मा जी के यज्ञ की उत्तरवेदी के तीर्थ

ब्रह्मा जी के यज्ञ की पश्चिमवेदी के तीर्थ -

०७- अक्षयवट में- अक्षय माधव वट माधव, मूल माधव
०८- बड़े हनुमान् जी
०९- सरस्वती/ब्रह्म कुण्ड
१०- ऋणमोचन, विरज
११- कम्बल-अश्वतरनाग
१२- निरुजक
१३- मनकामेश्वर
१४- कल्याणी देवी
१५- ललिता देवी

ब्रह्मा जी के यज्ञ की पूर्ववेदी प्रतिष्ठानपुरी, झूसी के तीर्थ -

१- समुद्रकूप, खण्डहर किला, हनुमान् गुफा,
२- सन्ध्यावट, संकष्टहर माधव सन्ध्यावट में,
३- वेणीमाधव (परमानन्द आश्रम),
४- हंसकूप/हंसमन्दिर, हंसप्रपत्तन, उर्वशी-पुलिन,
५- शंख माधव, ६- दुर्वासा आश्रम

दक्षिणदिशाक्षेत्र तीर्थ (अरैल)

२७-नागबहुमूलक, २८-अग्नि, २९-धर्मराज, ३०-हरवन, ३१-अनरक, ३२-वासरक, ३३- सोमेश्वर, ३४-चक्र माधव, ३५-आदिवेणी माधव, ३६-बिन्दु माधव, ३७-गदा माधव, ३८-पद्म माधव।

प्रयागराज के तीर्थ एवं स्थानों के विवरण के लिये देखें अध्याय- ७ और १४

से कद्रू ने अपने सर्प पुत्रों को अश्वों के शरीर पर लिपट जाने की आज्ञा दी। फलत: अश्व काले दीख पड़ने लगे और वनिता कद्रू की दासी बन गई। दासत्व से मुक्ति के लिये कद्रू ने नागलोक से अमृतकलश लाकर देने की शर्त रख दी। वनिता पुत्र गरूड़ नागलोक से अमृतकलश लेकर अपने पिता प्रजापति कश्यप के पास गंधमादन पर्वत की और उड़ चला। नागराज वासुकी ने गरूड़ से अमृत कलश छीनने के चार प्रयास किये। इस प्रयास में जिन चार स्थानों – प्रयागराज, हरिद्वार, नासिक तथा उज्जैन में अमृत छलका, उन चार स्थानों पर कुम्भ आयोजित होता है।

कुम्भपर्व का महत्व: कुंभ महापर्व की कथा मात्र देवों तथा दानवों के समुद्र मंथन कर अमृत प्राप्त करने की कथा नहीं है। इसके मूल में सामाजिक चेतना तथा संस्कृति का संदेश अत्यन्त गूढ़ रुप से छुपा है। जब जब शासक वर्ग सत्ता के मद में चूर होकर भोग विलास में लिप्त हो गुरुओं तथा पूजनीयों का अपमान करने लगते है तब तब वे श्री विहीन हो जाते है। उनकी सम्पत्ति, शक्ति, विचार क्षमता उन्हें त्याग देती है। यही तो इन्द्र द्वारा देवगुरु बृहस्पति अथवा दुर्वासा ऋषि के प्रति उपेक्षापूर्ण व्यवहार के कारण देवताओं के साथ हुआ था और उनकी श्री सम्पत्ति उन्हें त्याग कर समुद्र में लोप हो गई।

पर्व के साथ अनेक किंवदतियां भी समय समय पर जुड़ती रही है। सर्वाधिक प्रचलित किंवदंति के अनुसार भगवान आद्यशंकराचार्य जी ने कुम्भपर्व की स्थापना की, पश्चात् उनकी शिष्य मण्डली ने कुम्भ को अपने धर्म प्रचार का मुख्य साधन समझ कर इसका विस्तार किया, जिसके फलस्वरूप कुम्भपर्व मनाया जाता है। 2. सनक-सनन्दादि महर्षि हरिद्वार, प्रयागादि तीर्थ क्षेत्रों में 12-12 वर्षों के अन्तराल पर उपस्थित होते थे। अत: तभी से कुम्भपर्व मनाया जाने लगा। 3. योगियों के अभ्यास की अवधि 12 वर्ष होती है। अपने साधकों से मिलने की सुविधा के लिये हरिद्वारादि तीर्थो में कुंभपर्व का प्रचार हुआ। 4. समुद्र मन्थन से प्राप्त अमृतकलश का बंटवारा तीर्थराज प्रयाग में हुआ था। उसी के स्मृति स्वरूप कुम्भपर्व मनाया जाता है। 5. कुम्भपर्व को साधु महात्माओं का धर्मसम्मेलन भी कहा जाता है। ईसा के जन्म से लगभग 450 वर्ष पूर्व प्रयागराज में कुम्भ के अवसर महात्मा बुद्ध का आगमन हुआ था। उस पर अवसर पर दिये गये बौद्ध धर्म के उपदेशों के कारण कुछ व्यक्ति इसे बौद्धों की परम्परा में मानते है।

कथायें भिन्न हो सकती है, है भी परन्तु परिणाम सब का समान हुआ। देवताओं की श्री, शक्ति, सम्पन्नता उन्हें त्याग कर समुद्र में विलुप्त हो गई। शक्ति विहीन देवता समुद्र से अपनी सम्पत्ति प्राप्त करने में असमर्थ थे। तभी उन्होंने दानवों की सहायता एक संधि के अन्तर्गत समुद्र मंथन किया। आत्ममंथन करने अर्थात आत्मशुद्धि का मार्ग, जिसे आधुनिक प्रबन्ध विशेषज्ञ SWOT Analysis कहते है – अपनाने से स्वयं के कृत्य अकृत्य स्वयं को ही डराने लगते है, तब स्वयं में आमूलचूल परिवर्तन की प्रक्रिया प्रारम्भ होती है परन्तु कोई बिरला ही इसमें सफल हो पाता है। इस विष को पी जाना सामान्य व्यक्ति का कार्य नहीं है। समुद्र मंथन के प्रथम चरण में निकला कालकूट विष पीना भी किसी के लिये सम्भव नहीं था। उसे तो सदाशिव भोलेशंकर ही आत्मसात कर सकते थे और उन्होंने किया भी। मंथन की प्रक्रिया के अगले चरणों में देवताओं की विलुप्त निधियां – जिन्हें अब हम रत्न कहते है क्रमश: प्रगट होने लगी। पुष्पक विमान, ऐरावत हाथी, पारिजात वृक्ष, रम्भा नाम की अप्सरा, कौस्तुभ मणि, बाल चन्द्रमा, कुण्ड़ल, धनुष, शार्ग धनुष, कामधेनु गाय, उच्चैश्रवा अश्व, भगवती लक्ष्मी, विश्वकर्मा तथा अन्त में अमृत कलश के साथ धन्वन्तरी प्रगट हुए। पुराण भेद से किन्हीं स्थानों पर रत्नों में शंख, पारिजात आदि का भी उल्लेख मिलता है। स्कन्द पुराण (गीता प्रेस गोरखपुर संस्करण वि.सं 2076 पृष्ठ -22) के अनुसार ऐरावत हाथी के साथ साथ श्वेत वर्ण के चौसठ हाथी प्रगट हुए थे। उसके बाद समुद्र गर्भ से मदिरा, भांग, काकड़ासिंगी, लहसुन, गाजर, अत्याधिक उन्मादकारक धतूर तथा पुष्कर आदि बहुत सी वस्तुयें प्रगट हुई। विष्णु पुराण में समुद्र मंथन से अप्सराओं की प्राप्ति भी बताई गई है।

लक्ष्मी: कौस्तुभपारिजातकसुराधन्वन्तरिश्चन्द्रमा:।
गाव: कामदुहा सुरेश्वरगजो रम्भादिदेवांगना:।।
अश्व: सप्तमुखो विषं हरिधनु: शंखोमृतं चाम्बुधे।
रत्नानीह चतुर्दश प्रतिदिन कुर्यात्सदा मंगलम्।।

अमृत प्राप्ति के लिये देव तथा दानवों में बारह दिनों तक निरन्तर युद्ध चला था। देवताओं के बारह दिन मनुष्यों के बारह वर्षों के तुल्य होते है अत: कुम्भपर्व भी बारह ही होते है। ब्रह्मा जी अथर्ववेद के मंत्र 4-34-7 में कहते है: **'चतुर: कुम्भांश्चतुर्धा ददामि'** चार कुंभ पर्वों का निर्माण चार स्थानों (**प्रयाग, हरिद्वार, उज्जैन तथा नासिक**) तीर्थों में करता हूँ। यह चार स्थान मृत्युलोक के लिये है।शेष आठ कुंभ पर्व देवलोक में है, मनुष्यों के लिये अगम्य है।

देवानां द्वादशाहोभिर्मत्यैर्द्वादशवत्सरै:।
जायन्ते कुम्भपर्वाणि तथा द्वादश संख्यया।।
पापनपनुत्तये नृणां चत्वारि भुवि भारते।
अष्टौ लोकान्तरे प्रोक्ता देवैर्गम्या न चैतरै:।।

कुंभ का स्वरूप: कुंभ का स्वरूप कैसा है तथा उसमें किन किन देवों का निवास है, इसका वर्णन करते हुए कहा गया कि:

कलशस्य मुखे विष्णुः कण्ठे रूद्रः समाश्रितः।
मूलेत्वस्य स्थितो ब्रह्मा मध्ये मातृगणाः स्थिताः।।
कुक्षौ तु सागराः सर्वे सप्तद्वीपा वसुन्धरा।
ऋगवेदोऽथ यजुर्वेदः सामवेदो ह्यथर्वणः।।
अङ्गैश्च सहिताः सर्वे कलशं तु समाश्रिताः।

अर्थात कलश के मुख में विष्णु, कण्ठ में रूद्र, मूल में ब्रह्मा, मध्य भाग में मातृगण, कुक्षि में सभी पहाड़, समुद्र तथा पृथ्वी समाहित है। सभी अंगो के साथ **ऋगवेद, यजुर्वेद, सामवेद** तथा **अर्थवेद** भी कुंभ में स्थित है। तात्पर्य कि ब्रह्माण्ड कुंभ स्वरूप है।

कुम्भ प्रार्थना का मन्त्र :

देवदानवसंवादे मथ्यमाने महोदधौ।
उत्पन्नोऽसि तदा कुम्भ विधृतो विष्णुना स्वयम्।।
त्वत्तोये सर्वतीर्थानि देवाः सर्वे त्वयि स्थिताः।
त्वयि तिष्ठन्ति भूतानि त्वयि प्राणाः प्रतिष्ठिताः।।
शिवः स्वयं त्वमेवासि विष्णुस्त्वं च प्रजापतिः।
आदित्या वसवो रूद्रा विश्वेदेवाः सपैतृकाः।।
त्वयि तिष्ठन्ति सर्वेऽपि यतः कामफलप्रदाः।।

'हे कुम्भ! देवदानव के विवादरूप में समुद्र मथे जाने पर तुम्हारी उत्पत्ति हुई, जिसे साक्षात भगवान विष्णु ने धारण किया। उस तुम्हारे जल में समस्त तीर्थ, समस्त देवता, समस्त प्राणी, प्राण आदि स्थित रहते है। तुम साक्षात शिव, विष्णु और ब्रह्मा हो। आदित्य, वसु, रूद्र, सपैतृक, विश्वेदेव आदि समस्त कार्यो के फलप्रद देवता तुम्हारे में सर्वदा स्थित है।'

कुंभ पर्व का समय: कुंभ महापर्व का आधार सूर्य, चन्द्रमा तथा देवगुरु बृहस्पति का गोचर है। अमृत कलश की रक्षा के समय जिन जिन राशियों पर, कलश की रक्षा करने वाले चन्द्र, सूर्य, गुरू आदि ग्रह गोचर करते है, उस समय कुम्भ पर्व का योग होता है। **हरिद्वार, प्रयागराज, उज्जैन** तथा **नासिक**, इन चार स्थानों पर प्रत्येक बारह वर्षों बाद, निर्धारित क्रमानुसार कुंभ पर्व आता है। मेष के गुरू में जब सूर्य तथा चन्द्रमा दोनों शनि की मकर राशि में हो तब प्रयाग राज में कुंभ होता है।

मेषराशिं गते जीवे मकरे चन्द्रभास्करौ।
अमावस्यां तदा योगः कुम्भाख्यस्तीर्थनायके। (स्कन्द पुराण)

इसके पश्चात् गुरू जब सिंह राशि पर तथा सूर्य अपनी उच्च राशि मेष में होते है तब तब उज्जैन में कुंभ होता है, और जब गुरू तथा सूर्य दोनों ही सिंह राशि पर हो तब नासिक में कुंभपर्व होता है। गुरू जब शनिदेव की मूल त्रिकोण राशि कुंभ पर तथा सूर्य अपनी उच्च राशि मेष हो तब तब हरिद्वार में कुंभपर्व आता है।

अर्धकुम्भ, जिसे अब कुंभ के नाम से जाना जाने लगा है वह पर्व हरिद्वार तथा प्रयागराज में ही आयोजित होता हैं, उज्जैन तथा नासिक में नहीं। वस्तुतः जब हरिद्वार में अर्धकुंभ होता है तब नासिक में महाकुंभ तथा प्रयागराज में अर्धकुंभ के समय उज्जैन का कुंभ होता है। पुराणों में जहां कहीं भी कुंभ पर्व का उल्लेख हुआ है वह पूर्ण कुंभ (महाकुंभ) का हैं अर्ध कुंभ का उल्लेख कहीं भी नहीं मिलता। माना जाता है कि अर्धकुंभ का प्रवर्तन चारों शंकराचार्यों द्वारा मुगलों के समय धर्म रक्षार्थ हुआ था।

मेष के सूर्य तथा कुंभ के गुरु में हरिद्वार में, वृषभ के गुरु तथा मकरस्थ सूर्य होने पर प्रयाग में (किसी के मत से मेष में गुरू होने पर), सिंह राशि स्थित गुरु तथा सूर्य में नासिक में एवं सिंहस्थ गुरु तथा मेष राशि में सूर्य होने पर उज्जैन में कुंभ होता है। प्रयाग, उज्जैन, नासिक तथा हरिद्वार में कुंभ महापर्व का यही आधार है। प्रायः यही भ्रमवश कहा जाता है कि कुंभ आयोजन प्रति बारह वर्ष की अवधि पर होता है। परन्तु वास्तविकता इसके विपरीत है। वास्तव में कुंभ देवगुरु बृहस्पति तथा सूर्य की राशि विशेष परीस्थिति के अनुसार मनाये जाने के कारण के कभी ग्यारहवें तो कभी बारहवें वर्ष में आयोजित होता है। सभी कुंभ महापर्वों में प्रयाग कुंभ को विशेष महत्व दिया गया है। स्कन्द पुराण के अनुसार :

मकरे च दिवानाथे वृषगे च बृहस्पतौ।
कुम्भयोगो भवेत्तत्र प्रयागे ह्यति दुर्लभे।।

अर्थात वृष राशि पर बृहस्पति हो और जिस दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करते है उस योग को कुम्भ योग कहते है। ऐसा योग प्रयाग के लिये अतिदुर्लभ होता है। अन्यत्र भी कहा है:

माघो वृषगते जीवे मकरे चन्द्रभास्करौ।
अमायां च ततो योगः कुम्भाख्यस्तीर्थनायके।।

उस माघ मास में अमावस्या के दिन बृहस्पति वृष राशि पर हो, सूर्य तथा चन्द्र मकर राशि में हो तब कुंभ योग समस्त तीर्थो के नायक प्रयागराज में होता है।

वैमत्य : प्रयागराज में कुम्भपर्व सम्बन्धित प्राप्त दो श्लोक ऊपर कहे जा चुके है। एक श्लोक के अनुसार मेष के गुरु तथा मकरस्थ सूर्य होने पर तथा दूसरे में वृषभ के गुरु तथा मकरस्थ सूर्य होने पर प्रयागराज में कुम्भपर्व होना कहा गया है। वर्ष 2025 में मनाया जाने वाले कुंभ पर्व के समय बृहस्पति वृष राशि में होंगे। प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि गत वर्ष जब बृहस्पति मेष राशि में थे तब उस कुम्भ महापर्व क्यों आयोजित नहीं हुआ।

इस प्रकार की स्थिति इससे पूर्व भी सवंत् 2021 तथा सवंत् 2022 में बन चुकी है। सवंत् 2021 में माघी अमावस्या के दिन बृहस्पति मेष राशि में थे परन्तु कुम्भ पर्व सवंत् 2022 में बृहस्पति के वृष राशि में होने पर आयेजित हुआ। वैमत्य निराकरण के लिये सवंत् 2021 में साधु-सन्तों तथा विद्वानों की धर्मसभा हुई। निर्णय हुआ कि कुम्भ पर्व प्रति 12 वें वर्ष में मनाया जाता है परन्तु गुरू की स्थिति के कारण 11 वें वर्ष में भी मनाया जाता है। इस निर्णय और चर्चा के सन्दर्भ से परमपूज्य श्री स्वामी करपात्री जी महाराज ने **'धर्मकृत्योपयोगी तिथ्यादि निर्णयः कुम्भपर्व-निर्णयश्च'** लिखी जो उसी वर्ष अखिल भारतीय धर्मसंघ वाराणसी ने प्रकाशित की थी।

अपि च एक प्राचीन श्लोक में कहा गया है **'यदा स्यातां नक्रे दिनकरनिशेशौ खगवरौ। सुमन्त्री देवानां रपिसुतयुतोऽमां खलु यदा।। श्रुतिर्विश्वं माघो शमयति च विश्वाघमखिलं त्रिवेणी कुम्भोऽस्मिन् ननु नरक पातश्च न भवेत।।'** इस श्लोक के अनुसार प्रयाग कुम्भपर्व के पूर्ण योग के लिये माघी अमा मेष अथवा वृष के गुरू तथा श्रवण अथवा धनिष्ठा नक्षत्र के पूर्वार्द्धजन्य मकर राशि में सूर्य तथा चन्द्रमा का होना आवश्यक है। **'श्रुतिर्विश्वं माघे शमयति च विश्वाघमखिलं'** विश्वाघशमन तथा नरकपाताभाव श्रवण तथा धनिष्ठा में ही बताया है, उत्तराषाढ़ में नहीं।

अतः कुंभ पर्वों में हरिद्वार को छोड़कर शेष तीनों कुम्भपर्वों- प्रयागराज, उज्जैन तथा नासिक में बृहस्पति के भोगकाल के लिये दो दो राशियां नियत कर दी गई है। कारण कि एक राशि में बृहस्पति का भोगकाल तेरहमास का होता है। यदि एक ही राशि नियत होती तो कुंभपर्व तेरहवें मास में होता। तथापि चौरासी वर्षों में छः कुम्भपर्व बारह-बारह वर्षों के अन्तराल पर तथा एक ग्यारहवें वर्ष में होता है।

कुम्भ स्नानः कुम्भ योग में स्नान करने वाला मनुष्य अमृत्व प्राप्त करता है। उसकी मुक्ति हो जाती है। ऐसे मनुष्य को देवगण उसी प्रकार नमस्कार करते है जिस प्रकार कोई निर्धन, धनी को। यह स्कन्द पुराण में कहा गया है।

तान्येव यः पुमान् योगे सोऽमृतत्वाय कल्पते।
देवा नमन्ति तत्रस्थान् यथा रंङ्का धनाधिपान्।।

प्रयागराज की महिमा मत्स्य पुराण, दुर्वासा पुराण, पद्मपुराण आदि में वर्णित है। तीर्थराज प्रयाग में कुंभ पर्व पर स्नान का विशेष महत्व है। कार्तिक मास में एक हजार बार गंगा स्नान करने से अथवा माघ मास में सौ बार गंगा स्नान करने से अथवा वैशाख मास में करोड़ बार नर्मदा स्नान करने से जो फल मिलता है वहीं फल प्रयागराज में एकबार गंगा स्नान करने से प्राप्त होता है।

सहस्त्रं कार्तिके स्नानं माघो स्नानशतानि च।
वैशाखे नर्मदा कोटिः कुम्भ स्नानेन तत्फलम्।।
अपि च
अश्वमेघसहस्त्राणि वाजपेयशतानि च।
लक्षं प्रदक्षिणा भूमेः कुम्भ स्नानेन तत्फलम्।।

हजार अश्वमेघ करने, सौ वाजपेय यज्ञ करने तथा लाखबार पृथ्वी की प्रदक्षिणा करने से जो फल मिलता है वह फल केवल प्रयाग में स्नान करने मात्र से मिल जाता है। प्रयाग के कुंभ योग के काल में त्रिवेणी में स्नान का महत्व बताते हुए कहते है कि:

प्रयागे माघ मासे तु त्रयहं स्नानस्य यद्भवेत्।
नाश्वमेघसहस्त्रेण तत्फलं लभते भुवि।।

प्रयागराज में माघ मास में त्रिकाल - प्रातः मध्यान्ह तथा सांय काल में स्नान से जो फल मिलता है वह फल पृथ्वी पर हजार अश्वमेध करने पर भी प्राप्त नहीं होता। तीर्थराज प्रयाग के महत्व स्थापित करते हुए गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी कहा है:

तहाँ होई मुनि रिषय समाजा। जांहि जे मज्जनतीरथराजा।।
मज्जहि प्रात समेत उछाहा। कहहिं परसपर हरि गुन गाहा।
ब्रह्म निरूपन धरम बिधि बरनहिं तत्त्व विभाग।
कहहिं भगति भगवंत कै संजुत ग्यान बिराग।।

कल्पवास : माघ मास में सौर मास की मकर संक्रांति से कुंभ संक्रांति तक का समय कल्पवास का माना जाता है। अन्य मत से चान्द्रमास के अनुसार माघ मास का समय कल्पवास का कहा गया है। कल्पवास का अर्थ मात्र इस अवधि में तीर्थराज में निवास करना भर नहीं है, विधि विधान से निवास करना कल्पवास है। मत्स्य पुराण में कहा है कि तेल से स्नान, तिलों से उदवर्तन, तिलों से होम, तिलों से तर्पण, तिल का भोजन और तिल का दान, यह छः तिल पापों का नाश करते है- **'तिलस्नायी तिलोद्वर्त्ती तिलहोमी तिलोदकी। तिल भुक् तिलदाता च षटतिलाः पापनाशनाः'।** भविष्य पुराण में कहा है कि प्रतिदिन तिल तथा आवला दान करें **'तैलआमलकाश्चैव तीर्थेदेयास्तु नित्यशः'।**

इस वर्ष श्रद्धालुगण, तीर्थराज प्रयाग में पौष शुक्ल पूर्णिमा तदानुसार 13 जनवरी 2025 से माघ शुक्ल पूर्णिमा 12 फरवरी 2025 तक कल्पवास करें। माघ स्नान के लिये दुर्वासा पुराण (उत्तर।13-14) में दिये गये मंत्र **'मकरस्थे रवौ माघे गोविन्दाच्युत माधव।। स्नानेनानेन मे देव यथोक्तफलदो भव।।'** का जप करें।

प्रयागराज में कुभपर्व पर स्नान की महत्वपूर्ण तिथियांः-

- **पौष शुक्ल पूर्णिमा : 13 जनवरी 2025**
- **प्रथम शाही स्नान : 14 जनवरी 2025 :** माघी मकर संक्रातिः सूर्य नारायण के उत्तरायण में प्रवेश की तिथि है। इस दिन से देवों की उपासना का पूर्णकाल प्रारम्भ हो जाता है। यही समय परा अपरा विद्या की प्राप्ति का काल है, साधना का सिद्धकाल है। देव प्रतिष्ठा, गृह निर्माण आदि के लिये पुनीत काल माना जाता है। यही पितरों की तिलांजलि का श्राद्ध काल है। महाभारत में भी भीष्म पितामह को सूर्यनारायण के उत्तरायण में आने की प्रतीक्षा थी। मकर संक्रांति के दिन स्वास्थय वर्धन तथा सर्व कल्याण के लिये तिल का छह प्रकार से प्रयोग पर्व के दिन एवं सूर्यनारायण की उत्तरायण की दशा में पुण्यदायक होता है। संगम का स्नान पुण्य देने वाला है।
- **षटतिला एकादशी स्नान : 25 जनवरी 2025**
- **द्वितीय शाही स्नान 29 जनवरी 2025 :** माघी अमावस्या, माघ कृष्ण पक्ष अमावस्या मौनी अमावस्या कही जाती है। इस तिथि में सदाचारी तथा मौन रहकर ज्ञान प्राप्ति का विशेष महत्व है। माघ मास में त्रिवेणी का स्नान अतिफलदायक होता है। अमावस्या माघ मास का सर्वश्रेष्ठ पर्व है।
- **तृतीय शाही स्नान, वंसत पचंमी 02 फरवरी 2025:** माघ मास की शुक्ल पंचमी वंसत पंचमी है। इसका दूसरा नाम श्री पंचमी है। सरस्वती देवी के साथ साथ इस तिथि को धन सम्पदा की अधिष्ठात्री देवी लक्ष्मी, विष्णु भगवान की पूजा विधि में शास्त्रों में विहित है। इस तिथि में रति-कामदेव की पूजा तथा महोत्सव का भी विधान है। संगम स्नान एवं दान पुण्य का विशेष महत्व है।
- **रथ सप्तमी : 04 फरवरी 2025**
- **जया एकादशी, भीष्म एकादशी : 08 फरवरी 2025**
- **माघी पूर्णिमा - 12 फरवरी 2025** माघ मास की पूर्णिमा तिथि को तीर्थस्थलों में स्नान दान आदि के लिये फलदायिनी बताया गया है।
- **महाशिवरात्रि स्नान 26 फरवरी 2025:**
- **कुंभ संक्रांति पुण्य काल : मध्यान्ह 12:17 से सांय 17:54 तक, संक्रांति महापुण्य काल : सांय 16:02 से सांय 17:54 तक,**

कुम्भ पर्व में पालन योग्य कर्तव्य : कुम्भ पर्व स्थान में जब तक निवास करें तब तक निष्कपट सरल हृदय, स्वार्थ रहित धर्मपरायण होकर रहें। निरन्तर भगवान का स्मरण करें। कहा भी है:

ब्रह्मचारी वसन्मासं पितृदेवांश्च तर्पयेत।
गंगा यमुनयौश्चैव संगमे स्नानमाचरेत।।

ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करते हुए जो प्राणी एक मास तक अर्थात माघ मास में कल्पवास करता है तथा पितरों एवं देवताओं का तर्पण करता है, प्रतिदिन गंगा-यमुना के संगम पर विधिपूर्वक स्नान करता है, वह परम कल्याण को प्राप्त होता है।

आत्म मंथन करें, दूसरे के दोषों को न देखें। अपने क्रोध पर नियन्त्रण रखें। तीर्थ क्षेत्र से बाहर न जाये। पान, भांग, अफीम, गांजा, शराब आदि मादक पदार्थों का सेवन न करें। दीन दुखियों की अन्न-वस्त्र से सहयता करे परन्तु स्वयं किसी से दान न लें।

स्नान करने के पश्चात् सन्ध्या तर्पणादि से निवृत होकर गणपतिपूजन पूर्वक, कलश की स्थापना करें। श्रद्धाभक्ति से कुम्भ का षोड़शोपचार पूजन करें। यथाशक्ति कलश में घी भरकर सुपात्र योग्य विद्वानों को घी कलश का दान करे। जय सीता राम।

बारह-राशियों का मासगत वार्षिक फलादेश सन् ई० 2024

ज्योतिर्विद प्रवीनकुमार जैन

जनवरी 2024

मेष राशि : 07 जनवरी से मिथ्या अपवाद का भय रहेगा। कार्यों में विघ्न बाधाऐं आयेगी। यात्रांओं में असुविधा तथा हानि होगी। खानपान बिगड़ेगा। सम्बन्धियों तथा सहोदरों से वैमनस्य रहेगा। तीसरे सप्ताह में 15 जनवरी से परिस्थितियों में बारम्बार परिवर्तन होगा। शासकीय कार्यों में त्रुटि होगी। चिन्तायें बढ़ेगी। अचानक स्थान परिवर्तन होगा। स्वभाव विचित्रतापूर्ण तथा चिड़चिड़ा रहेगा। मन अन्जाने से भय से ग्रसित रहेगा। स्वभाव में कर्तव्य शून्यता आयेगी। वैवाहिक सुख में न्यूनता रहेगी। विद्याध्ययन में बाधा आयेगी। 18 जनवरी से स्वास्थय लाभ होगा। भोगोपभोग की बहुमूल्य वस्तुयें प्राप्त होंगी। चिरस्थाई लाभ प्राप्त करेंगे। प्रशासकीय माध्यम से भाग्योन्नति होगी। भाईयों का स्नेह तथा सहयोग रहेगा। देश के अन्दर ही लम्बी दूरी की यात्राये करेंगे। शुभ दिन : 02, 09, 16, 18, 25, 27, 30 अशुभ दिन : 05, 07, 11, 13, 20, 22

वृष राशि : 07 जनवरी से सन्तान सुख में कमी रहेगी। आय के साधन सीमित रहेंगे। विरोध बढ़ेगा। असफलता से मन खिन्न तथा अशांत रहेगा। आर्थिक तथा सामाजिक स्थिति खराब होगी। बुद्धि चातुर्य काम नहीं करेगा। भोजन में अरुचि रहेगी। 15 जनवरी से अकारण ही धन तथा पुण्य की हानि होगी। आय में कमी आयेगी। रोगों का प्रकोप होगा। मन अज्ञात कारणों से भयग्रस्त, निराश तथा खिन्न रहेगा। किसी प्रियजन से अलग रहना होगा। 18 जनवरी से सुखों सभी प्रकार कार्यों में व्यवधान आयेंगे। सुखोपभोग तथा विलासिता का अभाव रहेगा। परिवार में आर्थिक संकट रहेगा। शिक्षा में अरुचि रहेगी। शुभ दिन : 02, 09, 13, 16, 18, 30 अशुभ दिन : 05, 07, 11, 20, 22, 25, 27

मिथुन राशि : 07 जनवरी से आय में गिरावट आयेगी। यात्रांओं तथा व्यवसाय से अपेक्षित लाभ नहीं होगा। धन हानि होगी। आर्थिक स्थिति कठिन बनेगी। दाम्पत्य जीवन में विवाद होंगे। मनमुटाव तथा वैचारिक मतभेद रहेंगे। मन चिंताग्रस्त रहेगा। 15 जनवरी से विरोधियों से विवाद होंगे। खांसी आदि कफजन्य बीमारियों, उच्च रक्त चाप अथवा ज्वर से कष्ट होगा। शासन प्रशासन से भय की स्थिति बनेगी। दाम्पत्य सुख में बाधा आयेगी। भय तथा अपमान की स्थिति बनेगी। 18 जनवरी से आर्थिक कठिनाईयां समाप्त होंगी। जीवनयापन सुगम बनेगा। सन्तोषजनक आजीविका प्राप्त होगी। दाम्पत्य जीवन का सुख रहेगा। रोगों से छुटकारा मिलेगा। वांछित प्राप्ति का सुख रहेगा। महिला वर्ग का सहयोग मिलेगा। शुभ दिन : 02, 05, 07, 09, 13, 16, 20, 22 अशुभ दिन : 11, 18, 25, 27, 30

कर्क राशि : 07 जनवरी से अध्ययन-अध्यापन में प्रगति होगी। लेखन, संगीत अथवा वाद्य कला में ख्याति प्राप्त करेंगे। आर्थिक उन्नति होगी। मान-सम्मान में वृद्धि से मन प्रसन्न रहेगा। 15 जनवरी के बाद मासान्त तक थका देने वाली यात्रांओं का कष्ट रहेगा। दुर्घटनाओं का भय रहेगा। कार्यों में असफलता रहेगी। परिवारजनों एवं मित्रों से मतभेद एवं विवाद होगा। जीवन साथी तथा संतान किसी रोग से पीडित् होगी। अपच, उदर विकार रहेगा। सन्तान से अथवा सन्तान के कारण कष्ट होगा। दाम्पत्य जीवन में बाधा रहेगी। किसी अन्जानी-अनचाही विपत्ति का सामना करना पड़ेगा। विरोधी पक्ष प्रबल होगा। परिस्थितियों के वशीभूत होकर समझोतों के लिये विवश होना पड़ेगा। शुभ दिन: 02, 05, 07, 18, 22, 25, 30 अशुभ दिन : 09, 11, 13, 16, 20, 27

सिंह राशि : आक्समिक रुप से झगड़े झंझटों में फंसेंगे। योजनाओं के अनुरुप कार्यों में सफलता नहीं मिलेगी। मानसिक तथा शारीरिक कष्ट रहेगा। उच्च ताप अथवा गर्मी के कारण शरीर में शिथिलता आयेगी। जीवन साथी तथा सतांन से अनबन होगी। घर परिवार से अलग रहना पड़ सकता है। प्रेम प्रकरण तथा वार्ताओं में असफलता मिलेगी। 15 जनवरी के बाद से कार्यों में सफलता मिलेगी। अधिकार क्षेत्र बढ़ेगा। आय के नये मार्ग बनेंगे। विभिन्न स्रोत्रों से आय होगी। आर्थिक स्थिति सबल बनेगी। सन्तान के दायित्वों की पूर्ति होगी। योग्य व्यक्तियों को सन्तान प्राप्ति का योग रहेगा। प्रेमी युगलों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। विभागीय परीक्षाओं में सफलता मिलेगी। शुभ दिन : 02, 07, 16, 18, 20, 30 अशुभ दिन : 05, 09, 11, 13, 22, 25, 27

कन्या राशि : परिवार की वरिष्ठ महिलाओं, उच्च पदस्थ व्यक्तियों से मनमुटाव होगा, मतभेद बनेंगे। धनागम में कठिनाईयां उत्पन्न होगी। आर्थिक संतुलन बिगड़ेगा। भूमि-भवन के कार्यों में असफलता मिलेगी। स्थाई सम्पत्ति की हानि होगी। पारिवारिक जीवन अस्त व्यस्त रहेगा। वाद विवादों के कारण जीवन साथी का सहयोग प्राप्त नहीं होगा। मन किसी के प्रति आसक्त होगा। मन व्यग्र रहेगा। स्वास्थय विपरीत रुप से प्रभावित होगा।

विरोधी पक्ष प्रबल होगा। स्वभाव की नम्रता से बाधांओं तथा अवरोधों का समाधान होगा। मित्रों तथा परिवारजनों का असहयोग रहेगा। शुभ दिन : 02, 07, 09, 13, 20 अशुभ दिन : 05, 11, 16, 18, 22, 25, 27, 30

तुला राशि : मानसिक भय दूर होगा। पारिवारिक सुख शांति रहेगी। परिश्रम तथा साहस से कार्यों में सफलता मलेगी। आय के नवीन साधन बनेंगे। यात्रांओं से लाभ होगा। भू-सम्पत्ति के मामलो में लाभ मिलेगा। व्यय पर नियन्त्रण रहेगा। विरोधियों पर प्रभाव स्थापित करने में सफलता मिलेगी। 18 जनवरी के बाद परिश्रम तथा साहस की हानि होगी। सहोदरों, आधीनस्थों तथा सहायकों से मतभेद होंगे। मान-सम्मान की हानि होगी। भाग्योदय में अवरोध आयेगा। शासकीय सहायता में विलम्ब होगा। रोजी रोजगार तथा कार्यालय के विवाद समाप्त होंगे। व्यवसायिक लाभ मिलेगा। धार्मिक कार्यों में मन नहीं लगेगा। शुभ दिन : 05, 07, 09, 11, 18, 22, 25 अशुभ दिन : 02, 13, 16, 20, 27, 30

वृश्चिक राशि : 07 से 18 जनवरी तक सम्बन्धों के कारण से आर्थिक हानि होगी। बहुमूल्य वस्तु खोने से मन चिंतित रहेगा। अपने व्यवहार, अत्याधिक वाचालता तथा वाकचातुर्य से हानि उठायेंगे। सम्मानित व्यक्तियों से मतभेद होंगे। मान, प्रतिष्ठा की हानि होगी। किसी नये स्थान पर कार्यभार सभांलने का अवसर हाथ से निकलेगा। शिक्षा में धीमी प्रगति को अंसतोष रहेगा। 18 जनवरी से आय वृद्धि होकर आर्थिक लाभ मिलेगा। प्रशासकीय लाभ मिलेगा। पद प्रतिष्ठा मबढ़ेगी। दाम्पत्य जीवन का सुख रहेगा। योग्य व्यक्तियों को सन्तान प्राप्त होगी। शिक्षा तथा अध्ययन में रुचि रहेगी। स्वास्थय उत्तम रहेगा। बहुमूल्य वस्तुयें प्राप्त करेंगे। विरोधी परास्त होंगे। शुभ दिन : 09, 13, 20, 22, 25, 27 अशुभ दिन : 02, 05, 07, 11, 16, 18, 30

धनु राशि : अपव्यय रहेगा। बातचीत में अभद्र भाषा का प्रयोग करेंगे। झगड़े झंझट बढ़ेंगे। सम्बन्ध खराब होंगे। खानपान बिगड़ेगा। दुर्जनों-दुष्टों से मित्रता होगी। अपमानजनक स्थितियां बनेगी। 15 जनवरी से मास के अन्त तक दुर्जन तथा निम्न स्तरीय व्यक्तियों से दूरी बनेगी। विचारों में सात्विकता तथा स्वभाव में नम्रता आयेगी। निकटस्थ व्यक्तियों का सहयोग मिलेगा। मानसिक शांति मिलेगी। स्वास्थय लाभ होगा। अविवाहितों का विवाह का योग बनेगा। विवाहितों को सन्तान लाभ होगा। विद्याथियों को शिक्षा तथा अध्ययन में सफलता मिलेगी। कार्य, व्यापार, व्यवसाय में उन्नति होगी। तरल पदार्थों, सुगन्धित द्रव्यों, श्रंगारिक वस्तुओं तथा सौन्दर्य प्रसाधनों से लाभ होगा। शुभ दिन : 05, 07, 13, 18, 22, 25, अशुभ दिन : 02, 09, 11, 16, 20, 27, 30

मकर राशि : धन एवं सुख की हानि होगी। मन असन्तुष्ट रहेगा। भोजन में अरुचि रहेगी। व्यर्थ वाद विवादों में फंसेंगे। कार्यों में अवरोध आयेगे, हानि होगी। असफलता से पद हानि का भय रहेगा। विरोधी प्रबल होंगे। सम्बन्धियों से अनबन होगी। अपमानजनक स्थितियों का सामना करना पड़ेगा। स्वास्थय खराब होगा। परिवार से दूर किसी सुदूर स्थान पर रहना होगा। निरर्थक यात्रांओं में थकावट से कष्ट रहेगा। शिक्षा में विघ्न रहेगा। मान-सम्मान में कमी आयेगी। नगण्य सी बातों पर उत्तेजित होंगे। चोट लगने का भय रहेगा। 18 जनवरी से आर्थिक लाभ होगा। नया सहयोग क्रियान्वित होगा। धन तथा भोग- विलास के साधन प्राप्त होंगे। वस्त्रों अथवा सफेद वस्तुओं के व्यापार से लाभ होगा। शुभ दिन : 05, 07, 11, 13, 22, 25, 27, अशुभ दिन : 02, 09, 16, 18, 20, 30

कुंभ राशि : 15 जनवरी तक स्वास्थय निर्बल रहेगा। यश तथा मान सम्मान की हानि होगी। सन्तान प्राप्ति में विलम्ब रहेगा। नियम विरुद्ध कार्यों में प्रवृति रहेगी। पारिवारिक सुख शांति में कमी रहेगी। मतभेद तथा विवादों से आर्थिक हानि होगी। कार्य स्थल पर, रोजी रोजगार में कठिन कार्यकारी परिस्थितिया बनेंगी। 15 जनवरी से पारिवारिक सुख रहेगा स्थान लाभ होगा। सुदूर स्थान की यात्रा निरस्त होगी। पद प्रतिष्ठा प्राप्त करेंगे। नौकरीपेशा वर्ग में तथा स्व रोजगार कर रहे व्यक्तियों को नई अपोरचुनिटीज मिलेगी। प्रशासनिक सहयोग मिलेगा। व्यय पर नियन्त्रण रहेगा। आर्थिक उन्नति होगी। बन्धु बान्धवों तथा मित्रों से मधुर सम्बन्ध बनेंगे। प्रेम सम्बन्धों में सफलता मिलेगी। मित्रों तथा सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। शुभ दिन : 02, 09, 11, 13, 25, 30 अशुभ दिन : 05, 07, 16, 18, 20, 22, 27

मीन राशि : 18 जनवरी तक कोई पद मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। विरोधी परास्त होंगे। व्यवसायिक सफलता मिलेगी। दाम्पत्य जीवन का सुख मिलेगा। आध्यात्मिक अथवा मांगलिक उत्सव से मन प्रसन्न रहेगा। वरिष्ठों का अनुग्रह रहेगा। प्रशासकीय सहयोग मिलेगा। रोगों से छुटकारा मिलेगा। सामाजिक कार्यों में मिथ्या अपवाद के शिकार होंगे। खानपान बिगड़ेगा। किसी के दुर्व्यवहार से कष्ट होगा। मन अशान्त रहेगा। 18 जनवरी से शरीर में निर्बलता आयेगी। महिलाओं के कारण कलह एवं कष्ट की स्थिति बनेगी। धन हानि होगी। शुभ दिन : 02, 05, 11, 13, 16, 18, 25, 27, 30 अशुभ दिन : 07, 09, 20, 22

फरवरी 2024

मेष राशि : पहले सप्ताह में वाक्चातुर्य से व्यवसायिक सफलता मिलेगी। सामाजिक कार्यों में समय देगे। खानपान बिगड़ेगा। मन अशान्त रहेगा। दूसरे सप्ताह में स्वास्थ्य खराब होगा। विदेश अथवा सुदूर स्थान की यात्रा होगी। कार्यों में असफलता से मन खिन्न रहेगा। इसके बाद शारीरिक दुर्बलता दूर होगी। प्रशासकीय सहयोग मिलेगा। आर्थिक लाभ मिलेगा। विरोधियों से छुटकारा मिलेगा। मतभेद समाप्त होंगे। मन प्रसन्न रहेगा।

स्वास्थय लाभ होगा। चतुर्थ सप्ताह में यश तथा मान सम्मान की हानि होगी। सन्तान प्राप्ति में विलम्ब रहेगा। नियम विरुद्ध कार्यों में प्रवृति रहेगी। शुभ दिन : 01, 06, 12, 14, 21, 23, 26, 28 अशुभ दिन : 04, 08, 10, 16, 18

वृष राशि : 01 से 13 फरवरी के मध्य मिथ्या अपवाद के भय से मन संतप्त रहेगा। कार्यों में विघ्न बाधायें आयेगी। यात्रांओं में असुविधा तथा हानि होगी। शारीरिक निर्बलता तथा थकान रहेगी। कार्यों पर सुचारु रुप से ध्यान नहीं दे पायेगे। कार्यस्थल अथवा कार्यभार में परिवर्तन होगा। 13 से 20 फरवरी में आर्थिक लाभ मिलेगा। प्रतिष्ठितकार्य के सफलता पूर्वक सम्पन्न होगा। पदोन्नति का अवसर आयेगा। शासकीय माध्यम से भाग्योन्नति होगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। देश के अन्दर ही लम्बी दूरी की यात्राये करेंगे। बहुमूल्य वस्तुये प्राप्त होंगी। 20 फरवरी से वाक्‌चातुर्य हानि करेगा। व्यवसायिक रुप से असफल रहेंगे। दाम्पत्य सुख में कमी रहेगी। मास के अन्त में व्यवहार कुशलता बढ़ेगी। मिथ्या अपवादों से छुटकारा मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा। शुभ दिन : 10, 12, 14, 26 अशुभ दिन : 01, 04, 06, 08, 16, 18, 21, 23, 28

मिथुन राशि : 01 से 12 फरवरी के मध्य सन्तान सुख में कमी आयेगी। सन्तान योग में विलम्ब रहेगा। मन खिन्न तथा अशांत रहेगा। आर्थिक तथा सामाजिक स्थिति खराब होगी। बुद्धि चातुर्य काम नहीं करेगा। भोजन में अरुचि रहेगी। लोन चुकाने में अनेक कठिनाईयां अनुभव करेंगे। स्थान परिवर्तन होगा। धारदार वस्तु से चोट लगने का भय रहेगा। 12 फरवरी से कष्टों से मुक्ति मिलेगी। सुखोपभोग तथा विलासिता की सामग्री में वृद्धि होगी। परिवार से सहयोग मिलेगा। शिक्षा में रुचि रहेगी। 13 से 20 फरवरी के मध्य अकारण ही धन हानि होगी। मन अज्ञात कारणों से भयग्रस्त रहेगा। प्रयत्नों में असफलता से निराशा तथा खिन्नता रहेगी। आत्मविश्वास गिरेगा। किसी प्रियजन से अलग रहना होगा। 20 फरवरी से विघ्न बाधांओं का समाधान होगा। लाभकारी यात्रांयें होंगी। कार्य सुचारु रुप सम्पन्न होंगे। मन प्रसन्न रहेगा। शुभ दिन : 01, 04, 12, 14, 16, 18, 28 अशुभ दिन : 06, 08, 10, 21, 23, 26

कर्क राशि : 01 से 05 फरवरी के मध्य दाम्पत्य जीवन के विवाद समाप्त होंगे। मतभेदों का सम्मानजनक समाधान मिलने से जीवन आनन्दमय रहेगा। प्रशासनिक लाभ मिलेगा। स्वास्थय में सुधार होगा। मन तथा शरीर उर्जान्वित रहेंगे। प्रत्येक कार्य में अपेक्षित सहयोग मिलेगा। यात्रांओं तथा व्यवसाय से अपेक्षित लाभ होगा। 05 फरवरी से अपव्यय होगा, सुखोपभोग में कमी आयेगी। जीवनसाथी के स्वास्थय में गिरावट आयेगी। 12 फरवरी से आर्थिक कठिनाईयां समाप्त होंगी। रोगों से छुटकारा मिलेगा। इच्छित वस्तु प्राप्त होगी। शासन -प्रशासन तथामहिलाओं वर्ग का सहयोग मिलेगा। व्यय पर नियन्त्रण रहेगा। राजकीय पुरस्कार मिलेगा। 20 फरवरी से सतांन के दायित्वों की पूर्ति में बाधा आयेगी। आय साधन सीमित होंगे। विरोधी मुखर होंगे। कार्यों में असफलता से मन खिन्न तथा अशांत रहेगा। बुद्धि चातुर्य काम नहीं करेगा। भोजन में अरुचि रहेगी। शुभ दिन : 01, 04, 06, 14, 16, 18, 21, 26 अशुभ दिन : 08, 10, 12, 23, 28

सिंह राशि : आर्थिक अवनति होगी। कार्यों में असफलता से मन खिन्न रहेगा। अध्ययन में अरुचि रहेगी। विरोधी मुखर होंगे। बहुमूल्य धातुओं की हानि होगी। कोर्ट कचहरी के मामलों में विपरीत परिणाम मिलेंगे। परिस्थितियों के वशीभूत होकर समझोतों के लिये विवश होना पड़ेगा। के कारण कष्ट रहेगा। दाम्पत्य सुख बाधित होगा। यात्रांओं तथा व्यवसाय से अपेक्षित लाभ नहीं होगा। दुर्घटनाओं का भय रहेगा। मन चिंताग्रस्त रहेगा। सुखो की हानि होगी। प्रशासनिक भय रहेगा। शारीरिक शिथिलता बढ़ेगी। शुभ दिन :01, 04, 12, 14, 16, 23, 26, 28 अशुभ दिन : 06, 08, 10, 18, 21

कन्या राशि : आक्समिक झगड़े झंझटों में फंसेंगे। घर परिवार से अलग रहना पड़ सकता है। उच्च ताप के कारण शरीर शिथिल रहेगा। योजनाओं के अनुरुप कार्यों में सफलता नहीं मिलेगी। प्रेम प्रकरण तथा वार्ताओं में असफलता होंगे। दूसरे सप्ताह से रोग मुक्त होंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। विधि सम्मत कार्यों में समय देंगे। सामाजिक कार्यों में रुचि होगी। सन्तान के कार्यों से प्रसन्नता मिलेगी। विग्रह, झंझट समाप्त होंगे। उपहार मिलेगा। मन किसी के प्रति आसक्त होगा। तीसरे सप्ताह के प्रारम्भ से प्रशासनिक अड़चनें बढ़ेगी। स्थिति नियन्त्रण से बाहर होगी। मन खिन्न रहेगा। आर्थिक अवनति होगी। शुभ दिन : 04, 06, 12, 16, अशुभ दिन : 01, 08, 10, 14, 18, 21, 23, 26, 28

तुला राशि : मातृ तुल्य महिलाओं से मनमुटाव होगा। आर्थिक संतुलन बिगड़ेगा। भूमि-भवन के कार्यों में असफलता मिलेगी। स्थाई सम्पत्ति की हानि होगी। पारिवारिक जीवन अस्त व्यस्त रहेगा। दूसरे सप्ताह से पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। दाम्पत्य जीवन का सुख मिलेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। स्थान परिवर्तन स्थगित होगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। रोगों से छुटकारा मिलेगा। मन प्रफुल्लित रहेगा। मनमानी करने से बचे अन्यथा हानि होगी। तीसरे सप्ताह से मन भ्रमित रहेगा। शारीरिक तथा मानसिक शक्ति का ह्रास होगा। प्रशासनिक अधिकारियों से वाद विवाद होंगे। यात्रांओं में दुर्घटना का भय बनेगा। आक्समिक रूप से किसी झंझट में फंसेंगे। प्रेम प्रकरण, कार्यों तथा वार्ताओं में असफलता मिलेगी। शुभ दिन : 06, 08, 14, 18, 21 अशुभ दिन : 01, 04, 10, 12, 16, 23, 26, 28

वृश्चिक राशि : 01 फरवरी से परिश्रम तथा साहस से कार्यों में सफलता मिलेगी। आय के नवीन साधन बनेंगे। व्यय पर नियन्त्रण रहेगा। पारिवारिक सुख शांति रहेगी। 05 फरवरी से धनागमन बाधा रहेगी। स्वास्थय निर्बल रहेगा। विरोधी प्रभावी होंगे। कार्यों

की असफलता से मन में उत्साह तथा उंमग का अभाव रहेगा। मान-पद तथा प्रतिष्ठा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। प्रशासन तथा प्रशासनिक कर्मियों का कोपभाजन होंगे। तार्किक क्षमता वाद विवाद में परिवर्तित हो जायेगी। आत्मविश्वास गिरेगा। धातुओं के व्यापार में किसी बहुमूल्य धातु के कारण हानि होगी। 12 फरवरी से रोजी रोजगार तथा कार्यालय के विवाद समाप्त होंगे। व्यवसायिक लाभ मिलेगा। भू-सम्पत्ति तथा यात्रांओं से लाभ होगा। दाम्पत्य जीवन का सुख रहेगा। 20 फरवरी से शासकीय सहायता में विलम्ब होगा। विभिन्न कारणों से हानि होगी। आर्थिक संतुलन बिगड़ेगा। वैचारिक मतभेद होंगे। पारिवारिक जीवन अस्त व्यस्त रहेगा। शुभ दिन : 06, 10, 16, 21, 23, अशुभ दिन : 01, 04, 08, 12, 14, 18, 26, 28

धनु राशि : 01 फरवरी से आर्थिक हानि का योग रहेगा। सुखोपभोग में कमी आयेगी। वाचालता तथा वाकचातुर्य से हानि होगी। शिक्षा में धीमी प्रगति का अंसतोष होगा। 05 फरवरी से कार्य में सफलता मिलेगी। राजकीय भय समाप्त होगा। चोरी अथवा अग्निकांड् से बचाव होगा। बहुमूल्य उपहार मिलेगा। सन्तान योग बनेगा। किसी नये स्थान पर कार्यभार सभांलने का अवसर प्राप्त होगा। उच्चाधिकारियों से सम्पर्क होगा। 20 फरवरी से पारिवारिक कलह बढ़ेगी। परिश्रम तथा साहस में कमी रहेगी। आय के साधन कम होंगे तथा अपव्यय अधिक रहेगा। मन भयग्रस्त रहेगा। शुभ दिन :01, 04, 10, 14, 18, 21, 26 अशुभ दिन : 06, 08, 12, 16, 23, , 28

मकर राशि : 01 फरवरी से आर्थिक उन्नति होगी। बन्धन मुक्त होंगे। पारिवारिक मतभेद तथा विवाद समाप्त होंगे। सम्बन्धों में सुधार होगा। 05 फरवरी से कार्यों में सफलता का सुख मिलेगा। शरीर स्वस्थ रहेगा। आपरेशन अथवा चोट लगने की आशंका दूर होगी। अग्निकांड अथवा फूड प्वायजनिंग से बचाव होगा। असामाजिक तत्वों से पीछा छूटेगा। यात्रांओं से लाभ होगा। 12 फरवरी से सुख एवं धन की हानि होगी। मन भोग विलास से हटेगा। अविवाहितों के विवाह में विलम्ब रहेगा। सन्तान सुख में बाधा आयेगी। शिक्षा तथा अध्ययन में व्यवधान होगा। व्यापार-व्यवसाय में अवनति होगी। तरल पदार्थो, सुगन्धित द्रव्यों, श्रंगारिक वस्तुओं तथा सौन्दर्य प्रसाधनों के कारोबार में हानि होगी। 13 फरवरी से मानसिक शांति मिलेगी। रोगों से छुटकारा मिलेगा। अति प्रिय एवं निकटस्थ व्यक्तियों का सहयोग मिलेगा। बहुमूल्य उपहार मिलेगा। सुखोपभोग की वस्तुओं का संग्रह होगा। प्रतिष्ठित एवं सम्मानित व्यक्तियों का सानिध्य प्राप्त होगा। वाकचातुर्य से लाभ मिलेगा। विद्या में प्रगति होगी। शुभ दिन : 04, 08, 10, 12, 18, 21, 23 अशुभ दिन : 01, 06, 14, 16, 26, 28

कुंभ राशि : 01 फरवरी से मन असंन्तुष्ट रहेगा। विवादों में हानि होगी। असफलता से पद हानि का भय रहेगा। विरोधी प्रबल होंगे। सम्बन्धियों से अनबन होगी। स्वास्थय में गिरावट आयेगी। रक्तचाप अथवा हृदय रोग का भय बनेगा। शिक्षा में विघ्न रहेगा। परिवार से दूर किसी सुदूर स्थान पर रहना होगा। सन्तान से कष्ट रहेगा। निरर्थक यात्रांओं में थकावट से कष्ट रहेगा। किसी भी नगण्य बात पर उत्तेजित होंगे। 20 फरवरी से अपव्यय से बचेंगे। आर्थिक लाभ होगा परन्तु कार्यों का विघ्न बाधाये बनी रहेगी। चोट लगने का भय रहेगा। नया सहयोग क्रियान्वित होगा। विवादों से छुटकारा मिलेगा। पारिवारिक मतभेद समाप्त होंगे। सम्बन्धों में सुधार होगा। मान सम्मान बढ़ेगा। शुभ दिन : 06, 10, 14, 21, 26, 28 अशुभ दिन : 01, 04, 08, 12, 16, 18, 23

मीन राशि : 01 फरवरी से स्वास्थय निर्बल रहेगा। यश प्रतिष्ठा की हानि होगी। सन्तान सुख में विलम्ब रहेगा। नियम विरुद्ध कार्यों में प्रवृति रहेगी। 05 फरवरी से स्थाई सम्पत्ति से लाभ मिलेगा। भूमि-भवन से लाभ के लिये उत्तम समय है। कोर्ट कचहरी में इच्छित परिणाम प्राप्त होंगे। मुकद्दमों में सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। प्रेम सम्बन्धों में सफलता मिलेगी। दाम्पत्य जीवन का सुख रहेगा। 13 फरवरी के बाद स्थान परिवर्तन होगा। सुदूर स्थान की यात्रा होगी। पारिवारिक सम्बन्धों में तनाव आयेगा। कार्य स्थल पर कठिन परिस्थितिया उत्पन्न होगी। नौकरीपेशा वर्ग में टर्मिनेशन सस्पेन्शन तथा स्व रोजगार कर रहे व्यक्तियों को रोजगार हानि का सामना करना पड़ेगा। प्रशासनिक भय बनेगा। व्यय अधिक रहेगा। शिक्षा में विघ्न रहेगा। शुभ दिन : 01, 08, 10, 12, 14, 23, 26, 28 अशुभ दिन : 04, 06, 16, 18, 21

मार्च 2024

मेष राशि : 07 से 14 मार्च के मध्य शुभाशुभ के मिश्रित फल होंगे। व्यवसाय तथा अन्य कार्यों में अपेक्षित सफलता न मिलने के उपरान्त भी आर्थिक लाभ मिलेगा। पदोन्नति का योग बनेगा। विरोध तथा विरोधी समाप्त प्राय: होंगे। महिलाओं से हानि होगी। दाम्पतय जीवन में मतभेद होंगे। प्रेम सम्बन्धों में अवरोध रहेंगे। स्वास्थय में सुधार होगा। शिक्षा तथा शैक्षणिक कार्यों में सफलता मिलेगी। 14 मार्च से 26 मार्च के मध्य स्थान लाभ होगा। सुदूर स्थान की यात्रा निरस्त होगी। कार्य क्षेत्र में नई अपोरचुनिटीज मिलेगी। प्रशासनिक सहयोग मिलेगा। व्यय पर नियन्त्रण रहेगा। भूमि-भवन से लाभ के लिये उत्तम समय है। पारिवारिक सुख रहेगा। शरीर निरोगी रहेगा। नया सहयोग क्रियान्वित होगा। 26 मार्च से अपव्यय रहेगा। सम्बन्धों में हानि होगी। झगड़े झंझट बढ़ेंगे। खानपान बिगड़ेगा। चोट लगने, किसी वस्तु की चोरी होने अथवा खोने का भय रहेगा। सफेद वस्तुओं के व्यवसाय में हानि होगी। शुभ दिन : 04, 08, 10, 12, 19, 24, 27 अशुभ दिन : 02, 06, 14, 17, 22, 29, 31

वृष राशि : 14 मार्च तक स्वास्थय निर्बल रहेगा। यश तथा मान सम्मान की हानि होगी। सन्तान प्राप्ति में विलम्ब रहेगा। नियम विरुद्ध कार्यों में प्रवृति रहेगी। धन हानि

होगी। महिलाओं के कारण कलह एवं कष्ट की स्थिति बनेगी। विदेश अथवा सुदूर स्थान की यात्रा होगी। 14 मार्च से वरिष्ठो का अनुग्रह प्राप्त होगा। व्यर्थ के वाद विवादों की समाप्ति के बाद से कार्यों में प्रगति होगी। पदोन्नति का योग बनेगा। घर-परिवार में आध्यात्मिक अथवा मांगलिक उत्सव होगा। प्रशासकीय सहयोग मिलेगा। रोगों से छुटकारा मिलेगा। शिक्षा तथा शैक्षणिक कार्यों में सफलता मिलेगी। स्वास्थय में सुधार होगा। प्रेम सम्बन्धों में प्रगति होगी। शुभ दिन : 02, 08, 10, 12, 24, 29 अशुभ दिन : 04, 06, 14, 17, 19, 22, 27, 31

मिथुन राशि : 26 मार्च तक व्यवसायिक सफलता का योग है। प्रतिष्ठितकार्य सफलता पूर्वक सम्पन्न होगा। शासकीय माध्यम से भाग्योन्नति होगी। पदोन्नति का योग बनेगा। बहुमूल्य वस्तुये प्राप्त होंगी। मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी। वरिष्ठो एवं सम्मानित व्यक्तियों का सानिध्य प्राप्त होगा। कार्यस्थल अथवा कार्यभार में में स्थाईत्व रहेगा। दाम्पत्य सुख रहेगा। लम्बी दूरी की यात्राये करेंगे। सामाजिक कार्यों में समय देगे। खानपान बिगड़ेगा। किसी के दुर्व्यवहार से मन अशान्त रहेगा। स्वास्थय उत्तम रहेगा। 26 मार्च से मतभेद तथा विवाद बढ़ेंगे। प्रबल विरोध होगा। धन हानि होगी। यश, मान सम्मान की हानि होगी। सन्तान प्राप्ति में विलम्ब रहेगा। शरीर में निर्बलता आयेगी। शुभ दिन : 02, 10, 12, 14, 17, 27, 29, 31 अशुभ दिन : 04, 06, 08, 19, 22, 24,

कर्क राशि : 07 से 26 मार्च तक छिद्रान्वेषण की प्रवृति रहेगी। मिथ्या अपवाद का भय रहेगा। मान-सम्मान पर आंच आयेगी। वैमनस्य बढ़ेगा। मन संतप्त रहेगा। यात्रांओं में असुविधा तथा हानि होगी। खानपान बिगड़ेगा। आत्मविश्वास गिरेगा। प्रियजनों से अलग रहना होगा। ऋण चुकाने में कठिनाईयां आयेगी। धारदार वस्तु से चोट लगेगी। तेज ज्वर से पीड़ा होगी। स्थान परिवर्तन होगा। 26 मार्च से मास के अन्त तक वाक्चातुर्य से विरोधी परास्त होंगे। व्यवसायिक सफलता मिलेगी। अधिकार क्षेत्र तथा जिम्मेदारियां बढ़ेगी। शासकीय माध्यम से भाग्योन्नति होगी। दाम्पत्य जीवन का सुख मिलेगा। आरोग्य रहेगा। लम्बी दूरी की यात्रायें करेंगे। वैभवी सामग्री की वृद्धि होगी। शिक्षा में रुचि रहेगी। शुभ दिन : 02, 04, 06, 12, 17, 19, 24, 29, 31 अशुभ दिन : 08, 10, 14, 22, 27

सिंह राशि : 07 से 14 मार्च के मध्य शुभाशुभ के मिश्रित परिणाम प्राप्त होंगे। आर्थिक कठिनाईयां समाप्त होंगी। सन्तोषजनक आजीविका प्राप्त होगी। जीवनयापन सुगम बनेगा। महिलाओं वर्ग का सहयोग मिलेगा। रोगों से छुटकारा मिलेगा। वांछित प्राप्ति से मन प्रसन्न रहेगा। मासान्त तक कार्यों में असफलता से मन खिन्न तथा अशांत रहेगा। छिद्रान्वेषण की प्रवृति रहेगी। सन्तान सुख में कमी रहेगी। सन्तान योग में विलम्ब रहेगा। शासन-प्रशासन से भय की स्थिति बनेगी। किन्हीं कारणों से राजकीय दंड़ का भुगतान करना होगा। व्यय बढ़ेगा। जीवनसाथी के स्वास्थय में गिरावट से दाम्पत्य सुख में बाधा रहेगी। यात्रांओं में असुविधा तथा हानि होगी। खानपान बिगड़ेगा। मास का अन्तिम दिन अपेक्षाकृत शुभ रहेगा। शिक्षा में प्रगति होगी। शुभ दिन : 02, 06, 10, 12, 14, 17, 22, 24, 27 अशुभ दिन : 04, 08, 19, 29, 31

कन्या राशि : 26 मार्च तक वाद-विवाद, कोर्ट-कचहरी के मामलो में सफलता मिलेगी। अपनी शर्तों पर समझोता करेंगें। सन्तान के कार्यों से प्रसन्नता होगी। दाम्पत्य जीवन का सुख सहयोग मिलेगा। विपत्तियों से छुटकारा मिलेगा। यात्रांओं में दुर्घटनाओं से बचाव होगा। विरोध समाप्त होगा। व्यवसायिक उन्नति होगी। आय के नवीन साधनों से धनागमन उत्तम रहेगा। लम्बी यात्रांओं में लाभ मिलेगा। 26 मार्च के बाद बुद्धि चातुर्य काम नहीं करेगा। भोजन में अरुचि रहेगी। धन हानि होगी।यात्रांओं तथा व्यवसाय से अपेक्षित लाभ नहीं होगा। मन चिंताग्रस्त रहेगा। मास का अन्त सुखद रहेगा। किसी स्थान पर सम्मानित होंगे। स्वास्थय लाभ होगा। इछित वस्तु प्राप्त होगी। महिलाओं का सहयोग मिलेगा। शुभ दिन : 02, 04, 14, 24, 29, 31 अशुभ दिन : 06, 08, 10, 12, 17, 19, 22, 27

तुला राशि : 15 मार्च तक दैनिक उपभोग की सामग्री के साथ साथ विलासिता की सामग्री क्रय होगी। आर्थिक प्रगति होगी। सन्तान के प्रति दायित्वों की पूर्ति होगी। योग्य व्यक्तियों को सन्तान प्राप्ति का योग बनेगा। प्रेमी युगलों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। मन प्रसन्न रहेगा। शिक्षा में प्रगति होगी। किसी नवीन विषय का अध्ययन होगा। विभागीय परीक्षाओं में सफलता मिलेगी। 15 से 26 मार्च के मध्य आर्थिक स्थिति निर्बल रहेगी। समय से पैमेन्ट नहीं आयेगा। असफलता से मानसिक शांति भंग होगी। अपच तथा पाचन सम्बन्धी रोग होगा। अनुचित इच्छाओं के विचार बनेगे। सन्तान के कारण कष्ट होगा। प्रशासनिक अड़चने बढ़ेगी। स्थिति नियन्त्रण से बाहर होगी।

26 मार्च से मतभेदों का सम्मानजनक मिलेगा। प्रशासनिक सहयोग रहेगा। स्वास्थय में सुधार होगा। मन तथा शरीर उर्जान्वित रहेंगे। प्रत्येक कार्य में अपेक्षित सहयोग मिलेगा। यात्रांओं तथा व्यवसाय से अपेक्षित लाभ होगा। अनचाही विपत्ति से छुटकारा मिलेगा। यात्रांओं में दुर्घटनाओं से बचाव होगा। आर्थिक लाभ होगा। मन प्रसन्न रहेगा। अपनी शर्तों पर व्यवसायिक समझोते करेंगें। शुभ दिन : 04, 06, 12, 17, 19, 31 अशुभ दिन : 02, 08, 10, 14, 22, 24, 27, 29

वृश्चिक राशि : 07 से 14 मार्च तक सुख, वैभव तथा ऐश्वर्य की प्राप्ति होगी। सफलता साथ देगी।श्शरीर तथा मन प्रफुल्लित रहेगा। स्वभाव में जिद् तथा अहम बढ़ेगा। मनमाने व्यवहार से हानि होगी। 07 से 15 मार्च के मध्य आक्समिक रुप से झगड़े झंझटों में फंसेंगे। अधिकारियों से विवाद होगा। शरीर में शिथिलता आयेगी। योजनाओं के अनुरुप कार्यों में सफलता नहीं मिलेगी। प्रेम प्रकरण तथा वार्ताओं में असफल होंगे।

अपव्यय होगा। मन व्यग्र रहेगा। दुर्घटना का भय बनेगा। 15 मार्च से मास के अन्त तक पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। विधि सम्मत कार्य सम्पन्न करने में रुचि बनेगी। स्थान परिवर्तन स्थगित होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि अनुभव करेंगे। रोगों से छुटकारा मिलेगा। योग्य व्यक्तियों को सन्तान प्राप्ति का योग रहेगा। प्रेमी युगलो में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। विभागीय परीक्षाओं में सफलता मिलेगी। शिक्षा में प्रगति होगी। कला क्षेत्र में ख्याति मिलेगी। शुभ दिन : 08, 14, 19, 22 अशुभ दिन : 02, 04, 06, 10, 12, 17, 24, 27, 29, 31

धनु राशि : 07 से 14 मार्च तक भूमि-भवन के कार्यों में सफलता मिलेगी। स्थाई सम्पत्ति बढ़ेगी। उच्च पदस्थ व्यक्तियों से मित्रता होगी। पारिवारिक सुख रहेगा। रोजी रोजगार तथा कार्यालय के विवाद समाप्त होंगे। स्वभाव में आलस्य आयेगा। शासकीय सहायता में विलम्ब होगा। समय कुसमय का खानपान होगा।यात्रांओं में असुविधा होगी। 15 मार्च से मास के अन्त तक आरोग्य उत्तम रहेगा। कार्यों में सफलता से मन में उत्साहित रहेगा। प्रशासन तथा प्रशासनिक कर्मियों से सहायता मिलेगी। तार्किक क्षमता का लाभ मिलेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। किसी बहुमूल्य धातु की प्राप्ति होगी। धातुओं के व्यापार से लाभ होगा। प्रेम प्रकरण तथा वार्ताओं में असफलता मिलेगी। झगड़े झंझटों बचकर रहें। शुभ दिन : 02, 06, 08, 12, 17, 19, 24, 27, 29 अशुभ दिन : 04, 10, 14, 22, 31

मकर राशि : मास में प्राय: शुभ फल होंगे। आय बढ़ेगी। मान सम्मान बढ़ेगा। पद प्रतिष्ठा मिलेगी। प्रशासकीय लाभ मिलेगा। स्वास्थय उत्तम रहेगा। बहुमूल्य वस्तुयें प्राप्त होगी। उच्चाधिकारियों से सम्पक्र बनेंगे। पुत्र तथा मित्रों के माध्यम से धन लाभ होगा। शिक्षा तथा अध्ययन में रुचि रहेगी। किसी नये स्थान पर कार्यभार सभांलने का अवसर प्राप्त होगा। परिश्रम के अनुरुप परिणाम मिलेंगे। स्थाई सम्पत्ति अर्जित करेंगे। कार्यालय के विवाद समाप्त होंगे। मास के अन्तिम दिन आर्थिक हानि के प्रति सचेत रहे। शुभ दिन : 06, 08, 10, 17, 19, 22, 27, 29 अशुभ दिन : 02, 04, 12, 14, 24, 31

कुंभ राशि : 26 मार्च तक वाकचातुर्य से लाभ मिलेगा। शिक्षा में प्रगति होगी। धन धान्यादि का लाभ मिलेगा। बहुमूल्य उपहार प्राप्त होगा। सुखोपभोग की वस्तुओं का संग्रह होगा। प्रतिष्ठित एवं सम्मानित व्यक्तियों का सानिध्य रहेगा। कार्यों में सफलता का सुख रहेगा। आपरेशन अथवा चोट लगने की आशंका दूर होगी। फूड प्वायजनिंग से बचाव होगा। यात्रांओं से लाभ मिलेगा। असामाजिक तत्वों से पीछा छूटेगा। मानसिक शांति मिलेगी। 26 मार्च से पारिवारिक कलह बढ़ेगी। मन भयग्रस्त रहेगा। परिश्रम में कमी रहेगी। व्यय अधिक होगा। अविवाहितों के विवाह में विलम्ब रहेगा। सन्तान सुख में बाधा आयेगी। शिक्षा तथा अध्ययन में व्यवधान होगा। सौन्दर्य प्रसाधनों के व्यापार तथा कारोबार में हानि उठायेंगे। शुभ दिन : 04, 08, 10, 12, 19, 24, 31 अशुभ दिन : 02, 06, 14, 17, 22, 27, 29

मीन राशि : 07 से 14 मार्च के मध्य अपव्यय से बचेंगे। आर्थिक उन्नति होगी। पारिवारिक मतभेद समाप्त होंगे। व्यवहार में सौम्यता आयेगी। सम्बन्धों में सुधार होगा। नया सहयोग क्रियान्वित होगा। विवादों से छुटकारा मिलेगा। चोट लगने का भय रहेगा। किसी वस्तु के खोने का भय रहेगा। सफेद वस्तुओं के व्यापार से हानि होगी।14 मार्च से स्वास्थय में सुधार होगा। रक्तचाप अथवा हृदय रोग की सम्भावना समाप्त होगी। पारिवारिक उलझने दूर होगी। यात्रांओं से लाभ होगा। 26 मार्च से सम्मानित व्यक्तियों का सानिध्य प्राप्त होगा। वाकचातुर्य से लाभ मिलेगा। अविवाहितों का विवाह योग रहेगा। योग्य व्यक्तियों को सन्तान लाभ होगा। शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति होगी। अध्ययन में सफलता मिलेगी। सौन्दर्य प्रसाधनों के माध्यम से आय होगी। शुभ दिन : 06, 10, 12, 24, 27 अशुभ दिन : 02, 04, 08, 14, 17, 19, 22, 29, 31

अप्रैल 2024

मेष राशि : 13 अप्रैल तक असफलता से पद हानि का भय रहेगा। कार्यों में अवरोध आयेगे, हानि होगी। व्यर्थ के वाद विवादों में फंसेंगे। मन में असंतोष रहेगा। भोजन के प्रति अरुचि रहेगी। स्वास्थय निर्बल रहेगा। शिक्षा में विघ्न आयेगा। व्यय बढ़ेगा। 14 अप्रैल से मानसिक व्यथा समाप्त होगी। स्वास्थय में सुधार होगा। पारिवारिक उलझने दूर होगी। घर-परिवार का सुख रहेगा। आर्थिक लाभ होगा। यात्रायें सफल होगी। मन भोग विलास की ओर झुकेगा। आमोद प्रमोद के साधन प्राप्त होंगे। अविवाहितों का विवाह योग बनेगा। योग्य व्यक्तियों को सन्तान लाभ होगा। शिक्षा तथा अध्ययन में सफलता मिलेगी। श्रंगारिक वस्तुओं से आय होगी। शुभ दिन : 09, 15, 20, 23, 28 अशुभ दिन : 03, 05, 07, 11, 13, 18, 25, 30

वृष राशि : 13 अप्रैल तक पारिवारिक मतभेद रहेंगे। विवाद बढ़ेंगे। स्वास्थय निर्बल रहेगा। सन्तान प्राप्ति में विलम्ब रहेगा। नियम विरुद्ध कार्यों में प्रवृति रहेगी। व्यय बढ़ेगा। 13 अप्रैल से पारिवारिक सम्बन्धों में सुधार होगा। सुदूर स्थान की यात्रा निरस्त होगी। कार्य स्थल पर कार्यकारी परिस्थितिया बनेंगी। नई अपोरचुनिटीज मिलेगी। सम्मानजनक स्थितियां बनेगी। व्यय पर नियन्त्रण होगा। आँखों तथा उदर सम्बन्धी रोगों से मुक्ति मिलेगी। भूमि-भवन से लाभ के लिये उत्तम समय है। कोर्ट कचहरी में इच्छित परिणाम आयेगा। महत्वांकाक्षी तथा महत्वपूर्ण वस्तु प्राप्त होगी। परन्तु नया अनुबध मिलने अथवा

नया प्रोजेक्ट शुरु होने में अंवाछित देरी होगी। सफेद वस्तुओं के व्यापार से लाभ होगा। शुभ दिन : 05, 07, 09, 20, 25 अशुभ दिन : 03, 11, 13, 15, 18, 23, 28, 30

मिथुन राशि : 13 अप्रैल तक व्यवसायिक रुप से असफल रहेंगे। दाम्पत्य जीवन सुख में कमी रहेगी। वाक्चातुर्य तथा व्यवहार कुशलता बढ़ेगी। मिथ्या अपवादों से छुटकारा मिलेगा। 13 अप्रैल से वरिष्ठां का अनुग्रह रहेगा। प्रशासकीय सहयोग मिलेगा। रोगों से छुटकारा मिलेगा। मांगलिक कार्य पूर्ण होने की प्रसन्न्ता रहेगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। प्रेम सम्बन्धों में सफलता मिलेगी। महिलाओं के माध्यम से लाभ प्राप्त करेंगे। विदेश अथवा सुदूर स्थान की यात्रा होगी। जंक फूड़ आदि से बचकर रहे तो स्वास्थय ठीक रहेगा। अनेतिक तथा नियम विरुद्ध कार्यों से बचकर रहे। शुभ दिन : 07, 09, 11, 13, 23, 25, 28, अशुभ दिन : 03, 05, 15, 18, 20, 30

कर्क राशि : 23 अप्रैल तक कार्य सुचारु रुप सम्पन्न होंगे, अवरोधों का समाधान होगा। लाभकारी यात्रायें होंगी। अपवाद की स्थिति समाप्त होगी। पदोन्नति होगी। स्वास्थय उत्तम रहेगा। सम्मानित व्यक्तियों का सानिध्य प्राप्त होगा। इसके बाद निर्बलता से थकान बनेगी तथा कार्यों पर सुचारु रूप से ध्यान नहीं दे पायेगे। अपमानजनक स्थितियों का सामना करना पड़ेगा। आर्थिक स्थिति निर्बल रहेगी। कार्यस्थल अथवा कार्यभार में परिवर्तन होगा। विरोध एवं विरोधी प्रभावी होंगे। महिलाओं के कारण कलह एवं कष्ट की स्थिति बनेगी। शुभ दिन : 09, 11, 13, 15, 20, 25, 28 अशुभ दिन : 03, 05, 07, 18, 23, 30

सिंह राशि : 23 अप्रैल तक सन्तान सुख में कमी रहेगी। सन्तान योग में विलम्ब रहेगा। आर्थिक तथा सामाजिक स्थिति खराब होगी। बुद्धि चातुर्य काम नहीं करेगा। प्रयत्नों में असफलता से निराशा तथा खिन्नता रहेगी। वरिष्ठों से मतभेद होगा। मन अशांत रहेगा। आत्मविश्वास गिरेगा। प्रियजनों से अलग रहना होगा। भोजन से अरुचि रहेगी। शासकीय प्रताड़ना होगी। यात्रायें निरस्त होंगी। अन्तिम सप्ताह में रुकावट तथा बाधाऐं समाप्त होगी। कार्यों में सफलता मिलेगी। रोग मुक्त होंगे। ऋण का भुगतान होगा। दुर्घटना से बचाव होगा। स्थान लाभ होगा। पारिवारिक सुख रहेगा। शुभ दिन : 03, 07, 11, 13, 18, 20, 23, 30 अशुभ दिन : 05, 09, 15, 25, 28,

कन्या राशि : 24 अप्रैल तक आर्थिक स्थिति कठिन रहेगी। दाम्पत्य जीवन में विवाद होंगे। मनमुटाव तथा वैचारिक मतभेद रहेंगे। शरीर निस्तेज रहेगा शिथिलता बढ़ेगी। प्रशासनिक भय रहेगा। राजकीय दंड़ का भुगान करना होगा। यात्राओं तथा व्यवसाय से अपेक्षित लाभ नहीं होगा। मन चिंताग्रस्त रहेगा। कफजन्य बीमारियों से पीड़ित होंगे। व्यय बढ़ेगा। 24 अप्रैल से कष्ट मुक्त होंगे। आर्थिक सुख सहयोग मिलेगा। शिक्षा में रुचि रहेगी। विभागीय परीक्षाओं में सफलता मिलेगी। पदोन्नति का योग रहेगा। शुभ दिन : 05, 20, 25, 28, अशुभ दिन : 03, 07, 09, 11, 13, 15, 18, 23, 30

तुला राशि : कार्यों में सफलता से मन प्रसन्न रहेगा। आर्थिक उन्नति होगी। अध्ययन-अध्यापन में रुचि रहेगी। कला क्षेत्र में ख्याति मिलेगी। सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। विरोधी परास्त होंगे। 13 अप्रैल से व्यवसायिक बाधांओं का सामना करना पड़ेगा। असफलता मिलेगी। मतभेद एवं विवाद होंगे। सन्तान रोग पीड़ित होगी। थकादेने वाली यात्रांओं से कष्ट रहेगा। जीवनयापन के लिये कड़ा परिश्रम करना पड़ेगा। आजीविका परिश्रम से प्राप्त होगी। किसी प्रिय वस्तु की हानि होगी। 23 अप्रैल से आय के नवीन साधन बनेंगे। बहुमूल्य धातु मिलेगी। रोगों से छुटकारा मिलेगा। विरोधियों पर प्रभाव स्थापित करने में सफल होंगे। विवादों का अन्त होगा। प्रभाव में वृद्धि होगी। कोर्ट कचहरी के मामलो में इच्छित परिणाम आयेगे। मन प्रसन्न रहेगा। शुभ दिन : 03, 09, 13, 15, 28, 30 अशुभ दिन : 05, 07, 11, 18, 20, 23, 25

वृश्चिक राशि : कार्यों में सफलता मिलेगी। मानसिक तथा शारीरिक रुप से उर्जान्वित रहेंगे, स्वस्थ रहेंगे। झगड़े झंझटों से बचाव होगा। जीवन साथी तथा सतांन से सहयोग मिलेगा। घर परिवार का सुख रहेगा। प्रेम प्रकरण तथा वार्ताओं में प्रगति होगी। 13 अप्रैल से सुख समृद्धि में कमी रहेगी। धन-धान्य की हानि होगी। रोग ग्रस्त होंगे। प्रशासनिक अड़चने बनेगी। पद प्रतिष्ठा की हानि होगी। अनुचित इच्छाओं के विचार बनेंगे। अवैधानिक तथा असामाजिक कार्यों में रुचि होगी। सन्तान के कारण कष्ट होगा। 24 अप्रैल से विरोध समाप्त होगा। विपत्ति से छुटकारा मिलेगा। विभिन्न कार्यों से लाभ होगा। वाद विवाद में सफलता मिलेगी, अपनी शर्तो पर समझोता करेंगें। सहयोगियों के साथ वैचारिक साम्यता रहेगी। सन्तान के कार्यों से प्रसन्नता मिलेगी। यात्रांओं में दुर्घटनाओं से बचाव होगा। शुभ दिन : 05, 11, 15, 18 अशुभ दिन : 03, 07, 09, 13, 20, 23, 25, 28, 30

धनु राशि : भूमि -भवन के कार्यों में सफलता मिलेगी। स्थाई सम्पत्ति बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। उच्च पदस्थ व्यक्तियों से मित्रता होगी। पारिवारिक सुख रहेगा। व्यय नियन्त्रित रहेगा। भ्रम की स्थिति का निवारण होगा। मन में स्थिरता आयेगी। वार्तालाप से प्रशासनिक अधिकारियों को संतुष्ट करने में सफलता मिलेगी। आत्मविश्वास से व्यक्तित्व में प्रखरता आयेगी। यात्रांओं में दुर्घटना से बचाव होगा। सन्तान के दायित्वों की पूर्ति होगी। अधिकार क्षेत्र में वृद्धि होगी। प्रेमी युगलो में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। विभागीय

परीक्षाओं में सफलता मिलेगी। 23 अप्रैल से स्वजनों से विरोध होगा। मानसिक रुप से स्वयं को असहाय अनुभव करेंगे। ज्वर पीड़ित होंगे। स्थान परिवर्तन होगा। शुभ दिन : 05, 09, 13, 20, 23, 25 अशुभ दिन : 03, 07, 11, 15, 18, 28, 30

मकर राशि : व्यय अधिक रहेगा। परिश्रम तथा साहस में कमी रहेगी। पारिवारिक कलह बढ़ेगी। मन भयग्रस्त रहेगा। सुख शांति का अभाव रहेगा। यात्रांओं में असुविधा होगी। सहयोगियों के कारण अवरोध बनेंगे। भू-सम्पत्ति के मामलो में अवरोध बनेंगे। स्वास्थय निर्बल रहेगा। विरोधी प्रभावी होंगे। असफलता से मन में निराशा आयेगी। ताक्रिक क्षमता वाद विवाद में परिवर्तित हो जायेगी। आत्मविश्वास डगमगायेगा। प्रशासन तथा प्रशासनिक कर्मियों का कोपभाजन होंगे। किसी बहुमूल्य धातु के कारण हानि होगी। 24 अप्रैल से आर्थिक लाभ मिलेगा। दाम्पत्य जीवन का सुख रहेगा। स्वभाव की जिद्द तथा अहम से बचकर रहे। शुभ दिन : 03, 05, 07, 13, 15, 18, 23, 25, 30 अशुभ दिन : 09, 11, 20, 28

कुंभ राशि : प्रतिष्ठित एवं सम्मानित व्यक्तियों का सानिध्य प्राप्त होगा। वाकचातुर्य से लाभ मिलेगा। शिक्षा में प्रगति होगी। रोगों से मुक्ति मिलेगी। सन्तान के दायित्वों की पूर्ति होगी। किसी नये स्थान पर कार्यभार सभांलने का अवसर प्राप्त होगा। अपने सद्व्यवहार से कार्यों में सफलता प्राप्त करेंगे। परिश्रम के अनुरुप परिणाम मिलेंगे। प्राय: ही सभी कार्य सफल होंगे। आर्थिक उन्नति होगी। दुर्जनों से पीछा छूटेगा। राजकीय भय समाप्त होगा। चोरी अथवा अग्निकांड से बचेंगे। रोजी रोजगार तथा कार्यालय के विवाद समाप्त होंगे। व्यवसायिक लाभ मिलेगा। 24 अप्रैल के बाद सहायको से मतभेद होंगे। भाग्योदय में अवरोध आयेगा। शासकीय सहायता में विलम्ब होगा। शुभ दिन : 05, 07, 09, 15, 20, 28 अशुभ दिन : 03, 11, 13, 18, 23, 25, 30

मीन राशि : अपव्यय से बचेंगे। आर्थिक उन्नति होगी। मतभेद समाप्त होंगे। सम्बन्धों में सुधार होगा। विवादों से छुटकारा मिलेगा। बातचीत में सौम्यता आयेगी। 13 अप्रैल से धन हानि के प्रति सावधान रहे। अति प्रिय एवं निकटस्थ व्यक्तियों से धोखा मिल सकता है। स्वभाव में नम्रता बनाये रखें। प्रशासकीय कारणों से हानि होगी। शिक्षा तथा अध्ययन से मन हटेगा। पदावनति का भय रहेगा। स्वास्थय गिरेगा। बहुमूल्य वस्तु की हानि होगी। मास के अन्त में शरीर स्वस्थ रहेगा। आपरेशन की आशंका दूर होगी। फूड प्वायजनिंग से बचाव होगा। पारिवारिक सुख शांति रहेगी। कार्यों में सफलता का सुख रहेगा। यात्रांओं से लाभ मिलेगा। शुभ दिन : 03, 07, 09, 11, 18, 20, 23, 30 अशुभ दिन : 05, 13, 15, 25, 28

मई 2024

मेष राशि : अपव्यय से बचेंगे। आर्थिक उन्नति होगी। बन्धन मुक्त होंगे। पारिवारिक मतभेद समाप्त होंगे। विवादों से छुटकारा मिलेगा। सम्बन्धों में सुधार होगा। 14 मई से धन हानि के प्रति सावधान रहे। अति प्रिय एवं निकटस्थ व्यक्तियों से धोखा मिल सकता है। विचार पूर्वक कार्य करे। 19 मई से प्रशासकीय लाभ मिलेगा। शिक्षा तथा अध्ययन में रुचि रहेगी। पद प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बहुमूल्य वस्तुयें प्राप्त करेंगे। विरोधी परास्त होंगे। मास के अन्त में धन-धान्यादि की हानि होगी। आर्थिक हानि का योग रहेगा। किसी बहुमूल्य वस्तु के खोने से मन चिंतित रहेगा। सम्मानित व्यक्तियों से वैचारिक मतभेद होंगे। अत्याधिक वाचालता तथा वाकचातुर्य से हानि होगी। शिक्षा की धीमी प्रगति से अंसतोष होगा। शुभ दिन : 06, 08, 13, 15, 18, 20, 23, 25, 27 अशुभ दिन : 02, 04, 10, 29, 31

वृष राशि : आर्थिक लाभ मिलेगा। व्यर्थ के वाद विवादों की समाप्ति के बाद से कार्यों में प्रगति होगी। पदोन्नति का योग बनेगा। मित्रों तथा सम्बन्धियों का सानिध्य तथा सहयोग मिलेगा। मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। स्वास्थय में सुधार होगा। रक्तचाप अथवा हृदय रोग की सम्भावना समाप्त होगी। योग्य व्यक्तियों को सन्तान लाभ होगा। अविवाहितों का विवाह योग बनेगा। शिक्षा तथा अध्ययन में सफलता मिलेगी। व्यापार में उन्नति होगी। सुगन्धित द्रव्यों, श्रंगारिक वस्तुओं से आय होगी। यात्रांओं से लाभ होगा। स्वभाव में विनम्रता रहेगी। मास के अन्त में धन हानि तथा बन्धन का भय रहेगा। बैक बाईटिंग से दूर रहना श्रेयस्कर रहेगा। शुभ दिन : 04, 06, 18, 23, 31 अशुभ दिन : 02, 08, 10, 13, 15, 20, 25, 27, 29

मिथुन राशि : पारिवारिक मतभेद रहेंगे। धन हानि होगी। स्वास्थय निर्बल रहेगा। सन्तान प्राप्ति में विलम्ब रहेगा। नियम विरुद्ध कार्यों में प्रवृति रहेगी। 14 मई से स्थान लाभ होगा। सुदूर स्थान की यात्रा निरस्त होगी। पारिवारिक सुख रहेगा। प्रशासनिक सहयोग मिलेगा। महत्वपूर्ण वस्तु प्राप्त होगी। कार्यस्थल पर नई अपोरचुनिटीज मिलेगी परन्तु नया अनुबंध मिलने अथवा नया प्रोजेक्ट शुरु होने में अंवाछित देरी होगी। आर्थिक लाभ में विलम्ब रहेगा। व्यर्थ के वाद विवादों की समाप्ति के बाद से कार्यों में प्रगति होगी। सफलता के पश्चात् पदोन्नति का योग बनेगा। आँखों तथा उदर सम्बन्धी रोगों से मुक्ति मिलेगी। स्वास्थय में सुधार होगा। शिक्षा तथा शैक्षणिक कार्यों में सफलता मिलेगी। शुभ दिन : 06, 08, 10, 20, 23, 25, 31 अशुभ दिन : 02, 04, 13, 15, 18, 27, 29

कर्क राशि : व्यवसायिक सफलता मिलेगी। दाम्पत्य जीवन का सुख मिलेगा। खानपान बिगड़ेगा। किसी के दुर्व्यवहार से मन अशान्त रहेगा। 14 मई से आर्थिक हानि होगी। घर में कोई आध्यात्मिक अथवा मांगलिक उत्सव निरस्त होने से मन उदास रहेगा। वरिष्ठो से मतभेद होंगे। मन में कुविचार आयेंगे। 19 मई से कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। प्रेम सम्बन्धों में सफलता मिलेगी। मित्रों तथा सहकर्मियों का सहयोग रहेगा। मान सम्मान में वृद्धि होगी। योग्य व्यक्तियों को सन्तान प्राप्ति होगी। श्शुभ कार्यों में प्रवृति रहेगी। शुभ दिन : 06, 08, 10, 13, 25 अशुभ दिन :02, 04, 15, 18, 20, 23, 27, 29, 31

सिंह राशि : मिथ्या अपवाद से मन संतप्त रहेगा। समस्त कार्यों में विघ्न बाधाऐं आयेगी। यात्रांओं में हानि होगी। सहोदरों से वैमनस्य रहेगा। 14 मई से वरिष्ठो एवं सम्मानित व्यक्तियों का सानिध्य प्राप्त होगा। प्रतिष्ठित कार्य सफलता पूर्वक सम्पन्न होगा। पदाधिकार बढ़ेगा। पारिवारिक सुख समृद्धि रहेगी। पद प्रतिष्ठा, मान-सम्मान में वृद्धि होगी। 19 मई श्से शरीर में निर्बलता आयेगी। धन हानि होगी। महिलाओं के कारण कलह एवं कष्ट की स्थिति बनेगी। मास के अन्त में वाक्चातुर्य से कार्यों के अवरोध समाप्त होंगे। सामाजिक कार्यों में समय देगे। शुभ दिन : 04, 08, 10, 13, 15, 18, 20, 25, 27, 31 अशुभ दिन :02, 06, 23, 29

कन्या राशि : आर्थिक तथा सामाजिक स्थिति खराब होगी। बुद्धि चातुर्य काम नहीं करेगा। आत्मविश्वास गिरेगा। सन्तान सुख में कमी रहेगी। सन्तान योग में विलम्ब होगा। आय साधन सीमित होंगे। मन खिन्न तथा अशांत रहेगा। किसी प्रियजन से अलग रहना होगा। वरिष्ठों मित्रों तथा सहोदरों से विरोध होगा। शासकीय प्रताड़ना होगी। यात्रायें निरस्त होंगी।खानपान बिगड़ेगा। सम्बन्धियों तथा सहोदरों से वैमनस्य रहेगा। धर्म तथा शास्त्रीय संदर्भो से विरक्ति रहेगी। शुभ दिन : 02, 04, 08, 18, 23, 25, 29, 31 अशुभ दिन :06, 10, 13, 15, 20, 27

तुला राशि : धनागम बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति उत्तम रहेगी। दाम्पत्य जीवन के विवाद समाप्त होंगे। मतभेदों का सम्मानजनक समाधान मिलने से जीवन आनन्दमय रहेगा। प्रशासनिक लाभ मिलेगा। स्वास्थय में सुधार होगा। मन तथा शरीर उर्जान्वित रहेंगे। यात्रांओं तथा व्यवसाय से अपेक्षित लाभ होगा। 14 मई से कार्यों में व्यवधान आयेंगे। असफलता से मन खिन्न तथा अशांत रहेगा। शासन-प्रशासन से भय की स्थिति बनेगी। किन्हीं कारणों से राजकीय दंड़ का भुगतान करना होगा। आय साधन सीमित होंगे। भय तथा अपमान की स्थिति बनेगी। आर्थिक तथा सामाजिक स्थिति खराब होगी। बुद्धि चातुर्य काम नहीं करेगा। कफजन्य बीमारियों से पीड़ित होंगे। व्यय की अधिकता रहेगी। दाम्पत्य जीवन में बाधा आयेगी। सन्तान सुख में कमी आयेगी। शिक्षा में अरुचि रहेगी। शुभ दिन : 10, 13, 25, 27 अशुभ दिन : 02, 04, 06, 08, 15, 18, 20, 23, 29, 31

वृश्चिक राशि : अध्ययन में रुचि रहेगी। लेखन, संगीत, वाद्य कला में ख्याति प्राप्त होगी। सफलता से मन प्रसन्न रहेगा। आर्थिक लाभ मिलेगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। 14 मई से कार्यों में अवरोध आयेंगे। व्यवसायिक बाधांओं का सामना करना पड़ेगा। सन्तान पीड़ित होगी। जीवन साथी से वैमनस्य होगा। यात्रांओं में कष्ट रहेगा। अपच तथा कब्ज आदि से पीड़ित होंगे। 19 मई से आर्थिक कठिनाईयां समाप्त होंगी। सन्तोषजनक आजीविका प्राप्त होगी। महिलाओं वर्ग का सहयोग मिलेगा। जीवनयापन सुगम बनेगा। रोगों से छुटकारा मिलेगा। वांछित प्राप्ति का सुख रहेगा। मास के अन्त में धन हानि होगी। प्रशासनिक भय रहेगा। शिथिलता बढ़ेगी। मन चिंताग्रस्त रहेगा। शुभ दिन : 02, 08, 13, 15 अशुभ दिन :04, 06, 10, 18, 20, 23, 25, 27, 29, 31

धनु राशि : आक्समिक रुप से विवाद ग्रस्त होंगे। घर परिवार से अलग रहना पड़ सकता है। उच्च ताप के कारण शरीर में शिथिलता आयेगी। योजनाओं के अनुरुप कार्यों में सफलता नहीं मिलेगी। प्रेम प्रकरण तथा वार्ताओं में असफल रहेंगे। मानसिक शांति भंग होगी। स्थिति नियन्त्रण से बाहर होगी। प्रशासनिक अड़चने बढ़ेगी। 19 मई से विरोध समाप्त होगा। विवादों में अपनी श्शर्तो पर समझोता करेंगे। विभिन्न मार्गों से लाभ मिलेगा। सहयोगियों के साथ वैचारिक साम्यता रहेगी। सन्तान के कार्यों से प्रसन्नता होगी। अन्जानी-विपत्ति से छुटकारा मिलेगा। यात्रांओं में दुर्घटनाओं से बचाव होगा। आर्थिक उन्नति होगी। पठन-पाठन, अध्ययन-अध्यापन में रुचि रहेगी। वैभवी सामग्री क्रय करेंगे। शुभ दिन : 02, 04, 06, 10, 15, 18, 23, 25, 29, 31 अशुभ दिन :08, 13, 20, 27

मकर राशि : स्वयं तथा सन्तान का स्वास्थय विपरीत रुप से प्रभावित होगा। भ्रमवश अधिकारियों से विवाद करेंगे। यात्रांओं में दुर्घटना का भय बनेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। अपव्यय होगा। 19 मई से अधिकार क्षेत्र बढ़ेगा। आय के नये मार्ग बनेंगे। धन-धान्य वृद्धि होगी। आर्थिक स्थिति सबल रहेगी। प्रतिष्ठा का लाभ मिलेगा। सन्तान के दायित्वों की पूर्ति होगी। योग्य व्यक्तियों को सन्तान प्राप्ति का योग बनेगा। प्रेमी युगलो में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। विभागीय परीक्षाओं में सफलता मिलेगी। मास के अन्त में योजनाओं के अनुरुप कार्यों में सफलता नहीं मिलेगी। आक्समिक विवाद होगा। मतभेद होंगे। घर परिवार से अलग रहना पड़ सकता है। शरीर में शिथिलता आयेगी। प्रेम प्रकरण तथा वार्ताओं में असफलता मिलेगी। शुभ दिन : 02, 04, 08, 13, 15, 20, 23, 29, 31 अशुभ दिन :06, 10, 18, 25, 27

कुंभ राशि : विरोधियों से त्रस्त रहेंगे। पारिवारिक कलह बढ़ेगी। मानसिक तथा शारीरिक व्यथायें बढ़ेगी। भयग्रस्त रहेगा। परिश्रम तथा साहस में कमी आयेगी। आय के साधन कम होंगे, अपव्यय अधिक रहेगा। आर्थिक स्थिति तनावपूर्ण रहेगी। भू-सम्पत्ति के मामलो में अवरोध बनेंगे। यात्रांओं में असुविधा होगी। नम्रता से बाधांओं तथा अवरोधों का निवारण कर सकेंगे। मास का अन्त श्शुभ फलो के साथ होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। स्थाई सम्पत्ति के कार्यों में सफलता मिलेगी। उच्च पदस्थ व्यक्तियों का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन का सुख रहेगा। शुभ दिन : 02, 04, 06, 13, 18, 25, 29, 31 अशुभ दिन :08, 10, 15, 20, 23, 27

मीन राशि : किसी नये स्थान पर कार्यभार सभांलने का अवसर प्राप्त होगा। अपने सद्व्यवहार से कार्यों में सफलता प्राप्त करेंगे। वाकचातुर्य का लाभ मिलेगा। बहुमूल्य उपहार मिलेंगे। सुखोपभोग की वस्तुओं का संग्रह होगा। सम्मानित व्यक्तियों का सानिध्य प्राप्त होगा। विद्या में प्रगति होगी। रोगों से मुक्ति मिलेगी। सन्तान के दायित्वों की पूर्ति होगी। पुत्र तथा मित्रों के माध्यम से धन लाभ होगा। आरोग्य रहेगा। मान, सम्मान तथा प्रतिष्ठा बढ़ेगी। 19 मई से काय सम्बन्धी विवाद समाप्त होंगे। व्यवसायिक लाभ मिलेगा। आलस्य करेंगें आधीनस्थो तथा सहायको से मतभेद होंगे। मान- सम्मान की हानि होगी। शासकीय सहायता में विलम्ब होगा। मास के अन्त में पारिवारिक कलह बढ़ेगी। अपव्यय अधिक रहेगा। शुभ दिन : 04, 06, 08, 15, 18, 27, 31 अशुभ दिन : 02, 10, 13, 20, 23, 25, 29

जून 2024

मेष राशि : कार्यों में असफलता का सामना करना पड़ेगा। यात्रांओं में कष्ट होगा। विभिन्न उपद्रवों से मन खिन्न रहेगा। पारिवारिक मतभेद बढ़ेंगे। स्वास्थय निर्बल रहेगा। आपरेशन अथवा चोट लगने का भय रहेगा। 12 जून से परिश्रम का परिणाम मिलेगा। कार्यों में सफलता मिलेगी। आय के नवीन साधन बनेंगे। व्यय पर नियन्त्रण रहेगा। भाग्योदय का सुख मिलेगा। उच्चाधिकारियों से सम्पक्र बनेंगे।शासकीय सहायता प्राप्त करेंगे। रोगों से मुक्ति मिलेगी। धन प्राप्ति के उपरान्त भी आर्थिक कठिनाई अनुभव करेंगे। रोजी रोजगार तथा कार्यालय में उलझने रहेगी। व्यवसायिक हानि के प्रति सचेत रहे। किसी नये स्थान पर कार्यभार सभांलने का अवसर प्राप्त होगा। मास के अन्त में आर्थिक संतुलन बिगड़ेगा। धनागम में कठिनाईयां उत्पन्न होगी। विभिन्न माध्यमों तथा कारणों से हानि होगी। स्थाई सम्पत्ति की हानि होगी। पारिवारिक जीवन अस्त व्यस्त रहेगा। शुभ दिन : 03, 05, 09, 14, 17, 19, 21, 30 अशुभ दिन : 07, 11, 23, 26, 28

वृष राशि : आर्थिक लाभ मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यय पर नियन्त्रण बनेगा। दाम्पत्य जीवन के मतभेद समाप्त होंगे। घर परिवार तथा सन्तान का सुख रहेगा। रोग मुक्त रहेंगे। अध्ययन में रुचि रहेगी। शिक्षा में प्रगति होगी। बहुमूल्य उपहार मिलेगा। सम्मानित व्यक्तियों का सानिध्य प्राप्त होगा। वाकचातुर्य से विरोधी परास्त होंगे। 15 जून से निकटस्थ व्यक्तियों से धोखा होगा। पारिवारिक कलह बढ़ेगी। मन भयग्रस्त रहेगा। विचारों में धूर्तता आयेगी। परिश्रम के अनुरुप परिणाम नहीं मिलेगा। कृषि तथा वाणिज्य दोनों ही से हानि होगी अत: विचार पूर्वक कार्य करे। धन हानि के प्रति सावधान रहे। स्वभाव की कठोरता पर नियन्त्रण रखे। शुभ दिन : 03, 14, 19, 21, 28, 30 अशुभ दिन : 05, 07, 09, 11, 17, 23, 26

मिथुन राशि : भूमि-भवन से लाभ के लिये उत्तम समय है। भूमिभवन का लाभ होगा। धनागमन रहेगा। व्यापार में उन्नति होगी। वैभवी साधन मिलेंगे। सुगन्धित द्रव्यों से आय होगी। आय में वृद्धि होगी। स्वास्थय उत्तम रहेगा। चले आ रहे मुकद्दमों में विजय प्राप्त होगी। कोर्ट कचहरी के मामलो में इच्छित परिणाम प्राप्त होंगे। सहोदरों से लाभ होगा। अविवाहितों का विवाह बनेगा। योग्य व्यक्तियों को सन्तान लाभ होगा। शिक्षा तथा अध्ययन में सफलता मिलेगी। 14 जून से अपव्यय होगा। चुगलखोरों से हानि तथा बन्धन का भय रहेगा। पारिवारिक जनों से विरोध होगा। सम्बन्धों की हानि होगी। झगड़े झंझट बढ़ेंगे। खानपान अस्त व्यस्त होगा। उदर विकार होगा। स्वास्थय बिगड़ेगा। परिवार से दूर किसी सुदूर स्थान पर रहना होगा। कार्यों में अवरोध बनेंगे। उलझने बढ़ेगी। आयेगी। निरर्थक यात्रांओं में थकावट से कष्ट होगा। किसी भी नगण्य बात पर उत्तेजित होंगे। मास के अन्त में सुखोपभोग की वस्तुओं का संग्रह होगा। प्रतिष्ठित एवं सम्मानित व्यक्तियों का सानिध्य प्राप्त होगा। शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति होगी। बहुमूल्य उपहार मिलेगा। शुभ दिन : 03, 05, 07, 17, 19, 21, 30 अशुभ दिन : 09, 11, 14, 23, 26, 28

कर्क राशि : कार्यस्थल पर कठिन परिस्थितियों का सामना पड़ेगा। कार्यों में असफलता से मन खिन्न रहेगा। अपौष्टिक पदार्थों - जंक फूड़ आदि के भोजन से स्वास्थ्य खराब होगा। विदेश अथवा सुदूर स्थान की यात्रा होगी। 12 जून से कार्यों में प्रगति होगी। भय एवं आशंका समाप्त होगी। आर्थिक लाभ में विलम्ब रहेगा। नया अनुबंध मिलने अथवा नया प्रोजेक्ट शुरु होने में समय लगेगा। सफलता के पश्चात् पदोन्नति का योग बनेगा। महत्वपूर्ण वस्तु प्राप्त होगी। स्वास्थय में सुधार होगा। शिक्षा तथा शैक्षणिक कार्यों में सफलता मिलेगी। स्थान लाभ होगा। सुदूर स्थान की यात्रा निरस्त होगी। कार्य क्षेत्र में नई अपोरचुनिटीज मिलेगी। व्यय पर नियन्त्रण रहेगा। रोग मुक्त रहेंगे। मास के अन्त में बैक बाईटिंग से बच कर रहे अन्यथा झंझट होंगे। शुभ दिन : 03, 05, 07, 09, 19, 21, 30 अशुभ दिन : 11, 14, 17, 23, 26, 28

सिंह राशि : शारीरिक निर्बलता से कार्यों पर सुचारु रुप से ध्यान नहीं दे पायेंगे। कार्यस्थल अथवा कार्यभार में परिवर्तन होगा। सन्तान प्राप्ति में विलम्ब रहेगा। नियम विरुद्ध कार्यों में प्रवृति रहेगी। 12 जून से व्यवसायिक सफलता मिलेगी। व्यर्थ के वाद विवादों की समाप्ति के बाद से कार्यों में प्रगति होगी। पदोन्नति का योग बनेगा। महिलाओं के माध्यम से लाभ प्राप्त होगा। प्रेम सम्बन्धों में सफलता मिलेगी। प्रशासन तथा सहकर्मियों का सहयोग रहेगा। वरिष्ठो का अनुग्रह प्राप्त होगा।घर- परिवार में मांगलिक उत्सव होगा। शिक्षा तथा शैक्षणिक कार्यों में सफलता मिलेगी। शुभ दिन : 05, 07, 09, 11, 14, 21, 23, 28 अशुभ दिन :03, 17, 19, 26, 30

कन्या राशि : पारिवारिक जीवन में बाधा आयेगी। स्थान परिवर्तन होगा। किसी धारदार वस्तु से चोट लगेगी। ज्वर ग्रस्त होंगे। प्रत्येक कार्य में रुकावट तथा अवरोध आयेंगे। ऋण को चुकाने में कठिनाईयां रहेगी। 12 जून श्से आर्थिक लाभ मिलेगा। वाक्चातुर्य से विरोधियों के साथ मतभेद समाप्त होंगे। महिलाओं का सहयोग मिलेगा। व्यवसायिक सफलता मिलेगी। अधिकार क्षेत्र बढ़ेगा। दाम्पत्य जीवन का सुख मिलेगा। 15 जून से आर्थिक हानि होगी। किसी के दुर्व्यवहार से कष्ट होगा। मन अशान्त रहेगा। स्वास्थय गिरेगा। प्रतिष्ठितकार्य में असफलता से वरिष्ठो का कोपभाजन बनेंगे। नया अनुबध हाथ से निकेलेगा। पदावनति होगी। प्रतिष्ठा की हानि होगी। स्वास्थय निर्बल रहेगा। नियम विरुद्ध कार्यों में प्रवृति रहेगी। सन्तान प्राप्ति में विलम्ब रहेगा। शुभ दिन : 05, 14, 19, 21, 23, 26 अशुभ दिन :03, 07, 09, 11, 17, 28, 30

तुला राशि : व्यय पर नियन्त्रण रहेगा। वैभवी वस्तुयें क्रय करेंगे। स्वास्थय में सुधार होगा। 12 जून से भोगोपभोग की वस्तुओं से स्वास्थय खराब होगा।खानपान बिगड़ेगा। कार्यों में अवरोध आयेगे। प्रशासकीय प्रताड़ना होगी। भाईयों तथा मित्रों से विरोध होगा। यात्राये निरस्त होंगी। मिथ्या अपवाद तथा बहुमूल्य वस्तु खोने का भय रहेगा। 15 जून से वैचारिक मतभेद समाप्त होंगे। मिथ्या अपवादों से छुटकारा मिलेगा। स्वास्थय सुधरेगा। धन लाभ होगा। अकारण भय का निवारण होगा। किये गये प्रयत्नों में सफलता प्राप्ति से मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। मानसिक शांति मिलेगी। 29 जून से दाम्पत्य सुख में कमी रहेगी। अत्याधिक वाक्चातुर्य से हानि होगी। विरोधियों को अवसर मिलेगा। सामाजिक कार्यों से बचने का प्रयास रहेगा। मिथ्या अपवादों छुटकारा मिलेगा। शुभ दिन : 07, 09, 21, 23 अशुभ दिन : 03, 05, 11, 14, 17, 19, 26, 28, 30

वृश्चिक राशि : आय के नवीन साधन बनेंगे। धनागमन उत्तम रहेगा। बहुमूल्य धातुओं का लाभ होगा। कोर्ट कचहरी के मामलो में सफलता मिलेगी। विवादों का अन्त होगा। मान-प्रतिष्ठा मिलेगी। विलासिता की सामग्री में वृद्धि होगी। परिवार से आर्थिक सुख सहयोग मिलेगा। शिक्षा में रुचि रहेगी। 14 जून से सन्तान सुख में कमी रहेगी। सन्तान योग में विलम्ब रहेगा। आय साधन सीमित होंगे। मन खिन्न तथा अशांत रहेगा। बुद्धि चातुर्य काम नहीं करेगा। भोजन में अरुचि रहेगी। किन्हीं कारणों से राजकीय दंड़ का भुगतान करना होगा। व्यय बढ़ेगा। मास के अन्त में बाधांओं का समाधान होगा। लाभकरी यात्रायें होंगी। अपवाद की स्थिति समाप्त होगी। मन प्रसन्न रहेगा। सम्बन्धियों तथा सहोदरों का सहयोग रहेगा। शुभ दिन : 05, 09, 11, 26 अशुभ दिन :03, 07, 14, 17, 19, 21, 23, 28, 30

धनु राशि : अनुचित इच्छाओं तथा आंकाक्षाओं के विचार से अवैधानिक कार्यों में रुचि होगी। सन्तान की बीमारी से अथवा सन्तान के कारण कष्ट होगा। आय में कमी रहेगी। आर्थिक स्थिति कमजोर होगी। यात्रांओं तथा व्यवसाय से अपेक्षित लाभ नहीं होगा। कार्य स्थल पर कड़ा परिश्रम करना पड़ेगा। महिलाओं के कारण हानि, शोक तथा अपमान की स्थिति बनेगी। दाम्पत्य जीवन में विवाद होंगे। मनमुटाव तथा वैचारिक मतभेद रहेंगे। मन चिंताग्रस्त रहेगा। मास के अन्त में स्थिति में परिवर्तन होगा। आय के नये साधन बनेंगे। कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान सुख मिलेगा। योग्य व्यक्तियों को सन्तान लाभ होगा। फिर भी मन अशांत रहेगा। शुभ दिन : 03, 07, 11, 14, 19, 26, 28, 30 अशुभ दिन : 05, 09, 17, 21, 23

मकर राशि : पारिवारिक समस्याओं के कारण बन्धु बान्धवों से विरोध रहेगा। भूमि-भवन तथा स्थाई सम्पत्ति सम्बन्धी समस्यायें उत्पन्न होगी। स्थान परिवर्तन होगा। ज्वर पीड़ित होंगे। मानसिक रुप से स्वयं को असहाय अनुभव करेंगे। 12 जून से साझेदारों के साथ वैचारिक साम्यता रहेगी। वाद विवाद में सफलता मिलेगी। अपनी श्शर्तो पर समझोता करेंगे। सन्तान के कार्यों से प्रसन्नता होगी। अनचाही विपत्ति से छुटकारा मिलेगा। यात्रांओं में दुर्घटनाओं से बचाव होगा। 14 जून से प्रशासनिक अड़चने बढ़ेगी। स्थिति नियन्त्रण से बाहर होगी। आर्थिक स्थिति कठिन रहेगी। यात्रांओं तथा व्यवसाय से अपेक्षित लाभ नहीं होगा।शरीर निस्तेज रहेगा शिथिलता बढ़ेगी। शिक्षा में अवरोध बनेगा। अध्ययन से अरुचि रहेगी। शांति भंग होगी। मन खिन्न रहेगा। शुभ दिन : 09, 11, 14, 17, 26, 28, 30 अशुभ दिन :03, 05, 07, 19, 21, 23

कुंभ राशि : परिश्रम के अनुरुप सफलता न मिलने से मन निराश होगा। उत्साह तथा उंमग का अभाव रहेगा। प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। आत्मविश्वास ड़गमगायेगा। ताक्रिक क्षमता वाद विवाद में परिवर्तित हो जायेगी। किसी बहुमूल्य धातु के कारण हानि होगी।12 जून श्से व्यवहारिक समाधान मिलेगा। कार्यों में सफलता से उत्साह बढ़ेगा।धनागमन में सुधार होगा। मन किसी के प्रति आकर्षित होगा। किसी प्रिय वस्तु का लाभ मिलेगा।

14 जून से भ्रम की स्थिति बनने से विवाद ग्रस्त होंगे। शरीर में शिथिलता आयेगी।योजनाओं के अनुरुप कार्यों में सफलता नहीं मिलेगी। प्रेम प्रकरण तथा वार्ताओं में असफलता मिलेगी। घर परिवार से अलग रहना पड़ सकता है। अपव्यय होगा। यात्रांओं में दुर्घटना का भय रहेगा। अध्ययन में रुचि का अभाव रहेगा। शुभ दिन : 03, 09, 14, 21, 28, 30 अशुभ दिन : 05, 07, 11, 17, 19, 23, 26,

मीन राशि : परिश्रम के अनुरुप परिणाम मिलेंगे। प्राय: ही सभी कार्य में सफल होंगे। दुर्जनों से पीछा छूटेगा। राजकीय भय समाप्त होगा। चोरी अथवा अग्निकांड़ से बचेंगे। 12 जून से इच्छाओ, आंकक्षाओं की पूर्ति में अवरोध बनेंगे। आर्थिक स्थिति तनावपूर्ण रहेगी। दाम्पत्य जीवन में मतभेद होंगे। परन्तु स्वभाव की नम्रता से बाधांओं तथा अवरोधों को दमन करने में सफलता मिलेगी। 14 जून से मातृ तुल्य महिलाओं का आर्शीवाद रहेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। धनागम बढ़ेगा। विभिन्न माध्यमों से लाभ मिलेगा। भूमि –भवन के कार्यों में सफलता मिलेगी। स्थाई सम्पत्ति बढ़ेगी। पारिवारिक जीवन का सुख रहेगा। 15 जून से सुख शांति का अभाव रहेगा। समय कुसमय का खानपान होगा। व्यसनों से लगाव रहेगा। यात्रांओं में असुविधा होगी। जीवन साथी से मतभेद होंगे। मानहानि होगी। सहयोगियों के कारण अवरोध बनेंगे।घर परिवार से अलग रहने की स्थिति बनेगी। शरीर शिथिल रहेगा। योजनाओं के अनुरुप कार्यों में सफलता नहीं मिलेगी। प्रेम प्रकरण तथा वार्ताओं में असफलता मिलेगी।शुभ दिन : 03, 05, 11, 14, 17, 23, 28, 30 अशुभ दिन :07, 09, 19, 21, 26

जुलाई 2024

मेष राशि : मासारम्भ में आंकक्षाओं की पूर्ति में अवरोध आयेगे। आर्थिक स्थिति तनावपूर्ण रहेगी। दाम्पत्य जीवन में मतभेद होंगे। वाद विवादों के कारण सहयोग नहीं मिलेगा। मित्रों से दूरी बढ़ेगी। 12 जुलाई के बाद से प्राय: ही सभी कार्य में योजनाओं के अनुरुप सफल होंगे। राजकीय भय समाप्त होगा। मानसिक तथा शारीरिक दृढ़ता रहेगी। शारीरिक व्यथायें समाप्त होगी। झगड़े झंझटों से बचाव होगा। परिश्रम के अनुरुप परिणाम मिलेंगे। अधिकार क्षेत्र बढ़ेगा। आय के नये मार्ग बनेंगे। विभिन्न स्रोत्रो से आय के कारण आर्थिक स्थिति सबल रहेगी। चोरी अथवा अग्निकांड़ से बचेंगे। यात्रांओं से लाभ होगा। भू–सम्पत्ति अर्जित होगी। दाम्पत्य जीवन का सुख रहेगा। घर परिवार में सुख शांति बनेगी। प्रेम प्रकरणो तथा वार्ताओं में प्रगति होगी। सन्तान के दायित्वों की पूर्ति होगी। योग्य व्यक्तियों को सन्तान प्राप्ति का योग बनेगा। विभागीय परीक्षाओं में सफलता मिलेगी। शुभ दिन : 02, 06, 09, 11, 14, 16, 19, 21, 27 अशुभ दिन : 04, 23, 25, 29, 31

वृष राशि : रोजी रोजगार तथा कार्यालय के विवाद समाप्त होंगे। व्यवसायिक लाभ मिलेगा। परिश्रम में कमी से भाग्योन्नति में बाधा रहेगी। शासकीय सहायता में विलम्ब होगा। 12 जुलाई से आपरेशन अथवा चोट लगने की आशंका दूर होगी। शरीर स्वस्थ रहेगा। बन्धु बान्धवों का सहयोग मिलेगा। कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रांओं से लाभ मिलेगा। दाम्पत्य जीवन का सुख रहेगा। असामाजिक तत्वों से पीछा छूटेगा। मन प्रसन्न रहेगा। 16 जुलाई से स्वास्थ्य गिरेगा। उच्चाधिकारियों से मतभेद होंगे। आर्थिक हानि होगी। किसी नये स्थान पर कार्यभार सभांलने का अवसर हाथ से निकलेगा।। अपने व्यवहार से कार्यों की हानि करेंगे। 19 जुलाई से भूमि –भवन के कार्यों में सफलता मिलेगी। स्थाई सम्पत्ति की वृद्धि होगी। मास के अन्त में स्वभाव की नम्रता से बाधांओं तथा अवरोधों का समाधान होगा। शुभ दिन : 04, 11, 16, 25, 27 अशुभ दिन :02, 06, 09, 14, 19, 21, 23, 29, 31,

मिथुन राशि : प्रशासकीय लाभ मिलेगा। स्वास्थय उत्तम रहेगा। पद प्रतिष्ठा मिलेगी। शिक्षा तथा अध्यययन में प्रगति होगी। उपहार मिलेगा। सम्मानित होंगे। व्यय पर नियन्त्रण रहेगा। मतभेद समाप्त होंगे। घर परिवार, सन्तान का सुख रहेगा। 16 जुलाई से व्यवसायिक लाभ के उपरान्त भी आय के साधन कम होंगे तथा अपव्यय अधिक रहेगा। कार्यस्थल के विवाद समाप्त होंगे। परिश्रम तथा साहस में कमी आयेगी। धन हानि के प्रति सावधान रहे। अति प्रिय एवं निकटस्थ व्यक्तियों से धोखा मिलेगा। आँखों में कष्ट होगा। भाग्योदय में अवरोध से मन भयग्रस्त रहेगा। शासकीय सहायता में विलम्ब होगा। शुभ दिन : 02, 04, 14, 16, 19, 21, 25, 27, 29, 31 अशुभ दिन : 06, 09, 11, 23

कर्क राशि : भूमिभवन के कार्यों में हानि होगी। चले आ रहे मुकद्दमों में विपरीत परिणाम होंगे।धनागमन प्रभावित होगा। व्यवसायिक अवनति होगी। स्वास्थय निर्बल रहेगा। शिक्षा तथा अध्ययन में व्यवधान होगा। अविवाहितों के विवाह में विलम्ब रहेगा। विवाहितो के सन्तान सुख में बाधा आयेगी। सौन्दर्य प्रसाधनों के व्यापार तथा कारोबार से हानि होगी। 16 जुलाई से स्वास्थय में सुधार होगा। वाकचातुर्य से नये प्रोजेक्टस मिलेंगे। आर्थिक लाभ होगा। मान–सम्मान मिलेगा। कार्यों में सफल होंगे। यात्रांओं से लाभ होगा। शिक्षा में प्रगति होगी। मास के अन्त में प्रशासकीय कारणों से हानि होगी। परीक्षाओं के परिणाम प्रतिकूल रहेंगे। शुभ दिन : 02, 04, 06, 19, 29 अशुभ दिन :09, 11, 14, 16, 21, 23, 27, 31

सिंह राशि : कार्यों में प्रगति होगी परन्तु आर्थिक लाभ में विलम्ब रहेगा। नया अनुबन्ध मिलने में अंवाछित देरी होगी। महत्वांकाक्षी तथा महत्वपूर्ण वस्तु प्राप्त होगी। सफेद वस्तुओं के व्यापारी लाभ में रहेंगे। 12 जुलाई से कार्यस्थल पर अनुकूल परिस्थितियां

बनेगी। कार्यों में सफलता मिलेगी। पद प्रतिष्ठा मिलेगी। यात्रायें निरस्त होगी। प्रशासनिक सहयोग मिलेगा। नई अपोरचुनिटीज मिलेगी। मतभेद समाप्त होंगे। सम्बन्धों में सुधार होगा। बातचीत सौम्यता आयेगी। मास के अन्त में सन्तान सुख में बाधा आयेगी। अविवाहितों के विवाह में विलम्ब रहेगा। शिक्षा तथा अध्ययन में व्यवधान होगा। शुभ दिन : 02, 04, 06, 09, 11, 19, 21, 25, 29, 31 अशुभ दिन : 14, 16, 23, 27

कन्या राशि : व्यवसाय में असफल रहेंगे। आर्थिक हानि होगी। महिलाओं से हानि होगी। प्रेम सम्बन्धों में उष्मा का अभाव रहेगा। कार्यस्थल अथवा कार्यभार में परिवर्तन होगा। मित्रों तथा सहकर्मियों से सहयोग की अपेक्षा करना व्यर्थ होगा। 16 जुलाई से वरिष्ठो का अनुग्रह प्राप्त होगा। प्रशासकीय सहयोग मिलेगा। कार्यों में प्रगति होगी। धन लाभ होगा। पदोन्नति का योग बनेगा।घर में मांगलिक उत्सव होगा। रोगों से छुटकारा मिलेगा। शिक्षा तथा शैक्षणिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नया सहयोग क्रियान्वित होगा। शुभ दिन : 02, 06, 09, 11, 19, 23, 25, 29 अशुभ दिन :04, 14, 16, 21, 27,

तुला राशि : प्रत्येक कार्य में रुकावट तथा बाधाऐं बनती दिखाई पड़ेगी। महिलाओं के कारण कलह एवं कष्ट की स्थिति बनेगी। शरीर में निर्बलता आयेगी। विरोधी प्रभावी होंगे। लोन रिपेमेन्ट में कठिनाई आयेगी। तेज ज्वर से पीड़ा होगी।धारदार वस्तु से चोट लगेगी। स्थान परिवर्तन होगा। पारिवारिक जीवन में बाधा रहेगी। 16 जुलाई से प्रतिष्ठितकार्य सफलता पूर्वक सम्पन्न होगा। सम्मानित व्यक्तियों का सानिध्य रहेगा। पदोन्नति का योग बनेगा। 19 जुलाई से विवादग्रस्त होंगे। मतभेद बढ़ेंगे। नियम विरुद्ध कार्यों में प्रवृति रहेगी। यश तथा मान सम्मान की हानि होगी। सन्तान प्राप्ति में विलम्ब रहेगा। मास के अन्त में आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। प्रेम सम्बन्धों में सफलता मिलेगी। मित्रों तथा सहकर्मियों का सहयोग रहेगा। शुभ दिन : 04, 06, 11, 19, 21, 23, 27 अशुभ दिन : 02, 09, 14, 16, 25, 29, 31

वृश्चिक राशि : अपव्यय होगा। प्रिय वस्तु की हानि होगी। शासकीय प्रताड़ना मिलेगी। भाईयों तथा मित्रों से विरोध होगा। यात्रायें निरस्त होंगी। शारीरिक कष्ट रहेगा। अकारण ही धन तथा पुण्य की हानि होगी। आत्मविश्वास गिरेगा। मन अज्ञात कारणों से भयग्रस्त रहेगा। वाक्चातुर्य से हानि होगी। प्रियजनों से अलग रहना पड़ेगा। जीवनसाथी के स्वास्थय में गिरावट आयेगी। दाम्पत्य सुख में कमी रहेगी। भोगोपभोग की वस्तुओं स्वास्थ्य खराब होगा। मानसिक व्यथा एवं शारीरिक पीड़ा से शरीर में निर्बलता आयेगी। विरोध एवं विरोधी प्रभावी होंगे। महिलाओं के कारण कलह एवं कष्ट की स्थिति बनेगी। शुभ दिन : 06, 09, 11, 29, 31 अशुभ दिन :02, 04, 14, 16, 19, 21, 23, 25, 27

धनु राशि : आय के नवीन साधनों से धनागमन उत्तम रहेगा। रोगों से छुटकारा मिलेगा। कष्ट मुक्त होंगे। सुखोपभोग का अवसर मिलेगा। आर्थिक सुख सहयोग रहेगा। विवादों का अन्त होगा। शिक्षा में प्रगति होगी। सफलता से मन प्रसन्न रहेगा। आनन्दोदत्सव होंगे। 16 जुलाई से शासन -प्रशासन से भय की स्थिति बनेगी। किन्हीं कारणों से राजकीय दंड़ का भुगतान करना होगा। भय तथा अपमान की स्थिति बनेगी। व्यय बढ़ेगा। 19 जुलाई स विघ्न बाधांओं का समाधान होगा। कार्य सुचारु रुप सम्पन्न होंगे। प्रतिष्ठा मिलेगी। उपहार मिलेगा। भाग्योन्नति का सुख रहेगा। लम्बी दूरी की यात्रांओं से लाभ होगा। शुभ दिन : 04, 09, 16, 19, 23, 25, 27, 29 अशुभ दिन :02, 06, 11, 14, 21, 31

मकर राशि : व्यवसायिक बाधांओं का सामना करना पड़ेगा। आर्थिक स्थिति कमजोर रहेगी। आजीविका परिश्रम से प्राप्त होगी। जीवन साथी के रोगग्रस्त होने की सम्भावना रहेगी। किसी प्रिय वस्तु की हानि होगी। महिलाओं के कारण अपमान की स्थिति बनेगी। आयेगी। कुसमय का भोजन होगा। पाचन सम्बन्धी रोग होगा। सन्तान के कारण कष्ट होगा। असंवैधानिक तथा असामाजिक कार्यों में रुचि होगी। यात्रांओं में कष्ट रहेगा। 19 जुलाई से आय के नये साधन बनेंगे। बुद्धि चातुर्य से कार्यों में सफलता मिलेगी। विरोधी परास्त होंगे। सन्तान सुख रहेगा। योग्य व्यक्तियों को सन्तान लाभ होगा। सुखोपभोग में वृद्धि होगी। शिक्षा में प्रगति होगी। विभागीय परीक्षाओं में सफलता मिलेगी। फिर भी मन में अशांति रहेगी। भोजन से अरुचि रहेगी। शुभ दिन : 06, 09, 11, 14, 16, 23, 25 अशुभ दिन :02, 04, 19, 21, 27, 29, 31

कुंभ राशि : वाद विवाद में सफलता मिलेगी। अपनी शर्तो पर समझोता करेंगे। सहयोगियों के साथ वैचारिक साम्यता रहेगी। सन्तान के कार्यों से प्रसन्नता होगी। अन्जानी विपत्ति से छुटकारा मिलेगा। दुर्घटनाओं से बचाव होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। विधि सम्मत कार्य सम्पन्न करने में रुचि बनेगी। स्थान परिवर्तन स्थगित होगा। प्रशासनिक सहयोग प्राप्त होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि अनुभव करेंगे।19 जुलाई से शरीर निस्तेज रहेगा शिथिलता बढ़ेगी। यात्रांओं तथा व्यवसाय से अपेक्षित लाभ न मिल पाने से मन चिंताग्रस्त रहेगा। मास के अन्त में किसी स्थान पर सम्मानित होंगे। महिला वर्ग का सहयोग मिलेगा। वांछित प्राप्ति से मन प्रसन्न रहेगा। शुभ दिन : 11, 14, 23, 27, 29 अशुभ दिन :02, 04, 06, 09, 16, 19, 21, 25, 31

मीन राशि : विघ्न बाधांओं का व्यवहारिक समाधान प्राप्त होगा। कार्यों में सफलता से मन उत्साहित रहेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। पद, प्रतिष्ठा तथा प्रभाव में वृद्धि होगी। प्रशासन तथा प्रशासनिक कर्मियों से सहायता मिलेगी। उपहार अथवा किसी प्रिय वस्तु

का लाभ मिलेगा। वात् रोगों से राहत रहेगी। धातुओं के व्यापार से लाभ होगा। 16 जुलाई से अपव्यय होगा। मन व्यग्र रहेगा। चित्त चंचल एवं चलायमान रहेगा। भ्रम की स्थिति बनेगी। स्वास्थय विपरीत रुप से प्रभावित होगा। अधिकारियों से विवाद होंगे। यात्रांओं में दुर्घटना का भय बनेगा। 19 जुलाई से वाद विवाद में सफलता मिलेगी। अपनी श्शर्तो पर समझोता करेंगे। कला क्षेत्र में ख्याति मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। वैभवी सामग्री क्रय करेंगे। सन्तान के कार्यों से प्रसन्नता होगी। दाम्पत्य जीवन का सुख रहेगा। अध्ययन में रुचि रहेगी। शुभ दिन : 02, 11, 21, 29, 31, अशुभ दिन :04, 06, 09, 14, 16, 19, 23, 25, 27

अगस्त 2024

मेष राशि : मन किसी के प्रति आसक्त रहेगा। अपव्यय होगा। भ्रम की स्थिति उत्पन्न बनेगी। मन व्यग्र रहेगा। मित्रों एवं हितेषियों से असुविधा होगा। स्वयं तथा सन्तान का स्वास्थय विपरीत रुप से प्रभावित होगा प्रशासनिक अधिकारियों से विवाद होंगे। यात्रांओं में दुर्घटना का भय बनेगा। आर्थिक संतुलन बिगड़ेगा। भूमि -भवन के कार्यों में असफलता मिलेगी। स्थाई सम्पत्ति की हानि होगी। पारिवारिक जीवन अस्त व्यस्त रहेगा। स्वास्थय निर्बल रहेगा। आत्मविश्वास गिरेगा। धातुओं के व्यापार में किसी बहुमूल्य धातु के कारण हानि होगी। मास के अन्त में आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। विवादों में सफलता मिलेगी। अपनी श्शर्तो पर समझोता करेंगे। साझेदारों के साथ वैचारिक साम्यता आयेगी। सन्तान के कार्यों से प्रसन्नता होगी। अनचाही विपत्ति से छुटकारा मिलेगा। यात्रांओं में दुर्घटनाओं से बचाव होगा। शुभ दिन : 03, 10, 13, 15, 17, 25, 30 अशुभ दिन : 05, 08, 19, 21, 23, 28

वृष राशि : घर परिवार में झगड़े झंझटों के कारण सुख शांति का अभाव रहेगा। जीवन साथी से मतभेद होंगे। समय कुसमय का खानपान होगा। मानसिक व्यथायें बढ़ेगी। यात्रांओं में असुविधा होगी। भू-सम्पत्ति के मामलो में अवरोध बनेंगे। मानहानि होगी। अपव्यय रहेगा। 25 अगस्त से विघ्न बाधांओं का व्यवहारिक समाधान प्राप्त होगा। कार्यों में सफलता से उत्साह बढ़ेगा। मानसिक दृढ़ता बनेगी। परिश्रम के अनुरुप परिणाम मिलेंगे। धनागमन में सुधार होगा। उपहार मिलेगा। दुर्जनों से पीछा छूटेगा। राजकीय भय समाप्त होगा। चोरी अथवा अग्निकांड़ से बचेंगे। शुभ दिन : 08, 13, 21, 23, 28 अशुभ दिन :03, 05, 10, 15, 17, 19, 25, 30

मिथुन राशि : 16 अगस्त से चले आ रहे रोगों से मुक्ति मिलेगी। उच्चाधिकारियों से सम्पर्क बनेंगे। मान, सम्मान तथा प्रतिष्ठा बढ़ेगी। सन्तान के दायित्वों की पूर्ति होगी। धन लाभ होगा। किसी नये स्थान पर कार्यभार सभांलने का अवसर प्राप्त होगा। अपने सद्व्यवहार से कार्यों में सफलता प्राप्त करेंगे। बहुमूल्य वस्तुओं का उपहार मिलेगा। सुखोपभोग की वस्तुओं का संग्रह होगा। सुख, वैभव तथा ऐश्वर्य बढ़ेगा। वाकचातुर्य से लाभ मिलेगा। विद्या में प्रगति होगी। दाम्पत्य जीवन का सुख रहेगा। मनमाने व्यवहार से हानि होगी। 26 अगस्त आपरेशन अथवा चोट लगने का भय बनेगा। दाम्पत्य सुख में बाधा रहेगी। पारिवारिक मतभेद बढ़ेंगे। कार्यों में असफलता का सामना करना पड़ेगा। यात्रांओं में कष्ट होगा। विभिन्न उपद्रवों से मन में खिन्न रहेगा। शुभ दिन : 03, 05, 10, 13, 15, 21, 23, 25, 28 अशुभ दिन :08, 17, 19, 30

कर्क राशि : अपव्यय से बचेंगे। आर्थिक उन्नति होगी। बन्धन में रहने का भय समाप्त हेगा। कृषि तथा वाणिज्य दोनों ही से लाभ होगा। दुष्ट व्यक्तियों से दूरी बनेगी। मानसिक शांति मिलेगी। सर दर्द एवं नेत्र पीड़ा समाप्त होगी। निकटस्थ व्यक्तियों से सहयोग मिलेगा। पारिवारिक मतभेद समाप्त होंगे। स्वभाव में नम्रता आयेगी। बातचीत सौम्यता रहेगी। व्यवसायिक लाभ मिलेगा। कार्यालय के विवाद समाप्त होंगे। आर्थिक कठिनाई से बचेंगे। 26 अगस्त से शासकीय सहायता में विलम्ब होगा। व्यय बढ़ेगा। परिश्रम तथा साहस में कमी आयेगी। भाग्योदय में अवरोध बनेगा। सहायको से मतभेद होंगे। किसी कारणवश घर से दूर रहना होगा। धार्मिक कार्यों में मन नहीं लगेगा। उच्च रक्तचाप से कष्ट होगा। मान-सम्मान की हानि होगी। सन्तान के कारण कष्ट रहेगा। शुभ दिन : 03, 05, 19, 23, 25, 30 अशुभ दिन :08, 10, 13, 17, 21, 28

सिंह राशि : यात्रांओं से लाभ होगा। पारिवारिक उलझने दूर होगी। घर-परिवार का सुख रहेगा। शारीरिक पीड़ा एवं मानसिक व्यथा समाप्त होगी। स्वास्थय में सुधार होगा। आर्थिक लाभ होगा। कार्यों में प्रगति होगी। सफलता मिलेगी। पदोन्नति का योग बनेगा। स्वभाव में विनम्रता रहेगी। शिक्षा तथा शैक्षणिक कार्यों में सफल रहेंगे। भूमिभवन का लाभ होगा। भूमि-भवन से लाभ के लिये उत्तम समय है। मुकद्दमों में विजयी रहेंगे। कोर्ट कचहरी मे इच्छित परिणाम प्राप्त होंगे। सन्तान प्राप्ति में विलम्ब होगा। मास के अन्त में प्रशासकीय कारणों से हानि होगी। आय में कमी रहेगी। स्वास्थय गिरेगा। अध्ययन से मन हटेगा। शुभ दिन : 03, 05, 08, 10, 15, 17, 21, 30 अशुभ दिन :13, 19, 23, 25, 28

कन्या राशि : कार्य स्थल पर, रोजी रोजगार में कठिन परिस्थितिया उत्पन्न होगी। प्रशासनिक भय रहेगा। टर्मिनेशन सस्पेन्शन का सामना करना पड़ेगा। स्थान परिवर्तन होगा। सुदूर स्थान की यात्रा होगी। पारिवारिक सम्बन्धों में तनाव रहेगा। व्यय बढ़ेगा। मित्रों से सम्बन्ध खराब होंगे। 22 अगस्त से स्थिति में सुधार होगा। अनुकूल परिस्थितियां बनेगी।शुभ कार्यों में प्रवृति रहेगी। विरोधी पराजित होंगे। अविवाहितों का विवाह का योग रहेगा। योग्य व्यक्तियों को सन्तान लाभ होगा। शिक्षा तथा अध्ययन में सफलता मिलेगी। आमोद प्रमोद के साधन प्राप्त होंगे। व्यापार में उन्नति होगी। सौन्दर्य प्रसाधनों

के माध्यम से आय होगी।यात्राये निरस्त होगी। कार्यों में सफलता मिलेगी। शुभ दिन : 08, 15, 19, 21, 25 अशुभ दिन :03, 05, 10, 13, 17, 23, 28, 30

तुला राशि : घर में किसी आध्यात्मिक अथवा मांगलिक उत्सव से मन प्रसन्न रहेगा। आर्थिक लाभ होगा। पद, प्रतिष्ठा, मान सम्मान में वृद्धि होगी। वरिष्ठो का अनुग्रह रहेगा। प्रशासकीय सहयोग मिलेगा। रोग मुक्त रहेंगे। तीसरे सप्ताह में वाक्चातुर्य से प्रतिष्ठा की हानि होगी। मन अशान्त रहेगा। व्यवसायिक रुप से असफल रहेंगे। विरोधियों को अवसर मिलेगा। सामाजिक कार्यों से बचने का प्रयास रहेगा। अन्तिम सप्ताह में व्यवहार कुशलता से कार्यों में प्रगति होगी। मिथ्या अपवादों छुटकारा मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा। 25 अगस्त से भय एवं आशंका समाप्त होगी। महत्वपूर्ण वस्तु प्राप्त होगी। नया अनुबंध मिलने अथवा नया प्रोजेक्ट शुरु होने में अंवाछित देरी होगी। कार्यस्थल अथवा कार्यभार में परिवर्तन होगा। शुभ दिन : 03, 08, 17, 28, 30 अशुभ दिन : 05, 10, 13, 15, 19, 21, 23, 25

वृश्चिक राशि :16 अगस्त से धन लाभ मिलेगा। उत्तम स्वास्थय का सुख मिलेगा। वरिष्ठ, सम्मानित व्यक्तियों का सानिध्य प्राप्त होगा। प्रतिष्ठितकार्य सफलता पूर्वक सम्पन्न होगा। पदोन्नति होगी। पारिवारिक सुख समृद्धि रहेगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। पद प्रतिष्ठा तथा मान-सम्मान में वृद्धि होगी। लाभकरी यात्रांयें होंगी। सहोदरों का सहयोग रहेगा। दाम्पतय जीवन का सुख रहेगा। प्रेम सम्बन्धों में सफलता मिलेगी। मास के अन्त में प्रत्येक कार्य में रुकावट तथा बाधाऐं बनती दिखाई पड़ेगी। कैश लो बिगड़ेगा। लोन रिपेमेन्ट में कठिनाई रहेगी। धारदार वस्तु से चोट लगेगी। स्थान परिवर्तन होगा। शुभ दिन : 05, 08, 10, 21, 25 अशुभ दिन :03, 13, 15, 17, 19, 23, 28, 30

धनु राशि : प्रतिष्ठा का लाभ मिलेगा। मिथ्या अपवादों से छुटकारा मिलेगा। अकारण भय का निवारण होगा। विरोधी परास्त होंगे। प्रयत्नों में बुद्धि चातुर्य से सफलता मिलेगी। मानसिक शांति मिलेगी। आय के नये साधन बनेंगे। धन लाभ होगा। स्वास्थय सुधरेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। किसी प्रियजन से सम्पक्र होगा। सन्तान सुख रहेगा। योग्य व्यक्तियों को सन्तान लाभ होगा। मन प्रसन्न रहेगा। मास के अन्त में शरीर में निर्बलता आयेगी। नेत्र तथा उदर रोगों से पीड़ा होगी। महिलाओं के कारण कलह एवं कष्ट की स्थिति बनेगी। जीवन साथी से मनोमालिन्य रहेगा। अपव्यय होगा। सन्तान से वैचारिक मतभेद रहेगा। शुभ दिन : 05, 08, 13, 15, 19, 21, 23, 25, 28 अशुभ दिन : 03, 10, 17, 30

मकर राशि : विवाद समाप्त होंगे। भय तथा अपमान की स्थिति समाप्त होगी। बीमारियों से छुटकारा मिलेगा। शासन -प्रशासन का सहयोग मिलेगा। राजकीय पुरुस्कार मिलेगा। दाम्पत्य जीवन का सुख रहेगा। व्यय पर नियन्त्रण बनेगा। तीसरे सप्ताह से शरीर निस्तेज रहेगा शिथिलता बढ़ेगी। भोगोपभोग की वस्तुओं से हानि होगी। यात्रांओं तथा व्यवसाय से अपेक्षित लाभ नहीं होगा। भाईयों तथा मित्रों से मनमुटाव तथा वैचारिक मतभेद रहेंगे। प्रशासकीय प्रताड़ना मिलेगी। यात्राये निरस्त होंगी। बहुमूल्य धातुओं की हानि होगी। उत्सव निरस्त होंगे। कोर्ट कचहरी के मामलो में विपरीत परिणाम मिलेंगे। कार्यों में असफलता से मन खिन्न रहेगा। मान-प्रतिष्ठा तथा प्रभाव में कमी आयेगी। शुभ दिन : 05, 10, 13, 19, 21 अशुभ दिन :03, 08, 15, 17, 23, 25, 28, 30

कुंभ राशि : व्यवसायिक बाधांओं का सामना करना पड़ेगा। थकादेने वाली यात्रांओं से कष्ट रहेगा। कार्यों में असफलता, धन तथा मान हानि के कारण मन में क्लेश रहेगा। सन्तान रोग पीड़ित होगी। अध्ययन-अध्यापन से अरुचि रहेगी। चतुर्थ सप्ताह से कष्ट मुक्त होंगे। शरीर स्वस्थ रहेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। वैभवी वस्तुयें क्रय करेंगे। विधि सम्मत कार्यों में समय देंगे। परिवार से सुख तथा सहयोग मिलेगा। अनुचित इच्छाओं तथा आंकाक्षाओं तथा विचारों से छुटकारा मिलेगा। सामाजिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। सन्तान की प्रगति की प्रसन्नता रहेगी। विग्रह तथा झंझट समाप्त होंगे। मानसिक शांति मिलेगी। शिक्षा में रुचि रहेगी। शुभ दिन : 03, 08, 10, 19, 21, 23 अशुभ दिन :05, 13, 15, 17, 25, 28, 30

मीन राशि : विरोधियों पर प्रभावी नियन्त्रण से स्थिति में सुधार होगा। प्रशासनिक सहयोग प्राप्त होगा। मान, पद प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्यों में सफलता मिलेगी। सुख समृद्धि बढ़ेगी। धन-धान्य का लाभ होगा। आरोग्य उत्तम रहेगा। मानसिक शांति बनेगी। तीसरे सप्ताह में आक्समिक रुप से किसी झगड़े झंझट में फंसेंगे। किसी प्रिय वस्तु की हानि होगी। जीवन साथी तथा सतांन से मतभेद होगा। योजनाओं के अनुरूप कार्यों में सफलता नहीं मिलेगी। प्रेम प्रकरण तथा वार्ताओं में असफलता मिलेगी। घर परिवार से अलग रहने की स्थिति बनेगी। चतुर्थ सप्ताह में पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। स्थान परिवर्तन स्थगित होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि अनुभव करेंगे। रोगों से छुटकारा मिलेगा। परन्तु स्थाई सम्पत्ति सम्बन्धी समस्यायें बनी रहेगी। शुभ दिन : 08, 13, 21, 25, 28 अशुभ दिन :03, 05, 10, 15, 17, 19, 23, 30

सितम्बर 2024

मेष राशि : दूसरे सप्ताह तक मानसिक तथा शारीरिक रुप से स्वस्थ रहेंगे। उर्जान्वित रहेंगे। झगड़े झंझटों से बचाव होगा।घर परिवार का सुख मिलेगा। योजनाओं के अनुरुप कार्य सफल होंगे। प्रेम प्रकरण तथा वार्ताओं में प्रगति होगी। इसके बाद से कड़ा परिश्रम होगा। प्रशासनिक अड़चने बढ़ेगी। विरोधी प्रभावी रहेंगे। स्थिति नियन्त्रण से बाहर होगी। मान, पद प्रतिष्ठा की हानि के भय से मानसिक शांति भंग होगी। मन खिन्न रहेगा।

आर्थिक कठिनाईयां बढ़ेगी। किसी प्रिय वस्तु की हानि होगी। अध्ययन-अध्यापन से अरुचि रहेगी। सामाजिक मान-सम्मान में कमी आयेगी। रोग पीड़ित होंगे। शुभ दिन : 06, 09, 11, 14, 18, 20, 22, 26 अशुभ दिन : 01, 04, 16, 24, 29

वृष राशि : आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। विभिन्न माध्यमों से लाभ मिलेगा। धनागम बढ़ेगा। भूमि -भवन के कार्यों में सफलता मिलेगी। स्थाई सम्पत्ति बढ़ेगी। उच्च पदस्थ व्यक्ति से मित्रता होगी। पारिवारिक जीवन का सुख मिलेगा। तीसरे सप्ताह से अपव्यय होगा। मन व्यग्र रहेगा। भ्रम की स्थिति बनेगी। शारीरिक तथा मानसिक शक्ति का ह्रास होगा। हितेषियों से असुविधा होगा। स्वास्थ विपरीत रुप से प्रभावित होगा। विरोधी पक्ष प्रबल रहेगा। प्रशासनिक अधिकारियों से विवाद होगा।यात्रांओं में दुर्घटना की आशंका रहेगी। मास के चतुर्थ सप्ताह से विरोध समाप्त होगा। अपनी शर्तों पर समझोता करेंगे। विभिन्न मार्गों से लाभ मिलेगा। वैचारिक साम्यता रहेगी। सन्तान के कार्यों से प्रसन्नता होगी। दाम्पत्य जीवन का सुख रहेगा। अनचाही विपत्ति से छुटकारा मिलेगा। दुर्घटनाओं से बचाव होगा। योजनाओं के अनुरुप कार्यों में सफलता मिलेगी। प्रेम प्रकरण तथा वार्ताओं में प्रगति होगी। शुभ दिन : 04, 09, 11, 18, 20, 24, 29 अशुभ दिन : 01, 06, 14, 16, 22, 26

मिथुन राशि : तीसरे सप्ताह के अन्त तक परिश्रम तथा साहस में कमी रहेगी। आय के साधन कम होंगे। अपव्यय अधिक रहेगा। विरोधियों से त्रस्त रहेंगे। सुख शांति का अभाव रहेगा। समय कुसमय का खानपान होगा। व्यसनों से लगाव बढ़ेगा।यात्रांओं में असुविधा होगी। भू-सम्पत्ति के मामलो में सहयोगियों के कारण अवरोध बनेंगे। चतुर्थ स्पताह से विघ्न बाधांओं का व्यवहारिक समाधान प्राप्त होगा। कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी व्यक्ति के प्रति मन में आकर्षण रहेगा। उपहार अथवा प्रिय वस्तु प्राप्त होगी। वात् रोगों से राहत रहेगी। भूमि -भवन के कार्यों में सफलता मिलेगी। स्थाई सम्पत्ति अर्जित होगी। विद्वत्जनों से मित्रता होगी। पारिवारिक जीवन का सुख रहेगा। शुभ दिन : 01, 06, 09, 11, 20, 22, 29 अशुभ दिन :04, 14, 16, 18, 24, 26

कर्क राशि : सुखोपभोग की वस्तुओं का संग्रह होगा। प्रतिष्ठित एवं सम्मानित व्यक्तियों का सानिध्य प्राप्त होगा। वाकचातुर्य से लाभ मिलेगा। विद्या में प्रगति होगी। तीसरे सप्ताह में इच्छित कार्य पूर्ण होंगे। आर्थिक लाभ मिलेगा। सुख, वैभव मिलेगा। स्वभाव में जिद् तथा अहम बढ़ेगा। अपने मनमाने व्यवहार से कार्यों की हानि करेंगे। उच्चाधिकारियों से मतभेद बनेंगे। किसी नये स्थान पर कार्यभार सभांलने का अवसर हाथ से निकलेगा। चतुर्थ सप्ताह में परिश्रम तथा साहस में कमी रहेगी। विरोधियों से होंगे। पारिवारिक कलह बढ़ेगी। शुभ दिन : 01, 11, 16, 20, 22, 26 अशुभ दिन :04, 06, 09, 14, 18, 24, 29

सिंह राशि : अपव्यय से बचेंगे। आर्थिक उन्नति होगी। बन्धन मुक्त रहेंगे। मतभेद समाप्त होंगे। विवादों से छुटकारा मिलेगा। सम्बन्धों में सुधार होगा। बातचीत सौम्यता आयेगी। सम्मान बढ़ेगा। तीसरे सप्ताह के प्रारम्भ में धन हानि के प्रति सावधान रहे। प्रिय एवं निकटस्थ व्यक्तियों से धोखा मिलने का योग है। इसके बाद मास के अन्त तक प्रतिष्ठित एवं सम्मानित व्यक्तियों का सानिध्य प्राप्त होगा। वाकचातुर्य से लाभ मिलेगा। विद्या में प्रगति होगी। बहुमूल्य वस्तुये प्राप्त होगी। सुखोपभोग की वस्तुओं का संग्रह होगा। शुभ दिन : 01, 04, 11, 14, 18, 22, 24, 26, 29 अशुभ दिन : 06, 09, 16, 20

कन्या राशि : कार्यों में प्रगति होगी। सफलता के पश्चात् पदोन्नति का योग बनेगा। विरोध समाप्त प्राय: रहेगा। स्वास्थय में सुधार होगा। शिक्षा तथा शैक्षणिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। यात्रांओं से लाभ होगा। स्वभाव में विनम्रता रहेगी। योग्य व्यक्तियों को सन्तान प्राप्ति का योग रहेगा। प्रशासकीय लाभ मिलेगा। स्वास्थय उत्तम रहेगा। अपव्यय से बचेंगे। बहुमूल्य उपहार मिलेगा। शुभ दिन : 01, 04, 09, 11, 14, 16, 18, 20, 22, 29 अशुभ दिन : 06, 24, 26

तुला राशि : नौकरीपेशा वर्ग में टर्मिनेशन सस्पेन्शन तथा स्व रोजगार कर रहे व्यक्तियों को रोजगार हानि का सामना करना पड़ेगा। पद हानि होगी। स्थान परिवर्तन होगा। सुदूर स्थान की यात्रा होगी। पारिवारिक सुख में कमी रहेगी। स्वास्थय निर्बल रहेगा। नियम विरुद्ध कार्यों में प्रवृति रहेगी। सन्तान प्राप्ति में विलम्ब रहेगा। अविवाहितों के विवाह में विलम्ब रहेगा। सौन्दर्य प्रसाधनों के व्यापारी हानि उठायेंगे। भोजन में अरुचि रहेगी। वाद विवादों से कार्यों में अवरोध आयेगे, हानि होगी। अपमानजनक स्थितियों का सामना करना पड़ेगा। स्वास्थय में गिरावट आयेगी। शिक्षा तथा अध्ययन में व्यवधान होगा। शुभ दिन : 14, 24 अशुभ दिन :01, 04, 06, 09, 11, 16, 18, 20, 22, 26, 29

वृश्चिक राशि : व्यर्थ वाक्चातुर्य से पद प्रतिष्ठा की हानि होगी। विरोधियों को अवसर मिलेगा। व्यवसायिक रुप से असफल रहेंगे। सामाजिक कार्यों से बचने का प्रयास रहेगा। मिथ्या अपवादों छुटकारा मिलेगा। तीसरे सप्ताह से व्यवहार कुशलता बढ़ेगी। कार्यों में प्रगति होगी। वरिष्ठो का अनुग्रह रहेगा। प्रशासकीय सहयोग मिलेगा। प्रतिष्ठा मिलेगी महत्वपूर्ण वस्तु प्राप्त होगी। आध्यात्मिक अथवा मांगलिक उत्सव सम्पन्न होगा। रोगों से छुटकारा मिलेगा। नया अनुबंध मिलने अथवा नया प्रोजेक्ट शुरु होने में अंवाछित देरी होगी। आर्थिक लाभ में विलम्ब रहेगा। सफेद वस्तुओं के व्यापारी लाभ में रहेंगे। सन्तान सुख रहेगा। शुभ कार्यों में प्रवृति रहेगी। शुभ दिन : 01, 04, 06, 29 अशुभ दिन : 09, 11, 14, 16, 18, 20, 22, 24, 26

धनु राशि : कार्यों के अवरोध समाप्त होंगे। मिथ्या अपवाद की स्थिति समाप्त होगी। यात्रांओं से लाभ होगा। प्रतिष्ठितकार्य के सफलता पूर्वक सम्पन्न होगा। पदोन्नति होगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। पारिवारिक सुख समृद्धि रहेगी। सहोदरों का सहयोग रहेगा। प्रतिष्ठा मिलेगी। स्वास्थय उत्तम रहेगा। महिलाओं के माध्यम से लाभ प्राप्त होगा। प्रेम सम्बन्धों में सफलता मिलेगी। दाम्पत्य जीवन का सुख रहेगा। सामाजिक कार्यों में समय देगे। किसी के दुर्व्यवहार से कष्ट होगा। मन अशान्त रहेगा। शुभ दिन : 01, 04, 09, 11, 16, 18, 20, 22, 24, 29 अशुभ दिन : 06, 14, 26

मकर राशि : कार्यों में असफलता से विरोधी मुखर होंगे। मन खिन्न तथा अशांत रहेगा। आर्थिक तथा सामाजिक स्थिति खराब होगी। बुद्धि चातुर्य काम नहीं करेगा। सन्तान सुख में कमी रहेगी। भोजन से अरुचि रहेगी। तीसरे सप्ताह में प्रतिष्ठा का लाभ मिलेगा। मिथ्या अपवादों से छुटकारा मिलेगा। आय बढ़ेगी। स्वास्थय सुधरेगा। सफलता मिलने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। किसी प्रियजन से सम्पक्र होगा। चतुर्थ सप्ताह में शरीर में निर्बलता आयेगी। महिलाओं के कारण कलह एवं कष्ट की स्थिति बनेगी। यात्रांओं में असुविधा तथा हानि होगी। शुभ दिन : 01, 04, 06, 16, 18, 20, 26, 29 अशुभ दिन : 09, 11, 14, 22, 24

कुंभ राशि : धन हानि होगी। दाम्पत्य जीवन में विवाद होंगे। शरीर निस्तेज रहेगा शिथिलता बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति कठिन रहेगी। विरोधी स्वर बुलंद होंगे। यात्रांओं तथा व्यवसाय से अपेक्षित लाभ नहीं होगा। प्रशासनिक भय रहेगा। राजकीय दंड़ का भुगतान करना होगा। किसी बहुमूल्य वस्तु की हानि होगी। कफजन्य बीमारियों से पीड़ित होंगे। यात्राये निरस्त होंगी। सन्तान योग में विलम्ब रहेगा। आर्थिक तथा सामाजिक स्थिति खराब होगी। बुद्धि चातुर्य काम नहीं करेगा। भोजन में अरुचि रहेगी। शुभ दिन : 01, 04, 11, 18, 20 अशुभ दिन : 06, 09, 14, 16, 22, 24, 26, 29

मीन राशि : कार्यों में सफलता मिलेगी। मतभेदों का सम्मानजनक समाधान मिलेगा। कला क्षेत्र में ख्याति मिलेगी। व्यवसायिक उन्नति होगी। प्रशासनिक लाभ मिलेगा। संचित धन की स्थिति संतोषजनक होगी। विवादों का अन्त होगा। जीवन साथी से सम्बन्धों में प्रगाढ़ता आयेगी। सन्तान सुख मिलेगा। मास के मध्य में सुखोपभोग तथा विलासिता की का अभाव रहेगा। आर्थिक कठिनाई आयेगी। अन्त में अपेक्षित सहयोग मिलेगा। सभी प्रकार से शुभ फल होंगे। स्वास्थय में सुधार होगा। मन तथा शरीर उर्जान्वित रहेंगे। लम्बी यात्रांओं में लाभ मिलेगा। अध्ययन-अध्यापन में रुचि रहेगी। शुभ दिन : 01, 04, 09, 18, 22, 29 अशुभ दिन : 06, 11, 14, 16, 20, 24, 26

अक्तूबर 2024

मेष राशि : संचित धन की स्थिति संतोषजनक होगी। प्रशासनिक लाभ मिलेगा। प्रत्येक कार्य में अपेक्षित सहयोग मिलेगा। स्वास्थय में सुधार होगा। यात्रांओं तथा व्यवसाय से लाभ होगा। मन तथा शरीर उर्जान्वित रहेंगे। अवरोधों का समाधान होने से मन प्रसन्न रहेगा। तीसरे सप्ताह में सुखोपभोग तथा विलासिता में कमी रहेगी। सन्तान रोग पीड़ित होगी। व्यवसायिक बाधांओं का सामना करना पड़ेगा।यात्रांओं से कष्ट रहेगा। शिक्षा में व्यवधान आयेंगे। तीसरे सप्ताह से स्थाई सम्पत्ति सम्बन्धी समस्यायें बनेगी। स्थान परिवर्तन स्थगित होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि अनुभव करेंगे। रोगों से छुटकारा मिलेगा। मास के अन्त में भ्रम की स्थिति बनेगी। भोजन में अरुचि रहेगी। शुभ दिन : 01, 04, 06, 09, 11, 17, 19, 24, 28 अशुभ दिन : 13, 15, 21, 26, 31

वृष राशि : शिक्षा तथा पढ़ने में अरुचि रहेगी। कार्यों में असफलता से मन खिन्न रहेगा। आर्थिक अवनति होगी। सामाजिक मान-सम्मान में कमी आयेगी। विरोधी स्वर मुखर होंगे। आर्थिक कठिनाईयां बढेगी। कड़ा परिश्रम करना पड़ेगा। आजीविका परिश्रम से प्राप्त होगी। जीवन साथी के रोगग्रस्त होने की सम्भावना रहेगी। स्वयं भी जननेन्द्रिय सम्बन्धी रोग से पीड़ित होंगे। महिलाओं के कारण हानि, शोक तथा अपमान की स्थिति बनेगी। स्थिति नियन्त्रण से बाहर होगी। प्रशासनिक अड़चने बढ़ेगी। तीसरे सप्ताह से प्रत्येक कार्य में सफलता मिलने से मन में उत्साह रहेगा। परिश्रम का फल मिलेगा। प्रशासन तथा प्रशासनिक कर्मियों से सहायता मिलेगी। ताक्रिक क्षमता का लाभ मिलेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। किसी बहुमूल्य धातु की प्राप्ति होगी। धातुओं के व्यापार से लाभ होगा। मास के अन्त में धन हानि होगी। आर्थिक स्थिति कठिन रहेगी। दाम्पत्य जीवन में विवाद होंगे। शरीर में शिथिलता आयेगी। यात्रांओं तथा व्यवसाय से अपेक्षित लाभ नहीं होगा। मन चिंताग्रस्त रहेगा। शुभ दिन : 01, 06, 09, 11, 15, 17, 19, 26, 28 अशुभ दिन :04, 13, 21, 24, 31

मिथुन राशि : आक्समिक रुप से किसी झगड़े झंझट में फंसेंगे। घर परिवार से अलग रहना पड़ेगा। गर्मी के कारण शरीर शिथिल रहेगा। योजनाओं के अनुरुप कार्यों में सफलता नहीं मिलेगी। प्रेम प्रकरण तथा वार्ताओं में असफल रहेंगे। दूसरे सप्ताह से विरोध समाप्त होगा। विभिन्न मार्गों से लाभ मिलेगा। वाद विवाद में सफलता मिलेगी। अपनी शर्तो पर समझोता करेंगे। अनचाही विपत्ति से छुटकारा मिलेगा। यात्रांओं में दुर्घटनाओं से बचाव होगा। तीसरे सप्ताह से व्यय पर नियन्त्रण बनेगा। मानसिक शक्ति में दृढ़ता परीलक्षित होगी। आत्मविश्वास से व्यक्तित्व में प्रखरता आयेगी। यात्रांओं में दुर्घटना से बचाव होगा। चतुर्थ सप्ताह से परिश्रम के अनुरुप परिणाम प्राप्त नहीं होगा। वाणी में कठोरता आयेगी। अग्निकांड़ से धन सम्पत्ति की हानि होगी। पाचन तंत्र

बिगड़ेगा। अध्ययन-अध्यापन से अरुचि रहेगी। शुभ दिन : 04, 09, 13, 24, 26, 28, 31 अशुभ दिन : 01, 06, 11, 15, 17, 19, 21

कर्क राशि : आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। भूमि -भवन के कार्यों में सफलता मिलेगीतथा स्थाई सम्पत्ति की वृद्धि होगी। उच्च पदस्थ व्यक्तियों का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक सुख रहेगा। सन्तान के दायित्वों की पूर्ति होगी। योग्य व्यक्तियों का सन्तान प्राप्ति का योग रहेगा। अधिकार क्षेत्र बढ़ेगा। विरोधी परास्त होंगे। मान-सम्मान तथा प्रतिष्ठा का लाभ मिलेगा। विलास की वस्तुओं में रुचि होगी।प्रेमी युगलो में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। विभागीय परीक्षाओं में सफलता मिलेगी। समय कुसमय का खानपान होगा। यात्रांओं में असुविधा होगी। भू-सम्पत्ति के मामलो में अवरोध आयेगे। शल्य क्रिया का भय बनेगा। असामाजिक तत्वों से पीड़ा रहेगी। कार्यों में असफलता का सामना करना पड़ेगा। यात्रांओं में कष्ट होगा। विभिन्न उपद्रवों से मन खिन्न रहेगा। मास के अन्त में मानसिक तथा शारीरिक रुप से स्वस्थ रहेंगे। योजनाओं के अनुरुप कार्यों में सफताल मिलेगी। प्रेम प्रकरण तथा वार्ताओं में प्रगति होगी। शुभ दिन : 09, 17, 19 अशुभ : 01, 04, 06, 11, 13, 15, 21, 24, 26, 28, 31

सिंह राशि : परिश्रम तथा साहस में कमी रहेगी। आय के साधन कम होंगे तथा अपव्यय अधिक रहेगा। पारिवारिक कलह बढ़ेगी। मन भयग्रस्त रहेगा। दूसरे सप्ताह से मनोकामनायें पूर्ण होगी। वैभव तथा ऐश्वर्य बढ़ेगा। सफलता साथ देगी। स्वभाव में जिद् तथा अहम आयेगा। मनमाने व्यवहार से हानि होगी। जीवन साथी का सहयोग प्राप्त होगा। सामान्य जनों से सम्पक्र तथा प्रेम बढ़ेगा। मित्रों तथा परिवारजनों का सहयोग मिलेगा। तीसरे सप्ताह से स्वास्थ्य खराब होगा। उच्चाधिकारियों से मतभेद बनेंगे। अपने व्यवहार से कार्यों की हानि करेंगे। किसी नये स्थान पर कार्यभार सभांलने का अवसर हाथ से निकलेगा। सन्तान के कारण आर्थिक हानि होगी। चतुर्थ सप्ताह से व्यय पर नियन्त्रण बनेगा। रोग मुक्त रहेंगे। स्थाई सम्पत्ति मिलेगी। विद्वत्जनों से मित्रता होगी। पारिवारिक जीवन का सुख रहेगा। शुभ दिन : 01, 09, 11, 15, 21, 24, 26, 28, 31 अशुभ दिन :04, 06, 13, 17, 19

कन्या राशि : आर्थिक हानि का योग रहेगा। किसी बहुमूल्य वस्तु के खोने का कष्ट होगा। मन चिंतित रहेगा। सुखोपभोग में कमी आयेगी। सम्मानित व्यक्तियों से मतभेद होंगे। अत्याधिक वाचालता तथा वाकचातुर्य से हानि होगी। विद्या प्राप्ति तथा शिक्षा की धीमी प्रगति से अंसतोष होगा। तीसरे सप्ताह से परिश्रम अधिक होगा। आय होने के उपरान्त भी आर्थिक कठिनाई अनुभव करेंगे। रोजी रोजगार तथा कार्यालय में उलझने रहेगी। व्यवसायिक हानि होगी। मित्रों के माध्यम से विरोध समाप्त होगा। भाग्योदय होगा। दुष्ट व्यक्तियों से दूरी बनेगी। चतुर्थ सप्ताह से भूमिभवन के कार्यों में हानि होगी। धनागमन प्रभावित होगा। स्वास्थय निर्बल रहेगा। चले आ रहे मुकद्दमों में विपरीत परिणाम होंगे। मास के अन्त में परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी। व्यय पर नियन्त्रण रहेगा। शुभ दिन : 01, 04, 06, 09, 11, 13, 15, 17, 19, 28, 31 अशुभ दिन : 21, 24, 26

तुला राशि : चुगलखोरों से सावधान रहे। स्वयं भी बैक बाईटिंग से दूर रहे। अपव्यय रहेगा। धन हानि तथा बन्धन का भय रहेगा। सम्बन्धों में हानि होगी। झगड़े झंझट बढ़ेंगे। सन्तान प्राप्ति में विलम्ब होगा। आय में कमी रहेगी। प्रशासकीय कारणों से हानि होगी। शिक्षा तथा अध्यययन से मन हटेगा। बहुमूल्य वस्तु की हानि होगी। विरोधी मुखर रहेंगे। तीसरे सप्ताह से स्वास्थय में सुधार होगा। हृदय रोग की सम्भावना समाप्त होगी। पारिवारिक उलझने दूर होगी। सप्ताह के अन्त में कार्यस्थल पर कठिन परिस्थितियों का सामना पड़ेगा। विदेश अथवा सुदूर स्थान की यात्रा होगी। कार्यों में असफलता से मन खिन्न रहेगा। अत्याधिक वाचालता तथा वाकचातुर्य से हानि होगी। विद्या प्राप्ति तथा शिक्षा में धीमी प्रगति से अंसतोष होगा। शुभ दिन : 09, 11, 21, 28 अशुभ: 01, 04, 06, 13, 15, 17, 19, 24, 26, 31

वृश्चिक राशि : व्यर्थ के वाद विवादों में फंसेंगे। विरोधी प्रबल होंगे। सम्बन्धियों से अनबन होगी। अपमानजनक स्थितियों का सामना करना पड़ेगा। स्वास्थय गिरेगा। अविवाहितों के विवाह में विलम्ब रहेगा। सन्तान सुख में बाधा आयेगी। शिक्षा तथा अध्ययन में व्यवधान होगा। आमोद प्रमोद में कमी रहेगी। व्यवसाय में अवनति होगी। तरल पदार्थो के कारोबार में हानि होगी। रोजगार हानि से स्थान परिवर्तन होगा। सुदूर स्थान की यात्रा होगी। चतुर्थ सप्ताह से कार्यस्थल अथवा कार्यभार में स्थायीत्व रहेगा। कार्य सुचारु रुप से सम्पन्न होंगे। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। मास के अन्त में बन्धन भय रहेगा। अपव्यय होगा। शुभ दिन : 01, 28 अशुभ दिन : 04, 06, 09, 11, 13, 15, 17, 19, 21, 24, 26, 31

धनु राशि : नियम विरुद्ध कार्यों में प्रवृति रहेगी।यश -प्रतिष्ठा की हानि होगी। मतभेद होंगे। विवाद बढ़ेंगे। सन्तान प्राप्ति में विलम्ब रहेगा। तीसरे सप्ताह से कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण वस्तु प्राप्त होगी। भय समाप्त होगा। नया अनुबंध मिलने अथवा नया प्रोजेक्ट शुरु होने में अंवाछित देरी होगी। आर्थिक लाभ में विलम्ब रहेगा। मास के अन्त में वरिष्ठो का अनुग्रह प्राप्त होगा। प्रशासकीय सहयोग मिलेगा। रोगों से छुटकारा मिलेगा। व्यर्थ के वाद विवाद समाप्त होंगे। पदोन्नति का योग बनेगा। शिक्षा तथा शैक्षणिक कार्यों में सफलता मिलेगी। शुभ दिन : 01, 06, 09, 13, 15, 17, 19, 26, 28 अशुभ दिन : 04, 11, 21, 24, 31

मकर राशि : प्रतिष्ठितकार्य सफलता पूर्वक सम्पन्न होगा। व्यवहार कुशलता बढ़ेगी। मिथ्या अपवादों छुटकारा मिलेगा। परन्तु अत्याधिक वाक्चातुर्य से हानि होगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। प्रेम सम्बन्धों में सफलता मिलेगी। मित्रों तथा सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। स्वास्थय सुख रहेगा। चतुर्थ सप्ताह से सुखोपभोग में कमी आयेगी। जीवनसाथी का स्वास्थय खराब होगा। पारिवारिक सुख शांति का वातावरण भंग होगा। सन्तान प्राप्ति में विलम्ब रहेगा।धन हानि होगी। नियम विरुद्ध कार्यों की प्रवृति बनेगी। शुभ दिन : 01, 04, 09, 13, 17, 19, 24, 26, 31 अशुभ दिन : 06, 11, 15, 21, 28

कुंभ राशि : मतभेद समाप्त होंगे। विघ्न बाधांओं का समाधन होगा। विरोधियों से छुटकारा मिलेगा। लाभकारी यात्रायें होंगी। सहकर्मियों का सहयोग रहेगा। आर्थिक लाभ मिलेगा। तीसरे सप्ताह में मन अज्ञात कारणों से भयग्रस्त रहेगा। आत्मविश्वास गिरेगा। किसी प्रियजन से अलग रहना होगा। बहुमूल्य धातुओं की हानि होगी। कोर्ट कचहरी के मामलो में विपरीत परिणाम मिलेंगे। मास के अन्त में वाक्चातुर्य उत्तम रहेगा। व्यवसायिक सफलता मिलेगी। सामाजिक कार्यों में समय देगे। शुभ दिन : 01, 09, 15, 17, 19, 21, 24, 28, 31 अशुभ दिन : 04, 06, 11, 13, 26

मीन राशि : सन्तान सुख में कमी रहेगी। सन्तान योग में विलम्ब होगा। आय सीमित रहेगी। बहुमूल्य वस्तु की हानि होगी। शासकीय प्रताड़ना मिलेगी। बुद्धि चातुर्य काम नहीं करेगा। यात्राये निरस्त होंगी। भोजन से अरुचि रहेगी। तीसरे सप्ताह से स्थिति में परिवर्तन होगा। व्यय पर नियन्त्रण रहेगा। कार्यों के शुभ परिणाम मिलेगे। विवाद समाप्त होंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। शरीर स्वस्थ रहेगा। सन्तान के दायित्वों की पूर्ति होगी। मास के अन्त में मिथ्या अपवाद का भय रहेगा। यात्रांओं में असुविधा तथा हानि होगी। शुभ दिन : 04, 11, 15 अशुभ दिन : 01, 06, 09, 13, 17, 19, 21, 24, 26, 28, 31

नवम्बर 2024

मेष राशि : शासन-प्रशासन से भय की स्थिति बनेगी। राजकीय दंड का भुगतान करना होगा। आंकाक्षा पूर्ति में व्यवधान रहेगा। स्वास्थय बिगड़ेगा। भोगोपभोग की वस्तुओं से हानि होगी। भाईयों तथा मित्रों से विरोध होगा। यात्रांये निरस्त होंगी। विरोधियों से झगड़ा होगा तथा कष्ट रहेगा। कफजन्य बीमारियों से पीड़ित होंगे। दाम्पत्य जीवन में बाधा आयेगी। भय तथा अपमान की स्थिति बनेगी। व्यय बढ़ेगा। शुभ दिन : 02, 05, 07, 14, 16, 20, 25, 30 अशुभ दिन : 09, 12, 18, 27

वृष राशि : सुखोपभोग तथा विलासिता की सामग्री में वृद्धि होगी। व्यवसायिक उन्नति होगी। परिवार से आर्थिक सुख सहयोग मिलेगा। आर्थिक उन्नति होगी। कष्ट मुक्त होंगे। मतभेद समाप्त होंगे। वाद- विवादों का अन्त होगा। सम्बन्धों में प्रगाढ़ता आयेगी। कार्यों में सफलता का सुख रहेगा। लम्बी यात्रांओं में लाभ मिलेगा। शिक्षा में रुचि रहेगी। सन्तान सुख मिलेगा। रोगों से छुटकारा मिलेगा। धन तथा मान सम्मान की वृद्धि होगी। शुभ दिन : 02, 07, 14, 25 अशुभ दिन :05, 09, 12, 16, 18, 20, 27, 30

मिथुन राशि : जीवनयापन के लिये कड़ा परिश्रम करना पड़ेगा। आर्थिक कठिनाईयां बनी रहेगी। आजीविका परिश्रम से प्राप्त होगी। विवाद होंगे, अपमान जनक स्थिति बनेगी। जीवन साथी के रोगग्रस्त होने की सम्भावना रहेगी। किसी प्रिय वस्तु की हानि होगी। महिलाओं से व्यवहार में सावधानी अपेक्षित रहेगी। तीसरे सप्ताह से कार्यों में सफलता मिलेगी। सुख समृद्धि में बढ़ेगी। धन-धान्य का लाभ होगा। प्रशासनिक सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों पर प्रभावी नियन्त्रण से स्थिति में सुधार होगा। पदोन्नति होगी। मानसिक शांति मिलेगी। आरोग्य उत्तम रहेगा। शुभ दिन : 05, 07, 12, 14, 16, 18, 20, 25, 27, 30 अशुभ दिन : 02, 09

कर्क राशि : विरोध समाप्त होगा। वाद विवाद में सफलता मिलेगी। अपनी शर्तों पर समझोता करेंगे। सन्तान के कार्यों से प्रसन्नता होगी। अन्जानी विपत्ति से छुटकारा मिलेगा। दुर्घटनाओं से बचाव होगा। वैचारिक साम्यता बढ़ेगी। तीसरे सप्ताह से भ्रम की स्थिति उत्पन्न होगी।शारीरिक तथा मानसिक शक्ति का ह्रास होगा। अपव्यय होगा। स्वास्थय विपरीत रुप से प्रभावित होगा। अधिकारियों से मतभेद होगा। यात्रांओं में दुर्घटना का भय बनेगा। मन किसी के प्रति आसक्त रहेगा। शुभ दिन : 12, 27, 30 अशुभ दिन :02, 05, 07, 09, 14, 16, 18, 20, 25

सिंह राशि : अधिकार क्षेत्र बढ़ेगा। सन्तान के दायित्वों की पूर्ति होगी। योग्य व्यक्तियों को सन्तान प्राप्ति का योग रहेगा। आर्थिक स्थिति सबल रहेगी। प्रतिष्ठा का लाभ मिलेगा। विरोधी परास्त होंगे। वैभवी वस्तुओं में रुचि होगी। विभागीय परीक्षाओं में सफलता मिलेगी। प्रेमी युगलो में प्रगाढ़ता आयेगी। तीसरे सप्ताह से सुख शांति का अभाव रहेगा। समय कुसमय का खानपान होगा। यात्रांओं में असुविधा होगी। व्यसनों से लगाव रहेगा। भू-सम्पत्ति के मामलो में अवरोध आयेंगे। जीवन साथी से मतभेद होंगे। शरीर में निर्बलता आयेगी। शुभ दिन : 05, 12, 16, 18, 20, 25, 27 अशुभ दिन :02, 07, 09, 14, 30

कन्या राशि : आर्थिक स्थिति तनावपूर्ण रहेगी। स्वभाव की नम्रता से सफलता मिलेगी। सामान्य जनों से दूरी बढ़ेगी। मित्रों तथा परिवारजनों का असहयोग रहेगा। तीसरे सप्ताह से स्वास्थ्य खराब होगा। उच्चाधिकारियों से मतभेद बनेंगे। मित्रों के मान, सम्मान की हानि होगी। सन्तान सुख में बाधा रहेगी। आर्थिक हानि होगी। किसी नये स्थान पर कार्यभार सभांलने का अवसर हाथ से निकलेगा। सम्बन्धों के प्रति सचेत रहे। शुभ दिन : 05, 09, 12, 14, 16, 25 अशुभ दिन :02, 07, 18, 20, 27, 30

तुला राशि : परिश्रम तथा साहस में वृद्धि होगी। रोजी रोजगार तथा कार्यालय में उलझने रहेगी। व्यवसायिक हानि होगी। धन प्राप्ति के उपरान्त भी आर्थिक कठिनाई अनुभव करेंगे। शासकीय सहायता मिलने के बाद भाग्योदय का सुख मिलेगा। तीसरे सप्ताह से निम्न स्तरीय व्यक्तियों से दूरी बनेगी। नेत्र पीड़ा दूर होगी। मानसिक शांति मिलेगी। निकटस्थ व्यक्तियों से सहयोग मिलेगा। स्वभाव में नम्रता रहेगी। आधीनस्थो का सहयोग रहेगा। मान- सम्मान बढ़ेगा। विरोधी परास्त होंगे। धार्मिक कार्यों में रुचि रहेगी। शुभ दिन : 02, 05, 07, 09, 18, 20, 25, 30 अशुभ दिन :12, 14, 16, 27

वृश्चिक राशि : प्रशासकीय लाभ मिलेगा। आय बढ़ेगी। आर्थिक लाभ होगा। सफलता मिलने का सुख रहेगा। मान सम्मान बढ़ेगा। कला क्षेत्र, शिक्षा तथा अध्ययन में रुचि रहेगी। स्वास्थय उत्तम रहेगा। बहुमूल्य वस्तुयें प्राप्त करेंगे। विरोध समाप्त होगा। मानसिक व्यथा समाप्त होगी। हृदय रोग की सम्भावना समाप्त होगी। पारिवारिक उलझने दूर होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। यात्रांओं से लाभ होगा। शुभ दिन : 16, 18, 25 अशुभ दिन :02, 05, 07, 09, 12, 14, 20, 27, 30

धनु राशि : विरोधी प्रभावी रहेंगे। सुख एवं धन की हानि होगी। मन भोग विलास की से हटेगा। वैभवी साधनों में कमी रहेगी। अविवाहितों के विवाह में विलम्ब रहेगा। सन्तान सुख में बाधा आयेगी। शिक्षा तथा अध्ययन में व्यवधान होगा। तरल पदार्थो, सुगन्धित द्रव्यों के व्यवसायी हानि में रहेंगे। तीसरे सप्ताह से स्थिति में परिवर्तन होगा। स्थान लाभ होगा। पारिवारिक सुख रहेगा। सुदूर स्थान की यात्रा निरस्त होगी। नई अपोरचुनिटीज मिलेगी। प्रशासनिक सहयोग मिलेगा। व्यय पर नियन्त्रण रहेगा। सम्बन्धों में मधुरता रहेगी। उदर सम्बन्धी रोगों से मुक्त होंगे। शुभ दिन : 02, 05, 12, 14, 16, 30 अशुभ दिन :07, 09, 18, 20, 25, 27

मकर राशि : महत्वांकाक्षी वस्तु प्राप्त होगी। भय एवं आशंका समाप्त होगी। कार्यों में प्रगति होगी परन्तु आर्थिक लाभ में विलम्ब रहेगा। नया अनुबंध मिलने अथवा नया प्रोजेक्ट शुरु होने में अंवाछित देरी होगी। भोग- विलास के साधनों में कमी बनेगी। सफेद वस्तुओं के व्यापार से लाभ होगा। तीसरे सप्ताह से घर- परिवार में मांगलिक उत्सव निरस्त होने से मन उदास रहेगा। आर्थिक हानि होगी। वरिष्ठो से मतभेद होंगे। प्रतिष्ठा में कमी आयेगी। मन में कुविचार आयेंगे। रोग ग्रस्त होंगे। शुभ दिन : 02, 05, 09, 12, 16, 20, 27, 30 अशुभ दिन :07, 14, 18, 25

कुंभ राशि : व्यवसाय में असफल होंगे। आर्थिक हानि होगी। दाम्पत्य जीवन में मतभेद होंगे। महिलाये हानि का कारण बनेगी। प्रेम सम्बन्धों में प्रगति का अभाव रहेगा। मित्रों तथा सहकर्मियों से सहयोग की अपेक्षा करना व्यर्थ रहेगा। तीसरे सप्ताह से सम्मानित व्यक्तियों का सानिध्य प्राप्त होगा। आर्थिक लाभ मिलेगा। प्रतिष्ठितकार्य सफलता पूर्वक सम्पन्न होगा। पदोन्नति होगी। उत्तम स्वास्थय का सुख रहेगा। पारिवारिक सुख समृद्धि बढ़ेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शुभ दिन : 09, 12, 16, 18, 20, 25, 27 अशुभ दिन :02, 05, 07, 14, 30

मीन राशि : मतभेद समाप्त होंगे। मानसिक व्यथा एवं शारीरिक पीड़ा समाप्त होगी। विरोधियों से छुटकारा मिलेगा। शारीरिक दुर्बलता दूर होगी। आर्थिक लाभ मिलेगा। महिलाओं वर्ग का सहयोग रहेगा। तीसरे सप्ताह से मिथ्या अपवाद से आरोपित होंगे। धन तथा पुण्य की हानि होगी। मन अशांत तथा भयग्रस्त रहेगा। असफलता से निराशा तथा खिन्नता रहेगी। आत्मविश्वास गिरेगा। किसी प्रियजन से अलग रहना होगा। शुभ दिन : 07, 09, 16, 20, 25 अशुभ दिन :02, 05, 12, 14, 18, 27, 30

दिसम्बर 2024

मेष राशि : पहले सप्ताह में शरीर निर्बल रहेगा। धन हानि होगी। विरोधी प्रभावी रहेंगे। महिलाओं के कारण कलह एवं कष्ट की स्थिति बनेगी। दूसरे सप्ताह से स्वास्थय सुधरेगा। प्रयत्नों में सफलता प्राप्ति से मन प्रसन्न रहेगा। आय बढ़ेगी। आत्मविश्वास बढ़ेगा। प्रियजनों से सम्पक्र होगा। मित्रों तथा सहोदरों का सहयोग प्राप्त होगा। मिथ्या आरोपो से छुटकारा मिलेगा। पद प्रतिष्ठा मिलेगी। दाम्पत्य जीवन का सुख रहेगा। प्रेम सम्बन्धों में प्रगति होगी। शुभ दिन : 02, 04, 09, 11, 13, 17, 20, 22, 25, 27, 29 अशुभ दिन : 07, 15

वृष राशि : पहले दो सप्ताहों में भोगोपभोग की वस्तुओं से हानि होगी। स्वास्थय बिगड़ेगा। बहुमूल्य वस्तु की हानि होगी। प्रशासकीय प्रताड़ना होगी। भाईयों तथा मित्रों से विरोध होगा। यात्राये निरस्त होंगी। तीसरे सप्ताह से कार्यों का शुभ परिणाम मिलेगा। विवाद समाप्त होंगे। उच्च रक्त चाप से छुटकारा मिलेगा। व्यय पर नियन्त्रण रहेगा। भय तथा अपमान की स्थिति समाप्त होगी। दाम्पत्य जीवन का सुख रहेगा। मास के अन्त में शरीर में निर्बलता आयेगी। कष्ट की स्थिति बनेगी। शुभ दिन : 09, 11, 22 अशुभ दिन : 02, 04, 07, 13, 15, 17, 20, 25, 27, 29

मिथुन राशि : व्यवसायिक बाधांओं का सामना करना पड़ेगा। कार्यों में व्यवधान आयेंगे। असफलता मिलेगी। आर्थिक संकट बनेगा। सुखोपभोग का अभाव रहेगा। शिक्षा में अरुचि रहेगी। सन्तान रोग पीड़ित होगी। स्वयं भी अपच, उदर विकार आदि से पीड़ित होंगे। थका देने वाली यात्रांओं से कष्ट रहेगा। बहुमूल्य वस्तु की हानि होगी। शासकीय प्रताड़ना होगी। भाईयों तथा मित्रों से विरोध होगा। शुभ दिन : 04, 07, 09, 13, 15, 17, 20, 25, 27, 29 अशुभ दिन : 02, 11, 22

कर्क राशि : आजीविका प्राप्त होगी। आर्थिक कठिनाईयां समाप्त होंगी। जीवनयापन सुगम बनेगा। रोगों से छुटकारा मिलेगा। वांछित प्राप्त होने से मन प्रसन्न रहेगा। महिलाओं

वर्ग का सहयोग मिलेगा।तीसरे सप्ताह से सुख समृद्धि में कमी आयेगी। धन-धान्य की हानि होगी। प्रशासनिक अड़चने बढ़ेगी। प्रबल विरोध होगा। स्थिति नियन्त्रण से बाहर होगी। मास के अन्त में कष्टों से मुक्ति मिलेगी। परिवार का सहयोग मिलेगा। आर्थिक लाभ होगा। शिक्षा में रुचि रहेगी। शुभ दिन : 13, 17, 25, 29 अशुभ दिन : 02, 04, 07, 09, 11, 15, 20, 22, 27

सिंह राशि : विरोधी बढ़ेंगे। विरोधी पक्ष प्रबल होगा। परिस्थितियों के वशीभूत होकर समझोतों के लिये विवश होना पड़ेगा। के कारण कष्ट होगा। अनचाही विपत्ति का सामना करना पड़ेगा। यात्रांओं में दुर्घटनाओं का भय रहेगा। तीसरे सप्ताह से व्यय पर नियन्त्रण होगा। भ्रम की स्थिति का निवारण होगा। मन में स्थिरता आयेगी। मानसिक दृढ़ता बढ़ेगी। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अधिकारियों को संतुष्ट करने में सफल होंगे। इच्छित वस्तु प्राप्त होगी। आर्थिक कठिनाईयां समाप्त होंगी। स्वास्थय सुख रहेगा। दुर्घटना से बचाव होगा। महिलाओं वर्ग का सहयोग मिलेगा। शुभ दिन : 02, 04, 09, 11, 13, 17, 22, 25, 27, 29 अशुभ दिन : 07, 15, 20

कन्या राशि : विघ्न बाधांओं का व्यवहारिक समाधान प्राप्त होगा। कार्यों में सफलता से उत्साह एवं उमंग बढ़ेगा। धनागमन में सुधार होगा। किसी के प्रति मन में आसक्ति आयेगी। उपहार मिलेगा। रोगों से राहत रहेगी। मन प्रफुल्लित रहेगा। तीसरे सप्ताह से घर परिवार के झंझटों से कारण सुख शांति का अभाव रहेगा। समय कुसमय का खानपान होगा। यात्रांओं में असुविधा होगी। भू-सम्पत्ति के मामलो में अवरोध रहेंगे। मास के अन्त में विवादों में सफलता मिलेगी। वैचारिक साम्यता बढ़ेगी। सन्तान सुख रहेगा। विपत्तियों से छुटकारा मिलेगा। यात्रांओं में दुर्घटनाओं से बचाव होगा। शुभ दिन : 02, 09, 13, 29 अशुभ दिन : 04, 07, 11, 15, 17, 20, 22, 25, 27

तुला राशि : आर्थिक लाभ मिलेगा। सुख, वैभव के साथ साथ स्वभाव में जिद् तथा अहम बढ़ेगा। मनमाने कार्यों से हानि होगी। जीवन साथी का सहयोग रहेगा। रोग मुक्त होंगे। उच्चाधिकारियों के सम्पक। में आयेंगे। किसी नये स्थान पर कार्यभार सभांलने का अवसर प्राप्त होगा। सद्व्यवहार से कार्यों में सफलता मिलेगी। अधिकार क्षेत्र बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति सबल होगी। सन्तान सुख रहेगा। योग्य व्यक्तियों का सन्तान योग बनेगा। प्रेमी युगलो में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। विभागीय परीक्षाओं में सफलता मिलेगी। मनोरंजनों में समय व्यतीत होगा। शुभ दिन : 02, 04, 07, 13, 15, 17, 22, 27, 29 अशुभ दिन : 09, 11, 20, 25

वृश्चिक राशि : रोजी रोजगार तथा कार्यालय में उलझने रहेगी। व्यवसायिक हानि होगी। आर्थिक कठिनाई अनुभव करेंगे। तीसरे सप्ताह से निकटतम व्यक्तियों का सहयोग रहेगा। शासकीय सहायता मिलेगी। भाग्योदय होगा।मास के अन्त में आर्थिक स्थिति तनावपूर्ण बनेगी। दाम्पत्य जीवन में मतभेद होंगे। सुख, वैभव में कमी आयेगी। मित्रों तथा परिवारजनों का असहयोग रहेगा। स्वभाव की नम्रता से बाधांओं तथा अवरोधों को दमन करने में सफलता मिलेगी। शुभ दिन : 13, 20, 22, 29 अशुभ दिन : 02, 04, 07, 09, 11, 15, 17, 25, 27

धनु राशि : सन्तान प्राप्ति में विलम्ब होगा।आय में कमी आयेगी। प्रशासकीय कारणों से हानि होगी। बहुमूल्य वस्तु की हानि होगी। शिक्षा तथा अध्ययन से मन हटेगा। समय कुसमय भोजन से स्वास्थय गिरेगा। शारीरिक सौष्ठव तथा सौन्दर्य में कमी आयेगी। विरोधी मुखर रहेंगे। सुदूर स्थान पर रहना होगा। पारिवारिक उलझने बढ़ेगी। निरर्थक यात्रांओं में थकावट से कष्ट रहेगा। किसी भी नगण्य बात पर उत्तेजित होंगे। मास के अन्त में व्यवसायिक लाभ मिलेगा। विवाद समाप्त होंगे। आर्थिक कठिनाई से बचेंगे। शुभ दिन : 02, 04, 07, 09, 11, 13, 17, 20, 27, 29 अशुभ दिन : 15, 22, 25

मकर राशि : व्यापार में उन्नति होगी। सौन्दर्य प्रसाधनों के माध्यम से आय होगी। मन भोग विलास की ओर आकर्षित होगा। अविवाहितों का विवाह का योग बनेगा। वैभवी साधन मिलेंगें। तीसरे सप्ताह में प्रशासनिक भय बनेगा। स्थान परिवर्तन होगा। सुदूर स्थान की यात्रा होगी। रोजगार हानि का सामना करना पड़ेगा। मित्रों से सम्बन्ध खराब होंगे। मास के अन्त में सन्तान सुख रहेगा। अधिकार क्षेत्र बढ़ेगा। पदोन्नति होगी। शिक्षा तथा अध्ययन में प्रगति होगी। शारीरिक स्वास्थय उत्तम रहेगा। बहुमूल्य उपहार मिलेगा। शुभ दिन : 07, 17, 20, 27 अशुभ दिन : 02, 04, 09, 11, 13, 15, 22, 25, 29

कुंभ राशि : कार्यों में प्रगति होगी। महत्वांकाक्षी वस्तु मिलेगी। नया अनुबध् मिलने अथवा नया प्रोजेक्ट शुरु होने में अंवाछित देरी होगी। आर्थिक लाभ में विलम्ब रहेगा। कपड़े के व्यापार से लाभ होगा। वरिष्ठो का अनुग्रह रहेगा। मांगलिक उत्सव होगा। रोग मुक्त होंगे। प्रशासकीय सहयोग मिलेगा। मास के अन्त में विरोधी प्रभावी रहेंगे। मन भोग विलास से हटेगा। अविवाहितों के विवाह में अवरोध रहेगा। सन्तान सुख में कमी रहेगी। शिक्षा तथा अध्ययन में व्यवधान होगा। सौन्दर्य प्रसाधनों के कारोबार में हानि होगी। शुभ दिन : 07, 09, 11, 13, 15, 17, 22, 25 अशुभ दिन : 02, 20, 27, 29

मीन राशि : प्रतिष्ठित कार्यों में असफल रहेंगे। वरिष्ठों एवं सम्मानित व्यक्तियों का कोपभाजन बनेंगें। आर्थिक हानि होगी। दाम्पत्य जीवन में मतभेद होंगे। महिलाओं से हानि होंगी। प्रेम सम्बन्धों में स्थिरता आयेगी। मित्रों तथा सहकर्मियों से सहयोग में निराशा हाथ लगेगी। स्वास्थय गिरेगा। नया अनुबंध हाथ से निकेलेगा। पदावनति का भय रहेगा। नया प्रोजेक्ट शुरु होने में अंवाछित देरी होगी। मास का अन्त शुभ तथा सुखद रहेगा। कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी। कपड़े के व्यापार से लाभ होगा। शुभ दिन : 04, 17, 22 अशुभ दिन : 02, 07, 09, 11, 13, 15, 20, 25, 27, 29

ग्रहण विवरण विक्रमी संवत् 2081 (सन् 2024-25 ई॰)

विक्रमी संवत् 2081 का प्रारम्भ खग्रास सूर्य ग्रहण में तथा समापन भी 29 मार्च 2025 के खण्डग्रास सूर्यग्रहण के साथ होगा। सन् 2024 ई. में भू-मण्डल पर दो सूर्य ग्रहण तथा दो चन्द्र ग्रहण संघटित होंगे। सन् 2025 ई. में जनवरी से मार्च 2025 ई. के मध्य एक खग्रास चन्द्र ग्रहण तथा एक खण्डग्रास सूर्यग्रहण होगा।

23 अप्रैल तथा 17 अक्तूबर 2024 ई. के चन्द्र ग्रहण पृथ्वी के किसी भी भाग में घटित नहीं होंगे। 28 फरवरी 2025 ई. का सम्भावित सूर्य ग्रहण नहीं होगा।

खग्रास सूर्य ग्रहण 8 अप्रैल 2024 ई.

यह ग्रहण पश्चिमी यूरोप, उत्तरी अमेरिका, पैसेफिक, अटलाण्टिका तथा आर्कटिक में दृश्य होगा। मैकस्किो, यू.एस.ए., टैक्सास, शिकागो, अर्लिण्टन, कनाडा का बर्लिण्टन, हेमिल्टन, किंगस्टन, मोण्ट्रियल, क्यूवैक, हवाना, न्यूयार्क, टोरेण्टो, डेट्रायर में दिखाई पड़ेगा। ग्रहण स्पर्श भारतीय मानक समयानुसार 8 अप्रैल रात्रि 21:12 बजे दक्षिणी पैसफिक सागर से होगा तथा मैक्सिको के माजाटलान सिनोला में सब से पूर्व खग्रास रूप में दिखाई पड़ेगा। इस ग्रहण मोक्ष 9 अप्रैल रात्रि 2:22 पर होगा। यह खग्रास सूर्य ग्रहण भारत में दिखाई न पड़ने से इसका धार्मिक महत्त्व नहीं है।

ग्रहण प्रारम्भ : 8 अप्रैल 2024 रात्रि 21:12 (भा.मा.स.)
ग्रहण मध्य : 8 अप्रैल रात्रि 23:47 (भा.मा.स.)
मोक्ष : 9 अप्रैल रात्रि 2:22 (भा.मा.स.)
मेग्नीट्यूट : 1:0565
खग्रास ग्रहण अवधि : 4 मिनट 28 सैंकण्ड
ग्रहण सम्पूर्ण अवधि : 5 घण्टा 10 मिनट

खग्रास सूर्य ग्रहण का प्रभाव

भारतीय नेताओं के कार्यशैली पर गम्भीर आरोप प्रत्यारोप लगाने की सम्भवना है, यहाँ ग्रहण दृष्टिगोचर होगा। उन देशों में अनेक भागों में, अभिमानी/क्रोधी नेताओं के कारण अशान्ति का वातावरण बनेगा। महिला नेताओं को ध्यानपूर्वक व्यवहार करना होगा। सभी प्रकार के यूनानी, आयुर्वेदिक औषधियां, सोन, चान्दी तथा अन्य उपयोगी वस्तुएं महंगी होंगी, व्यापारी वर्ग घी, तैल, मूंग, उड़द, अफीम इत्यादि वस्तुओं का संग्रह करेंगे तथा प्रचुर धन कमाएंगे, आर्थिक अपराध तथा साइबर क्राईम बढ़ेंगे, सैन्य वर्ग और वैदिक जन पीड़ित हांगे, उपयोगी वर्षा की कमी होगी।

पीयूष रैणा
अभियन्ता

विभिन्न राशियों पर ग्रहण का प्रभाव

मेष – धन हानि	वृष – धन का लाभ
मिथुन – मानसिक तनाव	कर्क – चिन्ता, धन हानि
सिंह – सुख समृद्धि	कन्या – पति/पत्नी वियोग
तुला – शरीर कष्ट	वृश्चिक – निन्दा अपमान
धनु – सर्वसिद्धि	मकर – धन का लाभ
कुंभ – धन की हानि	मीन – चोट, वैमनस्य

खण्डग्रास चन्द्र ग्रहण 18 सितम्बर 2024 ई.

ग्रहण प्रारम्भ : 00:06:11 (भा.मा.स.)
श्रावण कृ. 2	सोम	22 जुला.	श्रावण 7	धनिष्ठा	22:21 29:38
श्रावण कृ. 7	शनि	27 जुला.	श्रावण 12	रेवती	10:23 12:12
श्रावणकृ. 11	बुध	31 जुला.	श्रावण 16	रोहिणी	05:42 11:34
श्रावण कृ. 12	गुरु	01 अग.	श्रावण 17	मृगशिरा	05:43 10:24
श्राव. शु. 5	शनि	10 अग.	श्रावण 26	चित्रा	05:48 17:37
श्राव. शु. 7	सोम	12 अग.	श्रावण 28	स्वाति	05:49 07:56
श्राव. शु. 10	बुध	14 अग.	श्रावण 30	अनुराधा	10:24 12:13
श्राव. शु. 13	शनि	17 अग.	भाद्रपद 2	उ.षा.	11:49 18:52
श्राव. शु. 15	सोम	19 अग.	भाद्रपद 4	धनिष्ठा	13:32 20:11
श्राव. कृ. 5	शुक्र	23 अग.	भाद्रपद 8	रेवती	11:55 19:06
श्राव. कृ. 8	सोम	26 अग.	भाद्रपद 11	रोहिणी	15:55 26:20
श्राव. कृ. 13	शनि	31 अग.	भाद्रपद 16	पुष्य	05:59 11:52
श्राव. कृ. 5	सोम	21 अक्तू.	कार्तिक 5	रोहिणी	06:26 11:11
श्राव. कृ. 8	गुरु	24 अक्तू.	कार्तिक 8	पुष्य	06:28 25:59
श्राव. कृ. 12	सोम	28 अक्तू.	कार्तिक 12	उ.फा.	15:24 22:46
कार्ति. शु. 1	शुक्र	01 नव.	कार्तिक 16	स्वाति	18:17 27:31
कार्ति. शु. 3	सोम	04 नव.	कार्तिक 19	अनुराधा	06:36 08:04
कार्ति. शु. 7	शुक्र	08 नव.	कार्तिक 23	उ.षा.	06:39 08:27
कार्ति. शु. 7	शुक्र	08 नवं.	कार्तिक 23	उ.षा.	10:51 12:03
कार्ति. शु. 8	शनि	09 नव.	कार्तिक 24	धनिष्ठा	11:48 19:28
कार्ति. कृ. 3	सोम	18 नव.	मार्ग. 3	मृगशिरा	06:47 07:57
कार्ति. कृ. 5	बुध	20 नव.	मार्ग. 5	पुष्य	14:50 17:06
कार्ति. कृ. 6	गुरु	21 नव.	मार्ग. 6	पुष्य	06:49 15:35
कार्ति. कृ. 10	सोम	25 नव.	मार्ग. 10	उ.फा.	06:52 11:40
कार्ति. कृ. 12	बुध	27 नव.	मार्ग. 12	चित्रा	06:54 18:34
कार्ति. कृ. 13	गुरु	28 नव.	मार्ग. 13	चित्रा	06:55 17:20
कार्ति. कृ. 13	शुक्र	29 नव.	मार्ग. 14	चित्रा	06:55 08:40

पक्ष तिथि	वार	ता. अं.	प्रविष्टा	नक्षत्र	मुहूर्त समय
मार्ग. शु. 5	गुरु	05 दिस.	मार्ग. 20	उ.षा.	12:50 17:26
मार्ग. शु. 6	शनि	07 दिस.	मार्ग. 22	धनिष्ठा	07:01 11:3
मार्ग. शु. 7	शनि	07 दिसं.	मार्ग. 22	धनिष्ठा	11:31 17:54
मार्ग. शु. 11	बुध	11 दिस.	मार्ग. 26	रेवती	07:04 11:00
			सन् 2025 ई.		
माघ कृ. 2	बुध	15 जन.	माघ 2	पुष्य	07:15 10:28
माघ कृ. 5	शनि	18 जन.	माघ 5	उ.फा.	14:51 22:01
माघ कृ. 11	शुक्र	24 जन.	माघ 11	अनुराधा	19:25 31:07
माघ शु. 2	शुक्र	31 जन.	माघ 18	शतभिषा	07:10 14:18
माघ शु. 3	शुक्र	31 जन.	माघ 18	शतभिषा	14:18 15:32
माघ शु. 6	सोम	03 फर	माघ 21	रेवती	07:08 22:29
माघ शु. 10	शुक्र	07 फर.	माघ 25	रोहिणी	07:06 16:16
माघ शु. 13	सोम	10 फर.	माघ 28	पुष्य	18:01 18:58
फाल्गु. कृ. 3	शनि	15 फर.	फाल्गु. 4	उ.फा.	07:00 10:49
फाल्गु. कृ. 5	सोम	17 फर.	फाल्गु. 6	चित्रा	06:58 08:54
फाल्गु. कृ. 5	सोम	17 फर.	फाल्गु. 6	चित्रा	11:18 16:50
फाल्गु. कृ. 6	बुध	19 फर.	फाल्गु. 8	स्वाति	06:56 07:32
फाल्गु. कृ. 8	गुरु	20 फर.	फाल्गु. 9	अनुराधा	15:09 20:54
फाल्गु. कृ. 8	शुक्र	21 फर.	फाल्गु. 10	अनुराधा	06:54 11:58
फाल्गु. शु. 1	शुक्र	28 फर.	फाल्गु. 17	शतभिषा	06:47 13:40
फाल्गु. शु. 2	शनि	01 मार्च	फाल्गु. 18	उ.भा.	11:23 16:11
फाल्गु. शु. 7	गुरु	06 मार्च	फाल्गु. 23	रोहिणी	06:41 10:51
फाल्गु. शु. 8	शुक्र	07 मार्च	फाल्गु. 24	मृगशिरा	06:40 09:19

नोट :- उपर्युक्त लिखे गए नूतन गृह प्रवेश मुहूर्त्तों के अतिरिक्त जीर्ण (पुरातन) गृहप्रवेश मुहूर्त्त भी स्वीकार्य होंगे, क्योंकि पुरातन गृह प्रवेश के मुहूर्त्तों में गुरु शुक्रास्त समय, अधिक क्षय मास, रिक्ता तिथि इत्यादि स्वीकार किये जाते हैं परन्तु पुरातन गृह प्रवेश में चाहे किराये का घर ही क्यों न हो पूजा पाठ इत्यादि कर लेना आवश्यक होता है।

नया-पुराना वाहनक्रय मुहूर्त्त

पक्ष तिथि	वार	ता. अं.	प्रविष्टा	नक्षत्र	मुहूर्त समय
चैत्र शु. 7	सोम	15 अप्रै.	वैशाख 3	पुनर्वसु	10:32 से 11:41 तक, अभिजित्
चैत्र शु.10	गुरु	18 अप्रै.	वैशाख 6	मघा	7:57 बाद
वैशाख कृ.1	बुध	24 अप्रै.	वैशा. 12	स्वाती	6:55 से 22:37 तक
वैशाख कृ. 2	शुक्र	26 अप्रै.	वैशा. 14	अनुराधा	6:47 से 20:04 तक
आषा. शु.5	गुरु	11 जुलाई	आषाढ़ 28	पू.फा.	8:26 से 10:47 तक, अभिजित्
आषा.शु. 6	शुक्र	12 जुलाई	आषाढ़ 29	उ.फा.	7:09 से 10:43 तक, अभिजित्
आषा.शु. 11	बुध	17 जुलाई	श्रावण 2	अनु.	8:02 से 10:24, ,12:45 से 15:03 तक (भद्रा-परिहार)
आषा. शु.15	रवि	21 जुलाई	श्रावण 6	उ.षा.	7:46 से 10:03, 12:29 से 14:52 तक, अभिजित्
श्राव. कृ. 1	सोम	22 जुलाई	श्रावण 7	श्रवण	7:42 से 10:04, 12:25 से 14:48 तक, अभिजित्
श्राव. कृ. 8	रवि	28 जुलाई	श्रावण 13	अश्वि	7:19 से 9:41 तक
श्राव.कृ. 11	बुध	31 जुलाई	श्रावण 16	मृगशिरा	10:13 बाद, 11:50 से 14:13 तक
श्राव.कृ. 12	गुरु	1 अगस्त	श्रावण 17	मृगशिरा	10:24 तक, 7:03 से 9:52 तक
श्राव.कृ.13	शुक्र	2 अगस्त	श्रावण 18	पुनर्वसु	10:59 से 11:45 तक, 12:57 से 15:27 तक
श्राव. शु. 3	बुध	7 अगस्त	श्रावण 23	पू.फा.	11:22 से 13:46 तक
श्राव. शु. 7	सोम	12 अग.	श्रावण 28	स्वाती	5:56 से 7:56 तक
श्राव. शु. 9	बुध	14 अग.	श्रावण 30	अनु./ज्ये.	10:54 से 13:18 तक
श्राव. शु.15	सोम	19 अग.	भाद्रपद 4	धनिष्ठा	10:35 से 12:58 तक (भद्रा परिहार)
भाद्र. कृ. 4	शुक्र	23 अग.	भाद्रपद 8	रेवती	10:19 से 12:43
भाद्र. कृ. 10	बुध	28 अग.	भाद्रपद 13	मृगशिरा	10:00 से 14:44 तक
भाद्र शु. 1	बुध	4 सितंबर	भाद्रपद 20	उ.फा.	9:32 से 14:16 तक
भाद्र शु. 5	रवि	8 सितंबर	भाद्रपद 24	स्वाती	9:16 से 14:01 तक, अभिजित्

पक्ष तिथि	वार	ता. अं.	प्रविष्टा	नक्षत्र	मुहूर्त समय
आश्वि.शु. 4	सोम	7 अक्तू.	आश्वि. 22	अनुराधा	9:48 से 12:06 तक
आश्वि.शु. 7	गुरु	10 अक्तू.	आश्वि. 25	पू.षा.	7:11 से 11:55 तक
आश्वि.शु. 8	शुक्र	11 अक्तू.	आश्वि. 26	उ.षा.	7:06 से 13:54 तक, अभिजित्
कार्ति.कृ. 1	शुक्र	18 अक्तू.	कार्तिक 2	अश्वि	6:39 से 11:23 तक
कार्ति.कृ. 5	सोम	21 अक्तू.	कार्तिक 5	मृगशिरा	6:27 से 11:11 तक
कार्ति.कृ. 8	गुरु	24 अक्तू.	कार्तिक 8	पुष्य	8:39 से 13:03 तक, अभिजित्
कार्ति. कृ.12	सोम	28 अक्तू.	कार्तिक 12	पू.फा.	8:23 से 12:47 तक, अभिजित्
कार्ति. शु. 2	रवि	3 नवम्बर	कार्तिक 18	अनुराधा	8:00 से 12:24 तक, अभिजित्
कार्ति. शु. 5	बुध	6 नवम्बर	कार्तिक 21	मूल	7:48 से 10:04 तक
कार्ति. शु. 6	गुरु	7 नवंबर	कार्तिक 22	पू.षा.	7:44 से 9:51 तक
कार्ति. शु. 7	शुक्र	8 नवंबर	कार्तिक 23	श्रवण	12:04 से 13:42 तक
कार्ति.शु. 10	सोम	11 नवं.	कार्तिक 26	पू.भा.	9:49 से 11:52 तक
कार्ति.शु. 13	गुरु	14 नवं.	कार्तिक 29	अश्वि	7:36 से 9:44 तक
मार्ग. कृ. 3	सोम	18 नवं.	मार्ग. 3	मृगशिरा	8:54 से 12:36 तक, अभि.,स.सि. योग (भद्रा-परि.)
मार्ग. कृ. 5	बुध	20 नवं.	मार्ग. 5	पुनर्वसु	9:13 से 12:55 तक
मार्ग. कृ. 10	सोम	25 नवं.	मार्ग. 10	उ.फा.	8:54 से 12:36 तक, अभिजित्
मार्ग. कृ. 12	बुध	27 नवं.	मार्ग. 12	चित्रा	8:46 से 12:33 तक
मार्ग. शु. 3	बुध	4 दिसं.	मार्ग. 19	पू.षा.	8:31 से 12:00 तक
मार्ग. शु. 5	शुक्र	6 दिसं.	मार्ग. 21	श्रवण	8:11 से 10:14 तक
मार्ग. शु. 11	बुध	11 दिसं.	मार्ग. 26	अश्वि	11:48 से 12:56 तक
मार्ग. शु. 12	गुरु	12 दिसं.	मार्ग. 27	अश्वि	7:47 से 9:50 तक
			सन् 2025 ई.		
माघ कृ. 2	बुध	15 जन.	माघ 2	पुष्य	9:15 से 10:28 तक
माघ कृ. 3	गुरु	16 जन.	माघ 3	मघा	अभिजित्
माघ कृ. 5	रवि	19 जन.	माघ 6	उ.फा.	9:00 से 10:32, 11:43 से 13:14 तक, अभिजित्

पक्ष तिथि	वार	ता. अं.	प्रविष्टा	नक्षत्र	मुहूर्त समय
माघ कृ. 10	शुक्र	24 जन.	माघ 11	अनुराधा	8:40 से 10:03, 11:23 से 12:54 तक, अभिजित्
माघ शु. 2	शुक्र	31 जन.	माघ 18	शतभिषा	8:12 से 9:35, 10:56 से 12:27 तक, अभिजित्
माघ शु. 10	शुक्र	7 फर.	माघ 25	रोहिणी	7:45 से 9:08, 10:23 से 11:54 तक, अभिजित्
माघ शु. 13	सोम	10 फर.	माघ 28	पुनर्वसु	7:33 से 8:56 तक
फाल्गु.कृ. 2	शुक्र	14 फर.	फाल्गुन 3	पू.फा.	10:00 से 13:25 तक, अभिजित्
फाल्गु.कृ. 6	बुध	19 फर.	फाल्गुन 8	स्वाती	6:57 से 8:20 तक (रवियोग)
फाल्गु.कृ. 8	शुक्र	21 फर.	फाल्गुन 10	अनुराधा	9:33 से 12:53 तक
फाल्गु.कृ. 13	बुध	26 फर.	फाल्गुन 15	श्रवण	9:34 से 11:04 तक
फाल्गु. शु. 7	गुरु	6 मार्च	फाल्गुन 23	रोहिणी	8:38 से 12:02 तक, अभिजित्
चैत्र कृ. 12	बुध	26 मार्च	चैत्र 13	धनिष्ठा	7:15 से 15:21 तक

विपणि मुहूर्त्त

विपणि (दुकान) अथवा व्यवसाय प्रारम्भ करने से पूर्व मुहूर्त्त वाले दिन अपने कार्यालय में किसी विद्वान् ब्राह्मण द्वारा श्री गणपति सहित पंचदेव पूजा, नवग्रह पूजन, कलशस्थापनादि के पश्चात् ब्राह्मण भोजन एवं यथाशक्ति दानादि करना चाहिए।

पक्ष तिथि	वार	ता. अं.	प्रविष्टा	नक्षत्र	मुहूर्त समय
चैत्र शु. 12	शनि	20 अप्रै.	वैशाख 8	पू.फा.	15:59 से 22:42 तक
आषा. शु.5	गुरु	11 जुलाई	आषाढ़ 28	**उ.फा.**	13:04 बाद
आषा.शु. 6	शुक्र	12 जुलाई	आषाढ़ 29	उ.फा.	7:09 से 16:09 तक
आषा.शु. 11	बुध	17 जुलाई	श्रावण 2	अनु.	7:46 से 8:54 तक
आषा. शु.15	रवि	21 जुलाई	श्रावण 6	उ.षा.	7:45 से 10:03 तक, अभिजित्
श्राव. कृ. 1	सोम	22 जुलाई	श्रावण 7	श्रवण	7:42 से 10:04, 12:25 से 2:49 तक
श्राव. कृ. 7	शनि	27 जुलाई	श्रावण 12	रेवती	10:23 से 13:00 तक
श्राव. कृ. 8	रवि	28 जुलाई	श्रावण 13	अश्वि.	11:48 तक
श्राव.कृ. 11	बुध	31 जुलाई	श्रावण 16	मृगशिरा	10:13 से 14:13 तक
श्राव.कृ. 12	गुरु	1 अगस्त	श्रावण 17	मृगशिरा	10:24 तक
श्राव. शु. 9	बुध	14 अगस्त	श्रावण 30	अश्ले/ज्ये.	10:24 से 12:13 तक
भाद्र. कृ. 5	शनि	24 अग.	भाद्रपद 9	अश्विनी	10:15 से 14:59 तक
भाद्र. कृ. 10	बुध	28 अग.	भाद्रपद 13	मृगशिरा	5:57 से 13:23 तक
भाद्र. शु. 1	बुध	4 सितंबर	भाद्रपद 20	उ.फा.	7:00 से 9:55 तक
भाद्र. शु. 3	शुक्र	6 सितंबर	भाद्रपद 22	हस्त	6:52 से 9:25 तक
भाद्र. शु. 5	रवि	8 सितंबर	भाद्रपद 24	स्वाती	ल. 7, 8, अभिजित्
भाद्र. शु. 11	शनि	14 सितं.	भाद्रपद 30	उ.षा.	6:06 से 9:42 तक
आश्वि.शु. 4	सोम	7 अक्तू.	आश्वि. 22	अनुराधा	11:45 से 15:31 तक
आश्वि.शु. 8	शुक्र	11 अक्तू.	आश्वि. 26	उ.षा.	11:41 से 12:07 तक, अभि.
आश्वि.शु. 9	शनि	12 अक्तू.	आश्वि. 27	श्रवण	10:59 बाद
कार्ति.कृ. 1	शुक्र	18 अक्तू.	कार्तिक 2	अश्वि	6:24 से 13:16 तक
कार्ति.कृ. 5	सोम	21 अक्तू.	कार्तिक 5	मृगशिरा	6:50 से 11:11 तक
कार्ति.कृ. 8	गुरु	24 अक्तू.	कार्तिक 8	पुष्य	6:28 से 14:24 तक
कार्ति.कृ. 11	सोम	28 अक्तू.	कार्तिक 12	उ.फा.	15:36 से 21:10 तक
कार्ति. शु. 2	रवि	3 नवंबर	कार्तिक 18	अनुराधा	9:59 से 13:45 तक
कार्ति. शु. 3	सोम	4 नवंबर	कार्तिक 19	अनुराधा	6:36 से 7:36 तक
कार्ति. शु. 7	शुक्र	8 नवंबर	कार्तिक 23	उ.षा./श्रव.	11:51 से 13:29, 14:57 से 17:54 तक
कार्ति.शु. 13	गुरु	14 नवं.	कार्तिक 29	अश्वि	6:43 से 9:44 तक
मार्ग. कृ. 2	रवि	17 नवं.	मार्ग. 2	रोहिणी	6:46 से 12:50 तक
मार्ग. कृ. 3	सोम	18 नवं.	मार्ग. 3	मृगशिरा	6:47 से 7:57 तक
मार्ग. कृ. 6	गुरु	21 नवं.	मार्ग. 6	पुष्य	6:46 से 12:50 तक
मार्ग. कृ. 10	सोम	25 नवं.	मार्ग. 10	उ.फा.	7:14 से 11:40 तक
मार्ग. कृ. 12	बुध	27 नवं.	मार्ग. 12	चित्रा	7:16 से 12:10 तक

पक्ष तिथि	वार	ता. अं.	प्रविष्टा	नक्षत्र	मुहूर्त समय
मार्ग. शु. 4	गुरु	5 दिसं.	मार्ग. 20	उ.षा.	13:06 से 17:26 तक
मार्ग. शु. 5	शुक्र	6 दिसं.	मार्ग. 21	श्रवण	8:11 से 10:14 तक
मार्ग. शु. 11	बुध	11 दिसं.	मार्ग. 26	रेव./अ.	7:27 से 11:00 तक
मार्ग. शु. 12	गुरु	12 दिसं.	मार्ग. 27	अश्वि	7:28 से 9:52 तक
			सन् 2025 ई.		
माघ कृ. 2	बुध	15 जन.	माघ 2	पुष्य	7:37 से 10:28 तक
माघ कृ. 5	रवि	19 जन.	माघ 6	उ.फा.	11:43 से 13:14 तक
माघ शु. 10	शुक्र	7 फर.	माघ 25	रोहिणी	8:55 से 11:55 तक
फाल्गु.कृ. 3	शनि	15 फर.	फाल्गुन 4	उ.फा.	8:23 से 10:49 तक
फाल्गु.कृ. 8	गुरु	20 फर.	फाल्गुन 9	अनुराधा	15:09 से 19:52 तक
फाल्गु.कृ. 8	शुक्र	21 फर.	फाल्गुन 10	अनुराधा	11:04 से 12:53 तक
फाल्गु. शु. 7	गुरु	6 मार्च	फाल्गुन 23	रोहिणी	7:14 से 8:34 तक

यज्ञोपवीत मुहूर्त्त

पक्ष तिथि	वार	ता. अं.	प्रविष्टा	नक्षत्र	मुहूर्त समय
चैत्र शु. 6	रवि	14 अप्रै.	वैशाख 2	आर्द्रा	7:40 से 11:49 तक
चैत्र शु. 7	सोम	15 अप्रै.	वैशाख 3	पुनर्वसु	7:32 से 11:41 तक
चैत्र शु. 10	गुरु	18 अप्रै.	वैशाख 6	आश्ले	5:53 से 7:57 तक
आषा.शु. 5	गुरु	11 जुला.	आषाढ़ 28	पू.फा.	8:26 से 11:47, अभिजित्
			सन् 2025 ई.		
माघ कृ. 2	बुध	15 जन.	माघ 2	पुष्य	7:16 से 10:28 तक
माघ कृ. 2	बुध	15 जन.	माघ 2	आश्ले	11:50 से 10:28 तक
माघ कृ. 3	गुरु	16 जन.	माघ 3	आश्ले	7:15 से 10:28 तक
माघ शु. 2	शुक्र	31 जन.	माघ 18	शतभिषा	9:35 से 12:27 तक
माघ शु.10	शुक्र	7 फर.	माघ 25	रोहिणी	9:08 से 11:59 तक
माघ शु.12	रवि	9 फर.	माघ 27	आर्द्रा	7:37 से 11:51 तक
फाल्गु.कृ.2	शुक्र	14 फर.	फाल्गु. 3	पू.फा.	7:00 से 13:23 तक

सर्वदेव प्रतिष्ठा (मूर्त्ति स्थापना) मुहूर्त्त

निम्नलिखित सर्वदेव प्रतिष्ठा मुहूर्त्त देवी-देवताओं की मूर्त्ति स्थापना, जलाशय, तालाब, बावड़ी, कुआं आदि के निर्माण हेतु भी ग्रहणीय होंगे। प्रायः सात्त्विक देवी-देवताओं की मूर्त्ति स्थापना में उत्तरायण मास विशेष प्रशस्त माने जाते हैं। उत्तरायण में मुहूर्त्तों के अतिरिक्त भगवान् विष्णु की मूर्त्ति स्थापना में वामन जयन्ती, मत्स्य जयंती, अक्षया तृतीया, भारत में श्रीकृष्ण मन्दिर की प्रतिष्ठा हेतु कृष्ण जन्माष्टमी, मार्गशीर्ष मास भी विशेष प्रशस्त है।

इसी भाँति श्री गणेश प्रतिमा की स्थापना में उ.भा., रेवती नक्षत्र, मंगलवार, गणेश चतुर्थी विशेषकर भाद्रपद कृष्ण एवं शुक्ल चतुर्थी तिथि विशेषतः शुभ मानी जाती है।

श्री राम की मूर्त्ति स्थापना में उत्तरायण मासों के अतिरिक्त, श्री परशुराम जयंती, अक्षया तृतीया, रामनवमी, विजयादशमी, दीपावली आदि विशेष शुभ है। श्री विष्णु प्रतिमा में माघ मास वर्जित माना जाता है।

श्री शिव मूर्त्ति, शिवलिंग की प्रतिष्ठा में श्रावण एवं फाल्गुण मास की चतुर्दशी (शिवरात्री) विशेषतया प्रशस्त है।

श्री दुर्गा माता, सरस्वती, गौरी एवं काली माता की भी प्रतिष्ठा में दक्षिणायण (गुर्वास्तादि रहित) मास में नवरात्रे, अष्टमी/नवमी तिथि, मूला नक्षत्र एवं बसन्त पंचमी विशेष शुभ माने जाते हैं।

श्री हनुमान जी की मूर्त्ति स्थापना में चैत्र शु. पूर्णिमा, कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी, मंगल, रविवार एवं आर्द्रा नक्षत्र विशेष शुभ माने जाते हैं।

पक्ष तिथि	वार	ता. अं.	प्रविष्टा	नक्षत्र	मुहूर्त समय
चैत्र शु. 6	रवि	14 अप्रै.	वैशाख 2	आर्द्रा	7:36 से 11:45 (शिव)
चैत्र शु. 7	सोम	15 अप्रै.	वैशाख 3	पुनर्वसु	7:32 से 11:41, अभिजित् (लक्ष्मी नारायण, शिव)
चैत्र शु. 8	मंगल	16 अप्रै.	वैशाख 4	पुष्य	7:23 से 11:37 (शिव)
आषा. शु. 6	शुक्र	12 जुलाई	आषाढ़ 29	उ.फा.	8:22 से 10:43 (शिव, स्कन्द)
श्राव.कृ. 1	सोम	22 जुलाई	श्रावण 7	श्रवण	7:42 से 10:04 (शिव)

पक्ष तिथि	वार	ता. अं.	प्रविष्टा	नक्षत्र	मुहूर्त समय
श्राव.कृ. 8	रवि	28 जुलाई	श्रावण 13	अश्विनी	7:19 से 9:42 तक (शिव)
श्राव.कृ. 11	बुध	31 जुलाई	श्रावण 16	मृगशिरा	5:05 से 7:27, 9:43 से 12:11 (शिव)
श्राव.कृ. 12	गुरु	1 अगस्त	श्रावण 17	मृगशिरा	7:03 से 9:25 (शिव)
श्राव.कृ. 12	गुरु	1 अगस्त	श्रावण 17	आर्द्रा	11:43 से 14:06 (शिव, हनुमान)
श्राव.कृ. 13	शुक्र	2 अगस्त	श्रावण 18	आर्द्रा/पुन.	6:59 से 9:21 (शिव)
श्राव.कृ. 14	शनि	3 अगस्त	श्रावण 19	पुन./पु.	6:55 से 9:17, 11:33 से 14:00
श्राव. शु. 3	बुध	7 अगस्त	श्रावण 23	पू.फा.	6:40 से 9:01, 11:22 से 13:46 (शिव)
श्राव. शु. 7	रवि	11 अग.	श्रावण 27	स्वाती	6:24 से 8:45 (शिव, दुर्गा मां)
श्राव. शु. 7	सोम	12 अग.	श्रावण 28	स्वाती	6:20 से 7:56 तक (शिव, दुर्गा)
श्राव. शु. 14	रवि	18 अग.	भाद्रपद 3	श्रवण	10:39 से 13:03 तक (शिव)
मार्ग. कृ. 4	मंगल	19 नवं.	मार्ग. 4	आर्द्रा	9:17 से 1:00 तक (शिव, हनुमान)
मार्ग. कृ. 5	बुध	20 नवं.	मार्ग. 5	पुनर्वसु	9:14 से 12:55 तक (शिव, लक्ष्मी नारायण, राम दरबार)
मार्ग. कृ. 12	बुध	27 नवं.	मार्ग. 12	चित्रा	8:46 से 12:23 तक (शिव, रामदरबार, लक्ष्मी नारायण)
मार्ग. शु. 2	मंगल	3 दिसं.	मार्ग. 18	मूल	8:22 से 12:04 तक (शिव हनुमान)
मार्ग. शु. 5	शुक्र	6 दिसं.	मार्ग. 21	श्रवण	8:11 से 10:13 तक (शिव, दुर्गा, राधा कृष्ण, रामदरबार)
मार्ग. शु. 6	शनि	7 दिसं.	मार्ग. 22	धनिष्ठा	8:07 से 11:43 (शिव)
मार्ग. शु. 11	बुध	11 दिसं.	मार्ग. 26	अश्वि	11:47 से 14:16 तक (शिव, रामदरबार, राधाकृष्ण)
मार्ग. शु. 12	गुरु	12 दिसं.	मार्ग. 27	अश्वि नी	7:47 से 9:50 तक (शिव, रामदरबार, राधाकृष्ण, लक्ष्मी नारायण)

पक्ष तिथि	वार	ता. अं.	प्रविष्टा	नक्षत्र	मुहूर्त समय
			सन् 2025 ई.		
माघ कृ. 2	बुध	15 जन.	माघ 2	पुष्य	9:15 से 10:28 तक (शिव, रामदरबार, लक्ष्मी नारायण, राधाकृष्ण)
माघ कृ. 5	शनि	18 जन.	माघ 5	पू.फा.	9:03 से 10:27 तक, अभिजित् (शिव)
माघ कृ. 8	बुध	22 जन.	माघ 9	स्वाती	8:48 से 10:10 तक (शिव, लक्ष्मीनाराण, रामदरबार आदि)
माघ कृ. 11	शनि	25 जन.	माघ 12	ज्येष्ठा	8:36 से 9:59 तक, अभिजित् (शिव, श्रीदुर्गा, लक्ष्मी इत्यादि)
माघ कृ. 12	रवि	26 जन.	माघ 13	ज्येष्ठा	6:53 से 8:26 तक (शिव, दुर्गा, लक्ष्मी आदि)
माघ शु. 2	शुक्र	31 जन.	माघ 18	शतभिषा	8:12 से 9:35, अभिजित् (शिव, महाकाली, तामसदेव)
माघ शु.10	शुक्र	7 फर.	माघ 25	रोहिणी	7:45 से 9:08, अभिजित् (शिव, दुर्गा, राम, राधाकृष्ण)
माघ शु.12	रवि	9 फर.	माघ 27	आर्द्रा	7:37 से 9:00, अभि. (शिव)
माघ शु.13	सोम	10 फर.	माघ 28	पुन.	6:22 से 7:45 (शिव, राम, कृष्ण, लक्ष्मी)
फाल्गु.कृ. 2	शुक्र	14 फर.	फाल्गु. 3	पू.फा.	10:00 से 13:25 तक (शिव)
फाल्गु.कृ. 6	मंगल	18 फर.	फाल्गु. 7	स्वाती	9:45 से 11:16 (शिव)
फाल्गु.कृ. 8	शुक्र	21 फर.	फाल्गु. 10	अनुराधा	6:50 से 8:13, अभिजित् (शिव, दुर्गा, राम, राधाकृष्ण)
फाल्गु.कृ.13	बुध	26 फर.	फाल्गु. 15	श्रवण	6:30 से 7:54 (शिव परिवार)
फाल्गु.शु. 7	गुरु	6 मार्च	फाल्गु. 23	रोहिणी	8:38 से 10:09 तक (शिव, दुर्गा, राम, कृष्ण आदि)

रामायण अदि कथा प्रारम्भ करने का मुहूर्त्त

रामायण, भागवतादि पुराण, महाभारत इत्यादि धार्मिक ग्रन्थों की कथा प्रारम्भ करने में संयोज्य काल–

तिथि – (शुक्ल पक्ष की 2, 3, 5, 7, 10, 11, 13, 15)

वार – सू., चं., बु., गु. श.।

नक्षत्र– अश्वि, रोहि., मृग., पुन., पुष्य, पूर्वा ३, उत्तरा ३, हस्त, चित्रा, स्वा., अनु., श्रव, धनि, शत., रेव।

चुनाव में खड़े होने का मुहूर्त्त

शुभ तिथियाँ – (1 कृ), 2, 3, 5, 9, 10, 12 एवं 15 शुक्ल।

शुभ वार – सोम, बुध, गुरु एवं शुक्रवार।

शुभ नक्षत्र – अश्विनी, रोहिणी, पुर्न, पुष्य, तीनों उत्तरा, हस्त, अनुराधा, श्रवण, धनिष्टा, रेवती।

शुभ लग्न – 1, 4, 7, 10 ।

विशेष– केन्द्र त्रिकोण में शुभ ग्रह हों, ३, ६, ११वें पाप ग्रह हो। लग्न एवं लग्नेश पर शुभ ग्रह की दृष्टि हो। बुध, शुक्र, गुरु उदित हों। चन्द्र बली हो तथा प्रत्याशी की राशि मुहूर्त्त वाले दिन- छटे, आठवें एवं १२वें न हो।

संसद् में शपथ ग्रहण के समय स्थिर लग्न प्रशस्त होता है।

श्रावण के सोमवार

श्रावण मास में आशुतोष भगवान् शंकर की पूजा का विशेष महत्त्व है। जो प्रतिदिन पूजन न कर सकें उन्हें सोमवार को शिव पूजा अवश्य करनी चाहिये और व्रत रखना चाहिये। सोमवार भगवान् शंकर का प्रिय दिन है, अत: सोमवार को शिवाराधना करनी चाहिये। इसी प्रकार मासों में श्रावण मास भगवान् शंकर को विशेष प्रिय है। अत: श्रावण मास में प्रतिदिन शिवोपासना का विधान है। श्रावण में पार्थिव शिव पूजा का विशेष महत्त्व है। अत: प्रतिदिन अथवा प्रति सोमवार तथा प्रदोष को शिवपूजा या पार्थिव शिवपूजा अवश्य करनी चाहिये। इस मास में लघुरुद्र, महारुद्र अथवा अतिरुद्र पाठ कराने का भी विधान है। श्रावण मास में जितने भी सोमवार पड़ते हैं, उन सब में शिवजी का व्रत किया जाता है। इस व्रत में प्रात: गङ्गा स्नान अन्यथा किसी पवित्र नदी या सरोवर में अथवा विधिपूर्वक घर पर ही स्नान करके शिव मन्दिर में जाकर स्थापित शिवलिङ्ग का या अपने घर में पार्थिव मूर्ति बनाकर यथाविधि षोडशोपचार-पूजन किया जाता है। यथासम्भव विद्वान् ब्राह्मण से रुद्राभिषेक भी कराना चाहिये। इस व्रत में श्रावणमाहात्म्य और श्रीशिवमहापुराण की कथा सुनने का विशेष महत्त्व है। पूजन के पश्चात् ब्राह्मण-भोजन कराकर एक बार ही भोजन करने का विधान है। भगवान् शिव का यह व्रत सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाला है।

रक्षाबन्धन निर्णय

श्रावण शुक्ल पूर्णिमा को रक्षाबन्धन का पर्व मनाया जाता है। इसमें पराह्णव्यापिनी तिथि ली जाती है। यदि वह दो दिन हो या दोनों ही दिन न हो तो पूर्वा लेनी चाहिये। यदि उस दिन भद्रा हो तो उसका त्याग कर देना चाहिये। भद्रा में श्रावणी और फाल्गुनी दोनों वर्जित हैं; क्योंकि श्रावणी से राजा का और फाल्गुनी से प्रजा का अनिष्ट होता है–

भद्रायां द्वे न कर्तव्ये श्रावणी फाल्गुनी तथा।
श्रावणी नृपतिं हन्ति ग्रामं दहति फाल्गुनी॥

श्रावणी उपाकर्म विधान

श्रावण शुक्ल पूर्णिमा ही उपाकर्म का प्रसिद्ध काल माना गया है। श्रावणी विशेषकर ब्राह्मणों अथवा पण्डितों का पर्व है। वेदपारायण के शुभारम्भ को उपाकर्म कहते हैं। इस दिन यज्ञोपवीत के पूजन का भी विधान है। ऋषिपूजन तथा पुराने यज्ञोपवीत को उतारकर नया यज्ञोपवीत धारण करना पर्व का विशेष कृत्य है। प्राचीन समय में यह कर्म गुरु अपने शिष्यों के साथ किया करते थे। यह उत्सव द्विजों के वेदाध्ययन का और आश्रमों के उस पवित्र जीवन का स्मारक है। अत: इसकी रक्षा ही नहीं, अपितु इसे यथार्थरूप में मानना हमारा परम धर्म होना चाहिये।

वर-वधु अष्टकूट कुण्डली मिलान का ज्योतिष शास्त्रीय विवेचन

- डॉ. चन्द्रमौलि रैणा

कुण्डली मिलान का ज्योतिष शास्त्रीय एवं आध्यात्मिक रहस्य क्या है? एक सूक्ष्म विश्लेषणात्मक तर्क संगत विवेचन:- वैवाहिक मिलान करते समय वर्ण वश्य तारा योनि ग्रह मैत्री (राशिस्वामी मैत्री) गण, राशि (भकूट), नाड़ी सभी का विचार करना आवश्यक बताया गया है **(वर्ण वश्य तारा योनि ग्रह मैत्री गण राशिकूट नाड़ी एतत् सर्वं विवाहे व्यापारे शुभ कार्ये च विचारणीयम्)**।

जन्म नक्षत्रों पर आधारित जन्म राशियों के आधार पर ही सम्बन्धित राशियों की वर्ण व्यवस्था होती है जो जन्म लेते ही शुरू हो जाती है। राशियों एवं ग्रहों के अनुसार ही हमारा मस्तिष्क सोचता है और राशियों के स्वामी ग्रह की किरणें हमारे मस्तिष्क को चलाती है। जैसा राशि और ग्रह का स्वभाव होता है वैसा ही हमारे वर्ण का स्वभाव होता है। इसका सामाजिक वर्ण व्यवस्था भाव सामाजिक जाति से कोई सम्बन्ध नहीं होता। यह दोष जन्मराशियों से सम्बन्धित वर्णों का है जिसे ज्यादातर लोग सामाजिक वर्ण व्यवस्था से जोड़कर ही देखते हैं जो सही नहीं एवं अप्रसंगिक है। परन्तु इस दोष की गूढ़ता को भली भान्ति जानने वाले ज्ञानियों के नजरिए में ऐसे स्वयं-भू ज्ञानी जो जन्मराशियों के वर्ण दोष को सामाजिक वर्ण व्यवस्था से जोड़कर देखते हैं परिहास का पात्र बनते हैं जिनकी वजह से ज्योतिष शास्त्र में विश्वास रखने वाले लोग अक्सर भ्रमित होते देखे जाते है। यह वर्ण मिलान केवल नाक्षत्रिक मिलान का हिस्सा है न कि सामाजिक वर्ण व्यवस्था का। इसलिए इस दोष को सामाजिक जातीय वर्ण व्यवस्था से जोड़कर नहीं देखना चाहिए। मिलान के हर-एक कूट का विशेष ज्योतिषीय महत्त्व होता है। खेद इस बात से होता है कि वैदिक ऋषियों की वैवाहिक मिलान की इस गूढ़ आध्यात्मिकता एवं इसके गूढ रहस्य से हमारे बहुत से ज्योतिषी अभी भी अनभिज्ञ है। ऐसे में वह वर्ण दोष को सामाजिक वर्ण व्यवस्था क्षत्रियों से, नाक्षत्रिक गण दोष को सामाजिक जातीय वर्ण व्यवस्था वैश्यों से, नाक्षत्रिक योनी दोष को सामाजिक जातीय वर्ण व्यवस्था शूद्रों से और नक्षत्र आधारित नाड़ी दोष को सामाजिक जातीय वर्ण व्यवस्था ब्राह्मणों से जोड़कर देखते है जो अप्रसंगिक है। जबकि वर्ण योनि गण नाड़ी का सामाजिक जातीय वर्ण व्यवस्था से कोई लेना देना न होकर जन्म राशिओं से सम्बन्धित वर्ण योनि गण नाड़ी आदि से है अत: उन्हीं के अनुसार ज्योतिष, शास्त्रीय विचार करना चाहिए इन दोषों को राशिओं की ज्योतिष शास्त्रीय कसौटी पर आधारित वर्णों के अनुसार देखना ही शास्त्र सम्मत है क्यों कि यह कूट मिलान की रचना सम्पूर्ण जनमानस को ध्यान में रखकर बनाया गया है। ग्रह किसी की सामाजिक वर्ण जाति को देखकर अपना प्रभाव नहीं करते। आकाशीय ग्रह नक्षत्र राशिओं की आकाशीय किरणों एवं नेटवर्क का प्रभाव सभी पर एक जैसा ही होता है।

पं. विश्व कुमार शर्मा
अध्यक्ष सनातन धर्म पथ परिषद्
जुगियाल शाखा (केन्द्र पठानकोट)
धर्म प्रचारक
श्री ब्राह्मण सभा पंजीकृत
शाहपुर कंडी टाउनशिप,
जिला पठानकोट (पंजाब)

"वेदस्य निर्मलं चक्षु ज्योतिषशास्त्रमनुत्तमम्"

आकाश मण्डल में स्थित नक्षत्रों, राशियों ग्रहों की चाल और गति का मानव जीवन में सूक्ष्म प्रभाव पड़ता है। इस प्रभाव का अध्ययन जिस विधि से किया जाता है उसे हम ज्योतिष शास्त्र कहते है। भारतीय ज्योतिष वेद का एक अङ्ग है जिस वेद के छ: अंगों में इसे आँख यानी नेत्र कहा गया है। वैदिक काल से ही आकाश और आकाश में विचरण करने वाले ये पिण्ड मानवों की जिज्ञासा का विषय बने है और प्रकृति पर इसका प्रभाव सदा से ही अनुसंधान के लिए उन्हें प्रेरित करता रहा है।

कैसे वर्ण का एक गुण न मिलने पर विवाह टूट जाता है क्या होते है 36 गुण? अष्टकूट विचार:-

1. **पहला गुण :- वर्ण मिलान :-** ज्योतिष को वेदों का नेत्र कहा गया है।

इस लिए वैदिक ज्योतिष शास्त्रानुसार नक्षत्रों पर आधारित राशियों के चार वर्ण होते है:-

1 ब्राह्मण वर्ण राशिएँ :- मीनालि कर्कटा विप्रा:।। मीन वृश्चिक कर्क।।

2. क्षत्रिय वर्ण राशिएँ :-क्षत्र मेषो हरिर्धनु:।। मेष सिंह, धनु।।

3. वैश्य वर्ण राशिएँ : वैश्य: कन्या वृषो मृग:।। वृष कन्या मकर।।

4. शूद्रवर्ण राशिएँ : शूद्रो युग्मं तुला कुम्भों।। मिथुन तुला कुम्भ।।।

इन वर्णों का ज्योतिष शास्त्रीय रहस्य होता है। आकाश से आने वाली नक्षत्रों, राशियों और राशियों के स्वामी ग्रह की किरणे हमारे मस्तिष्क को चलाती है। राशियों और ग्रहों के अनुसार ही हमारा मस्तिष्क सोचता है। जैसा राशि और गृह का स्वभाव होता है वैसा ही हमारे वर्ण का स्वभाव होता है। इसका सामाजिक जाति से कोई सम्बन्ध नहीं होता। यह वर्ण मानव जीवन की उत्पत्ति (भाव जन्म) के साथ ही शुरू से आते है।

1. **ब्राह्मण वर्ण की राशि** :- कर्क, वृश्चिक और मीन में पैदा होने वाले जातक ब्राह्मण वर्ण के होते है। जिसके कारण इन जातक/जातिकाओं में ज्ञान की मात्रा ज्यादा होती है। इस वर्ण वाले जातक चाहे किसी भी जाति व धर्म में पैदा हों चाहे सनातन हिन्दू हो, मुसलमान हो. सिक्ख हों, ईसाई हो, बौद्ध या जैन धर्म या किसी अन्य धर्म से हों, इनमें ज्ञान की मात्रा अधिक होती है।

2. **क्षत्रिय वर्ण की राशिए** :- मेष, सिंह, धनु राशि में पैदा होने वाले जातक क्षत्रिय वर्ण के होते है। इन राशि वालों में क्षत्रिय गुण ज्यादा होते है। इनमें लड़ने की क्षमता ज्यादा होती है। क्षत्रिय वर्ण में जन्म लेने वाले चाहे वे सामाजिक जाति व्यवस्था के अनुसार ब्राह्मण कुल में जन्म लें या फिर किसी अन्य वैश्य, शूद्र आदि किसी कुल में, इनमें लड़ने की क्षमता ज्यादा होती है।

3. **वैश्य वर्ण की राशिएँ**:- वृष, कन्या और मकर राशि वाले व्यापारी प्रवृति वाले वैश्य गुण सम्पन्न होते हैं।

4. **शूद्र वर्ण की राशिएँ**:- मिथुन, तुला, कुम्भ राशि/वर्ण वाले जातक/जातिकाओं में शूद्र वर्ण वाले गुण अधिक होते हैं। इन लोगों का दिमाग छोटे और निम्नवर्ग के कामों में ज्यादा रहता है। ऐसे लोग मेहनत करने वाले कार्यों में ज्यादा रुचि रखते हैं। ऐसा जातक बड़ा अधिकारी या मन्त्री होने पर भी घर के कार्य खुद ही करना पसन्द करता है।

कुण्डली मिलाते, समय अगर वर का वर्ण ब्राह्मण है और कन्या (वधू) का भी ब्राह्मण वर्ण है तो दोनों का रुझान एवं नेटवर्क एक जैसा हो जाता है और तालमेल अच्छा रहता है। दोनों ज्ञानी होंगे।

अगर एक का वर्ण ब्राह्मण है और दूसरे का क्षत्रिय तो दोनों में तकरार होना स्वभाविक हो जाता है।

अगर लड़के का वर्ग बाह्मण है और लड़की का वैश्य वर्ण है तो लड़के में ज्ञान की मात्रा अधिक रहेगी और लड़की का दिमाग व्यापार में ज्यादा चलेगा, लड़की अपने कैरियर पर ज्यादा ध्यान केन्द्रित करेगी। जिसके कारण तालमेल नहीं रहता। जिसके कारण घर में विवाद हो जाता है।

इसी प्रकार लड़के का वर्ण ब्राह्मण और लड़की का शूद्रवर्ण हो तो लड़की में निम्न श्रेणी के काम करने की आदत होती है जैसे बिना स्नान किये रसोई घर का काम करना या बिना कुल्ला किए चाय विस्कुट आदि खा लेना। जिसके कारण दोनों के दिमाग के नेटवर्क में भिन्नता आ जाती है और तालमेल भी भिन्न भिन्न हो जाता है लड़का धार्मिक विचारों का होता है और लड़की व्यसनशील होती है।

शास्त्रों में कहा गया है कि उत्तम वर्ण की कन्या विशेषकर ब्राह्मण वर्ण की कन्या के साथ हीन वर्ण के वर का विवाह न करें। ऐसा वर्ण मिलान श्रेयकर नहीं।

(क) नोत्तमामुद्वहेत कन्या ब्राह्मणी च विशेषत:।
म्रियते हीन वर्णश्च ब्रह्मा रक्षितो यदि॥

भावार्थ– उत्तम वर्ण की विशेषकर ब्राह्मण वर्ण की कन्या के साथ हीन वर्ण के वर से विवाह न करे। अन्यथा ब्रह्मा भी रक्षा करे तो वर की मृत्यु हो जाती है। (अथवा विवाह टूट जाता है)।

(ख) विप्र वर्णे च या नारी शूद्र वर्णे च य: पति:।
ध्रुवं भवति वैधव्यं शकस्य दुहिता यदि।

ब्राह्मण वर्ण की कन्या के साथ शूद्र वर्ण के वर का विवाह न करें यदि किया जाए तो चाहे इन्द्र की कन्या क्यों न हो तथापि निश्चय विधवा होती है अथवा विवाह टूट जाता है।

इस वर्ण का 1 कूट (भाव एक गुण) होता है। इस एक गुण का दोष युक्त होना जिन्दगी को तबाह कर देता इस लिए कुण्डली मिलाते हुए यह अवश्य देख लेना चाहिए। अष्टकूट में वर्ण कूट का मिलान स्वभाव और आदतों का मिलान होता है।

इस एक गुण के न मिलने पर स्वभाव भिन्न-भिन्न होने से शादी टूट जाती है। जबकि कई बार वैवाहिक सम्बन्ध विच्छेद होने पर पूछा जाता है कि शादी क्यों टूट गई तो पता चलता है कि लड़का म्लेच्छ रहता है। कुल्ला नहीं करता मुँह से बदबू आती रहती है इसलिए मैं उनके साथ नहीं रह सकती बहुत से लोग कुण्डली मिलान का मजाक उड़ाते है उनको यह नहीं पता कि इसमें कितनी गहराई है। कुछ पति- पत्नी के वैवाहिक सम्बन्धों में जब दरार आती है तो कारण होता है कि पत्नी तो शराब बहुत पीती है और बहुत दुःखी है। विवाह में विधिवत् मिलान नहीं हुआ। इसलिए विवाह से पहले कुण्डली अवश्य मिलानी चाहिए।

वश्य कूट

कुण्डली मिलान में अष्टकूट के 2 गुणों वाले वश्य का क्या महत्त्व है। (कुण्डली मिलान के बाद भी हत्या क्यों हो जाती है? जीवन भर क्लेश क्यों रहता है।)

गुण मिलान सिर्फ कुण्डली मिलान ही नहीं बल्कि एक छत के नीचे रहने वाले दो अन्जान स्त्री और पुरुष का मन, आत्मा और शरीर का मिलान होता है। (कुण्डली मिलान में दोनों का भविष्य, चरित्र, आयु धन दरिद्रता, रोग निपुंस्कता, बांझपन, व्यापार, स्वभाव, सुख साधन को देखा जाता है) इसलिए नाक्षत्रिक गुण मिलान और कुण्डली मिलान दोनों विधिवत देखा जाना चाहिए।

वश्य का मतलब क्या होता है। पहले इसको समझना चाहिए। 12 राशियों से 5 वश्य होते हैं। राशि के अनुसार वश्य का अर्थ स्वभाव एक दूसरे को वश में करने का होता है। चतुष्पद नर जलचर वनचर एवं कीट यह पाँच वश्य होते हैं।

1. **चतुष्पद वश्यः**- मेष, सिंह, धनु का उत्तरार्द्ध; मकर राशि का पूर्वार्द्ध ये चतुष्पाद वश्य हैं।
2. **मानव (द्विपद) नर-वश्य** :-मिथुन, कन्या तुला और धनु का पूर्वार्द्ध और कुम्भ राशि ये सभी द्विपद वश्य में आती है।
3. **जलचर वश्यः**- कर्क राशि मकर राशिका उत्तरार्ध, मीन राशि यह जलचर वश्य में आती है।
4. **वनचर** :- सिंह राशि वनचर वश्य में आती है।
5. **कीट वश्य** :- वृश्चिक राशि कीट वश्य में आती हैं।

अब ये सभी राशि वृश्चिक राशि को छोड़कर सिंह राशि के आधीन होती है।

इस प्रकार वश्य के भी चार वर्ग होते हैंः-

वश्य विचार के अन्तर्गत वश्यों में परस्पर मैत्री, वैर, भक्ष्य और वश्य आदि चार मूल तत्त्व है।

1. **वश्य वर्ग** :- वश्य वर्ग में एक राशि दूसरे को अपने वश में रखती है।
2. **मित्र वर्ग** :- जो राशि के स्वामी एक दूसरे से मित्रता रखते हैं।
3. **शत्रु वर्ग** :- जो राशि वर्ग एक दूसरे से दुश्मन भाव अर्थात् शत्रुता रखते हैं।
4. **भक्ष्य वर्ग** :- जो राशि वर्ग एक दूसरे का भक्षण करते हैं।

कुण्डली मिलान करते समय अब यह देखना होगा कि वर की राशि का वश्य वर्ग कहीं कन्या के वर्ग का भक्ष्य तो नहीं है। अगर ऐसा हुआ तो कुण्डली में उच्चग्रहों के होने के बाद भी लड़का या लड़की एक दूसरे को मार देते है क्योंकि इन दोनों की राशियों का भक्ष्य था।

"हित्वा मृगेन्द्रं नर राशि वश्यः, सेव तथैषां जलजास्तु भक्ष्या सर्वेऽपि सिंहस्य वशे विनाऽलिं ज्ञेयं नराणां व्यावहारतोऽन्त्य।"

सिंह राशि को छोड़कर अन्य सब मनुष्य राशि के वश्य है। जलचर सब उनके भक्ष्य है। वृश्चिक को छोड़कर सिंह के सब भक्ष्य है। और अन्य का वश्य व्यवहार जान लेना चाहिए।

वर्ग का निर्णय इस प्रकार कर सकते है :-

1. **गरुड वर्ग के नामाक्षरः**- अ इ उ ए ओ (अंवर्ग) अवर्गो गरुडोज्ञेयो।
2. **बिडाल वर्ग के नामाक्षर** :- क ख ग घ ङ. (कवर्ग) विडालस्यात कवर्गकः।
3. **सिंह वर्ग के नामाक्षर** :- च छ ज झ ञ (चवर्ग) चवर्ग सिंह नामाः।
4. **श्वाम वर्ग के नामाक्षर** :- ट ठ ड ढ ण (टवर्ग) च टवर्ग : कुक्करः, स्मृतः।
5. **सर्प वर्ग के नामाक्षर** :- तथदधन (तवर्ग) सर्पाख्य स्यात तवर्गोऽपि।
6. **मूषक वर्ग के नामाक्षर** :- पफ ब भ म (पवर्ग) पर्वगो मूपकं मतः।
7. **मृग वर्ग के नामाक्षर** :- य र ल व (यवर्ग) यवर्गो मृग नामाख्य।
8. **मेढा वर्ग के नामाक्षर** :- श ष स ह (शवर्ग) स्तदा मेष शबर्गकः।

इन वर्गों में भक्ष्य, शत्रु, मित्र और समान वर्ग माने जाते है जैसे :-

1. गरुड वर्ग (अवर्ग) सर्प वर्ग (तवर्ग) का भक्षण करता है भाव शत्रु है। गरुड-साँप
2. बिडाल वर्ग (बिल्ली) (कवर्ग) और मूषक वर्ग (चूहा) (पवर्ग) का भक्षण करता है भाव शत्रु है।
   भाव बिडाल वर्ग अपने से पांचवे मूषक का भक्ष्य है भाव शत्रु है। बिल्ली चूहा
3. सिंह वर्ग (चवर्ग) मृग् (यवर्ग) का भक्षण करण है भाव शत्रु है (शेर-हिरण)
4. श्वान (कुत्ता) वर्ग (टवर्ग) भेढा (भेड़) वर्ग (शवर्ग) आपस में शत्रु है

वर के नाम से वधू के नाम का तीसरा वर्ग सम होता है शादी कर भी ली जाए तो जीवन में न अच्छा न बुरा होता है। यह बात वर से वधू और वधू से वर के लिए देखी जानी चाहिए।

शास्त्र वचनः-

स्ववर्गात पंचम शत्रु, चतुर्थो मित्र संज्ञक।
उदासीनस्य तृतीयः स्याद्वर्ग भेदस्त्रिधोच्यते।
यो यस्य पञ्चमस्थाने सः वैरी तस्य प्रोच्यते।
उदासीनस्तृतीये स्याच्चतुर्थे मित्रमुच्यते॥

फलमः-

"स्ववर्ग परमा प्रीतिर्मित्रे प्रीति शाश्वती।
उदासीने प्रीतिरल्पा, शत्रु वर्ग मृतिर्भवेत॥"

अपने वर्ग के साथ अत्यन्त प्रेम, मित्र वर्ग के साथ स्थाई प्रेम, सम वर्ग के साथ सामान्य प्रेम और शत्रु वर्ग के साथ मृत्युदायक अथवा कष्ट होता है।

मेषमूषकयोः सम्पद् गज मार्जारयोः स्थितिः।
श्वाने मेषे च मृत्युः पीडा स्यात् सिंह नागयोः॥

मेष-मूषक वर्ग में सम्पत्ति लाभ और विडाल में स्थिरवास, श्वान (कुत्ता) और मेष (भेडा) वर्ग में मृत्यु तथा सिंह नाग वर्ग से कष्ट होता है। इसका विचार विवाहादि में होता है।

संस्कृत भाषा में वश्यम् का तात्पर्य किसी का नियन्त्रण अथवा वर्चस्व। विवाह के लिए कुण्डली मिलान के समय इसकी जांच की जाती है। विवाह हेतु वश्य की जांच करने का उद्देश्य भविष्य में पति-पत्नी के बीच सम्भावित अन्तर्विरोध एवं टकराव को रोकना है।

3. **तारा कूटः**- कुण्डली मिलान में तारा दोष के 3 गुण का क्या रहस्य/महत्त्व है? वर-वधू कुण्डली मिलान पार्टनरशिप, नौकर रखना और मित्रता में तारा मिलान जरूरी क्यों है?

(क) विवाहोपरान्त पति पत्नी की या पत्नी पति की हत्या क्यों कर देता/देती है।

(ख) लव जिहाद में एक प्रेमी-प्रेमिका की हत्या क्यों कर देता है।

(ग) नौकर मालिक की हत्या क्यों कर देता है या मालिक-नौकर को टिकाने क्यों लगा देता है।

तारा कूट मिलान को एक प्रकार से दो अनजान लोगों के भाग्य का मिलान कह सकते है या यह भी कह सकते हैं कि दो अनजान लोगों की ओरा का मिलान कैसा है? दोनों की ओर मिलान करती है कि नहीं।

कुण्डली मिलान में 9 प्रकार की तारा होती है:-

जन्म सम्पत् विपत् क्षेत्र प्रत्यरि साधकों बधः
तथा मैत्रातिमैत्रे च नवतारा प्रकीर्तिताः।।

1	जन्म	1	इन में 3, 5, 7, क्रमशः विपत् (विपति)
2	सम्पत्	1	प्रत्यरि (विरोध या अपमान) और वध
3	विपत्	1	(मृत्यु प्रदायकः)
4	क्षेम	1	
5	प्रत्यरि	1	
6	साधकः	1	
7	वध	1	
8	मैत्र	1	
9	अतिमैत्र	1	ये नौ ताराएँ पूर्वाचार्यों ने कही हैं।

ज्योतिष एक बहुत गहरा शास्त्र है जो दिव्य आलौकिक आध्यात्मिक ज्ञान से लबालब भरा हुआ है। कोई भी फैसला जल्दबाजी में न करें। नाक्षत्रिक गुण मिलान कुण्डली मिलान का एक अति महत्त्वपूर्ण पूरक हिस्सा है। अपने पूर्वज ऋषियों की इस दिव्य आलौकिक वेद-विद्या पर हम तुच्छ प्राणी अंगुली नहीं उठा सकते। पहले हमें ज्योतिष शास्त्र की दिव्यता को समझ लेना चाहिए यही हमारी उपलब्धि होगी।

1. **कन्याभं वरभाद्गण्यं वरभाद् वर भं तथा**
   नवहृच्छेषभे नेष्टे सप्त पञ्च त्रि संख्यके।। (नेष्ट 7, 5, 3 संख्या)
2. **कन्यार्काद् वरभं यावत कन्याभं वरभाद्।**
   गणयेन्नवहृच्छेषे त्रिष्वद्रिभम् सत्स्मृतम्।। (नेष्ट 3, 9, 5, 9, 7 संख्या)

कन्या के नक्षत्र से वर के नक्षत्र पर्यन्त, वर के नक्षत्र से कन्या के नक्षत्र तक गिनकर उनमें नौ का भाग देने पर 3, 5, 7 बचें तो अशुभ तारा होती है।

अगर वर का नक्षत्र वधू के नक्षत्र से तीसरा आता है तो शादी के बाद भयंकर विपत्ति आना शुरू हो जाती है जैसा कि तारे के नाम विपत् से स्वयं स्पष्ट है। परन्तु दोष वधू को दे दिया जाता है कि जब से वधू के पैर घर में पड़े हैं तब से घर में शान्ति नहीं है। इसी प्रकार अगर सातवाँ नक्षत्र (तारा) आता है तो शादी के बाद किसी एक की मृत्यु हो जाती है जैसा कि सप्तम तारा वध के नाम से स्वयं स्पष्ट है वैवाहिक जीवन विखर (विछुड़) जाता है भाग्य का नाश हो जाता है वधतारा आने पर शादी या व्यापार में सांझेदारी या मित्रता भी नहीं करनी चाहिए।

इसके अलावा कोई भी शुभ काम आप करते हैं तो जिस दिन वो काम करना चाहते है, उस दिन के नक्षत्र को अपने नक्षत्र से मिला लेना चाहिए भाव जन्म नक्षत्र से तारा को देख लेनी चाहिए; कहीं ऐसा न हो कि आपने यात्रा तो शुभ मुहूर्त देखकर शुरू की और रास्ते में दुर्घटना हो गई।

उदाहरण के लिए मान लेते है कि आप यात्रा पर जा रहें हैं। आपका जन्म नक्षत्र अश्विनी है और जिस दिशा जा रहे हैं उस दिन सातवां नक्षत्र यानी पुनर्वसु नक्षत्र है जो कि आपके नक्षत्र का वध बनता है तो आपकी उस यात्रा में मृत्यु भी सम्भव हो सकती है।

इस लिए कुण्डली मिलान में तारा कूट (तारा देष) के 3 गुण बहुत ही महत्त्वपूर्ण होते हैं।

यह तारा कूट गुण का मिलान पिता-पुत्र के व्यापार में, व्यापार में, सांझेदारी में, या यात्रा में बहुत ही आवश्यक होता है। मित्रता में यह तारा मिलान बहुत आवश्यक होता है।

4. योनि कूट का गुण मिलान में महत्व

कुण्डली के मिलान में "योनि कूट" के न मिलने से (भाव योनि दोष होने से) शरीरिक सम्बन्धों को लेकर झगड़ा क्यों होता रहता है और रिश्ते क्यों टूट जाते है?

क्या है 4 गुण के इस दोष का रहस्य? कुण्डली मिलान इतना आसान नहीं है जितना इसको समझा जाता है। सिर्फ गुण और दोष देखने से मिलान नहीं होता है।

इस मिलान के रहस्य को गहराई से समझना बहुत जरूरी है। यह मिलान जातिगत नहीं होता। योनि दोष केवल शूद्र जाती को लगता है ऐसा नहीं है।

84 लाख योनियों में 14 योनियाँ सब से महत्त्वपूर्ण मानी जाती है। जिनका निर्धारण मनुष्य के पैदा होने के समय नक्षत्र के अनुसार किया जाता है।

27 नक्षत्रों के अनुसार 14 योगियां होती है।

1. अश्व योनि (अश्विणी और शतभिषा नक्षत्र)
2. गज योनि (भरणी, रेवती)
3. मेष योनि (कृतिका, पुष्य)
4. सर्प योनि (रोहिणी, मृगशिरा)
5. श्वान योनि (आर्द्रा, मूला।
6. मार्जार योनि (पुनर्वसु, अश्लेषा)
7. मूषक योनि (मघा, पू०भा०)
8. गौ योनि (उ०फा०, उ० भाद्रपद)
9. महिष योनि (हस्त, स्वाती)
10. व्याघ्र योनि (चित्रा, विशाखा)
11. मृग योनि (अनुराधा, ज्येष्ठा)
12. वानर योनि पू०षा०, श्रवण)
13. नकुल योनि (उ०षा०)
14. सिंह योनि (धनिष्ठा, पू०भा०)

इन 14 योनियों में :-

कुछ मित्र योनि होती हैं

कुछ शत्रु योनि होती हैं और

कुछ महावैर योनि होती है। जैसे सर्प (साँप) और नकुल (नेवल); अश्व (घोड़ा) और महिष; गज (हाथी) और सिंह (शेर); गो (गाय) और व्याघ्र (वाघ); वानर और मेष (भेड़ा) ये महावैर योनि है। इस योनि दोष का परिणाम मुख्यत: संभोग के रूप में देखा जाता है। दुनियां में 50% रिश्ते असंतोषजनक शरीरिक सम्बन्धों के कारण टूट जाते हैं। इस लिए इस दोष का सम्बन्ध संतोषजनक सम्बन्धों के रूप में देखा जाता है।

उदाहरण के लिए लड़के की योनि गज है और लड़की की योनि सिंह है तो ऐसी स्थिति में हाथी और शेर सम्भोग नहीं कर सकते हैं।

एक दूसरे को देखते ही मारने की कोशिश करते हैं।

इसी प्रकार वर कन्या की योनि कूट में महावैर योनि होने पर यह दोष आ जाता है तो हम मिलान बोल देते है कि इनका शरीरिक सम्बन्ध ठीक नहीं रहेगा।

गुण मिलान में योनि दोष होना उचित नहीं हैं कितनी बार देखने में आता है कि पति और पत्नी के बीच हमेशा इसी मुद्दे को लेकर झगड़ा बना रहता है।

इस लिए शादी से पहले लड़के व लड़की की कुण्डली में इन 11 योगों को अवश्य देख लेना चाहिए।

1. लम्बी आयु
2. चरित्र हीनता
3. दरिद्र योग
4. लम्बी बीमारी
5. होमो सेक्स
6. हिजडा पन (निपुसंकता)
7. तलाक योग
8. बांझपन
9. अवैध सम्बन्ध
10. जेलयोग (बंधन योग)
11. शनि महादशा, राहु महादशा, शनि साढ़े साती या मंगली दोष न हो।

योनियों में आपस में बड़ी शत्रुता-

गोव्याघ्रं, महिषाश्वं च वैरं मार्जार मूषकम्।
गज-सिंहेभं कपिमेषं, श्वानमृगं च वैरं तु नकुलोरगन।
त्याज्य परस्परं चैतद् दम्पत्योः स्वामी भृत्यो॥

गाय व्याघ्र वा, घोड़े भैंसें का, विलाव मूषक का, सिंह हाथी का, बानर-भेड़ का कुत्ता हिरण का और न्योले व सर्प का परस्पर स्वभाव से वैर होता है।

वर कन्या के मेलापक में एवं सेव्य सेवक (मालिक-नौकर) के निर्णय में इसका त्याग करना चाहिए।

अन्य प्रकार से–

गोव्याघ्रं गजसिंहमश्वमहिषं श्वैणं च बभ्रूरगं,
वैरंवानरमेषयोश्च सुमहत्तद्वद्विडालोन्दुरुः।
लोकानं व्यवहारतोऽन्यदपि तज्ज्ञात्वा प्रयत्नादिदं
दम्पत्योर्नृपभृत्योरपि सदा वर्ज्यं शुभस्यार्थिभिः॥

भावार्थः- गो और व्याघ्र का, हाथी और सिंह का, अश्व महिष का श्वान और मृग का, सर्प और नेवले का, वानर भेड़े का तथा मूस और बिलाव का परस्पर वैर है। अतः स्त्री-पुरुषों में तथा राजा सेवकों में वैर योनि का परित्याग कर देना चाहिए।

5. **ग्रह मैत्री या राशि स्वामी मैत्री कूट मिलान (पांचवे कूट का महत्त्व):**

स्त्री/वधू खूबसूरत होने के बाद भी कई बार पति या मित्र का प्यार नहीं मिलता।

कुण्डली मिलान में "ग्रह मित्रता या राशिस्वामी मित्रतागुण" के 5 गुणों का उपयोग क्या है? क्या हम इसका उपयोग विवाह गुण मिलान के अतिरिक्त सांझेदारी, मित्रता, स्टाफ रखना, नौकर रखना आदि में कर सकते है?

जी हाँ। गृह मित्रता में वर कन्या के अलावा इसका प्रयोग हम सभी मित्रता के भाव की जगह कर सकते हैं। अगर आपकी राशि का स्वामी आपके स्टाफ के साथ मित्रता का भाव रखता है तो वो आपके लिए अच्छा ही सोचेगा और मित्र भाव से नौकरी करेगा, अपना ही काम समझकर मेहनत करेगा। अगर आपके स्टाफ या आपका मित्र आपके साथ गृहमैत्री में शत्रुता का भाव रखता है तो आपका मित्र ही आपकी जान का दुश्मन होगा। कई बार मित्रता व शत्रुता का भाव पिता-पुत्र, मां बेटियों और भाई बहनों में देखने का मिलता है। यह उनकी ग्रह- मित्रता, समता, अति मित्रता व अति शत्रुता के कारण होता है।

इसी प्रकार वर कन्या में भी अगर ग्रह मैत्री मिलान का अभाव हो या फिर नोमांश पतिओं से भी मित्रता का अभाव अर्थात शत्रुता हो तो दोनों के मध्य हमेशा दुश्मनी का भाव बना रहता है जो जीवन को तबाह कर देता है। कुण्डली मिलाते समय यह अवश्य देख लेना चाहिए कि वर और कन्या की राशि की मित्रता है, शत्रुता है या समता जैसे लड़के की राशि सिंह है और लड़की की राशि कुम्भ है तो इनके स्वामी सूर्य और शनि एक दूसरे के परम शत्रु हैं। ऐसी स्थिति में सम्बन्ध नहीं करना चाहिए।

इसी तरह अगर वर की राशि का स्वामी बुध और कन्या की राशि का स्वामी चन्द्रमा हो तो बुध चन्द्रमा को शत्रु मानता है और चन्द्रमा बुध को मित्र मानता ऐसी स्थिति में स्त्री चाहे कितनी ही खूबसूरत क्यों न हो चाहे विश्वसुन्दरी हो या इन्द्र की अप्सरा ही क्यों न हो फिर भी पुरुष उस स्त्री से शत्रु भाव ही रखेगा। ऐसा देखा गया है कि बहुत से कुरूप पुरुषों की स्त्रियों बहुत खूबसूरत होती है फिर भी उसको उस करूप पति का प्यार कभी नहीं मिलता और पत्नी उसकी खूब सेवा करती है।

मिलान करते समय ग्रहों की मित्रता भाव जरूर देखना चाहिए जैस लड़की की राशि तुला या वृष हो और लडके की कन्या या मिथुन हो तो दोनों में मित्रता होती है. शुक्र+बुध आपस में पूर्ण मित्र है तो ऐसे में घर का माहौल मित्रता पूर्ण रहता है घर में कलेश नहीं होता।

कूट संख्या 6 ॥ गण कूट मिलान॥

क्या वर-कन्या की रुचियां, अभिरूचियाँ, पसन्द नापसन्द जन्म कालिक नक्षत्रों के साथ जन्म से ही प्राप्त होते हैं जी हां! हमारा मूल व्यवहार। स्वभाव हमारे जन्मकालिक नक्षत्रों से प्रेरित होता है

प्राचीन वैदिक परम्परा के अनुसार यह सम्पूर्ण ब्राह्मण्ड के समस्त जीव तीन प्रकार के मूल भूत गुणों से प्रेरित हैं। इन्हीं से संसार बनता है। ठीक वैसे ही दुनियां में मौजूद करोड़ों रंग तीन मूल रंगों– लाल नीला हरा से मिलकर बनते हैं। तीन प्रकार के मूलभूत गुण है:- सत्व गुण - रजोगुण- तमो गुण। सत्व गुण की अधिकता देवताओं में, रजोगुण की अधिकता मनुष्यों में और तमो गुण की अधिकता क्रूर जीव यानि राक्षसों में होती है।

अष्टकूट मिलान के अन्तर्गत इस गणकूट नामक बिन्दू में हम दो जीवन साथिओं के मूलभूत स्वभाव का मिलान करते है। ऋषि मुनियों ने हमारी प्रकृति के अनुसार समस्त आकाशीय नक्षत्रों को तीन गणों में विभाजित किया है। वे गण है:- देव (देवता), मनुष्य (नर), और राक्षस (असुर)।

हमारी समस्त रूचियाँ, अभिरूचियाँ, हमारे विचार हमारी अभिव्यक्ति का प्रकार, हमारी पसन्द और नापसन्द ये सब हमारे नक्षत्रों के गणों के आधार पर ही प्राप्त होता है हम जो व्यवहार करते हैं, जैसे दिखते हैं जो हमारी पसन्द है ये सब हमारा मूल स्वभाव ना होकर इस पर हमारे माता-पिता, हमारे खान-पान, हमारे रहने के स्थान हमारे समाज, हमारी शिक्षा और हमारे वातावरण के ऊपर निर्भर करता है। किन्तु हमारा मूल स्वभाव कुछ और ही होता है तभी तो किसी इंसान को पूरी तरह जानने में सालों साल लग जाते है। हमारा मूल भाव व्यवहार। स्वभाव हमारे गणों से प्रेरित होता है।

गण कूट नामक यह विषय बस हमारे इसी मूल भूत स्वभाव प्रकृति (देव-नर-राक्षस) को जानने का माध्यम है, कहीं दो विपरीत प्रकृति के जीवों का मिलान होकर एक समय में गृहस्थ जीवन में कटुता उत्पन्न न हो जाए। इतना अहम विन्दु होने के कारण इस अष्टकूट में गण कूट मिलान को 6 गुण प्रदान किये गए है। आइये आगे बढ़कर इन गणों के माध्यम से अपनी मूल प्रकृति का मिलान करें ताकि हमारी गृहस्थी की यात्रा आजीवन सुखद रहे।

उदाहरण के तौर पर यदि बर का जन्म नक्षत्र आधारित देव गण से युक्त है और कन्या का जन्म नक्षत्र राक्षस गण युक्त है, ये दोनो गण एक दूसरे के घोर विरोधी है अर्थात शास्त्रों के अनुसार ये दोनों गन विपरीत प्रकृति के हैं। इसलिए यह देवता-राक्षस गण का संयोग अच्छा नहीं माना जाता है जैसा कि इनके नाम से ही स्वयं स्पष्ट है।

ऐसे मिलान में यह देखने को मिलता है कि देवता गण युक्त लड़का अमन पसन्द (शान्ति प्रिय), सन्तुष्ट, शान्त, और धैर्यवान होगा जबकि राक्षसगण युक्त लड़की आक्रामक, वर्चस्ववादी और नोक झोक करने वाली होगी दोनों चाहे-अनचाहे दूसरे को शरीरिक, मानसिक और भावनात्मक पीड़ा देते रहेंगे। छोटे छोटे मामलों पर विवाद, तनाव और मतभेद हो सकता है। लड़की लड़के को अव्यवहारिक, बुद्धिहीन और आलसी कहकर चिह्नित कर सकती है। जबकि लड़का महसूस करेगा कि लड़की जरूरत से ज्यादा मांग करने वाली अति महत्त्वकांक्षी, वर्चस्ववादी और कभी कभी अनैतिक व्यवहार/आचरण करने वाली होगी। एक बार देखने में चाहे किसी वाह्य कारणों के साथ मिलते या रहते दिखाई दें लेकिन अन्ततः दोनों की मूलप्रकृति अलग होने के कारण एक वातावरण, एक समाज और समान परिस्थितिओं में गुजर-वशर करना दोनों के लिए लगभग असंभव होता है क्यों कि दोनों की रुचियाँ अभिव्यक्तियाँ, रहने का तौर-तारीका बिलकुल अलग होता है जैसे गुलाब और कमल दोनो सुन्दर पुष्प है, दोनों अपने आप में श्रेष्ठ है किन्तु दोनों का विकास अलग तरह के परिवेश में होता है। एक को सख्त भूमि, तो दूसरे को जलपूर्ण तालाब; ऐसे में इन दोनों गणो (देव+राक्षस) में एक बड़े अन्तर और विरोधावास के कारण मेलापक शास्त्र इनको भाव गणकूट के 6 अंकों में से 0 अंक देता है। देव-देव, देव-नर, नर-नर, राक्षस- राक्षस गणों के मिलान को सही माना गया है। इसी लिए मिलान को सावधानी पूर्वक आगे बढ़ाना चाहिए।

"स्त्री नृगणा वरोऽस्त्रपगणः सत्कूट मैत्रयोस्तदा
स्त्री चेत् नृगणा तथा वरः अस्त्रप गणः (राक्षस गण) तदा तयोः सत्कूट मैत्रयो : मेलनं शुभं स्यात् (मुहूर्त मार्त्तण्ड)

अर्थात् यदि स्त्री मनुष्य गण हो और वर राक्षस गण हो तो ऐसी अवस्था में दोनों का मेलन भकूट शुद्धि और राशीशों की मैत्री होने पर करना चाहिए।

"रक्षः स्त्री नृपुमान्यदा वशमुखैः षडभिर्युतं शोभनं॥ मु॰ मार्तण्ड॥

भावार्थ यदि कन्या राक्षस गण और वर नर गण हो तो वश्य आदि आदि छः (वश्य तारा योनि, ग्रह मैत्री, भकूट और नाड़ी) कूट गुणों के शुभ रहने पर विवाह शुभ होता है अन्यथा नहीं।

सातवां कूट – भकूट (राशि कूट) = 7

(क) क्या भकूट दोष के कारण शादीशुदा जिन्दगी हो जाती है तबाह?

(ख) क्या भकूट दोष के कारण आर्थिक समस्याओं, सन्तान प्राप्ति, गम्भीर परेशानियों का सामना, आपसी कलहपूर्ण सम्बन्ध बिच्छेद एवं मृत्यु का कारण बन जाता है?

भकूट (राशि कूट) मिलान का मुख्य उद्देश्य एक सुखद गृहस्थी की प्राप्ति है। शुभ एवं प्रीति भकूट होने से दोनों जीवन साथियों के मध्य सौहार्दमय एवं प्रेमपूर्वक तालमेल को दर्शाता है दोनों जीवन साथियों के मध्य आजीवन दोनों का

साथ बना रहे दम्पत्ति दु:ख वियोग टकराव से आजीवन दूर रहें। रोजगार वाहन मकानादि संसाधनों की समयानुकूल प्राप्ति हो। जीवन में आर्थिक उन्नति हो। समाज और परिवार में सम्मान की प्राप्ति हो।

भकूट का अर्थ है गुणात्मक परिणाम; एक ऐसा परिणाम दो अलग अलग पुरुष स्त्री के आपसी मिलान से उत्पन्न होता है। जब हम दो जीवन साथियों के ग्रह नक्षत्र या गुण मिलाते हैं तो मात्र उनके स्वभावों का मिलान नहीं करते बल्कि ब्रह्माण्ड के दो बिंदुओं के मिलने से पैदा होने वाली किसी रसायनिक क्रिया की तरह उनके शरीरिक, मानसिक, भौतिक, आर्थिक सामाजिक, व्यवसायिक आध्यात्मिक बदलाव का भी अध्ययन करते हैं, जैसे दो अंकों को आपस में गुणा करने या जोड़ने पर तीसरा अंक प्राप्त होता है ठीक ऐसे ही दो अनजान वर-कन्या के आपसी मिलान से उन दोनों के भाग्यों, प्रारब्ध में एक बड़ा फेर बदल होता है। कुछ रिश्तों के जुड़ने से उन्नति और कुछ रिश्तों के जुड़ने से अवनति होती है।

भकूट मिलान के अन्तर्गत हम दोनों जीवन साथियों की जन्मराशियों के मध्य बनने वाले सम्बन्ध विशेष का सूक्ष्म अध्ययन करते हैं ताकि एक सुखद संसार की रचना करें ना कि दु:ख संघर्ष और तकलीफ की।

भकूट मिलान में तीन प्रकार के दोष बनते है जैसे:-

1.	भकूट षडाष्टक दोषी है	स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएं
2.	नवपंचम दोष	सन्तान सम्बन्धि समस्याएं
3.	द्विर्द्वादश दोष	वित्तसम्बन्धी समस्याएं

1. **षडाष्टक दोष:**- वर-वधु के मध्यम आपसी तनाव, आपसी लड़ाई झगड़ा एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी गम्भीर समस्याएँ।

(क) राश्यो षटकाष्टके मृत्युस्त्रिकोणेष्वनपत्यता।
नैस्वं द्विर्दादशे ज्ञेयं सौख्यमन्यत्र चोभयो:॥१॥

(ख) कुमार्या विषभाद् राशे: षष्ठे तु वरभं तथा
समराशे शुभं षष्ठं विपरीतमसत् स्मृतम्॥२॥

वर कन्या की राशि परस्पर छटी, आठवी हो तो मृत्यु, नवीं पांचवीं से सन्तान हीनता, दूसरी बाहरवीं होने पर निर्धनता एवं अन्य राशियों में सुख होता है। कन्या की विषम राशि से छटी वर की राशि हो तो शुभ; सम राशि से छटी वर की राशि हो तो अशुभ होती है इसी का समर्थन मुहूर्त चिन्तामणि (पीयूषधारा) टीकाकार ने भी किया है।

मृत्यु: षष्ठष्टके ज्ञेयोऽपत्यहानिर्नवात्मजे।
द्विर्द्वादशे निर्धनत्वं द्वयोरन्यत्र सौख्यकृत।

स्त्री पुरुष में परस्पर षष्ट अथवा अष्टम राशि सम्बन्ध होने से मृत्यु होती है। जब नवम्-पञ्चम से सन्तान का नाश द्वितीय दादश से निर्धनत्व और अन्य दोनों का सुख होता है।

द्वयोरेकपदाभावे भकूटे योनि मैत्रत:॥ (मुहूर्त गणपति)

वर कन्या के मध्य भकूट शुद्धि न होने पर यदि **योनियों की मित्रता हो भकूट शुद्धि होती है।**

षटकाष्टे समभं च षष्ठसहितं चेच्छोभनं स्यात्समं;
भं द्विर्द्वादशके द्वितीय सहितं श्रेष्ठं स्त्रिया युग्हरि:॥
समभं चेत् षष्ठ सहित 'तदा' षटकाष्टके शोभनं स्यात्।
समं भं द्वितीय सहितं द्विर्दादशके श्रेष्ठं स्यात्।
'विषमे' हरि: स्त्रियायुक् शुभ: स्यात्॥

भावार्थ:- यदि सम राशि (वृष, कर्क, कन्या, वृश्चिक मकर मीन) छठे से सहित हो तो यह घटकाटक शुभ होता है इसमें षटकाष्टक दोष नहीं लगता:-

राशिश मैत्री

(1) वृष राशि से षष्टम राशि तुला = 2-7 = शुभ षडाष्टक राशि मैत्री 100% मित्र
(2) कर्क राशि से षष्टम राशि धनु = 4-9 = शुभ षडाष्टक राशि मैत्री 80% मित्र
(3) कन्या राशि से षष्टम राशि कुम्भ = 6-11 = शुभ षडाष्टक राशि मैत्री 80% मित्र
(4) वृश्चिक राशि से षष्टम राशि मेष = 8-1 = शुभ षडाष्टक राशि मैत्री 100% मित्र
(5) मकर राशि से षष्टम राशि मिथुन = 10-3 = शुभ षडाष्टक राशि मैत्री 80% मित्र
(6) मीन राशि से षष्टम राशि सिंह = 12-5 = शुभ षडाष्टक राशि मैत्री 100% मित्र

प्रीति षड्ष्टकम्

सिंहेनमकर: श्रेष्ठ: कन्याया: मेष उत्तम:।
तुला सहमीनस्तु कुम्भेन सह कर्कटश्च॥

धनुषः वृषभः श्रेष्ठो मिथुनेन च वृश्चिकः।
एतत्षड्ष्टकं प्रीत्यैवभवत्यैव न संशयः॥

(गरूढ़ ज्योतिषे 61 अध्याये 17-18)

सिंह का मकर के साथ षडाष्टक, कन्या का मेष के साथ तुला और मीन, कुम्भ कर्क, धनु वृष, मिथुन वृश्चिक से सभी षड्ष्टक योग प्रीतिपद होते हैं। **"धनस्थानात्विजानीयत् दारा"** धन स्थान से पत्नी का विचार किया जाता है, यदि वर एवं कन्या की जन्मकुण्डलियों में द्वितीयेश/सप्तमेशों की मित्रता हो तो उपरोक्त षडाष्टक होने पर भी विवाह प्रीतिदायक ही होता है।

द्विर्द्वादश दोष विचार– भाव किस प्रकार द्विर्द्वादश दोष निष्प्रभावी हो जाता है। इसी तरह सम राशि अपनी से द्वितीय के साथ शुभ होती है। जैसे–

	राशिश मैत्री
(1) वृष राशि से द्वितीय राशि मिथुन = 2-3 = शुभ द्विर्द्वादश	100% मित्र
(2) कर्क राशि से द्वितीय राशि सिंह = 4-5 = शुभ द्विर्द्वादश	100% मित्र
(3) कन्या राशि से द्वितीय राशि तुला = 6-7 = शुभ द्विर्द्वादश	100% मित्र
(4) वृश्चिक राशि से द्वितीय राशि धनु = 8-9 = शुभ द्विर्द्वादश	100% मित्र
(5) मकर राशि से द्वितीय राशि कुम्भ = 10-11 = शुभ द्विर्द्वादश	100% मित्र
(6) मीन राशि से द्वितीय राशि मेष = 12-1 = शुभ द्विर्द्वादश	100% मित्र

ध्यान रहे परन्तु सम राशि अपने से बाहरवे के साथ शुभ नहीं होती है और विषम राशिएँ अपने से द्वितीय राशि के साथ शुभ नहीं होती है। परन्तु विषम राशि में केवल सिंह राशि अपने से द्वितीय (कन्या राशि के) के साथ शुभ होती है। (विषमे-हरि = सिंह, स्त्रिया युक् = कन्यायुक्त, शुभः भवति। अन्यो विषयों द्वितीय युक्तो न शुभः॥)

नवपंचम विचार :-

वरस्य पञ्चमे कन्या कन्याया नवमे वरः।
एतत् त्रिकोणकं ग्राह्यं पुत्र पौत्र सुखावहम्॥

अर्थात वर से कन्या की राशि पञ्चम और कन्या की राशि से नवम राशि वर की हो तो दोष निवृत्ति हो जाती है। ऐसी जोड़ी पुत्र पौत्र तक का सुख देखती है जैसे (शुभ त्रिकोण)।

	राशिश मैत्री
(1) मेष राशि से पञ्चम राशि सिंह = 1-5 = मित्र नवपंचम =	100% मित्र
(2) वृष राशि से पञ्चम राशि कन्या = 2-6 = मित्र नवपंचम =	100% मित्र
(3) कुम्भ राशि से पञ्चम राशि मिथुन = 11-3 = मित्र नवपंचम =	80% मित्र
(4) कर्क राशि से पञ्चम राशि वृश्चिक = 4-8 = मित्र नवपंचम =	80% मित्र
(5) सिंह राशि से पञ्चम राशि धनु = 5-9 = मित्र नवपंचम =	100% मित्र
(6) कन्या राशि से पञ्चम राशि मकर = 6-10 = मित्र नवपंचम =	80% मित्र

शास्त्रानुसार शुभ नवपंचम :-

मेषे च सिंहे, वृषे च कन्यें, युग्मे घटे, वृश्चिके कर्कटे च।
सिंहे च चापे, मकरे युवत्या मित्र त्रिकोण बहु पुत्र लाभः॥

अशुभ नवपंचम् :-

(1) मेष राशि से नवम राशि धनु = 1-9 अशुभ नवपंचक (अशुभ त्रिकोण)
(2) वृष राशि से नवम राशि मकर = 2-10 अशुभ नवपंचक (अशुभ त्रिकोण)
(3) मिथुन राशि से नवम राशि कुम्भ = 3-11 अशुभ नवपंचक (अशुभ त्रिकोण)
श्रवण (विष्णुः)	२०	१५	१२	२५	अर्कः (आक)	अपामार्गः	तित्तिरिः	अतिसारः, त्रिदोषः भूतदोषः स्वकृत-व्याधिः	चर्वाज्यम्	आटे का गरूड़ पूर्णकुम्भ सहित	नवगृह	ॐ इदं विष्णुर्विचक्रमे त्रेधानि दधे पदम्। समूढ़मस्य पाँसुरे।	साध्यः (सावित्री)	ॐ युक्तेन मनसा वयं देवस्य सवितुः सर्वे। स्वर्ग्याय शक्त्या।।
धनिष्ठा (गन्धर्वा)	८	२०	१६	१०	शमी (जांटी)	भृंगराजः	काकः	मूत्रकृच्छ्रं, अतिसारः वमन, कुलदेवदोषः, ज्वरः	अश्वत्थसमित्	आटे का मकर अन्नघटसहित	तिलतैलम्	ॐ वसोः पवित्र मसिशतधारं वसो पवित्रमसि सहस्त्रधारम्। देवस्त्वा सविता पुनातुवसोः पवित्रेण शतधारण सुप्वा काम धुक्षः।।	शुभः (लक्ष्मीः)	ॐ श्रीश्चते लक्ष्मीश्च पत्न्या वहोरात्रे पार्श्वे नक्षत्राणि रूपमश्विनौव्यात्तम्। इष्णं निषाण मुम्मइषाण सर्वलोकम्म इषाण।
शतभिषा (वरुणः)	१०	१४	१४	२५	कदम्बः (कदम्ब)	कमलम्	कपोतः	सन्निपातज्वरः, व्याधिः, वाताधिक्यं, वारुण दोषः	कुष्माण्डम्	आटे का पुरुष कुम्भ सहित	तिलतैलम्	ॐ इमम्मे वरुण श्रुधीहवमद्याच मृडय।। त्वामवस्यु राचके।।	शुक्लः (गौरी)	ॐ गौरीर्मिमाय सलिलानितक्षत्येकपदी द्विपदी सा चतुष्पदी। अष्टापदी नवपदी बभूवुपी सहस्त्राक्षरापरमे व्योमन्।।
पूर्वाभाद्रपदा (अजैकपाद)	१०	१४	१९	२०	आम्रः (आम)	भृंगराजः	कलविङ्क	त्रिदोषः, छर्दि अङ्गपीडा जलदेवदोषः	चर्वाज्यम्	कुश के विश्वे-देव अष्टदल पर अन्नयुक्त?	रक्तवस्त्रम्	ॐ उतनोअहिर्बुध्न्यः श्रृणोत्वजएक पात्पृथिवी समुद्रः। विश्वेदेवा ऋतावृधो हुवानास्तुता मन्त्राः कविशस्ता अवन्तु।।	ब्रह्म (कुमारौ)	ॐ गोमदूषुणास्त्वाश्वावधातमश्विना। वर्ती रूद्रनृपाय्यम्।।
उत्तराभाद्रपदा (अहिर्बुध्न्य)	१	०	३०	८	निम्बः (नीम)	अश्वत्थ	शुकः	कामलज्वरः शूलम् अतिसारः क्षेत्रपाल-दोषः		आटे का शिव बिल्वपत्र युक्त	रोप्यम्	ॐ मा नोज हिर्बुध्न्यो रिषे धान्मा यज्ञो अस्यस्त्रिधदृतायोः।।	ऐन्द्रः (पितरः)	ॐ मनो न्वाह्वामहे नाराशं सेन स्तो-मेन। पितृणां च मन्मभिः।।
रेवती (पूषा)	१	११	२	३०	मधूकः (महुआ)	अश्वत्थः	वर्हिः (मायूरः)	उरूशूलम्, चित्तभ्रमः भीतिः, वातपित्तज्वर	घृतपायसम्	कुमारी प्रतिमा कुम्भ सहित	कांस्यपात्रम्	ॐ पूषन् वयं न रिष्येम कदा चन। स्तोतारस्त इहस्मसि।	वैधृति (दितिः)	ॐ त्वमग्ने वीर वद्यशसोदेवश्च सविता भगः। दितिश्चदातिवार्यम्।।

नमोऽस्तुरामाय नमोऽस्तुरामाय

ॐ श्री गणेशाय नमः

श्रीसद्गुरवे नमः

विविधमुहूर्ताः

गर्भाधानसंस्कार मुहूर्त्त

भद्राषष्ठीपर्वरिक्ताश्च संध्याभौमार्काकीनाद्यरात्रीश्चतस्त्रः।
गर्भाधानं त्र्युत्तरेन्द्वर्कमैत्रब्राह्मस्वाती विष्णुवस्वम्बुपे सत्॥ (मु॰चि॰ मणि)

भद्रा, षष्ठी, पर्व (अष्टमी, चतुर्दशी, अमावस्या, पूर्णिमा) एवं रिक्ता (४, ९, १४) तिथियाँ, संध्याकाल, भौमरवि और शनिवार तथा ऋतुकाल की प्रथम चार रात्रियाँ गर्भाधान के लिए त्याज्य हैं तीनों उत्तरा (उ॰फा॰, उ॰षा॰उ॰भा॰) मृग्शिरा, हस्त, अनुराधा, रोहिणी, स्वाती, श्रवण धनिष्ठा, शतभिषा इन सभी नक्षत्रों में गर्भाधान शुभ है।

गर्भाधान में शुभ लग्न :-

लग्न से केन्द्र त्रिकोण (१, ४, ७, १०, ९, ५) में शुभग्रह और ३, ६, ११ में पाप ग्रह हों, लग्न को पुरुषग्रह देखते हों, चन्द्रमा विषम राशि और विषम राशि के नवांश में हो, समरात्रि में गर्भाधान शुभ होता है। चित्रा, पुनर्वसु, पुष्य और अश्विनी नक्षत्रों को गर्भाधान के लिए मध्यम कहा है।

गर्भाधान मुहूर्त्त चक्र

श्रेष्ठनक्षत्र	रो॰ हस्त, स्वाती, मृग॰ अनु॰श्र॰ध॰ शतभिषा, तीनों उत्तरा
मध्यम नक्षत्र	पुनर्वसु, अश्विनी, पुष्य, चित्रा
लग्न	१-४-५-७-९-१० पापग्रहों की स्थिति ३, ६, ११वें हो
नवांश	१, ३, ५, ७, ९, ११
रात्रियाँ	रजोदर्शन से ६, ८, १०, १२, १४, १६वीं

गर्भ मासो के स्वामी तथा स्त्री पुरुष के चन्द्र बल की विशेषता।

मास	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०
स्वामी	शुक्र	मंगल	गुरु	सूर्य	चन्द्रमा	शनि	बुध	गर्भा-धान लग्नेश	चन्द्रमा	सूर्य

शुक्र, भौम, गुरु, सूर्य, चन्द्र, शनि, बुध, गर्भाधानकालिक लग्नपति चन्द्र तथा सूर्य क्रम से गर्भ के प्रथमादि मासों के अधिपति होते हैं। विवाह एवं गर्भकालिक संस्कारों में स्त्री का चन्द्रबल तथा इनसे भिन्न कार्यों में पति के चन्द्रबल को देखना चाहिए।

पुंसवन का मुहूर्त्त अथवा विष्णुपूजन मुहूर्त्त

पुंसवनसंस्कार सीमन्तोन्नयन से पूर्व किया जाता है इसका मुख्य उद्देश्य है गर्भ में पुरुष जातक हेतु संस्कार करना। 'पुमान् सूयतेऽनेन कर्मणेति पुंसवनम्', गर्भस्थ शिशु का पुत्र अथवा पुत्री सम्बंधी विभाजन तीसरे मास में हो जाता है अतः पुंसवन संस्कार तीसरे मास में ही युक्तिसंगत है सीमान्तसंस्कार के लिए बताए जाने वाले तिथि वार नक्षत्रों में गर्भ के तीसरे मास में पुंसवन संस्कार करना चाहिए। आठवें मास में श्रवन, रोहिणी औरपुष्प नक्षत्रों में, शुभ लग्न में, अष्टम भाव शुद्ध रहने पर गर्भिणी को विष्णु पूजन करना चाहिए।

पुंसवन तथा सीमन्त मुहूर्त्त चक्रम्

मास	गर्भ से तीसरे मास में तथा मासाधिपति के बलवान होने पर ६, ८	लग्न	१-३-५-७-११
तिथि	शुक्लपक्ष की १, २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ कृष्ण पक्ष के १ से १० तक	वार	रवि, मंगल, गुरु मतान्तर से सोम, बुध, शुक्र भी
नक्षत्र	रो॰ मृग्॰ पुष्य, पुन॰ हस्त, मूल श्रवन तीनों उत्तरा (जन्मनक्षत्र छोड़कर)		

स्तनपान कराने का मुहूर्त्त

जन्म से पाँचवें दिन अथवा भद्रा, व्यतिपात वैधृति, ४, ९, १४ तिथि को त्याग कर शुभतिथि में सोम, बुध, गुरु, शुक्रवारों में पुन॰ पुष्प, मृ॰ मघा श्रवण, रेवती नक्षत्रों में बालक को प्रथम बार स्तनपान शुभ है।

स्तनपान कराने के लिए मुहूर्त्तचक्र

तिथि	२-३-५-८-१०-११-१३-१५
वार	सोम, बुध, गुरु, शुक्र
नक्षत्र	पुन॰ पुष्प मृ॰ म॰ श्र॰ रे॰
त्याज्य	भद्रा, व्यतिपात, वैधृति, रिक्ता तिथि

जल पूजन करने का मुहूर्त्त

जन्म के पश्चात प्रथम मास समाप्ति पर बुध, गुरु, चन्द्र वारों में ४-९, १४-३० तिथियों को छोड़कर अन्य तिथियों में मृ॰पुन॰ पुण्य, हस्त, अनु॰ मूल, श्रवण नक्षत्रों में प्रसूत। स्त्री द्वारा जलपूजन श्रेष्ठ है।

जल पूजन के लिए मुहूर्त्त चक्र

तिथि	१-२-३-५-६-८-१०-११-१२-१३-१५
वार	सोम, बुध, गुरु
नक्षत्र	मृ॰ पुन, पुष्य, हस्त, अनु॰ मूल, श्रवण
त्याज्य	प्रथममासोपरान्त चैत्र, पौष, अधिकमास गुरु-शुक्रास्त, रिक्ता व अमा॰ तिथि

सीमन्तसंस्कार मुहूर्त्तः

गुरु रवि और भौम वारों में, मृग्शिरा, पुष्य, मूल, श्रवण पुनर्वसु तथा हस्त नक्षत्रों में रिक्ता (४, ९, १४) अमावास्या, द्वादशी, षष्ठी और अष्टमी तिथियों को छोड़कर शेष तिथियों में, गर्भमासपति के बलवान रहने पर, आठवें अथवा छठे मास में शुभग्रहों के केन्द्र में (१, ४, ७, १०) एवं त्रिकोण (५, ९) भावों में स्थित होने पर, पाप ग्रहों के ३, ६, ११ भाव में होने पर सीमन्त एवं (पुंसवन) संस्कार करना चाहिए।

ध्रुव संज्ञक (उत्तरा ३, रोहिणी) एवं रेवती नक्षत्रों में शुभग्रह वारों में पुरुष लग्न के नवांश में सीमन्त करना शुभ होता है।

सीमन्त संस्कार गर्भ का ही संस्कार है, गर्भ में शिशु की स्थिति एवं विकास हेतु कोई समस्या न हो इस उद्देश्य से यह संस्कार किया जाता है। इसे केश उत्पन्न होने के उपलक्ष्य में होने वाला संस्कार भी कहा जाता है क्योंकि गर्भस्थ शिशु के शिर एवं शरीर में रोम उत्पत्ति गर्भ के छठे मास में होती है। सीमन्त का अर्थ भी केश ही होता है।

गर्भकालिक स्थिति में तृतीय मास महत्वपूर्ण होता है क्योंकि तीसरे मास में ही अंगों की उत्पत्ति होती है तथा कन्या अथवा पुत्र का निर्णय हो जाता है। अतः तीसरे मास में पुंसवन नामक संस्कार का विधान बताया गया है। यद्यपि कुछ आचार्यों ने पुंसवन और सीमन्त दोनों संस्कारों को एक साथ करने के लिए कहा है।

सीमन्तोननयनस्योक्ततिथिवारभराशिषु।
पुंसवं कारयेद्विद्वान सहैवैकदिनेऽथवा॥ (नृसिंहदेवज्ञः)

जम्मू तथा हिमाचल प्रदेश में भी सीमन्तपुंसवन दोनों संस्कारों को एक साथ कर लेने की प्रथा प्रचलित है।

जातकर्म-नामकरण मुहूर्त

अष्टमी, चतुर्दशी, अमावास्या इत्यादि पर्व दिन, रिक्तातिथियों (४/९/१४) को त्याग कर शुभ दिनों में, जन्म से एकादश अथवा द्वादश दिन मृग्शिरा, रेवती, चित्रा, अनुराधा, तीनों उत्तरा, रोहिणी, हस्त, अश्विनी, पुष्य, स्वाती, पुनर्वसु, श्रवण, धनिष्ठा और शतभिषा नक्षत्रों में नवजात शिशु का जातकर्म और नामकरण करना चाहिए।

जातकर्म जातक की श्रीवृद्धि एवं ग्रहदोष निवारण हेतु किया जाता है। ×××

सूतिकास्नानमुहूर्त्त

रेवती, उत्तरात्रय, रोहिणी, मृग्शिरा, हस्त, स्वाती, अश्विनी, अनुराधा नक्षत्रों में रवि गुरु और भौमवारों में सूतीस्नान शुभ होता है।

आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, श्रवण, मघा, विशाखा कृत्तिका, मूल और चित्रा नक्षत्रों में, बुध शनिवारों में ६, ८ तथा रिक्ता (४, ९, १४) तिथियों में सूतीस्नान नहीं करना चाहिए।

दन्तोत्पत्तिफलम्

मास	दन्तोत्पत्तिफल
प्रथम	स्वयं बालक नष्ट हो
द्वितीय	अनुज (छोटे भाई) के लिए कष्टप्रद
तृतीय	भगिनी (बहन) के लिए कष्टप्रद
चतुर्थ	माता के लिए कष्ट
पञ्चम	अग्रज (बड़े भाई) के लिए अनिष्ट
षष्ठ	अतुल सुख प्राप्ति
सप्तम	पितृ सुख
अष्टम	स्वास्थ्यलाभ
नवम	धन लाभ
दशम	सुखप्राप्ति
एकादश	धनसम्पत्ति लाभ तथा सुखबाहुल्य

बालक यदि जन्मकाल में ही दान्त युक्त उत्पन्न हो तो स्वयं अपने और अपने माता पिता अथवा माता के लिए मृत्यु सूचक होता है।

जन्म के अनन्तर ऊपर की दान्त पंक्ति यदि निषिद्ध समय में (सदशन) दान्त सहित हो तब भी अपना, माता पिता के विनाश का सूचक होता है।

दोलारोहणनिष्क्रमण मुहूर्त्त

जन्म समय से बत्तीस, बारह, सोलह, अठारह एवं दश दिनों में शुभग्रहों के वासरों में (सोम, बुध, गुरु, शुक्र) मृदु-लघु और ध्रुव संज्ञक (मृग्शिरा, रेवती, चित्रा, हस्त अश्विनी, पुष्य तीनों उत्तरा, रोहिणी नक्षत्रों में नवजात शिशु को दोला (झूला) में आरूढ़ करना चाहिए।

दोलारोहण चक्र

सूर्य नक्षत्र से चन्द्र नक्षत्र तक गिनें

५ नैरुज्य	५ मरण	५ कृशता	५ रोग	७ सौख्य

निष्क्रमण के लिए मुहूर्त्त चक्र

तिथि	१-२-३-५-६-८-१०-११-१२-१३-१५
वार	रवि, सोम, बुध, गुरु, शुक्र
नक्षत्र	अ॰रो॰पुन॰ पुष्य, हस्त, अनु॰ स्वा॰ मूल॰ श्र॰ ध॰
त्माज्य	मंगल, शनि, रिक्ता, अमा॰ विष्टि अशुभ योग

अन्नप्राशन मुहूर्त्त

बालक के नामकरण, निष्क्रमण, भूमि उपवेशन के बाद ६, ८, १०, १२वें मास में पुत्र को और ५, ७, ९, ११वें मास में कन्या को अन्नप्राशन करावें।।

अन्नप्राशन मुहूर्त्त चक्र

मास पुत्र के लिए	६, ८, १०, १२
मास कन्या के लिए	५, ७, ९, ११
वार	सोम, बुध, गुरु, शुक्र
नक्षत्र	अश्वि॰ रो॰ मृ॰ पुन॰ पु॰ हस्त, चि॰ स्वा॰ अनु॰ श्र॰ ध॰ श॰ तीनों उत्तरा, रेवती
लग्न	२, ३, ४, ५, ६, ७, ९, १०, ११
त्याज्य	जन्म लग्न से व जन्म राशि से अष्टम लग्न या नवांश तथा १२, १, ८ लग्न। लग्न दशम में पापग्रह भद्रा व्यतिपात दोष।

कर्ण वेध मुहूर्त्त

समवर्ष, चैत्र, पौष, जन्ममास, देवशयन जन्म नक्षत्र व तिथि, क्षयतिथि व रिक्ता को छोड़कर जन्म से १२वें या १६वें दिन तथा ६, ७, ८ वें मास में विषम वर्षों में शुभवार (सोम, बुध, गुरु, शुक्र) अश्वि॰ मृ॰ पुन॰ पुष्य, हस्त, चि॰ अनु॰ श्र॰ ध॰ रे॰ नक्षत्रों में लग्न से अष्टम शुद्धसमय में वृष, तुला, धनु, मीन लग्न में तथा गुरु केन्द्र में स्थिति होने पर कर्ण वेध श्रेष्ठ समझें।

कर्ण वेध – मुहूर्त्त चक्र

वर्षादि	विषम वर्ष। ६, ७, ८ मास में जन्म से १२वें या १६वें दिन।।
तिथि	१, २, ३, ५, ६, ७, ८, १०, ११, १२, १३, १५
वार	सोम, बुध, शुक्र, गुरु
नक्षत्र	अश्वि॰ मृ॰ पुन॰ पु॰ हस्त, चि॰ अनु॰ श्र॰ धनि॰ रे॰
लग्न	२, ७, ९, १२
त्याज्य	समवर्ष, देवशयन (आषाढ़ शुक्ल एकादशी से का॰शु॰ एकादशी तक) चैत्र, पौष, जन्ममास, तिथि, नक्षत्र, क्षय तथा रिक्त। तिथि

चूडाकर्म (मुण्डन) संस्कार मुहूर्त्त विचार

अपने कुल की परम्परा के अनुसार इष्टदेव या तीर्थस्थान पर मुण्डन संस्कार किया जा सकता है विषम वर्ष, उत्तरायण २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ तिथियों में शुभ वारों में अश्वि॰ मृ॰ पुन॰ पुष्य, हस्त, चि॰ स्वा॰ ज्ये॰ श्र॰ धनि॰ शत॰ रे॰ नक्षत्रों में करना श्रेष्ठ है। अष्टम भाव शुद्ध चाहिए। ज्येष्ठ एवं चैत्र मास त्याज्य हैं बालक की माता को ४ मास की गर्भ स्थिति होने पर ५ वर्ष से न्यून अवस्था के बालक का मुण्डन न करें।

चूड़ाकर्म (मुण्डन) संस्कार हेतु मुहूर्त्त चक्र

वर्ष	विषम। सूर्य उत्तरायण होने पर
तिथि	२, ३, ५, ७, १०, ११, १३
वार	सोम, बुध, गुरु, शुक्र
नक्षत्र	अश्वि॰ मृ॰ पुन, पुष्य, हस्त, चि॰ स्वा॰ ज्ये॰ श्र॰ धनि॰ शत॰ रे॰
त्याज्य	लग्न से अष्टग्रह, ज्येष्ट चैत्रमास, समवर्ष, दक्षिणायन।

कन्या के नाक बिंधवाने का विचार

शुक्लपक्ष, रिक्ता (४, ९, १४) अमा॰ रहित तिथि सोम, बुध, गुरु, शुक्र, प्रथम प्रहर अशुभ योग रहित अश्वि॰ मृ॰ पुन॰ पुष्य, हस्त, चि॰ अनु॰ श्र॰ धनि॰ रे॰ ३ उत्तरा, स्वाती॰ शत इन नक्षत्रों में कन्या का नाक बींधना शुभ है।

कन्या की नासिका छेदन-मुहूर्त्त चक्र

पक्ष	शुक्ल पक्ष
तिथि	१, २, ३, ५, ६, ७, ८, १०, ११, १२, १३, १५
वार	सोम-बुध-गुरु-शुक्र
प्रहर	प्रथम
नक्षत्र	अश्वि॰, मृ॰ पुन॰ पुष्य, हस्त॰ चि॰ अनु॰ श्र॰ धनि॰ रे॰ उत्तरा ३, स्वाती, शत॰

अक्षरारम्भ करने का विचार

बालक को विद्यारम्भ से पूर्व अक्षर अंकादि ज्ञानार्थ अक्षरारम्भ का विचार होता है। सूर्य उत्तरायण हो, जन्म से ५, ७वें वर्ष में २, ३, ५, ६, १०, ११, १२ तिथि शुभवार, अश्वि, आर्द्रा, पुन॰ पुष्य, ह॰ चि॰ स्वा॰ अनु॰ श्र॰ रे॰ इन नक्षत्रों में, चर लग्नों को त्याग कर अन्य स्थिर, द्विस्वभाव लग्नों में, गणेश, विष्णु, सरस्वती, लक्ष्मी तथा कुलदेवता का पूजन करके अक्षराम्भ करवाना चाहिए।

अक्षराम्भ के लिए मुहूर्त्त चक्र

अयन	उत्तरायण
वर्ष	५वां – ७वां
वार	सोम, बुध, गुरु, शुक्र
तिथि	२, ३, ५, ६, ८, १०, ११, १२
लग्न	२, ३, ५, ६, ८, ९, ११, १२
नक्षत्र	अश्वि॰ आर्द्रा, पुन॰ पुष्य हस्त, चि॰ स्वा॰ अनु॰ श्र॰ रे॰

विद्यारम्भ विचार

अक्षराम्भ के पश्चात् विशेष ज्ञान को वृद्धिप्रद भाषास्थ विद्या (विशेषतः संस्कृत भाषास्थविद्या) का प्रारम्भ फाल्गुनमास छोड़कर उत्तरायण २, ३, ५, ६, १०, ११, १२ तिथियों में, रवि, बुध, गुरु, शुक्र वारों में, अश्वि॰ आश्ले॰ मृ॰ आर्द्रा, पुन॰ पु॰ हस्त, चि॰ स्वा॰ अनु॰ मूल, श्र॰ ध॰ श॰ तीनों पूर्वा, रेवती इन नक्षत्रों में श्रेष्ठ है। अंग्रेजी, फारसी, उर्दू के विद्यारम्भ के लिए, रवि, मंगल, शनिवार रिक्ता (४, ९, १४) तिथि ज्ये॰ आश्ले॰ मघा, ३ पूर्वा, भ॰ कृ॰ वि॰ आर्द्रा, उ॰षा॰ शत॰ इन नक्षत्रों में शुभ है।

विद्यारम्भ कराने के लिए मुहूर्त्त चक्र

अयन	उत्तरायण	
तिथि	२, ३, ५, ६, १०, ११, १२	
संस्कृत व हिन्दी विद्यारम्भ में त्याज्य	फाल्गुनमास, रिक्ता तिथि अशुभवार	
वार	रवि, बुध, गुरु, शुक्र	
नक्षत्र ग्राह्य	अश्वि॰ रो॰ मृ॰ आर्द्रा, पुन, पुष्य आ॰ हस्त॰ चि॰ स्वा॰ अनु॰ मू॰ श्र॰ ध॰ श॰ ३ पूर्वा रे॰	
अंग्रेज़ी फ़ारसी उर्दू आदि	वार	रवि, मंगल, शनि
	तिथि	४, ९, १४
	नक्षत्र	ज्ये॰ आश्ले॰ म॰ ३ पूर्वा भ॰कृ॰वि॰ आर्द्रा, उ॰षा॰ शत॰

यज्ञोपवीत (उपनयन) संस्कार के मुहूर्त्त का विचार

यज्ञोपवीतपरिधान (उपनयनसंस्कार) ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तीनों को करना चाहिए। बाकल के जन्म से या गर्भ से ब्राह्मण ८वें, क्षत्रिय ११वें, वैश्य १२वें वर्ष में यज्ञोपवीत संस्कार करें। इस काल के व्यतीत हो जाने पर ब्राह्मण १६वें क्षत्रिय २२वें वैश्य २४वें वर्ष तक उपनयन करवा सकते हैं बालक का चन्द्रबल तथा गुरुबल विचार करना आवश्यक है देवशयन से पूर्व तक उत्तरायण सूर्य में, रवि, चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्रवारों में शुक्ल पक्ष की २, ३, ५, १०, ११, १२ तथा कृष्ण पक्ष की २, ३, ५ तिथियों में अश्वि॰ रो॰ मृ॰ आर्द्रा, पुन॰ पुष्य, आश्ले॰ तीनों पूर्वा, तीनों उत्तरा, हस्त॰ चि॰ स्वा॰ अनु॰मू॰ श्र॰ध॰शत॰रे॰ इन नक्षत्रों के क्रूर तथा वेध रहित होने पर पूर्वाह्न में, अभिजित् मुहूर्त्त में यज्ञोपवीत संस्कार करावें।

चैत्र में मीन के सूर्य में, वृष या कर्क के पूर्ण चन्द्रमा के लग्न में रहने पर अत्यन्त शुभफलप्रद होता है। सामवेदियों को मंगलवार भी श्रेष्ठ है परन्तु मंगल का बल विचारना आवश्यक है। उपनयन संस्कार में दक्षिणायन नहीं होना चाहिए। देवशयन, गुरु, शुक्र का बालवृद्धत्व अपराह्न काल, ज्ये॰ शुक्ल द्वितीया, आषाढ़ शुक्ल १०, पोष शु॰ ११, माघ शु॰ १२ संक्रान्ति दिन, रोगबाण, सूर्य के ८, १७, २६ गतांश, लग्नेश और चन्द्र, गुरु शुक्र की ६, ८, १२ में स्थिति, १, ५, ८वें भावों में पापग्रह अशुभ होते हैं इन सबका त्याग आवश्यक है।

उपनयन करने के लिए मुहूर्त्त चक्र

वर्ष	ब्राह्मण (८ या १६)	क्षत्रिय (११ या १२)	वैश्य (१२ या २४)
अयन	देवशयन से पूर्व उत्तरायण में		
वार	रवि, चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र		
पक्षतिथि	शुक्ल पक्ष की २, ३, ५, १०, ११, १२ कृष्णपक्ष की २, ३, ५		
नक्षत्र	अश्वि॰ रो॰ मृग॰ आर्द्रा, पुन॰ पुष्य, आश्ले॰ तीनों पूर्वा, तीनों उत्तरा॰ ह॰ चि॰ स्वा॰ अनु॰ मू॰ श्र॰ ध, शत रेवती		
गुरु	५, १, ९ २, ७ श्रेष्ठ	१, ३, ६, १० पूज्य	४, ८, १२ निन्दित
अन्य ग्राह्य	पूर्वाह्न, अभिजित्मुहूर्त्त (सामवेदियों को भौमबल व मंगलवार भी)		
त्याज्य	गुरु शुक्र का बाल वृद्धास्त, दक्षिणायन, संक्रान्ति दिवस, रोग बाण तथा लग्नेश, चं॰ शु॰गु॰ की ६, ८, १२वें, पापग्रहों की १, ५, ८ वें स्थिति।		

ॐ श्री गणेशायन नमः

अष्टकूट दोष परिहार

ब्रह्मर्षिवसिष्ठ द्वारा विरचित "वसिष्ठसांहता" में अष्टदश कूटों का विचार किया गया है, इन्हीं सभी कूटों का पूर्णरूपेण विवरण परमादरणीय सद्गुरु डॉ॰ बिहारी लाल वसिष्ठ जी द्वारा सम्पादित 'श्री वैष्णवविजयपञ्चाङ्गम्' में उपलब्ध है वर्त्तमान् में प्रसिद्ध अष्ट कूटों के सन्दर्भ में प्रतिपादन करते हैं।

वर्णोवश्यं तथा तारा योनिश्च ग्रहमैत्रकम्।
गणमैंत्रं भकूटं च नाड़ी चैते गुणाधिकाः॥

(१) वर्णकूट (२) वश्य (३) तारा (४) योनि (५) ग्रहमैत्री (६) गणकूट (७) भकूट (८) नाड़ी॥ क्रमशः एकोत्तर गुणवृद्धि कारक होते हैं जैसे वर्ण का एक गुण, वश्य के दो, तारा के तीन योनि के चार, ग्रहमैत्री के पाँच, गणमैत्री के छः, भकूट के सात नाड़ी के आठ ज्ञात करें, कुल योग ३६ गुणों का बोधक है। सरलता के लिए वर्ण ज्ञान बोधक चक्र बताते हैं।

वर्णज्ञान चक्र

वर्ण	ब्राह्मण	क्षत्रिय	वैश्य	शूद्र
राशि	कर्क वृश्चिक मीन	मेष सिंह धनु	वृष कन्या मकर	मिथुन तुला कुम्भ

मीनादि क्रम से ब्राह्मणादि चारों वर्ण सुनिश्चित हैं हीनवर्णा का विवाह उत्तम वर्ण के वर से नहीं होना चाहिए ऐसे ही उत्तम वर्णा का विवाह हीन वर्ण वर से नहीं होना चाहिए।

वर्णदोष परिहार

कन्या ↓	वर :- ब्राह्मण	क्षत्रिय	वैश्य	शूद्र
ब्राह्मण	१	०	०	०
क्षत्रिय	१	१	०	०
वैश्य	१	१	१	०
शूद्र	१	१	१	१

कन्या के वर्ण से वर का वर्ण उत्तम हो या समान वर्ण हो तो १ गुणोपलब्धि समझें। वर से कन्या का वर्ण उत्तम हो तो ० शून्य गुण प्राप्त होता है। वर स्वयं उत्तम वर्ण में हो तो एक गुण, वर की राशि का स्वामी वर्णोत्तम हो तो भी एक गुण जानें।

राशीशयोः सुहृद्भावे मित्रत्वेवांशनाथयोः।
गणादिदौष्ट्येऽप्युद्वाहः पुत्रपौत्रविवर्धनः॥ (अत्रि)
न वर्ग-वर्णो न गणो न योनिः द्विर्द्वादशे चैव षडष्टके वा।
तारा विरोधे नव-पञ्चमे वा मैत्री यदा स्यात् शुभदो विवाहः॥ (वृ॰ज्यो॰सा॰)

(2) वश्य विचार

सिंह राशि को छोड़कर सभी राशियाँ मनुष्य राशि के वश में है। जल राशियाँ (४, १०, १२) न राशियों (३, ६, ९ पू॰ ११) का भक्ष्य हें। सिंह वनचर और वृश्चिक कीट दोनों भयङ्कर मानी जाती हैं। दोनों के (कन्या एवं बालक) वश्य समान हों तो २ गुण, एक वश्य, दूसरा शत्रु होने पर एक गुण एक वश्य दूसरा भक्ष्य होने पर आधा गुण तथा एक शत्रु और एक भक्ष्य होने से शून्य गुण प्राप्ति समझें।

वश्यदोष परिहार

राशीश मित्रता, राशीश एकता, नवांशोश मैत्री एवं एकता तथा योनि मैत्री होने से वश्यदोष परिहार शास्त्रकारों ने माना है।

(३) ताराकूट

(१) जन्म (२) सम्पद् (३) विपद (४) क्षेम (५) प्रत्यरि (६) साधक (७) वध (८) मैत्र (९) अतिमैत्र ये नव ताराएँ हैं। कन्या के नक्षत्र से वर के नक्षत्र तक, वर नक्षत्र से कन्या नक्षत्र पर्यन्त गणना करके भिन्न-भिन्न दोनों को ९ का भाग दें शेष ३, ५, ७ बचें तो अशुभ, शेष शुभ समझें।

दोनों की तारा शुभ हो तो गुण ३

एक शुभ, दूसरे की अशुभ हो तो $१^{१}/_{२}$ गुण

दोनों की अशुभ ताराएँ हों तो गुण शून्य समझें।

तारा दोष परिहार

राशीशमैत्री एवं एकता, नवांशेश मैत्री एवं एकता होने से परिहार समझें।

(४) योनिकूट

शास्त्रकारों ने अश्विनी आदि २८ नक्षत्रों की अश्व, गज, मेष सर्पादि योनियाँ स्वीकार की हैं। कन्या एवं वर की योनियों की परस्पर शत्रुता सर्वदा त्याज्य है, जैसे शेर एवं हाथी, गाय और चीता, सर्प तथा न्यौला, अश्व-महिष, श्वान-मृग्, वानर-मेष, चूहा एवं बिल्ली हैं।

कन्या एवं वर की एक ही योनि हो तो अत्यन्त शुभ, योनियाँ परस्पर परममित्र हों तो ४ गुण, मित्र हों तो ३ गुण समान एक जैसी प्रकृति की हों तो २ गुण, सामान्य वैर हो तो १ गुण, परम शत्रुता हो तो शून्य गुण प्राप्ति समझें।

योनि दोष परिहार

राशीश मैत्री, राशीश एकता, नवांशेश मैत्री, नवांशेश एकता परिहार कारक है।

(५) राशीशमैत्री कूट

वर कन्या की राशियों में स्वामियों का एकत्व अथवा मित्रता भावादि इस कूट के मुख्य स्तम्भ हैं। (१) यदि दोनों की राशियों का एक ही स्वामी हो या राशियों के स्वामी आपस में मित्र+मित्र हों तो मिलान सर्वोत्तम समझें, (२) एक दूसरे का मित्र परन्तु दूसरा सम हो उत्तम मिलान, सम+सम हो तो मिलान सामान्य, मित्र+शत्रु तो नेष्ट, सम-शत्रु हो तो अति नेष्ठ, एवं शत्रु+शत्रु हों तो अत्यन्त नेष्ट समझें।

शत्रुमित्रंच विज्ञेयं दम्पत्योः कलहप्रदम्।
अन्योन्यसमशत्रुत्वं दम्पत्योः विरहप्रदम्॥ (वसिष्ठ)

राशीश एकत्व = ५
राशीश मित्र+मित्र = ५
राशीश मित्र+सम = ४
राशीश सम+सम = ३
राशीश मित्र+शत्रु = १
राशीश शत्रु+शत्रु = ०

राशीशमैत्री कूट परिहार

नवांशेशमैत्री एवं नवांशेश एकता, नक्षत्र एक परन्तु राशियाँ भिन्न-भिन्न हों तो परिहार हो जाता है।

(३) गणकूट

अश्विनी, मृग्शिरा, पुनर्वसु, पुष्प, हस्त, स्वाती, अनुराधा, श्रवण एवं रेवती नक्षत्रों का देवगण, तीनों पूर्वा, तीनों उत्तरा, रोहिणी, भरणी और आर्द्रा नक्षत्रों का मनुष्यगण, कृत्तिका, आश्लेषा, मधा, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूला, घनिष्ठा और शतभिषा का राक्षसगण होता है।

वर कन्या के नक्षत्रों के गण यदि देव+देव = ७ गुण, मिलान सर्वोत्तम

मनुष्य-मनुष्य	–	६ गुण	–	मिलान उत्तम
मनुष्य-देव	–	६ गुण	–	मिलान उत्तम
राक्षस-राक्षस	–	६ गुण	–	मिलान उत्तम
देव-मनुष्य	–	५ गुण	–	मिलान शुभ
देव-राक्षस	–	१ गुण	–	नेष्ट मिलान
राक्षस-देव	–	० गुण	–	नेष्ट मिलान
मनुष्य-राक्षस	–	० गुण	–	नेष्ट मिलान
राक्षस-मनुष्य	–	० गुण	–	नेष्ट मिलान

गणदोष परिहार

राशीशयोः सुहृद्भावे मित्रत्वे वांशनाथयोः।
गणादिदौष्टयेऽयुद्वाहः पुत्र-पौत्रविवर्धनः॥ *(अत्रि)*
द्विर्द्वादशे वा नवपञ्चमे वा षड्काष्टके राक्षसयोषितो वा।
एकाधिपत्ये भवनेशमैत्र्ये शुभाय पाणिग्रहणं विधेयम्॥ *(वसिष्ठ)*

राशीश मैत्री, राशीश एकता, नवांशेश मित्रता एवं नवांशेश एकाधिपत्य परिहार कारक हैं।

कृत्तिका रोहिणी स्वातिर्मघाचोत्तराफाल्गुनी।
पूर्वाषाढ़ोत्तराषाढ़े न क्वचिद् गणदोष दे॥ *(वृ०दै०र०मुहूर्त्तकल्पद्रुमः)*
गणदोषोयोनिदोषो वर्ण दोषः षडष्टकम्।
चत्वारि नैवदुष्यन्ति राशि मैत्री यदाभवेत्॥ *(वृ०ज्यो०सा०)*

कृत्तिका, रोहिणी, स्वाती, मघा, उत्तराफाल्गुनी पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा ये सभी नक्षत्र गणदोष परिहार करने की क्षमता रखते हैं।

गणदोष, योनि दोष, वर्ण, षडाष्टकदोष राशि मित्रता होने पर दूषित नहीं करते।

७ भकूट

भकूट का दूसरा नामान्तर राशिकूट भी है। यह तीन प्रकार का है– (१) द्विर्दादशादोष (२) नवमपञ्चमदोष (३) षडष्टकदोष – कन्या की राशि से वर की राशि दूसरी व बारहवीं (२-१२) अथवा वर की राशि से कन्या की राशि दूसरी व बारहवीं (२-१२) हो तो द्विर्द्वादश दोष होता है, इसी प्रकार दोनों (वर-कन्या) की राशियाँ नौवीं व पाँचवीं हो तो नवम-पञ्चम, तथा छठी व आठवीं हो तो षडष्टक दोष होता है। राशिकूट शुद्धि होने पर ७ गुण माने जाते हैं। षडाष्टक परिहार– १, ८, २-७, ३-१०, ४-९, ५-१२ तथा ६-११ – इन राशियों का षडाष्टक शुभ है १-६, २-९, ३-८, ४-११, ५-१०, ७-१२ राशियों का शत्रुभाव होने के कारण त्याज्य कहा है।

नवमपञ्चम परिहार :–

वरस्यपञ्चमेकन्या, कन्याया नवमेवरः
एतत् त्रिकोणकं ग्राह्यं पुत्रपौत्र सुखावहम्॥ *(वृ०ज्यो०स्प०)*

वर से कन्या की राशि पञ्चम और कन्या की राशि से नवम वर की राशि हो तो परिहार होता है ऐसी जोड़ी पुत्रपौत्र तक सुख देखती है।

शुभ नवपञ्चम :-

मेषे च सिंहे वृषभे च कन्ये युग्मे घटे वृश्चिक कर्कटेच।
सिंहेच चापे मकरे युवल्या मित्र त्रिकोणं बहुपुत्रलाभः॥ *(चण्डेश्वर)*

१-५, २-६, ३-११, ८-४, ५-९, १०-६ ये सभी शुभ नवपञ्चम हैं ग्राह्य हैं।

अशुभववपञ्चम :-

मेषे च चापे मकरे वृषे च कुम्भे च युग्मे झषकर्कटे च।
कुम्भे तुलायां झषकीटयोश्च शत्रु त्रिकोणं बहुदुःखहानि॥ *(चण्डेश्वर)*

१-९, १०-२, ११-३, १२-४, ११-७, १२-४ ये सभी अशुभ नवपञ्चम है दुःखप्रद होते हैं।

अशुभद्विर्द्वादश दोष :-

कन्याहरौकीट तुलाधरौ वा चापेमृगे वा झषगे च कुम्भे।
कुलीर युग्मे वृषभे च मेषे द्विर्द्वादशे वै निधनं करोति॥

शुभद्विर्द्वादश :-

चापे फणीन्द्रे घटभे मृगे च अजे झषे सिंह कुलीरके च।
कन्यातुलायां वृषभे च युग्मे द्विर्द्वादशेचाथकरोतिवृद्धिम्॥

एकाधिपत्य, राशीश मैत्री तथा नवांशेश मैत्री पूर्णतः परिहार कारक मानी गई है। द्विर्द्वादशा में दारिद्रय, षडष्टक में मृत्यु, नवपञ्चम में अपत्य हानि कहा है।

षडाष्टके गोमिथुन प्रदेयं।
कास्यं सरोप्यं नवपञ्चमे च॥
नाड्यां सुवर्णान्नमथोसधेनुं।
द्विर्द्वादशे ब्राह्मनतर्पणं च॥

८. नाड़ी कूट

अष्टकूटों में शिरोमणि कूट नाड़ी कूट है।
नाड़ीकूटं तु संग्राह्य कूटानां हि शिरोमणिः।
ब्रह्माण कन्यका कण्ठे सूत्रत्वेन विनिर्मितम्॥
"एक नाड़ीस्थ नक्षत्रे दम्पत्योःमरणं ध्रुवम्।" *(मुहूर्त्तप्रकाशे)*

वर कन्या की एक ही नाड़ी होना विवाह में अशुभ सूचक है मृत्युप्रद है। सुविधा के लिए त्रिनाड़ी चक्र को समझें। अश्विन्यादि २७ नक्षत्रों को तीन पंक्तियों (नाड़ियों) में विभाजित किया गया है– आदि, मध्य और अन्त्य।

त्रिनाड़ीचक्रम्

आदि	अश्वि	आर्द्रा	पुन.	उ.फा.	हस्त	ज्ये.	मूल	शत.	पू.भा.
मध्य	भरणी	मृग्	पुष्य	पू.फा.	चित्रा	अनु	पू.षा.	धनि.	उ.भा.
अन्त्य	कृति	रोहिणी	आश्ले.	मघा	स्वाती	विशा.	उ.षा.	श्रव.	रेवती

कन्या एवं वर का जन्म नक्षत्र एक नाड़ी में पड़े तो विवाह अशुभ सूचक होता है, दोनों की आद्य नाड़ी हो तो विवाहोपरान्त विरहा की स्थिति हो, मध्यनाड़ी हो तो दोनों की हानि तथा अन्त्य नाड़ी हो तो वैधव्य योग अथवा घोर कष्ट होता है। भिन्न नाड़ी में आठ गुणों की प्राप्ति तथा समान नाड़ी होने पर शून्य गुण प्राप्त होता है।

नाड़ी दोष परिहार

नाड़ीदोषस्तु विप्राणां वर्णदोषस्तु भूभुजाम्।
गणदोषश्च वैश्येषु योनिदोषस्तु पादजे॥
एवमपि ग्रहमैत्रं ब्राह्मणानां क्षत्रियाणां गणस्तथा।
वैश्यानां राशिकूटं हि शूद्राणां योनिरुत्तमा॥ *(शीघ्रबोधे)*

नाड़ीयोनौ द्विजस्योक्ते गणवर्णोंच बाहुजे।
वैश्यानां राशिकूटं स्याद्योनिवर्गस्तु पादजे॥ *(मुहूर्त्तकल्पद्रुमे)*

नाड़ी दोष ब्राह्मणों के लिए, वर्ण दोष क्षत्रियों के लिए, गणदोष वैश्यों के लिए तथा योनि दोष शूद्रों के लिए विचारणीय है।

विशेष :- अब चूकि वर्ण व्यवस्था भङ्ग होती जा रही है सभी जातियाँ अपने-अपने कर्मों से विमुख होती जा रही हैं अतः ब्राह्मणेतर वर्ण जातियों के लिए भी नाड़ी दोष उपेक्षनीय नहीं है। सर्वश्रेष्ठ मिलान हेतु नाड़ी दोष परिहार देखना परमावश्यक है।

यदि वर कन्या दोनों की राशि एक हो परन्तु नक्षत्र भिन्न-भिन्न हों यदि दोनों का नक्षत्र एक हो राशि भिन्न-भिन्न हो, तथा नक्षत्र चरण भिन्न-भिन्न (पाद भेद) हो ऐसी स्थिति में नाड़ी दोष नहीं होता– शुभफलप्रद होता है।

आद्यांशेन चतुर्थांशं चतुर्थांशेन चादिमम्।
द्वितीयेन तृतीयं तु तृतीयेन द्वितीयकम्॥
एवं भांश व्यधोयत्र जायते वर कन्ययोः
तत्र मृत्युर्नसंदेहः शेषांशाः स्वल्पदोषदाः॥

स्वरोदये शास्त्रानुसार प्रथम पाद का चतुर्थपाद से एवं चतुर्थपाद का प्रथमपाद से वेध, द्वितीय का तृतीय से तथा तृतीय का द्वितीय से वर कन्या के नक्षत्रों का वेध समझें। शेष चरणों का परस्पर स्वल्प दोष होने से उपेक्ष्य जानें।

एक राश्यादि योगे तु नाड़ी दोषो न विद्यते।
अन्यत्र तु विचार्यैषा स्वभावाच्छोभनाश्च ते॥
सुहृदेकाधिपयोगे ताराबलेवश्य राशौ वा।
अपिनाड्यादि विरोधे विवाहो भवति हितार्थाय॥ (ज्यो॰त॰ सुधार्णवे)

श्रीपति निबंध एवं ज्योतिषत्व सुधार्णव में एकाधिपत्य एवं राशि मैत्री नाड़ी प्रभृति समस्त कूटों में पाये जाने वाले दोषों में परिहारक माने गए हैं। इसी प्रकार एक राशि भिन्न नक्षत्र एवं एक नक्षत्र में भी राशि भेद तथा चरण भेद होने से नाड़ी दोष निवृत्त हो जाता है।

एक राशिरुभयोर्भिन्नभं चेदभिन्न भमुतान्य राशिता।
पुंस्त्रियोरतिरतीव नो यदा रोहिणी शुचि भनाड़ी कोडुवत्॥ (ज्योतिर्विदाभरणे)
एक नक्षत्र जातानां नाड़ी वेधो न विद्यते।
भिन्नांशश्चैकराशीनां दम्पत्योः प्रीतिहेतवे॥
एकराशौ पृथग्धिष्ण्ये पृथग् राशौ तथैकभे।
गणनाड़ी नृदूरं च ग्रहवैरं न चिन्तयेत्॥ (वृहस्पतिः)
दम्पत्योरेक राशिश्चेद् भिन्नमृक्षं यदा तदा।
गणदोषोऽप्येकनाडायां विवाहः शुभदः स्मृतः॥ (ज्यो॰ निबंध)

रत्नकोशकार तो एक नक्षत्र गत दोनों को एक चरण होने पर भी मिलान शुभ मानते हैं।

"केचिन्नेछन्ति चैकांशे केचिदिच्छन्तिमेलकम्॥"

सप्तविंशति नक्षत्रों में कुछ नक्षत्र है जो नाड़ी दोष निरस्त करने की क्षमतारखते हैं यदि इन नक्षत्रों में वर कन्या का जन्म हो तो भी नाड़ी दोष निरस्त समझें।

वैश्वानरद्रुहिणयोरदितीशयोश्चतद्वत्करार्यमभयोर्द्वयधिपानिलेन्दोः।
छागैकपादवरुणयोः श्रुतिवैश्वयोश्चस्यादभिन्नभवनेनहिनाड़ीदोषः॥ (रत्नकोषे)

कृत्तिकारोहिणी नक्षत्रों में, पुनर्वसु आर्द्रा में, उत्तराफाल्गुनी हस्त में, स्वाती विशाखा में, शतभिषापूर्वाभाद्रपदा में, उत्तराषाढ़ा श्रवण में, इन नक्षत्रों में जन्म होने पर चाहे वे एक पाद हों या भिन्नपाद में हों, चाहे अभिन्न राशि ही क्यों न हो नाड़ी दोष नहीं हो सकता।

प्रीतिवित्तसुखदः करग्रहेस्त्वेकराशिषु च भिन्नभं यदि।
वारुणाजपादभं भवेद्यदा नाड़ी दोषगणजो न विद्यते॥
नाड़ीगणो नैकराशौचिन्त्यो भिन्नभयोर्यथा।
कृत्तिकाकभयोर्द्वींशस्वात्योः पूभाजलेशयोः॥

आचार्यलल्ल ने भी रत्नकोषकार की भान्ति कृत्तिका, रोहिणी, विशाखा, स्वाती, पूर्वाभाद्रपदा, शतभिषा इन नक्षत्रों को नाड़ी दोष का पूर्णरूपेण परिहार स्वीकार किया है।

विवाह वृन्दान का प्रमाण ज्योतिर्निबंध में इस प्रकार से उपलब्ध है।

नक्षत्रमेकं यदि भिन्नराश्योरभिन्नराश्योर्यदि भिन्नमृक्षम्।
प्रीतिस्तदानीं निविडानृनार्योश्चेत् कृत्तिकारोहिणीवन्न नाड़ी॥

उक्त नक्षत्रों में एक नक्षत्र यदि वर या कन्या का आ जाए जिसका परिहार कहा गया है, दूसरे का ऐसा नक्षत्र आ जाए जिसका परिहार नहीं, ऐसी स्थिति में "निमित्तायाये नैमित्तिकस्याप्यपायः" इस परिभाषा से एक का परिहार होने पर दूसरे का स्वयं परिहार हो जाता है।

इसके अतिरिक्त 'वृहद्दैवज्ञरञ्जनम्' में ऐसाप्रमाण उपलब्ध है जिसमें और भी नक्षत्रों का समावेश किया गया है।

अजैकपान्मित्रवसुद्विदैव प्रभंजनाग्न्यर्क भुजंगभानि।
मुकुन्दजीवान्तक भानि नूनं शुभानि योषिन्नरजन्मभैक्ये॥ (वृ०दै०र०)

पूर्वाभाद्रपदा, अनुराधा, धनिष्ठा, विशाखा, स्वाती, कृत्तिका, हस्त, आश्लेषा, श्रवण, पुष्य भरणी, इन नक्षत्रों में कोई भी दो नक्षत्र वर कन्या के आ जाएं तो नाड़ी दोष का परिहार हो जाता है, वर कन्या के लिए शुभ फलप्रद हो जाता है। "एक राशि में दो नक्षत्र हों और नाड़ी भेद भी हो जाए तो विवाह में वर्जित जानना।

एकराशौद्विनक्षत्रेकृत्तिकायाम्यतारके।
धनिष्ठा शततारे च पुष्याश्लेषौ च वर्जयेत्॥
शुक्रे जीवे तथा सौम्य एक राशीश्वरेयदि।
नाड़ीदोषो न वक्तव्यः सर्वथा यत्नतो बुधैः॥ (विवाह कोतुहले)

शुक्र जीव तथा बुध यदि राशीश्वर हो जाए तो भी नाड़ी दोष परिहार हो जाता है।

दोषानुपत्तये नाड़या मृत्युञ्जयजपादिकम्।
विधाय ब्राह्मणांश्चैव तर्पयेत् काञ्चनादिना॥
हिरण्यमयीं दक्षिणां च दद्याद्वर्णादिकूटके।
गावोऽन्नं वसनं हेमं सर्वदोषापहारकम्॥ (गुरुः)

नाड़ी दोष हो जाने पर अत्यावश्यक में महामृत्युञ्जय जप श्रेष्ठ सात्विक ब्राह्मणें द्वारा करवाकर गो, अन्न, वस्त्र, सोनादि दान करना चाहिए। **शुभम्भूभात।**

विवाह संस्कार

भार्या त्रिवर्गकरणं शुभशीलयुक्ता
शीलं शुभं भवति लग्न वशेन तस्याः
तस्माद्विवाहसमयः परिचिन्त्यते हि
तन्निघ्नतामुपगताः सुतशीलधर्माः

मुहूर्तचिन्तामणि(रामदवैज्ञः)

स्त्री को प्रधान रूप से धर्म-अर्थ-काम की प्रदात्री मानकर तथा सन्तान उत्पत्ति की मुख्य स्त्रोत समझकर विवाह समय का विचार विशेष रूप से करना परमावश्यक है।

जीवन की पूर्ण रूपेण सिद्धि के लिए चारों आश्रम आवश्यक हैं– ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्त और सन्यास!

ब्रह्मचर्याश्रम– जीवन की एक विशेष अवस्था है जिसमें अपने मस्तिष्क को उन्नत करके बुद्धिजन्य ज्ञान को प्राप्त करना होता है, इस प्रकार के समस्त ज्ञान हेतु शारीरिक उन्नति होना भी आवश्यक है।

गृहस्थाश्रम– चारों आश्रमों में मुख्य गृहस्थाश्रम है और गृहस्थाश्रम का मुख्य आधार है 'विवाह संस्कार'। विवाह धर्मार्थ काममोक्ष रूपी चतुर्वर्ग फलप्राप्ति करवाने में एकमात्र सहायक है। यह एक ऐसी अवस्था है कि जस समय विषयों का राग विचार पूर्वक त्याग न कर सके उस राग का यथार्थ ज्ञान करने के लिए नियम पूर्वक (जिस काम को जिसके लिए करना चाहिए) अर्थ और काम का न्यायपूर्वक संचय करना और शेष आश्रमों की द्राव्यादि से सेवा करनी होती है।

वानप्रस्थाश्रम– जीवन की वह अवस्था है कि जिस समय विषयों में अरूचि होवे फिर तपश्चर्यापूर्वक मन इन्द्रिय आदि का संयम करना और पारिवारिक जीवन का त्याग करना होता है। समस्त संसार से समभाव रखना ही सही वानप्रस्थ है।

सन्यासाश्रम– अवस्था भेद मिटाकर सभी प्रकार से निडर हो जाना अर्थात् अपने आप में स्थायी रूप से सत्य का अनुभव करना ही सन्यास आश्रम है। जीवन की पूर्णता सिद्ध करने के लिए सन्यास अत्यन्त आवश्यक है।

विवाह संस्कार के उपरान्त ही मनुष्य सन्तानोत्पत्ति के साथ देवर्षिपितृ ऋणों से मुक्ति प्राप्त करता है। धर्मशास्त्रोक्त आठ प्रकार के विवाहों में 'ब्रह्म विवाह विधि' श्रेष्ठ है। इस विधि में मुख्य रूप से वर कन्या की जाति गोत्रादि भिन्नता, मेलापक (नक्षत्र व मंगली आदि का मिलान) विचार किया जाता है। परन्तु आज अधिकांश लोगों द्वारा गान्धर्व विवाह विधि को (प्रेम विवाह) अपनाया जा रहा है और श्रेष्ठ भी समझा जा रहा है।

इससे पूर्व अष्टकूटों का विचार कर चुके हैं अब कुण्डली मिलान में मङ्गल के सन्दर्भ में विचार प्रस्तुत करते हैं कुण्डली मिलान में सर्वप्रथम यह देखना चाहिए कि कुण्डली मङ्गली तो नहीं है यदि दोनों कुण्डलियाँ मङ्गली हों तो विवाह शुभ होता है। कुण्डली में मङ्गल यदि १, ४, ७, ८ १२वें भाव में हो तो कुण्डली मङ्गली मानी जाती है, विशेष परिस्थितियों में मङ्गली परिहार के द्वारा ही विवाह किया जा सकता है जैसे कि एक की कुण्डली में १, ४, ७, ८ १२वें से जिस भाव में मङ्गल पड़ा हो तो दूसरे की कुण्डली में उसी भाव में शनि या अन्यपापग्रह विद्यमान हो तो मङ्गली दोष परिहार हो जाता है।

भौमेन सदृशो भौभः पापो वा तादृशो भवेत्।
विवाहः शुभदो प्रोक्तश्चिरायुः पुत्र पौत्रदः॥

चन्द्र कुण्डली में भी इसी प्रकार विचार करके तभी विवाह करना चाहिए। विशेषतः मङ्गल का निर्णय भावचलित से करना चाहिए।

लग्ने तुर्ये च पाताले जामित्रे चाष्टमे कुजे।
कन्या भर्तृ विनाशाय भर्ता कन्या विनाशकृत॥

लग्न, चतुर्थ, सप्तम, अष्टम और व्यय स्थान में मङ्गल से कन्या पति को नष्ट करती है और वर कन्या को नष्ट करता है इसलिए वर कन्या दोनों को मंगल होना आवश्यक है।

अजे लग्ने व्यये चापे पाताले वृश्चिके स्थिते।
वृषे जाये घटे रन्ध्रे भौम दोषो न विद्यते॥

जामित्रे च यदा सौरिर्लग्ने वा हिबुकेऽथवा।
अष्टमे द्वादशे वापि भौमदोष विनाशकृत्॥

सबले गुरौ भृगौ वा लग्ने द्यूनेऽपिवाऽथवा भौमे।
वक्रिणी नीचारिगृहे वार्कस्थेपि वा न कुजदोषः॥

केन्द्रेकोणे शुभाढये च त्रिषडायेऽप्यसद्ग्रहाः।
तदा भौमस्य दोषो न मदने मदपस्त था॥

न मंगली चन्द्रभृगु द्वितीये, न मंगली पश्यति यस्य जीवा।
न मंगली केन्द्रगते च राहुः न मङ्गली मंगल राहु योगे॥

तनु धन सुख मादनायुर्लाभ व्ययगः कुजस्तु दाम्पत्यम्।
विघट्यति तद् गृहेशो न विघटयति तुंगमित्रगेहेवा॥
राशिमैत्रं यदा याति गणैक्यं वा यदा भवेत्।
अथवा गुण बाहुल्ये भौम दोषो न विद्यते॥

इन्हीं परिहार वाक्यों से भौम (कुज) दोष निरस्त होता है फिर भी वर कन्या के लग्न लग्नेश, सप्तम, सप्तमेश, अष्टम अष्टमेश इनके योगों को देखकर सूक्ष्म रीति से परिहार योगों को विचार कर ज्योतिषी लोग कुण्डली मिलान करें तो श्रेयस्कर होगा। यहाँ यह भी स्मरण रहे कि कुण्डली ठीक-ठीक बनी होनी चाहिए। कन्या की कुण्डली में यदि कुयोगों द्वार वैधव्य योग हो तो शालिग्राम से, पिप्पल वृक्ष से, अर्कवृक्ष से वा कुम्भसे यथाविधि विवाह करवाकर स्वर्णदान, गोदान, महामृत्युञ्जयादि जप करके कन्या का विवाह करने से कन्या सौभाग्य पुत्र तथा धनधान्यादि से युक्त होती है।

जन्मोत्थं च विलोक्य वालविधवायोगं विधायव्रतम्।
सावित्र्या उत पैप्पलं हि सुतरां दद्यादिमां वारहः॥
सल्लग्नेऽच्युतमूर्त्तिपिप्पलघटैः कृत्वा विवाहंस्फुटम्।
दद्यात्तां चिरजीविनेऽत्र न भवेद्दोषः पुनर्भूभवः॥

विवाह से पूर्व कन्या का नाम परिवर्तन

यदि कन्या एवं वर की जन्म कुण्डली न हो और दोनों का प्रसिद्ध नाम परस्पर मिलान में शुभ न हो तो आवश्यकता में कन्या का नाम बदला जा सकता है वर का नहीं! कन्या का नाम बदलने के लिए मेलापक सारिणी में वर के नक्षत्र के अनुसार यहाँ दोषांक का अभाव हो उसी आद्यक्षरानुसार सुन्दर नाम रख लेना चाहिए।

जन्मभं जन्मधिष्ण्येन नामधिष्ण्येन नामभम्।
व्यत्ययेन यदा योज्यं दम्पत्योर्निधनप्रदम्॥

वर का प्रसिद्ध नाम तथा कन्या का जन्मनाम, कन्या का प्रसिद्ध नाम और वर का जन्म नाम लेना ऐसी विपरीत कदापि न करें। विशेषतः दोनों का जन्म नाम ही लेना शास्त्रोक है और आवश्यक भी। यथा-

विवाहेसर्वमांगल्येयात्रायां ग्रहगोचरे।
जन्मराशेःप्रधानत्वं नामराशि न चिन्तयेत्॥
कुर्यात्षोडश कर्माणि जन्मराशौ बलान्विते।
सर्वाण्यन्यानि कर्माणि नामराशौ बलान्विते॥
मन्त्रेपुनर्भूवरणे नामराशेः प्रधानता।
कुर्यात्षोडशकर्माणि जन्मराशौ बलान्विते॥

नाम राशि का विचार

देशेग्रामेगृहेयुद्धेसेवायां व्यवहारके। नामराशेः प्रधानत्वं जन्मराशि न चिन्तयेत्॥
काकिण्यां वर्ग शुद्धौ च दाने द्यूते ज्वरोदये। मन्त्रे पुनर्भूवरणे नामराशेः प्रधानता॥
विवाहघटनं चैव लग्नजं ग्रहजं बलम्। नाम भात् चिन्तयेत् सर्वं जन्म न ज्ञायते यदा॥

वर वरण मुहूर्त्त

विवाह संस्कार से पूर्व पञ्चाङ्ग शुद्धि देख कुयोग रहित दिन में शुभतिथि वार कृत्तिका, रोहिणी, पू॰ ३ उ॰ ३ नक्षत्रों में चन्द्रबल देखकर शुभलग्न तथा शुभ नवांश में, अपने कुल पुरोहित या कन्या का भ्राता वर के घर आकर पूर्वोत्तर या पूर्वा पर दिशा में बैठे कुंकुम या केसर से वर को तिलक करें, वस्त्र यज्ञोपवीत आदि वर को देकर वर का सत्कार करें।

कन्या वरण मुहूर्त्त

पञ्चाङ्ग शुद्धि देखकर कुयोग रहित दिन में कृ॰ पूर्वा॰ ३ स्वा॰ अनु॰ उ॰षा॰श्र॰ध॰ तथा विवाहोक्त नक्षत्रों में शुभसमय में वस्त्रालङ्कार फल पुष्पों सहित कन्या वरण करें।

विवाह निश्चय के कुछ नियम

वधु वर की सगोत्र और माता की सात पीढ़ी में से न हो। दो सगी बहनों का विवाह दो सगे भाईयों से न करें। दो सगी बहनों का दो सगे भाईयों का एक संस्कार ६ मास में साथ ही न करें। लड़की के विवाह के पश्चात् लड़के का विवाह हो सकता है पृथक् माता (सौतेली) से हुए भाई बहिनों का एक संस्कार द्वार भेद, मण्डपभेद और आचार्य भेद से हो सकता है। यमल (जोड़े) भाई बहिनों का एक ही मण्डप में विवाह करने में हानि नहीं। इसी प्रकार विवाह के पश्चात् मुण्डन, यज्ञोपवीत ६ मास तक न करें, संवत्सर भेद से मङ्गल कार्य हो सकते हैं। मङ्गल कार्य के मध्य पितृ कर्म (श्रद्धादि) न करें। वाग्दान के अनन्तर वर कन्या के तीन पीढ़ी में किसी की मृत्यु हो जाय तो १ मास के बाद अथवा सूतक निवृत्त होने पर शान्ति करके विवाह करने में हानि नहीं। नान्दीमुख श्राद्ध हो जाने के पश्चात् यदि किसी की मृत्यु हो जाए तो कन्या वर के माता पिता को अशौच नहीं लगता निश्चित समय पर विवाह कर देना चाहिए।

विवाह में त्रिबल शुद्धि

बल	गुरु	चन्द्र	सूर्य
श्रेष्ठ	२, ५, ७, ९, ११	१, २, ३, ५, ६, ७, ९, १०, ११	३, ६, १०, ११
पूज्य	१, ३, ६, १०	१ २	१, २, ५, ७, ९
नेष्ट	४, ८, १२	४, ८	४, ८, १२

वरस्य भास्कर बलं कन्यायाश्च गुरोर्बलम्।
द्वयोश्चन्द्रबलं ग्राह्यं विवाहो नान्यथा भवेत्॥

यहाँ वर का सूर्यबल, कन्या का गुरु बल तथा दोनों का चन्द्रबल देखना चाहिए।

विशेष :- गुरु व सूर्य स्वोच्च, स्वमित्र, स्वराशि, स्वनवांश, वर्गोत्तम नवांश में होने पर ४, ८, १२वें होनें पर भी शुभ होते हैं।

स्वोच्चे स्वमैत्रे वा स्वांश वर्गोत्तमेगुरौ॥
रिष्फाष्टतुर्यगोऽपीष्टो नीचारिस्थः शुभोऽप्यसत्॥

(रामदैवज्ञ)

यदि गुरु नीच या शत्रु राशि का हो तो शुभ होने पर भी अशुभ फलप्रद होता है अतः नीच या शत्रु राशिस्थ गुरु कन्या की राशि से २, ५, ७, ९, ११वें होने पर भी अशुभ माना गया है यह पूजा करने पर ही श्रेयस्कर होता है। ऐसे ही सूर्य ४, ८, १२वें होने पर परिहार वाक्य–

"स्वोच्चे स्वमित्रसदने स्वगृहे स्ववर्गे।
स्वांशे ततश्च निधन व्ययतुर्यगोऽपि॥
श्रेयस्तनोति रिपुनीचगलोऽप्यनिष्टम्।
तुल्यं फलं निगदितं रवि जीवयोश्च॥

(दैवज्ञकल्पद्रुम)

सूर्य यदि तुला राशि वाले वर के लिए २, ५, ९वें हो तो भी शुभ फलप्रद होता है उसकी पूजा की आवश्यकता नहीं होती।

"धर्मधीधनगतोदिवाकरस्तौलि राशि जनितस्य शोभनः॥"

अन्य राशि वालों के लिए २, ५, ९वां सूर्य १३ अंश बीत जाने पर शुभ माना जाता है पूज्य नहीं होता।

"गर्ग्याङ्गिरो वत्सवसिष्ठगौत–।
मपराशराद्या मुनयो वदन्ति॥
द्वितीय पंचाङ्गतो दिवाकर–
स्त्रयोदशा हात्परतः शुभावहः॥"

विवाह मुहूर्त्त में दश दोषों का विचार

१. लत्तादोष चक्रम् :-

ग्रहाः	सूर्य	पूर्णचन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु
वि.न.	१ २	२ २	३	७	६	५	८	९
दिशा	दक्षिण	वाम	दक्षिण	वाम	दक्षिण	वाम	दक्षिण	वाम
फल	धननाशः	भयम्	मृत्यु	भयम्	बंधुनाश	कार्यहानिः	कुलक्षय	मरणम्

उदाहरण– जैसे सूर्य के नक्षत्र से विवाह का नक्षत्र यदि १२वां हो तो सूर्य की लत्ता दोष वाला विवाह नक्षत्र होगा इसी भान्ति शेष ग्रहों की लत्ता दोष भी जानें।

२. पात दोष ज्ञान चक्रम् :-

रो	मृ	मघा	उ.फा.	ह.	स्वा.	अनु.	मू.	उ.षा.	उ.भा.	रे	विवाह नक्षत्राणि
आर्द्रा	मृ	अ	कृ	भ	कृ	अ	रो	भ	भ	अ	
पुन	आ	मृ	आ	मृ	श्र	आ	ज्ये	पुन	श	ज्ये	
श	ज्ये	ज्ये	वि	श	ध	उषा	ध	श	वि	ध	सूर्याधिष्ठित
पूफा	ध	पुष्य	पूफा	पूभा	पुष्य	पूभा	श्ले	वि	उफा	म	नक्षत्रानि
चि	म	ह	उभा	स्वा	ह	पूषा	मू	ऽनु	पूफा	पूफा	
मू	ह	रे	पूभा	म	रे	पूफा	उभा	उषा	मू	स्वा	

ऊपर के नक्षत्रों में सूर्य हो तो नीचे के नक्षत्रों को पात दोष लगता है हर्षण, वैधृति, साध्य, व्यतिपात, गंड और शूल योगों का अन्त जिस नक्षत्र में हो वह पात दोष से दूषित हो जाता है, इन दूषित नक्षत्रों में विवाह नहीं करना चाहिए।

३. युति दोष :- जिस नक्षत्र का विवाह हो उसी नक्षत्र में यदि कोई ग्रह हो तो उसी ग्रह की युति का दोष समझें, चन्द्रमा उच्च स्वक्षेत्री या मित्रक्षेत्री हो तो युति दोष नहीं होता। शुक्रकी युति विशेष रूप से वर्जित है, सू, मं, श, रा, के इत्यादि की युति मृत्यु, दारिद्रय एवं भयप्रद मानी गई है।

४. वेध दोष चक्रम :-

रो	मृ	मघा	उ.फा.	ह.	स्वा.	अनु.	मू.	उ.षा.	उ.भा.	रे	वि.न.
अभि	उषा	श्र	रे	उभा	श	भ	पुन	मृ	ह	उफा	ग्र.न.

ऊपर के नक्षत्र का विवाह हो और नीचे के नक्षत्र पर कोई भी ग्रह हो वेध दोष होता है यह सर्वत्र निन्दित है इसका सर्वदा त्याग करना हितकारी है।

५. जामित्र दोष चक्रम :-

रो	मृ	मघा	उ.फा.	ह.	स्वा.	अनु.	मू.	उ.षा.	उ.भा.	रे	वि.न.
अनु	ज्ये	ध	पूभा	उभा	अ	कृ	मृ	पुन	उफा	ह	ग्र.न.

ऊपर के नक्षत्रों में विवाह का नक्षत्र हो और नीचे के नक्षत्रों पर कोई ग्रह हो तो उस ग्रह का जामित्र दोष होता है १४वें नक्षत्र में पापीग्रह का जामित्र दोष वर्जित है।

६. वाणज्ञानाय सुलभ चक्रम् :-

वाण नाम	अर्कस्य राशि प्रति गतांशाः	५ कर्म वर्ज्या	वार वर्ज्या	समय परत्वेन वर्ज्या
रोग	०८/१७/२६	व्रतबंधे	रवौ	रात्रौत्याज्यम्
अग्नि	२/११/२०/२९	गेहगोपे	भौमे	सदैव वर्ज्यम्
नृप	४/१३/२२	नृपसेवा	मन्दे	दिवा त्याज्यम्
चारे	६/१५/२४	यात्रायां	भौमे	रात्रौ वर्ज्यम्
मृत्यु	१/१०/१९/२८	विवाहे	बुधे	संध्ययोः वर्ज्यम्

७. एकार्गलदोष :- व्याघात, गण्ड, व्यतिपात, विष्कम्भ, शूल, वैधृति, वज्र, परिघ, अतिगण्ड ये योग हों और सूर्य के नक्षत्र से विवाह का नक्षत्र अभिजित् सहित गिनने से विषम हो तो एकार्गल दोष होता है।

८. उपग्रहदोष :- सूर्य के नक्षत्र से ५वें, ७वें, ८वें, १०वें, १४वें, १५वें, १८वें, १९वें, २१वें, २२वें, २३वें, २४वें और २५वें नक्षत्र पर चन्द्रमा हो तो उपग्रह दोष होता है।

९. क्रान्तिसाम्य दोष चक्रम :-

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	कन्या	तुला
सिंह	म	ध	वृश्चिक	मी	कुम्भ

नीचे और ऊपर की राशि पर सूर्य एवं चंद्रमा हों तो स्थूल रूप से क्रान्ति साम्य दोष आ जाता है जैसे मिथुन के सूर्य और धनु के चन्द्रमा में या धनु के सूर्य और मिथुन के चन्द्रमा में। यह दोष सर्वत्र वर्जित है विशेषतः इसकी सूक्ष्म क्रान्ति ही वर्जित है इसका निर्णय महायातगणित से किया जा सकता है।

१०. दग्धातिथिदोष :-

धनु	वृष	कर्क	कन्या	सिंह	मकर	सूर्यः
मीन	कुम्भ	मेष	मिथुन	वृश्चिक	तुला	राशि
२	४	६	८	१०	१२	तिथि

इन उक्त सङ्क्रान्तियों के सौर मास में ये दग्धा तिथियाँ विवाह में वर्जनीय हैं।

भुजङ्गं क्रान्तिसाम्यं च वाणवेधं तथैवच।
लग्नहीनं विवाहं तु कलौ पञ्च विवर्जयेत्॥

लत्तामालवके (उज्जैनप्रान्त) देशे पातश्च कुरु (कुरुक्षेत्र) बांगर जांगले (फिरोजपुर भटिण्डा प्रांत) एकार्गलं च काश्मीरे वेधं सर्वत्र वर्जयेत्। उपग्रहर्क्ष कुरुवाल्हीकेषु (आगरा प्रान्त बलखबुखारा) कलिंङ्ग वंगेषु (जगन्नाथपुरी बंगाल अयोध्या) च पाततं भम्।। सौराष्ट्र (काठियावाड़) शल्वे (उज्जैन प्रान्त) च लत्तितं भम्। त्यजेत्तु विदभं किल सर्वदेशे।। युतिदोषो भवेद् गौड़े (बंगाल) जामित्रस्य च यामुने (मथुरादि प्रान्त) मासदग्धा च तिथयो मध्यदेशे विवर्जिताः।।

विवाहे लग्न शुद्धि चक्रम्

१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	भावेषु
चं पापा	० ०	शुक्र	० ०	० ०	चं शु. लग्नेश	सर्वे	चं मं शुभा. लग्नेश	० ०	मं	० ०	श	त्याज्या ग्रहाः
चंद्रक्रूर	कुलिकं क्रांति साम्यं च				चं	मं	चंद्रभौम		विद्भभं च गौधूलौ त्याज्याः			

युति परिहार :-

स्वोच्चगे वा मित्रक्षेत्रगतो विधुः।
युति दोषाय न भवेद्दम्पत्योः श्रेयसे तदा॥

दोषापवाद ज्योतिर्निबंधे :-

दोषाश्च बहवः सन्ति गुणाः स्वल्पा कलौ युगे।
तथापि दोषा नश्यन्ति स्वापवादगुणैः सह॥

अपवादान्तरम् :-

उक्तानुक्ताश्च ये दोषास्तान्निहन्ति बली गुरुः।
केन्द्रसंस्थे सितौ वापि पन्नगान् गरुडो यथा॥
मुहूर्त्त लग्न षड्वर्ग कुनवांश ग्रहोद्भवाः
ते सर्वे नाशमायान्ति केन्द्रसंस्थे शुभग्रहे॥
लग्नाधिपो यदा केन्द्रे लग्नादेका दशालये।
सर्वग्रहकृतारिष्टमेकोऽपि विलयं नयेत्।
बलवान् केन्द्रगः सौम्यो हन्ति दोषशतत्रयम्।
द्यूनं विहाय दैत्येज्य सहस्त्रं लक्षमंगिराः॥

स्मरण रहे पूर्वोक्त अपवाद वाक्यों में सर्वत्र सप्तमरहित केन्द्र (१/४/१०) ही ग्रहण करना।

विवाह काल निर्णयः

प्रथम गर्भ के ज्येष्ठ वर कन्या का विवाह ज्येष्ठ मास में नहीं होता इसको त्रिज्येष्ठ कहते हैं। वर कन्या में से एक ज्येष्ठ हो तो ज्येष्ठ मास में विवाह करना मध्यम है फिर भी आवश्यश्कता में कृत्तिका का सूर्य निकल जाने पर दानादि करके विवाह करने में हानि नहीं। ऐसे ही वृश्चिक के सूर्य में कार्त्तिक में विवाह हो सकते हैं।

जन्म नक्षत्र में अन्न प्राशन, यज्ञोपवीत धारण, मुण्डन (चूड़ाकरण) राज्याभिषेक, जन्मदिनादि कृत्यों को शुभ माना गया है परन्तु सीमन्तोन्नयन तथा विवाहादि कार्यों में जन्मनक्षत्र अनिष्टफलप्रद होता है :-

बालान्नभुक्तौ व्रतबंधनेऽपि राज्याभिषेके रवलुजन्मधिष्ण्यम्।
शुभं तु अनिष्टं सततं विवाह सीमन्त यात्रादिषु मंगलेषु वसिष्ठः॥

जन्ममास एवं जन्म नक्षत्र में बड़े लड़के या लड़की का विवाह करने का निषेध माना गया है।

न जन्ममासे जन्मर्क्षे न जन्मदिवसेऽपि वा
आद्यगर्भसुतस्याथ दुहितुर्वा करग्रहः॥

परन्तु छोटे लड़के या लड़की का विवाह जन्ममास में हो सकता है।

वधु प्रवेश मुहूर्त्तः

विवाह संस्कार हो जाने के पश्चात् पहली बार वधु का पतिगृह में प्रवेश वधु प्रवेश कहलाता है विवाह के १६ दिन के भीतर बिना तिथि मुहूर्त्तादि का विचार किए भी स्थिर लग्न में वधु प्रवेश हो सकता है। एक वर्ष के भीतर विषम मास में और एक वर्ष के उपरान्त स्थिर लग्न में तीसरे, ५वें वर्ष में भी शुभ है। वधु प्रवेश में रे. अ. रोहि. मृ. श्र. ध. ह. चि. स्वा. म. मू. उत्तरा ३, पुष्य, अनु. इन नक्षत्रों में और चं. बु. वृ. शु. श. इन वारों में चतुर्थ अष्टमस्थान शुद्ध हो, १/२/३/५/६/७/८/१०/११/१२/१३/१५ तिथियों में ५/८/११ लग्नों में शुभ होता है। व्यतिपात, क्षयतिथि, ग्रहण, वैधृति अमा. संक्रान्ति, रिक्ता तिथियों में वधु प्रवेश वर्जित है।

वधु प्रवेश मुहूर्त्त चक्र

दिन	१६ दिन तक अथवा ७, ५, ९वें दिन
मास वर्ष	विषम मास, विषम वर्ष
तिथि	१, २, ३, ५, ६, ७, ८, १०, ११, १२, १३, १५
नक्षत्र	रे. अ. रो. मृ. श्र. ध. हस्त. चि. स्वा. म. मूल. पुष्य, अनु. तीनों उत्तरा. आभि.
वार	चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र
लग्न	२, ५, ८, ११ लग्न ४, ८ भाव शुद्ध हो
त्याज्य	व्यतीपात, क्षयतिथि, रिक्ता, उमा. ग्रहण. वैधृति. संक्रान्ति दिन

वधु प्रवेशो न दिवा प्रशस्तः
राजप्रवेशो न निशिप्रशस्तः।
दिवा च रात्रौ च गृहप्रवेशः
सत् कीर्त्तिदः स्यात्त्रिविधः प्रवेशः॥

द्विरागमन मुहूर्त्त– वधुप्रवेशोपरान्त द्वितीयवार पिता के घर (प्योके) से पतिगृह में प्रवेश द्विरागमन कहलाता है, १, ३, ५ विषम वर्षों में, १-८-११ राशि के सूर्य में गुरु की शुद्धि विचार कर शुभवार १, २, ३, ६, ७, १२ लग्नों में, ह. अ. रे. तीनों उत्तरा अभिजित्, रो. मृ. पुन. पु. श्र. ध. श. मू. चि. अनु. नक्षत्रों में शुभ कहा है। शुक्र सामने या दाहिने हो तो अशुभ होता है।

द्विरागमन मुहूर्त्त चक्रम्

वर्ष	विषम (५ वर्ष तक)
मास	१, ८, ११वीं राशि के सूर्य में, सूर्य गुरु की शुद्धि
तिथि वार	१, २, ३, ५, ६, ७, ८, १०, ११, १२, १५ सोम, बुध, गुरु एवं शुक्र
लग्न	१, २, ३, ६, ७, १२
नक्षत्र	ह. चि. अ. रे. रो. स्वा. पुन. पुष्य श्र. ध. श. मृ. मू. अनु. ३ उत्तरा
त्याज्य	सम्मुख तथा दक्षिण शुक्र (रेवती से मृग्शिरा तक चन्द्र के रहने पर शुक्र शुभ हो जाता है) सामान्य अवस्था में त्याज्य

विशेष :-

द्विरागमं षोडषवासरान्त एकादशाहेसमवासरेषु।
न चात्र ऋक्षं न तिथिर्न योगो न वार शुद्धयादि विचारनीयम्॥
रेवत्यादिमृगान्ते च यावत्तिष्ठति चन्द्रमा।
तावच्छुक्रो भवेदन्धः सम्मुखे दक्षिणे शुभः॥

यात्रा मुहूर्त्त का विचार

यात्रा करने में चन्द्रवास, दिक्शूल, योगिनी चन्द्रबल ये चार मुख्य बातें विचारणीय है। यात्रा में ह. श्र. अश्वि. मृ. पुष्य. पुन. ध. अनु. रे. सर्वश्रेष्ठ हैं। अत्यावश्यक में भ. कृ. आ. आश्ले, मघा. चि. स्वा. वि. ज्ये. की पहली क्रमशः ७-२१-१०-१४-११-४०-१४-१४-१४ घटियां यात्रा में त्याज्य हैं। रो. तीनों उत्तरा. पूर्वा ३ मूल नक्षत्र यात्रा में मध्यम कहे हैं। कृष्णपक्ष प्रतिपदा, शुक्ल द्वितीया यात्रा में शुभ हैं। जन्म लग्न और जन्मराशि से अष्टमलग्न व अष्टमनवांश में, कुभ लग्न अथवा कुम्भ के नवांश में यात्रा सदैव वर्जित है।

यात्रा में चन्द्रवास

मेषे च सिंहे धनुपूर्वभागे वृषे च कन्यामकरेच याम्ये।
युग्मे तुलायां च घटे प्रतीच्यां कर्कालिमीने दिशिचोत्तरस्याम्॥

दिशा	पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर
राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क
राशि	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक
राशि	धनु	मकर	कुम्भ	मीन

यात्रा फल

यात्रा काल में चंन्द्रमा सम्मुख होने पर अर्थलाभ, दक्षिण होने पर सुख सम्पत्ति, पृष्ठ होने पर मृत्युतुल्य कष्ट या मृत्यु, वाम होने पर धन हानि करता है।

"सर्वे दोषाः लयं यान्तिपूर्ण चन्द्रे हि सम्मुखे।"

दिशा	सम्मुख	दक्षिण	पृष्ठ	वाम
फल	अर्थलाभ	सुख सम्पत्ति	मृत्यु	धनहानि कष्ट

सम्मुखे अर्थलाभाय दक्षिणे सुख सम्पदः।
पृष्ठतो मरणं चैव वामे चन्द्रे धनक्षयः॥

योगिनी विचार

प्रतिपदा से शुरू करके पूर्व, उत्तर, अग्नि, नैऋत्य, दक्षिण, पश्चिम, वायव्य, ईशान इन दिशाओं में क्रमशः योगिनी भ्रमण करती है। योगिनी दक्षिण तथा पृष्ठ में रहने पर शुभ तथा सम्मुख एवं वाम हो तो अशुभ फलप्रद होती है।

योगिनी निवास चक्रम

पूर्व	अग्नि	दक्षिण	नैऋत्य	पश्चिम	वायव्य	उत्तर	ईशान	दिशा
१/९	३/११	५/१३	४/१२	६/१४	७/१५	२/१०	८/३०	तिथयः

योगिनी विशेष विचार

योगिनी के शुभा-शुभत्व के सन्दर्भ में भिन्न-भिन्न मत उपलब्ध हैं :-

योगिनी सम्मुखे द्यूते गमे युद्धे च मृत्युदा।
अशुभा वामभागस्था पृष्ठे दक्षे जयप्रदा॥ *(मुहूर्त्तगणपति)*

योगिनी सुखदा वामे पृष्ठे वांछितदायिनी।
दक्षिणे धनहन्त्री च सम्मुखे मरणंप्रदा॥ *(शीघ्रबोध)*

जयदा पृष्ठदक्षस्था भंगदा वामसम्मुखी।
त्रिविधं योगिनी चक्रम् इत्युक्तं ब्रह्मयामले॥ *(स्वरोदये)*

"सम्मुखवामगा न शस्ता" – मुहूर्त्त चिन्तामनि में ऐसे कहा गया है।

तथा च–

पृष्ठतो दक्षिणे वापि योगिनी गमने हिता।
वामसम्मुखयोर्नेष्टा वामुमेवं विचिन्तयेत्॥ *(विजयकल्पलता)*

तथा :-

वामे शुभकरी देवी पृष्ठेसर्वार्थदायिनी।
वंशबंधकरी चाग्रे दक्षिणे मृत्युदायिनी॥

मुहूर्त्त चिन्तामणि, मुहूर्त्तगणपति, स्वरोदये विजयकल्पलता इत्यादि ग्रंथों के परस्पर विरोधी वचनों को देखते हुए दक्षिण तथा पुष्ठस्थ योगिनी शुभ एवं वाम और सम्मुख योगिनी अशुभ मानी गई है।

दिक्शूल विचारार्थ चक्र

पूर्व	पश्चिम	दक्षिण	उत्तर	दिशा	पूर्व	अग्नि	दक्षिण	नैऋ	प.	वा	उ.	दिशा
चन्द्र	रवि	गुरु	बुध	वार	श	शु	गुरु	बुध	मं	चं	र	वार
शनि	शुक्र	०	मंगल	वार			संमुख काल वासवर्ज्यम्					

आवश्यकेदिक्शूलेपदार्थाः

सू	धृत	ताम्बूल
चं	पय	चन्दन
मं	गुड	मृद
बु	पुष्प	तिल
वृ	दधि	दधि
शु	धृत	यव
श	तिल	माषान
वार	भक्ष	धारण

समय	शूल
प्रातःकाल	पूर्वदिशा
मध्याह्न	दक्षिण
संध्याकाल	पश्चिम
अर्धरात्रि	उत्तर

अत्यावश्यक कार्य में रविवार में धृतपान, सोम को दूध, मंगल को गुड़, बुध को तिल, गुरु को दधि, शुक्र को यवान्न शनि को उड़द या तेल की वस्तु का सेवन करके जाना शुभ है।

नक्षत्रशूल विचार

पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर	दिशा
ज्येष्ठा	पू.भा.	रोहिणी	उ.फा.	नक्षत्र

यात्रा शुद्धि :- जन्मलग्नेश, राशीश, जन्मदशेश ये अस्त हो, गुरु शुक्र अस्त, सिंहस्थगुरु, नीचस्थ गुरु ये सब यत्न से वर्ज्य करें।

लग्नशुद्धि :- शुभग्रह १, ४, ५, ७, ९, १०वें, पापग्रह ३, ६, १०, ११वें श्रेष्ठ हैं चन्द्रमा १, ६, ८, १२वें, लग्नेश ६, ७, ८, १२वें, शनि १०वें शुक्र ७वें नेष्ट हैं।

दिशाओं के विभाग से लग्न विचार

दिशा	शुभलग्न	मध्यम	भय	महाभय
पूर्व	१-५-९	२-६-१०	४-८-१२	३-७-११
दक्षिण	२-१०-६	३-७-११	१-५-९	४-८-१२
पश्चिम	३-७-११	४-८-१२	२-६-१०	१-५-९
उत्तर	४-८-१२	१-५-९	३-७-११	२-६-१०

दिक्शूल परिहार :-

"न वार दोषः प्रभवन्तिरात्रौ देवेज्यदैत्येज्यदिवाकराणम् दिवा शशांकर्कजभूसुतानां सर्वत्र निन्द्यो बुधरवार दोषः।

